फाल्गुन शुक्ल पक्ष चतुर्दशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 23 मार्च 2024
वर्ष -34, अंक -58, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ — एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



श्रीलंका ने चीन के तीन प्रोजेक्ट भारत को सौंपे 16
आदित्य से रिश्तों को लेकर रानी ने किया खुलासा 15




# मदरसा शिक्षा एक्ट असंवैधानिक घोषित

- हाईकोर्ट ने कहा-यह अधिनियम संविधान के पंथ निरपेक्षता के सिद्धांत के विपरीत
- सरकार को निर्देश-मदरसा छात्रों को प्राइमरी माध्यमिक बोर्ड के स्कूलों में दें प्रवेश

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार** : हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम, 2004 को असंवैधानिक घोषित कर दिया है। कोर्ट ने अधिनियम को संविधान के पंथ निरपेक्षता के मूल सिद्धांतों, संविधान के अनुच्छेद 14 के तहत समानता, अनुच्छेद 21 के तहत जीवन व अनुच्छेद 21-ए के तहत शिक्षा के मौलिक अधिकारों के विपरीत करार दिया है। साथ ही यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन एक्ट की धारा 22 के भी विरुद्ध पाया है। कोर्ट ने राज्य को यह आदेश भी दिया है कि मदरसा अधिनियम के समाप्त होने के बाद प्रदेश में बड़ी संख्या में मौजूद मदरसों में पढ़ने वाले छात्र प्रभावित होंगे लिहाजा उन्हें प्राइमरी, हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोड्र्स से सम्बद्ध स्कूलों में समायोजित किया जाए। कहा कि सरकार पर्याप्त संख्या में सीटें बढ़ाए और आवश्यकता हो तो नए स्कूल खोले। सरकार सुनिश्चित करे कि 6 से 14 साल का कोई बच्चा मान्यता प्राप्त विद्यालयों में दाखिले से न छूट जाए।



यह निर्णय न्यायमूर्ति विवेक चौधरी और न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने अधिवक्ता अंशुमान सिंह राठौर की याचिका पर पारित किया। उक्त याचिका के साथ न्यायालय ने एकल पीठों द्वारा भेजी गई उन याचिकाओं पर भी सुनवाई जिनमें मदरसा बोर्ड अधिनियम की संवैधानिकता का प्रश्न उठाते हुए, बड़ी बेंच को मामले भेजे गए थे। याचिकाओं पर न्यायालय ने 8 फरवरी 2024 को ही सुनवाई पूरी कर निर्णय सुरक्षित कर लिया था।

### 2004 में बनाया गया यूपी मदरसा एजुकेशन एक्ट

न्यायालय ने अपने निर्णय में कहा कि स्वतंत्रता के पश्चात निजी मदरसों का संचालन प्रदेश में होता रहा। ये मदरसे राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त नहीं थे। वर्ष 1969 में पहली बार अरबी व फारसी मदरसा मान्यता विनियम लाया गया। इसके तहत मदरसों के पंजीकरण की व्यवस्था शुरू हुई। वर्ष 1987 में यूपी अशासकीय अरबी तथा फारसी मदरसों की मान्यता नियमावली लाई गई। 12 अगस्त 1995 के शासनादेश के द्वारा प्रदेश में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग का गठन हुआ, उक्त विभाग के तहत मदरसों के लिए आने वाली योजनाएं व अन्य क्रिया कलाप किए जाने लगे। वर्ष 2004 में यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट बनाया गया।

### अलग मजहब के बच्चों में अंतर नहीं कर सकते

याचिका में मदरसा अधिनियम को संविधान के पंथ निरपेक्ष ढांचे के विपरीत बताया गया। कहा गया कि अधिनियम में यह स्पष्ट ही नहीं है कि एक विशेष धर्म की शिक्षा के लिए अलग से सरकारी बोर्ड बनाने की आवश्यकता क्यों पड़ी। कोर्ट ने कहा कि शिक्षा के मौलिक अधिकार के तहत राज्य का दायित्व है कि वह 6 से 14 वर्ष के सभी बच्चों को अनिवार्य शिक्षा दे, वह अलग-अलग मजहब के बच्चों के बीच अंतर नहीं कर सकती। राज्य यह नहीं कर सकता कि किसी विशेष धर्म के बच्चे को बाकियों से अलग शिक्षा दे। धार्मिक आधार पर समाज को बांटने वाली राज्य की नीति संवैधानिक सिद्धांतों के विपरीत होती है।

### पारंपरिक शिक्षा के लिए नियम बना सकती है सरकार

राज्य सरकार व मदरसा बोर्ड की ओर से दलील दी गई कि सरकार को पारम्परिक शिक्षा प्रदान करने के लिए नियम बनाने की शक्ति है। इस पर कोर्ट ने कहा कि सरकार के पास यह शक्ति जरूर है लेकिन दी जाने वाली शिक्षा पंथ निरपेक्ष प्रकृति की होनी चाहिए, सरकार के पास ऐसी कोई शक्ति नहीं है जिसके तहत वह धार्मिक शिक्षा के लिए बोर्ड का गठन कर दे। एमिकस क्यूरी ने भी दलील दी कि शिक्षा के अधिकार के तहत सरकार 6 से 14 वर्ष के बच्चों को ऐसी शिक्षा दे सकती है जो यूनिवर्सल हो ।

### मदरसों में अरबी, उर्दू के साथ दी जाती है इस्लामिक शिक्षा

न्यायालय ने कहा कि उक्त अधिनियम की धारा 2 एफ के तहत 'संस्थान' से आशय राजकीय ओरिएंटल कॉलेज रामपुर, मदरसा व वे ओरिएंटल कॉलेज जो मुस्लिम द्वारा स्थापित किए गए हों और मदरसा बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त हों। धारा 2 एच में मदरसा शिक्षा के तहत अरबी, उर्दू आदि के साथ इस्लामिक शिक्षा भी आती है। बोर्ड की स्थापना के प्रावधानों के तहत बोर्ड का अध्यक्ष मुस्लिम शिक्षाविद होगा। सदस्यों में राजकीय ओरिएंटल कॉलेज, रामपुर का प्रिंसिपल, सुन्नी मुस्लिम विधायक, शिया मुस्लिम विधायक, सुन्नी मुस्लिम द्वारा स्थापित संस्थान के दो प्रमुख व दो अध्यापक, शिया मुस्लिम द्वारा स्थापित संस्थान का एक प्रमुख व एक अध्यापक होंगे।

### गिरफ्तारी के बाद ईडी ने मांगी थी 10 दिन की रिमांड

# केजरीवाल को 28 तक ईडी की हिरासत में भेजा

- ईडी ने कहा-शराब नीति मामले में केजरीवाल मुख्य साजिशकर्ता

नई दिल्ली, एजेंसी



शराब नीति से जुड़े धन शोधन के मामले में गिरफ्तारी के एक दिन बाद शुक्रवार को यहां की एक कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 28 मार्च तक ईडी की हिरासत में भेज दिया।

राउज एवेन्यू अदालत में विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने कहा कि केजरीवाल को 28 मार्च को दोपहर दो बजे अदालत में पेश किया जाएगा। अदालत ने मामले में 10 दिन की हिरासत का अनुरोध करने वाले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अर्जी पर आदेश पारित किया। रिमांड पर दिन भर दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने कुछ देर के लिए फैसला सुरक्षित कर लिया था, देर शाम ईडी को केजरीवाल की रिमांड दे दी। ईडी ने शुक्रवार को एक निचली अदालत से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की 10 दिन की हिरासत का अनुरोध करते हुए कहा कि वह शराब घोटाले के मामले में अन्य मंत्रियों और आम आदमी पार्टी के नेताओं के साथ मुख्य साजिशकर्ता थे। ईडी ने कहा कि केजरीवाल को दिल्ली शराब नीति 2021-22 बनाने और उसे लागू करने के लिए 'साउथ ग्रुप' से रिश्वत के तौर पर कई करोड़ रुपये प्राप्त हुए। एजेंसी की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एस.वी. राजू ने कहा कि केजरीवाल ने पंजाब चुनाव लड़ने के लिए 'साउथ ग्रुप' के कुछ आरोपियों से 100 करोड़ रुपये मांगे थे। गोवा चुनाव में इस्तेमाल की गई 45 करोड़ रुपये की 'रिश्वत' चार हवाला मार्गों से आई थी।

### गिरफ्तारी जरूरी नहीं थी : सिंघवी

केजरीवाल का पक्ष रखते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि भारत के इतिहास में यह पहली बार है कि किसी मौजूदा मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि गिरफ्तारी की शक्ति, गिरफ्तारी की आवश्यकता के समतुल्य नहीं है और केजरीवाल को गिरफ्तार किए जाने की आवश्यकता नहीं थी।

### आप व्यक्ति नहीं बल्कि कंपनी : राजू

आम आदमी पार्टी संयोजक को कड़ी सुरक्षा के बीच अपराह्न करीब दो बजे अदालत के समक्ष पेश किया गया। इसके बाद एएसजी राजू ने अदालत से कहा कि हमने 10 दिन की रिमांड के लिए आवेदन दिया है। उन्होंने कहा कि 'आप' एक व्यक्ति नहीं बल्कि 'कंपनी' है और कंपनी के आचरण के लिए जिम्मेदार हर व्यक्ति को जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

## एक नजर

### सीबीआई और यूरोपोल के बीच हुआ समझौता

**कोलकाता।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और यूरोपीय संघ एजेंसी फॉर लॉ एन्फोर्समेंट ऑपरेशन (यूरोपोल) के बीच सहयोगात्मक संबंध स्थापित करने के लिए एक कार्य व्यवस्था पर हस्ताक्षर किए गए हैं। सीबीआई ने बयान जारी करके यह जानकारी दी। इस समझौता पर 21 मार्च (गुरुवार) को यूरोपोल के कार्यकारी निदेशक कैथरीन डी बोले और सीबीआई के निदेशक प्रवीण सूद ने हस्ताक्षर किए।

### बीआरएस नेता कविता को जमानत देने से इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता को जमानत देने से इनकार कर दिया जिन्हें दिल्ली आबकारी नीति घोटाले के मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने कविता से निचली अदालत में जाने को कहा। पीठ ने कहा कि यह एक प्रक्रिया है जिसका यह अदालत पालन कर रही है और वह प्रोटोकॉल को नजरअंदाज नहीं कर सकती।

### कर्नाटक में 9.64 करोड़ रुपये की नकदी जब्त

**बेंगलुरु।** निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को कहा कि कर्नाटक में पिछले 24 घंटों के दौरान 2.75 करोड़ रुपये की नकदी जब्त की गई है। 16 मार्च को आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक कुल 9.64 करोड़ रुपये की नकदी जब्त की गई है। निर्वाचन आयोग के अधिकारियों के अनुसार, 16 मार्च को आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से 9.64 करोड़ रुपये नकद, 15.6 लाख रुपये की मुफ्त वस्तुएं, 22.85 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की 7.20 लाख लीटर शराब जब्त की है।

# बंगाल में मंत्री के घर ईडी का छापा



- स्कूल भर्ती घोटाला मामले में केंद्रीय एजेंसी ने की कार्रवाई

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल में कथित स्कूल भर्ती घोटाले की जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के एक दल ने शुक्रवार को राज्य के मंत्री चंद्रनाथ सिन्हा के बीरभूम जिले के बोलपुर स्थित आवास पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि ईडी की टीम केंद्रीय बलों की एक टुकड़ी के साथ सुबह करीब सवा नौ बजे सिन्हा के आवास पर पहुंची और इसने तलाशी अभियान शुरू किया। ममता बनर्जी सरकार में एमएसएमई और कपड़ा मंत्रालय का प्रभार संभालने वाले सिन्हा उस समय करीब 90 किलोमीटर दूर मुरारई में अपने पैतृक घर पर थे।

बोलपुर से जाते समय मंत्री ने संवाददाताओं से कहा कि वे जांच एजेंसी के साथ सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि मैंने कुछ भी गलत नहीं किया है। जब तक मैं वहां पहुंचकर अधिकारियों से बात नहीं करूंगा, मैं नहीं बता पाऊंगा कि क्या हो रहा है। एक अधिकारी ने बताया कि स्कूल भर्ती घोटाले में कथित अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में मंत्री के आवास पर तलाशी ली गई।

### हाईकोर्ट ने मुख्य सचिव को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया

कलकत्ता हाईकोर्ट ने शुक्रवार को आदेश दिया कि स्कूल भर्ती घोटाले में कुछ आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी देने में देरी को लेकर पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को नोटिस जारी किया जाए। इस मामले में पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी समेत कई लोग गिरफ्तार किए गए हैं। पूर्व लोकसेवकों की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए अदालत ने मुख्य सचिव को एक समयसीमा के भीतर उसके समक्ष एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया, जिसमें यह बताया जाए कि वह मामले पर स्वतंत्र रूप से निर्णय ले रहे हैं। न्यायमूर्ति जॉयमाला बागची की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा कि मुकदमा चलाने की मंजूरी पर निर्णय लेने में देरी गंभीर खेद का विषय है।

### एएसआई ने शुरू किया भोजशाला परिसर का सर्वेक्षण

**धार (मप्र)।** एएसआई के एक दल ने शुक्रवार को मध्य प्रदेश के आदिवासी बहुल धार जिले में स्थित विवादास्पद भोजशाला/कमाल मौला मस्जिद परिसर का सर्वेक्षण शुरू किया। दल में 10 से अधिक सदस्य शामिल हैं। एएसआई का यह दल सुबह परिसर में पहुंचा, पुलिस और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी थे। मामले में याचिकाकर्ताओं में से एक आशीष गोयल एएसआई के दल के साथ मौजूद थे।

# पुलिस से भिड़े ग्रामीण, पथराव

संवाददाता, भीरा/भानपुर (खीरी)

### कच्ची शराब बनाने के आरोपी को पकड़ने गई थी टीम


- सिपाहियों से हाथापाई कर पुलिस वाहन के शीशे तोड़े
- हंगामे के बीच मौका पाकर भाग निकाला आरोपी

**अमृत विचार** : कच्ची शराब बनाने के आरोपी को पकड़ने गई पुलिस पर उसके परिजनों ने अन्य लोगों के साथ मिलकर हमला कर दिया। सिपाहियों के साथ हाथापाई की। पत्थरबाजी कर जीप के शीशे तोड़ दिए। इसके बाद हाईवे पर जाम लगा दिया। कई अन्य वाहनों में भी तोड़फोड़ की। तीन सिपाही मामूली रूप से चोटिल हुए हैं। एसपी खुद मौके पर पहुंचे। उन्होंने कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

घटना शुक्रवार सुबह करीब नौ बजे की है। भीरा-पलिया हाईवे के किनारे महावत समुदाय के लोग रहते हैं। यहीं का शिव कुमार कच्ची शराब बनाने के मामले में फरार चल रहा था। शुक्रवार को दरोगा जुबेर खां के नेतृत्व में पहुंची पुलिस टीम ने उसे पकड़ लिया और गाड़ी में बैठा कर थाने ले जाने लगे। इसी बीच उसके परिवार व समुदाय के अन्य लोग लाठी-डंडे लेकर आ गए और गाड़ी को घेर लिया। महिलाएं पुलिस की गाड़ी के आगे लेट गईं। इसी दौरान आरोपी शिवकुमार मौका पाकर भाग गया। उग्र लोगों ने सिपाहियों के साथ हाथापाई कर दी। पथराव और लाठी-डंडों से जीप के शीशे तोड़ डाले। लोगों के गुस्से को देख पुलिसकर्मी भाग खड़े हुए। हमले में तीन सिपाहियों को मामूली चोटें भी आईं हैं। इसके बाद हमलावरों ने मार्ग जाम कर दिया। हाईवे पर गुजरने वाले कई वाहनों पर भी पथराव किया। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने पुलिस के साथ मारपीट से इनकार किया है। आरोपी की तलाश में पुलिस टीमें लगा दी गई हैं। दोषी किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। बहरहाल वायरल वीडियो में पुलिस के साथ हाथापाई नजर आ रही है।

## रिजर्व बैंक के कार्यालय 30, 31 मार्च को खुले रहेंगे

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक के सरकारी कामकाज से संबंधित कार्यालय और एजेंसी बैंकों की सभी नामित शाखाएं चालू वित्त वर्ष के अंतिम दो दिन 30 और 31 मार्च को सामान्य कामकाजी घंटों के अनुरूप खुली रहेंगी। सरकारी खातों की वार्षिक बंदी को देखते हुए रिजर्व बैंक ने एक बयान में कहा, इलेक्ट्रॉनिक लेनदेन 30 मार्च और 31 मार्च को शनिवार और रविवार होने के बाद भी निर्धारित समय तक किए जा सकते हैं। आरबीआई की ओर से कहा गया कि एनईएफटी और आरटीजीएस प्रणाली के माध्यम से लेनदेन 31 मार्च, को रात 12 बजे तक जारी रहेगा।




**मकसद अधूरा** — राशन कार्ड से वंचित परिवारों के बनने हैं फैमिली आईडी

# एक परिवार–एक पहचान से भी वंचित परिवार

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- लखनऊ, मिर्जापुर, आजमगढ़, कन्नौज समेत कई जिलों की प्रगति खराब

**अमृत विचार** : प्रदेश में राशन कार्ड से वंचित परिवारों को फैमिली आईडी देकर एक परिवार-एक पहचान देने के प्रयास तो पूरे हैं, लेकिन मकसद अधूरा है। जिलों पर पहचान को मोहताज कुल 2,30,857 परिवारों ने ऑनलाइन आवेदन तो किए लेकिन, 95,192 ही स्वीकृत हो पाए। आवेदनों का निस्तारण व फैमिली आईडी बनाकर देने की प्रगति बेहद कम है। इस वजह से ज्यादातर जिलों में वंचित परिवारों को समय से फैमिली आईडी नहीं मिल पाई है। सबसे खराब प्रगति लखनऊ, मिर्जापुर, आजमगढ़, सहारनपुर, सोनभद्र, महोबा व कन्नौज समेत अन्य जिलों की है। जिस पर शासन ने चिंता जताई है और प्रमुख सचिव नियोजन विभाग आलोक कुमार ने सभी जिलाधिकारी को प्राप्त आवेदनों का सत्यापन करने के साथ नियमित समीक्षा के निर्देश दिए हैं। जो विभिन्न स्तरों से लंबित आवेदनों का रियल टाइम स्टेट्स प्राप्त करेंगे।

**एक विशिष्ट पहचान पत्र देने की कवायद** : दरअसल, अध्यासित परिवारों के राशन कार्ड ही संख्या ही उनकी फैमिली आईडी है। ऐसे कई परिवार हैं, जिनके राशन कार्ड नहीं है। इनको फैमिली आईडी देकर पहचान देना है। इसके लिए पोर्टल विकसित किया गया है। मकसद पहचान देने के साथ-साथ परिवारों लाभार्थीपरक योजना का लाभ देना है।

### इन जिलों में भी इतने आवेदन लंबित

मुरादाबाद 2608, कानपुर नगर 654, बरेली 446, बदायूं 301, फर्रुखाबाद 324, फतेहपुर 516, अयोध्या 462, पीलीभीत 208, रामपुर 97

### ये प्रदेश की प्रगति

| | |
|---|---|
| कुल आवेदन : | 2,30,857 |
| स्वीकृत आवेदन : | 95,192 |
| अस्वीकृत आवेदन : | 91,935 |
| कुल लंबित आवेदन : | 43,730 |

### इन जिलों में सबसे ज्यादा आवेदन लंबित

| जिला | कुल | लंबित |
|---|---|---|
| लखनऊ | 5472 | 3002 |
| आजमगढ़ | 5942 | 3302 |
| मिर्जापुर | 2553 | 2152 |
| सहारनपुर | 4176 | 1073 |
| सोनभद्र | 1063 | 756 |
| महोबा | 1451 | 791 |
| कन्नौज | 1651 | 684 |

## एक नजर

### मोहनलालगंज से बसपा ने उतारा राजेश कुमार जाटव को

**अमृत विचार, लखनऊ:** लोकसभा चुनावों में बसपा ने मोहनलाल गंज सीट पर राजेश कुमार जाटव उर्फ मनोज प्रधान को प्रत्याशी बनाया है। प्रभारी भीम राव आंबेडकर ने बताया कि बसपा से ज़िला पंचायत का चुनाव लड़ चुके हैं पूर्व प्रधान राजेश कुमार की क्षेत्र में खासी पकड़ है। मायावती की सहमति के बाद उनके नाम की घोषणा की गई है। मालूम हो कि मंडल स्तर पर बसपा ने अब तक 14 प्रत्याशियों के नाम की घोषणा हो चुकी है। इनमें पांच मुस्लिम, चार ब्राह्मण जबकि एक-एक जाट, गुर्जर, ओबीसी क्षत्रिय और दलित है। इनमें कानपुर से कुलदीप भदौरिया उर्फ सचिन, अकबरपुर से राजेश द्विवेदी, बागपत से प्रवीण बैंसला और मेरठ से देवब्रत त्यागी को अपना उम्मीदवार बनाया है।

### मुख्यमंत्री के प्रयासों से मेघालय में अपहरणकर्ताओं से मुक्त हुआ लखनऊ का अखिलेश

# पत्नी और बेटे ने योगी से मिलकर जताया आभार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात के दौरान पुत्र सूरज के साथ शीला। अमृत विचार

- योगी आदित्यनाथ ने मेघालय के मुख्यमंत्री से गुरुवार को की थी बात

**अमृत विचार:** मेघालय में अपहृत लखनऊ निवासी अखिलेश सिंह चौहान के सकुशल मुक्त हो जाने के बाद अखिलेश की पत्नी शीला सिंह चौहान और पुत्र सूरज चौहान ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करके आभार जताया। मुख्यमंत्री ने अपने सरकारी आवास पर मिलने आए अखिलेश के परिजनों को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया है।

बता दें कि लखनऊ के कुर्सी रोड स्थित बेनीगंज के निवासी अखिलेश सिंह चौहान (मैकेनिक एवं सुपरवाइजर) मेघालय के साउथ गारो हिल्स में एक कंस्ट्रक्शन कंपनी में कार्यरत हैं। अपराधियों ने उनका अपहरण करके 50 लाख की फिरौती मांगी थी।

योगी आदित्यनाथ ने मामले का संज्ञान लेते हुए गुरुवार शाम मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा से बात की और अखिलेश को मुक्त कराने का आग्रह किया।

इसके बाद हरकत में आई मेघालय पुलिस ने दक्षिण गारो हिल्स (बाघमारा) जिले के जंगल से अखिलेश को सकुशल बरामद करते हुए दो अपहरणकर्ताओं को भी गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किये गये दोनों अपहरणकर्ता पुल निर्माण कंपनी से अखिलेश की रिहाई के बदले 50 लाख रुपए वसूलना चाहते थे।

# दो घूंट पानी, बिस्कुट के सहारे गुजरे दो दिन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**फॉलोअप**

- आंखों पर पट्टी बांध जंगल में टहलाया, फिरौती की मांग को लेकर पीटा
- बाघमारा पुलिस ने सकुशल बरामद कर दो उग्रवादियों को किया गिरफ्तार

**अमृत विचार :** मेघालय में उग्रवादियों के चंगुल से मुक्त अखिलेश सिंह चौहान ने खौफ में बीते दो दिनों का मंजर बयां किया। उग्रवादी आंखों पर पट्टी बांध उन्हें दो दिन जंगल में इधर-उधर टहलाते रहे। खाने के लिए बिस्कुट और दो-दो घूंट पानी दिया और फिरौती के लिए पीटते रहे। उनसे कहा, गरीब आदमी हूं, मेरे पास रुपये नहीं हैं, मुझे जाने दो लेकिन उन्हें हिंदी समझ में ही नहीं आती थी।

अखिलेश ने बताया कि मंगलवार देर रात टेंट में सोये थे। किसी ने दरवाजा खटखटाया। दरवाजा खोलते ही देशी हथियारों से लैस दो लोग टूट पड़े। बाइक की तरफ खींचा और अंधेर में बंदूक के बल पर जंगल ले गये। रास्ते में अपहरणकर्ताओं से कहा, मेरे पास रुपये नहीं हैं, लेकिन उनको हिंदी समझ नहीं आ रही थी। घने जंगल में ले जाकर पीट कर पेड़ से बांधकर ठेकेदार से 50 लाख रुपये फिरौती मांगने के लिए कहा। मांग पूरी नहीं होने पर जान से मारने की धमकी दी।

पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र बामनिया ने बताया कि बाघमारा की पुलिस ने जंगल में अभियान चलाकर अखिलेश को सकुशल छुड़ा लिया। अपहरण करने वाले दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है। उनकी पहचान विल्बन एम संगमा और विथमिल एस मराक के रूप में हुई है। दोनों पर अपहरण कर फिरौती मांगने की रिपोर्ट दर्ज की गई। अपहरण में शामिल दो अन्य आरोपियों की जंगल व आसपास के इलाके में तलाश मेकी जा रही है।

# चुनाव संग बजट खर्च पर भी पसीना बहा रहे अधिकारी

## राजनीतिज्ञों से कम नहीं है मार्च महीने में चुनौतियां

- आचार संहिता के बाद औद्योगिक परिदृश्य बदलने को दिए गए 1050 करोड़ रुपये
- लोक निर्माण विभाग से 49 शासनादेश जारी, सभी जिलों को भजे गए अरबों रुपये

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार:** चुनाव आचार संहिता के बाद शासन-प्रशासन की चुनौतियां राजनीतिज्ञों से कम नहीं है। वित्तीय साल का आखिरी माह होने से उनपर दोहरी जिम्मेदारी है। स्वीकृत बजट में अव्वल नहीं आए तो, चुनाव बाद मुख्यमंत्री की समीक्षाएं कार्रवाई का सबब बन सकती हैं, जबकि चुनाव दौरान आचार संहिता और व्यवस्थाओं में ढिलाई होने पर चुनाव आयोग नहीं छोड़ेगा।

शासन की ओर से रोजाना जारी हो रहे शासनादेशों पर गौर करें तो, पहले की तुलना में कार्य की गति तेज ही दिखेगी। औद्योगिक विभाग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकता में है, 16 मार्च को चुनाव की तिथियों के एलान से अबतक सात शासनादेशों के जरिए 1050 करोड़ से अधिक धनराशि जारी हो चुकी है।

**करीब 300 करोड़ की धनराशि**

लोक निर्माण विभाग की बात करें तो, आचार संहिता के बाद से अबतक कुल 49 शासनादेश जारी हुए हैं। इनके जरिए स्वीकृत किए गए नए-पुराने कार्यों के लिए करीब 300 करोड़ की धनराशि जारी हुई है। शायद ही कोई जिला छूटा हो, जहां सड़कों को दुरुस्त करने से लेकर चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण के काम तेजी से न चल रहे हों। अयोध्या में 21 मार्च को प्रवेश द्वार के लिए अंबेडकरनगर मार्ग पर 9 करोड़ और रायबरेली मार्ग पर 9 करोड़ के साथ ही दर्शननगर उपरिगामी सेतु के लिए 13.48 करोड़ दिए गए हैं। लखनऊ में कानपुर मार्ग पर रेल उपरिगामी सेतु के लिए 19.50 करोड़ और अर्जुनगंज में मरीमाता मंदिर के पास एलिवेटेड चार लेन फ्लाईओवर के लिए 44.43 करोड़ दिए गए हैं। शासन धर्मार्थ मार्गों के चौड़ीकरण को भी प्राथमिकता दे रहा है। 20 मार्च के एक आदेश के जरिए 1246 मार्गों के निर्माण समेत करीब 1500 से अधिक मार्गों का काम पूरा करने लिए भारी-भरकम धनराशि शासन ने लोक निर्माण विभाग को भेजी है।

सबसे अहम मुख्यमंत्री औद्योगिक क्षेत्र विस्तारीकरण/नए उद्योग क्षेत्र प्रोत्साहन योजना के लिए यूपीडा को सर्वाधिक 957 करोड़ 33 लाख रुपये भेजे गए हैं। शखए अलावा बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे परियोजना को 30 करोड़ और पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे को 66.27 करोड़ दिए गए हैं। साथ ही, उप्र स्टेट स्पिनिंग कं. लि. कानपुर की बंद इकाईयों की सुरक्षा, कर्मचारियों के वेतन आदि के लिए 2 करोड़ 13 लाख 32 हजार जारी हुए हैं। इंवेस्ट यूपी को स्वीकृत 30 करोड़ की धनराशि से पांचवी किश्त 5 करोड़ दी गई है, जल्द ही आखिरी किश्त भी जी जाएगी। शासन के शीर्ष अधिकारियों का कहना है कि सभी धनराशि मार्च में खर्च करना अनिवार्य है, इसलिए चुनावी व्यस्तता के बावजूद पूरी ताकत झोंकी जा रही है।

केवल नई घोषणाएं और नीतिगत निर्णय नहीं हो रहे हैं, बाकी लक्ष्य शासन तेजी से पूरा करने में जुटा है। राजस्व विभाग में राहत-बचाव पर फोकस है, बजटीय कार्य हो रहे हैं। कलेक्ट्रेट से लेकर वेतन और प्रशासनिक कार्य प्राथमिकता में है। अफसरों के पास आने वाली आमजनता की समस्याएं भी प्राथमिकता से निपटाने के निर्देश हैं।
**पी गुरुप्रसाद, प्रमुख सचिव राजस्व**

# मतदेय स्थलों पर गर्मी व लू से बचाव के होंगे इंतजाम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बुजुर्गों, महिलाओं और दिव्यांगजनों को मतदान के लिए प्राथमिकता दी जाए: रिणवा

**अमृत विचार:** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने शुक्रवार को प्रदेश के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों (जिलाधिकारी) के निर्देश दिए कि तेज धूप और लू से बचने के लिए प्रत्येक मतदेय स्थल के सामने छाया की व्यवस्था हो, पर्याप्त संख्या में कुर्सी व दरी की व्यवस्था की जाए, जिससे मतदाता अपनी बारी आने तक छाया में इंतजार कर सकें। बुजुर्गों, महिलाओं जिनके साथ छोटे बच्चे हों और दिव्यांगजनों को मतदान हेतु प्राथमिकता दी जाए। हीट स्ट्रोक के बारे में मतदान कार्मिकों को जागरूक करने का निर्देश दिया।

श्री रिणवा ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों से इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने और अधिकाधिक संख्या में मतदेय स्थलों पर पहुँचकर मतदान करने के लिए मतदान दलों एवं मतदाताओं के मध्य भीषण गर्मी/लू/हीट वेव की सावधानियों एवं जागरुकता सुनिश्चित करने को कहा है। बताया कि मतदान दिवस 19 अप्रैल, 2024 से 1 जून, 2024 के दौरान भीषण गर्मी पड़ने की सम्भावना है। गर्मी से बचने के लिए पोलिंग पार्टी प्रस्थान एवं मतदान दिवसों पर पूर्ण सावधानी बरतें। इस दौरान सभी मतदान कार्मिक हल्के सूती वस्त्रों का प्रयोग करें। तेज धूप से बचाव हेतु टोपी, छाता एवं सर को ढ़कने के लिए सफेद सूती गमछा या अन्य कोई कपड़ा रखें। पानी की बोतल रखें, समय-समय पर आवश्यकतानुसार सादा जल, नींबू पानी या ओआरएस का प्रयोग करें।

**मतदान के लिए जरूर लाएं पहचान पत्र**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं से अपेक्षा की है कि मतदान के लिए मतदेय स्थल पर आते समय अपनी मतदाता पर्ची, फोटोयुक्त मतदाता पहचान पत्र अथवा अन्य वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान पत्र अवश्य साथ में लाएं, जिससे मतदान की प्रक्रिया शीघ्रता से सम्पन्न हो सके। मतदान दिवस को तेज धूप निकलने से पहले ही मतदाता अधिक संख्या में मतदेय स्थलों पर पहुचकर मतदान करें। तेज धूप से बचने व सर को ढ़कने के लिए सूती गमछा या छाते का प्रयोग अवश्य करें।

**1264 कारतूस, 87 बम बरामद**

अमृत विचार। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आचार संहिता अनुपालन के दौरान अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से कुल 27,08,222 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई। अब तक वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 176 मामलों में तथा लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 461 मामलों में कार्रवाई की गई। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने एवं अन्य मामलों में 06 एफआईआर दर्ज की गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्रवाई की जा रही है। सघन जॉच के लिए 508 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1746 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित किये गए हैं। पुलिस विभाग द्वारा 21 मार्च तक 2,85,143 लाइसेंसी शस्त्र जमा कराए गए। इसके अलावा आपराधिक व्यक्तियों के 281 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किए गए। 3,482 लाइसेंसी शस्त्र निरस्त कर जमा कराए गए। इसी प्रकार सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए 6,71,820 लोगों को पाबंद किया गया। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 1308 बिना लाइसेंस के अवैध शस्त्र, 1264 कारतूस, 06 किग्रा विस्फोटक व 87 बम बरामद कर सीज किए गए। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 204 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 40 केन्द्रों को सीज किया गया। बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 21 मार्च तक कुल 7052.48 लाख रुपए कीमत की मदिरा, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं, मुफ्त उपहार व नगदी आदि जब्त किया गया। 21 मार्च को जनपद प्रयागराज की हण्डिया विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 52.19 लाख रुपये कीमत की 71.50 ग्राम ड्रग पकड़ी गई। जनपद मथुरा की छाता विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 26.32 लाख रुपये कीमत की 4500 ली मदिरा पकड़ी गई। प्रदेश स्तर पर 1904 उड़न दस्ते और प्रवर्तन एजेन्सियों के 732 दल 24 घंटे निगरानी के लिए क्रियाशील है।

## लोकसभा प्रत्याशियों को ऑन लाइन नामाकंन करने की सुविधा : रिणवा

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकसभा चुनाव 2024 में प्रत्याशियों को ऑन लाइन नामाकंन करने की सुविधा दी गई है। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वेबसाइट लिंक जारी किया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि जो प्रत्याशी ऑनलाइन पद्धति से नामांकन करना चाहते हैं, वेबसाइट https://suvidha.eci.gov.in/login के माध्यम से नामांकन कर सकते हैं। लिंक पर जाकर नामांकन पत्र भरकर उसका प्रिन्ट निकालकर प्रारूप-1 में बताए गए स्थान पर नामांकन दाखिल करना होगा। इसी प्रकार शपथ पत्र भी ऑनलाइन भरकर, प्रिन्ट आउट को शपथ-पत्र के साथ रिटर्निंग ऑफीसर के पास जमा करना होगा। ऑनलाइन नामांकन भरने के बाद जमानत धनराशि को भी ऑनलाइन जमा करने की सुविधा है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा पूर्व से चली आ रही व्यवस्था के तहत नकद रुप से ट्रेजरी चालान के रूप में भी प्रत्याशी जमानत धनराशि जमा कर सकते हैं।

# सपा प्रत्याशी मनोज सहित चार ने किया नामांकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लोस क्षेत्र नगीना में दो, मुरादाबाद और पीलीभीत में एक प्रत्याशी ने किया नामांकन

**अमृत विचार :** उप्र. के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के प्रथम चरण में 8 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 20 मार्च को अधिसूचना जारी होने के तीसरे दिन शुक्रवार को विभिन्न दलों के 4 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिल किया गया।

पहले चरण के 8 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के अंतर्गत शुक्रवार को नगीना-5 (अनु.जाति) लोकसभा सीट के लिए आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के चन्द्रशेखर और समाजवादी पार्टी के मनोज कुमार ने नामांकन किया।

इसी तरह मुरादाबाद-6 लोकसभा सीट के लिए सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर आफ इंडिया (कम्युनिस्ट) के हर किशोर सिंह और पीलीभीत-26 लोकसभा सीट के लिए राष्ट्रीय समाज दल (आर) से संजय कुमार भारती ने नामांकन दाखिल किया।

इस प्रकार अब तक विभिन्न दलों के कुल 4 प्रत्याशियों द्वारा प्रथम चरण में नामांकन किया गया है। नामांकन भरने की अंतिम तिथि 27 मार्च (बुधवार) निर्धारित है। 28 मार्च (बृहस्पतिवार) को नामांकन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। प्रत्याशियों द्वारा 30 मार्च, (शनिवार) तक नाम वापस लिये जा सकेंगे। प्रथम चरण में 19 अप्रैल (शुक्रवार) को मतदान होगा।

## हताशा से तानाशाही पर उतरी मोदी सरकार

**अमृत विचार, लखनऊः** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने शुक्रवार को कहा कि भाजपा सरकार हार की हताशा में प्रतिपक्षी दलों से प्रतिशोध ले रही है। इंडिया गठबंधन दल की बुनियाद बनते ही भाजपा को इस बात का आभास हो गया था कि देश के संसाधनों की लूट और प्रजातंत्र को बचाने के लिए प्रतिपक्षी दलों का एक राष्ट्रव्यापी गठबंधन बना गया है। राय ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा हर संभव कोशिश कर रहे हैं कि इस गठबंधन दल के लोगों को प्रताड़ित करके इंडिया गठबंधन में जाने से रोका जाये या ईडी, सीबीआई और आईटी के माध्यम से इन दलों के नेताओं का मनोबल तोड़ा जाये।उन्होंने कहा कि अरविन्द केजरीवाल को जेल भेजा जाना इस बात का पुख्ता प्रमाण है कि जो इंडिया के गठबंधन दल में शामिल होगा और जो मोदी के आगे नहीं झुकेगा उसे जेल भेज दिया जायेगा।

# रोहिंग्याओं की घुसपैठ कराने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** यूपी एटीएस ने प्रदेश में घुसपैठ कराने के मुख्य आरोपी को तमिलनाडु से गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमांड पर लिया है। एटीएस अफसरों के मुताबिक आरोपियों द्वारा घुसपैठ कराने में शामिल सात अन्य लोगों को विगत तीन महीने में गिरफ्तार किया जा चुका है, जिसमें से तीन बांग्लादेश के हैं। गिरफ्तार किए गए मुख्य आरोपी पर एटीएस ने 25 हजार का इनाम रखा हुआ था।

एटीएस अफसरों के मुताबिक रोहिंग्याओं की पहचान छिपाकर उनका फर्जी भारतीय दस्तावेज तैयार किया जा रहा था। घुसपैठियों के रुकने की और उनके खर्च की भी व्यवस्था गिरफ्तार किए गए मुख्य आरोपी कफीलुद्दीन द्वारा की जा रही थी। एटीएस को जब इसकी भनक लगी तो टीम ने मिलकर इन तथ्यों को भौतिक और इलेक्ट्रानिक सर्विलांस द्वारा विकसित किया। पुष्टि हुई कि यूपी में ऐसा सिंडीकेट सक्रिय है जो घुसपैठ कराकर देश में राष्ट्रविरोधी गतिविधि करा रहा है और घुसपैठियों के पैर पसारने की पूरी व्यवस्थाएं कर रहा है। एटीएस ने अभियान चलाते हुए इस कार्य में लिप्त सात अन्य लोगों को विभिन्न तिथियों में गिरफ्तार किया। इसके बाद इन आरोपियों के खिलाफ जालसाजी से जुड़े गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराकर जेल भेज दिया गया।

**गिरफ्तार आरोपीः** अदिदुल रहमान, निवासी ढाका, तानिया मंडल, निवासी पिरोजपुर, इब्राहिम खान, निवासी बाग्लादेश, मो. अब्दून अव्वल, निवासी गोलपारा और नार्थ 24 परगना, प. बंगाल के निवासी अबु हुरैरा गाजी, शेख नजीबुल हक और अबू सालेह मंडल।

**2017 से वेल्लूर में सक्रिय था कफीलुद्दीन**

मुख्य आरोपी कफीलुद्दीन 2017 से वेल्लूर, तमिलनाडु मे रह रहा था। कफीलुद्दीन हाली शहर चिटगांव, बांग्लादेश का मूल निवासी है। तमिलनाडु में रहते हुए कफीलुद्दीन का परिचय शेख नजीबुल हक (पूर्व में गिरफ्तार) से हुआ था। शेख नजीबुल हक द्वारा उपलब्ध कराए गए धन से कफीलुद्दीन द्वारा अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी रोहिंग्या नागरिकों को आर्थिक सहयोग प्रदान किया जा रहा था।

## सीबीआई कोर्ट ने षड़यंत्र के आरोपी को सुनाई पांच वर्ष की सजा

**अमृत विचार, लखनऊ :** विशेष न्यायाधीश सीबीआई ने शुक्रवार को डीआरएम कार्यालय वाराणसी में तैनात रहे फिटर ग्रेड-1 को भ्रष्टाचार के एक मामले में दोषी पाते हुए पांच वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 55 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया है। सीबीआई ने 18 दिसंबर 2007 को आरोपी पीके दत्ता के विरुद्ध मामला दर्ज किया था। आरोप थे कि जनवरी 2006 से जून 2007 के दौरान, तत्कालीन फिटर ग्रेड-1 ने अन्य आरोपी व्यक्तियों के साथ आपराधिक षड्यंत्र रचा एवं मैसर्स विनटेक इंजीनियरिंग व मैसर्स न्यू टेक एंटरप्राइजेज के नाम पर प्रस्तुत वाहन मरम्मत के फर्जी और जाली बिल धोखाधड़ी से तैयार कर स्वीकृत कराए। इस प्रकार, आरोपी ने कथित तौर पर रेलवे को 20 लाख 29 हजार की हानि हुई एवं आरोपी ने स्वयं को इसी अनुरूप लाभ पहुंचाया। जांचोपरांत 27 जनवरी 2009 को आरोप पत्र दायर किया गया। पीके दत्ता के विरुद्ध दिनांक 16 जनवरी 2012 को आरोप तय किए गए। एक फरार आरोपी के विरुद्ध मामले की फाइल दिनांक 18 जनवरी 2024 से अलग कर दी गई है। आरोपी पीके दत्ता को दोषी पाते हुए अदालत ने पांच वर्ष की सजा सुनाई है।

# पराली अब समस्या नहीं आमदनी का जरिया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राज्य में आने वाले समय में होंगे 100 सीबीजी प्लांट

**लखनऊः** फसल काटने के बाद किसान और पर्यावरण के लिए समस्या बनीं पराली अब आमदनी और ऊर्जा का जरिया बन रही है। यह संभव हो रहा है सीबीजी (कम्प्रेस्ड बायो गैस) प्लांट से। शासन का कहना है कि प्रदेश में दस सीबीजी प्लांट क्रियाशील हो चुके हैं। आने वाले समय में प्रदेश में इनकी संख्या बढ़कर सौ हो जाएगी। सरकार धान की पराली को बायो कंपोस्ट में बदलने के लिए 17 लाख किसानों को बायो डीकंपोजर भी उपलब्ध कराएगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आने वाले समय में प्रदेश में सीबीजी प्लांट की वर्तमान संख्या दस को सौ के आंकड़े तक ले जाने की प्रतिबद्धता जता चुके हैं। उप्र राज्य जैव ऊर्जा नीति 2022 का जो ड्राफ्ट तैयार किया है, उसमें कृषि अपशिष्ट आधारित बायो सीएनजी, सीबीजी इकाइयों को कई तरह के प्रोत्साहन का प्रावधान किया गया है। सरकार की मंशा हर जिले में सीबीजी प्लांट लगाने की है। इसी कड़ी में बीते दिनों गोरखपुर के धुरियापार में इंडियन ऑयल के सीबीजी प्लांट का शुभारंभ हो चुका है। सीबीजी प्लांट में पराली से ईंधन तैयार हो रहा है और ईंधन बनाने के लिए कच्चे माल के रूप में किसानों से उनकी पराली खरीदी जा रही है।

इस प्लांट में रोजाना 200 मीट्रिक टन पराली यानी कृषि अवशेष (धान का भूसा) 20 मीट्रिक टन प्रेसमड और 10 मीट्रिक टन मवेशियो के गोबर का उपयोग होगा।

**बनता है 18 क्विंटल भूसा**

उप्र पशुधन विकास परिषद के पूर्व जोनल प्रबंधक डा. बीके सिंह के मुताबिक प्रति एकड़ डंठल से करीब 18 क्विंटल भूसा बनता है। सीजन में भूसे का प्रति क्विंटल दाम करीब 400 रुपये माना जाए तो डंठल के रूप में 7200 रुपये का भूसा नष्ट हो जाता है। बाद में यही चारा संकट का कारण बनता है।

# कांग्रेस के एकाउंट फ्रीज करना लोकतंत्र की हत्या

## अभय दुबे बोले, इलेक्टोरल बांड योजना आजाद भारत में चुनावी चंदे की सबसे भ्रष्ट योजना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



प्रेस वार्ता के दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचारः** कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे ने कहा है कि भाजपा गला घोटो राज करो की नीति पर चल रही है। सात साल पुराने आयकर के एक मामले में कांग्रेस के सारे बैंक खातों को फ्रीज कर दिया गया है। अब जब देश लोकसभा चुनाव के मुंहाने पर खड़ा है, मोदी सरकार की यह हरकत लोकतंत्र पर प्रहार है।

वह शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार द्वारा दो जनवरी 2018 से अधिसूचित इलेक्टोरल बांड योजना आजाद भारत में चुनावी चंदे की सबसे भ्रष्ट योजना बन गई है। कांग्रेस पार्टी ने बार-बार कहा कि यह योजना भाजपा सिर्फ अपने फायदे के लिए और चुनावी चंदे में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के लिए ला रही है।

सुप्रीम कोर्ट द्वारा इस योजना को खारिज करने के बाद कांग्रेस पार्टी का यह मत सत्य साबित हुआ। उन्होंने कहा कि यह योजना आने के बाद बहुत सारी फर्जी कंपनियों का पंजीकरण सिर्फ भाजपा को चुनावी चंदा देने के लिए कराया गया है। वर्ष 2018 के बाद कम से कम ऐसी 43 कंपनियां स्थापित हुई जिन्होंने कुछ ही महीनों के भीतर इलेक्टोरल बांड खरीदे। इनमें से कई ऐसी कंपनियां हैं जिन्होंने अपनी शेयर वैल्यू के कई गुना अधिक चंदा दिया है। क्विक सप्लाई चेन लिमिटेड की मालियत 130 करोड़ रुपये है, जबकि उसने 410 करोड़ रुपये चुनावी चंदा दिया है। ऐसे में सवाल उठता है कि फर्जी कंपनियों के खिलाफ अभियान छेड़ने का दावा करने वाली भाजपा क्या फर्जी कंपनियों के माध्यम से चुनावी चंदा लेती है? अभय दुबे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि ''ना खाऊंगा ना खाने दूंगा, लेकिन इलेक्टोरल बांड घोटाले के बाद उनका यह जुमला दिखावटी साबित हुआ।

## बांग्लादेश में नकली मुद्रा छापकर यूपी में सप्लाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी एटीएस ने बांग्लादेश में जाली नोट छपाकर यूपी के विभिन्न जिलों में सप्लाई करने वाले गिरोह के एक सदस्य को चंदौली से गिरफ्तार किया है। आरोपी मालदा पश्चिम बंगाल का निवासी है। एटीएस अफसरों के मुताबिक पूर्व में सुभाष मंडल निवासी जोयनपुर, मालदा, पश्चिमी बंगाल को एटीएस ने गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान पता चला कि उसका एक संगठित गिरोह है। गिरोह नकली भारतीय मुद्रा की तस्करी का कार्य करता है। उसका एक सहयोगी कंचन मंडल है जो कि प्रयागराज पुलिस में वांछित था। कंचन पर प्रयागराज पुलिस ने इनाम भी घोषित कर रखा था। सुभाष मंडल की निशानदेही पर ही एटीएस कंचन की तलाश कर रही थी। कंचन की गिरफ्तारी कर उसे थाना मांडा प्रयागराज में दाखिल कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# सपा ने घोसी से टिकट नहीं दिया, अपने बूते लड़ेंगे चुनाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।

- सपा के साथ गठबंधन में रही जनवादी पार्टी ने आठ सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार सपा प्रमुख पर लगाए गंभीर आरोप

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन में रही जनवादी सोशलिस्ट पार्टी ने शुक्रवार को आठ सीट पर अपने लोकसभा उम्मीदवार उतार दिए हैं। इस घोषणा के साथ उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर गंभीर आरोप भी लगाए। जनवादी सोशलिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय चौहान का दावा है कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उन्हें घोसी सीट से चुनाव की तैयारी करने के लिए कहा था। इतना ही नहीं विधानसभा चुनाव की तरह लोकसभा में भी कुछ अन्य सीटें भी देने का आश्वासन दिया था। लेकिन दो दिन पहले उन्होंने घोसी सीट पर प्रत्याशी घोषित कर दिया।

पार्टी नेताओं की शुक्रवार को लखनऊ स्थित प्रदेश कार्यालय में बैठक हुई। इसमें घोसी सीट पर खुद डॉक्टर संजय चौहान ने चुनाव लड़ने का एलान किया। इसी तरह मछलीशहर, गाजीपुर, बलिया, चंदौली, लालगंज, वाराणसी, भदोही में भी पार्टी के कार्यकर्ता मैदान में उतरेंगे।

**चौहान बिरादरी को सम्मान नहीं देना चाहतेः संजय**

डॉ. चौहान ने आरोप लगाया कि सपा अध्यक्ष पीडीए की बात करते हैं, लेकिन चौहान बिरादरी को सम्मान नहीं देना चाहते हैं। उनका बर्ताव भी पिछड़ी जातियों के प्रति ठीक नहीं है। वह सिर्फ धनबल वालों को उम्मीदवार बना रहे हैं। संजय चौहान ने दावा किया कि राजीव राय घोसी के लिए एक कमजोर प्रत्याशी हैं और वहां पर चौहान समाज के लोग उनको वोट नहीं देने जा रहे हैं, जिनका तकरीबन साढ़े तीन लाख वोट है।

## 28 को अमरोहा व बिजनौर में चुनावी सभाएं संबोधित करेंगे जयंत

**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयन्त सिंह 2024 के लोकसभा चुनाव हेतु अपने चुनावी अभियान की शुरुआत 28 मार्च को अमरोहा लोकसभा क्षेत्र से करेंगे। राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने शुक्रवार को बताया कि अमरोहा लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर के समर्थन में 28 मार्च को जयंत चौधरी जनसभा को सम्बोधित करेंगे। एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील करेंगे। उन्होंने बताया कि उसी दिन बिजनौर लोकसभा क्षेत्र में हिन्दू इंटर कॉलेज मैदान चांदपुर बिजनौर में भी एनडीए प्रत्याशी चंदन सिंह चौहान के समर्थन में जनसभा संबोधित करेंगे। राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि रालोद ने प्रदेश में अपने चुनावी अभियान की शुरुआत कर दी है। पार्टी ने अपनी प्रांतीय व सभी जिला, महानगर अध्यक्षों को एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में मजबूती से जुटने को कहा है।

# आजादी दिलाने को हड़हा गांव से नेताजी ने किया था शंखनाद

## अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ फूंका था बिगुल, हर तरफ अंग्रेजों के विरुद्ध विद्रोह की फूट चुकी थी चिंगारी

**शहीद दिवस आज**

दरियाबाद, बाराबंकी

**अमृत विचार:** आजादी दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले आजाद हिंद फौज के संरक्षक सुभाष चन्द्र बोस की हड़हा स्थित प्रतिमा आजादी के उन पलों की आज भी याद दिलाती है। जब नेता जी के कदम दरियाबाद क्षेत्र में पड़े थे। देश में अंग्रेजों के सितम बढ़ रहे थे। भारतीयों पर अंग्रेजी हुकूमत कहर बरसा रही थी। हर तरफ अंग्रेजों के विरुद्ध विद्रोह की चिंगारी फूट चुकी थी। आजाद भारत के लिए संग्राम तेज था। अंग्रेजों की गुलामी से देश को मुक्त कराने के लिए एक सेना और संगठन की जरूरत महसूस करने वाले नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने 24 नवंबर 1938 को दरियाबाद के हड़हा गांव में प्रशिक्षण शिविर लगाया था।



हड़हा गांव में स्थापित नेता सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा। अमृत विचार

आजाद हिंद फौज के नायक नेताजी ने यहां पर अंग्रेजों से लोहा लेने के लिए आजादी के मतवालों को प्रशिक्षण दिया। इसके बाद दरियाबाद से अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ नेताजी की फौज ने बिगुल फूंका। 23 जनवरी 1897 को कटक में अधिवक्ता जानकीनाथ बोस के घर जन्मे आजाद हिंद फौज के नायक नेताजी सुभाषचंद्र बोस दरियाबाद के हड़हा गांव में 1938 में आए थे। नेताजी ने यहां शिविर लगाया था। अंग्रेजों की यातनाओं से आजादी दिलाने के लिए नेताजी ने यहीं पर शंखनाद किया।

देश भर में आंदोलन के दौर के वक्त 24 नवंबर 1938 को दरियाबाद के हड़हा गांव में कंपकंपाती ठंड में देश भक्ति के जज्बे से भरे लोगों में जोश गर्म था। यहां 24 नवंबर को ही नेता जी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा स्थापना के साथ प्रशिक्षण शुरू हुआ। यहां कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी की ओर से एक प्रांतीय शिविर आयोजित हुआ था। इस शिविर के आचार्य डॉ. राम मनोहर लोहिया व प्रभारी केशव प्रसाद शर्मा थे। शिविर का उद्घाटन नेताजी सुभाषचंद्र बोस व कार्यक्रम की अध्यक्षता योगेश चंद्र चटर्जी ने की थी।

बताते हैं कि आचार्य नरेंद्र देव के आग्रह पर इस कैप का समस्त व्यय हड़हा रियासत के तत्कालीन राजा प्रताप बहादुर सिंह ने किया था। इस अधिवेशन में शामिल होकर नौजवानों ने आरपार की लड़ाई लड़कर देश को आजादी दिलाने में अहम भूमिका निभाई। आज हम 23 मार्च को शहीद दिवस ऐसे बलदानियों को हम सब याद करते हैं।

## एक नजर

### जीआईसी ऑडिटोरियम में सास-बहु सम्मेलन आज

**संवाददाता, बाराबंकी :** आगामी लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया के अंतर्गत मतदाता जागरुकता को लेकर "स्वीप" के तहत कल शनिवार को दोपहर 12 बजे से स्थानीय जीआईसी आडीटोरियम में "सास बहु सम्मेलन" का आयोजन किया जा रहा है।

### स्वयंसेवकों ने दिया नशामुक्ति का संदेश

**मसौली, बाराबंकी :** क्षेत्र के वीणा सुधाकर ओझा महाविद्यालय ज्यौरी में सात दिवसीय आयोजन में कहा गया कि नशा एक ऐसी बुराई है जो हमारे समूल जीवन को नष्ट कर देती है।राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेविकाओं ने अमदहा मजरे कोटवा में ग्रामीणों को नशा मुक्ति से संबंधी जानकारी दी। इस मौके पर डॉ. दिनेश सिंह, डॉ. रुचि सिंह, डॉ. बलराम वर्मा समेत कई लोग मौजूद रहे।

### डॉ. राममनोहर लोहिया पर आज होगा व्याख्यान

**बाराबंकी कार्यालय :** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं प्रख्यात समाजवादी डॉ. राममनोहर लोहिया की जयंती को विश्व संसद दिवस के रूप में मनाया जाएगा। शनिवार को गांधी भवन में सुबह 11 बजे डॉ. लोहिया व्याख्यान का आयोजन होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद सिंह गोप तो विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक सरवर अली खान होंगे। यह जानकारी गांधी जयंती समारोह ट्रस्ट के अध्यक्ष राजनाथ शर्मा ने दी। श्री शर्मा ने बताया कि 23 मार्च को स्वतंत्रता आंदोलन के नायक शहीद ए आजम भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु का बलिदान दिवस मनाया जाता है। इस साल भी सायंकाल 6 बजे आलापुर स्थित रेठ नदी पर शहीदों की स्मृति के दीपदान का आयोजन होगा।

### नरौली गांव में श्रीमद्भागवत कथा का समापन

**हैदरगढ़, बाराबंकी :** नरौली गांव में साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ महापुराण श्रीमद्भागवत के समापन के दिन कथा व्यास मुरली मनोहर शास्त्री ने श्रीमद्भागवत पुराण को मोक्ष का ग्रंथ बताते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत पुराण कथा सुनने से जीव को सांसारिक जीवन से जीवन काल में ही मोक्ष की प्राप्ति होती है।

### हैदरगढ़ में दस दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**हैदरगढ़, बाराबंकी :** समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत ब्लॉक संसाधन केंद्र हैदरगढ़ में नोडल टीचरों के लिए होम बेस्ड शिक्षा एवं समावेशी शिक्षा में आईसीटी के प्रयोग पर बच्चों को किस तरह से शिक्षा की मुख्य धारा में लाया जाए। इसे लेकर के 10 दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। अंतिम दिन वीडियो, कविताओं, हाव भाव एवं खेलकूद के माध्यम से किस तरह से बच्चों को मानक के अनुसार दिए गए निर्देशों के क्रम में दिव्यांग बच्चों को आंगनबाड़ी एवं विद्यालयों में किस प्रकार से सुगम्यता प्रदान करें इस पर चर्चा की गई।

# बिहुरा के निकट मिट्टी लदा डंपर छात्रा पर पलटा, मौत

## साइकिल से जा रही थी स्कूल, सांई डिग्री कॉलेज की थी छात्रा

फतेहपुर, बाराबंकी

**अमृत विचार:** साइकिल से कॉलेज जा रही छात्रा पर पीछे से मिट्टी लदा आ रहा तेज रफ्तार डंपर पलट गया। जिससे छात्रा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने दो जेसीबी लगा कर शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे की खबर मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया। इस हादसे के बाद होली पर्व को लेकर छाई खुशियों पर ग्रहण लग गया।

मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के बेलहरा नगर पंचायत के मोहरी वार्ड के रहने वाले राम सजीवन की पुत्री दीक्षा वर्मा (21) सांई पीजी कॉलेज में बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा थी। शुक्रवार को घर से कॉलेज जाने के लिए साइकिल से निकली थी। फतेहपुर बेलहरा मार्ग पर बिहुरा चौराहे के निकट बेलहरा की तरफ से मिट्टी लाद कर आ रहा डंपर छात्रा के ऊपर ही पलट गया। आसपास खेतों में काम कर रहे लोगों व राहगीरों ने छात्रा के डंपर के नीचे दबे होने की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने डंपर हटाने के लिए दो जेसीबी का प्रबंध किया। करीब एक घंटे कड़ी मशक्कत के बाद डंपर को जेसीबी से सीधाकर छात्रा के शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। इस बीच सडक के दोनों तरफ काफी लम्बा जाम लग गया। दुर्घटना के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है। इस घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। वहीं होली पर्व को लेकर मृतक छात्रा के परिवार में छाई खुशियां एक पल में खत्म हो गईं।



बेलहरा-फतेहपुर मार्ग पर बिहुरा चौराहे पर पलटा डंपर। अमृत विचार

### जोरों पर चल रहा मिट्टी खनन

मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के भटुवामऊ में मिट्टी खनन का कार्य काफी दिनों से चल रहा है। इसमें लगे चक्कर पूरा करने के लिए काफी तेज रफ्तार से डंपर चलाते है। पुलिस का कहना है कि मिट्टी की रॉयल्टी है। यह मिट्टी खुदकर रेलवे विभाग में भेजी जा रही है जबकि स्थानीय लोगों का कहना है कि मिट्टी रेलवे में भेजने की आड़ में निजी स्थानों पर बेची जा रही है। अब यह जांच का विषय है कि मिट्टी कहां-कहां बेची जा रही है।

### कॉलेज प्रशासन ने बंधाया ढांढ़स

छात्रा दीक्षा वर्मा के पिता रामसजीवन वर्मा खेती किसानी कर अपनी पुत्री को अच्छी शिक्षा दिलाने के लिए काफी मेहनत करते थे। उनके एक पुत्र अंशु वर्मा ने अभी हाल ही में हाईस्कूल की परीक्षा दी है। वहीं मृतका की मां गृहणी है। पुत्री की मौत की खबर सुनकर पूरे परिवार में कोहराम मच गया है। पिता ने जब पुत्री का शव देखा तो वह मूर्क्षित होकर गिर गए। हादसे की सूचना छात्रा के कॉलेज पहुंची तो कॉलेज प्रबन्ध ने अवकाश देते हुए सभी शिक्षक दुर्घटना स्थल पर पहुंच गये और रोते बिलखते परिजनों को ढांढस बंधाते रहे।

**सड़क हादसे में दंपत्ति घायल:** **बाराबंकी:** गस्त कर रही पुलिस ने दो किशोर को संदिग्ध समझकर दौड़ा कर पकड़ लिया। फोन करके परिजनों को बुलाया, किशोर के माता-पिता आते समय सड़क हादसे में गंभीर रुप से घायल हो गए।

सतरिख थाना क्षेत्र के अंतर्गत भनौली गांव के समीप बृहस्पतिवार की शाम गस्त कर रहे सिपाहियों ने सफदरगंज थाना क्षेत्र के पहाड़ा पुर गांव निवासी रानू व अनुज को पुलिस ने दौड़कर पकड़ लिया और अवैध धंधे करने की बात कह कर रोक लिया। दोनों किशोर भनौली बाजार आए हुए थे। परिजनों को फोन करके छुड़ाने की बात तय हुई। अनुज के माता-पिता देर शाम 8:30 बजे भनोली स्थित एक होटल पर आ रहे थे कि भनौली में ही सड़क हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस हादसा होते ही मौके से फरार हो गई।

# क्या है चैलेंजिंग वोट, सही जवाब पर मिली चॉकलेट

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी:** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर मुख्य विकास अधिकारी व प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक व प्रशिक्षण अ. सुदन की अध्यक्षता में ईवीएम और वीवी पैट से सम्बंधित 100 मास्टर ट्रेनर्स का एक दिवसीय प्रशिक्षण डीआरडीए गांधीसभागार में आयोजित किया। इन सभी को ईवीएम की बारिकियां समझाईं गईं।

सीडीओ श्री सुदन ने कहा कि सभी मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण के समय अपने निर्धारित कक्ष में 15 मिनट पूर्व पहुँचे। पीठासीन मतदान अधिकारियों को यथा स्थान बैठाएंगे। और मतदान प्रक्रिया की सम्पूर्ण जानकारी उन्हें देंगे। सीडीओ ने प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स से विभिन्न प्रश्न भी पूछे, जैसे- बूथ के अंदर जाने के लिए कौन-कौन व्यक्ति अनुमन्य है, चैलेंजिंग वोट क्या होता है, ईडीसी क्या होता है, फार्म 12 व फॉर्म 12 अ क्या होता है इत्यादि। उन्होंने सही उत्तर देने वाले सभी मास्टर ट्रेनर को एक-एक चॉकलेट दी और कहा कि वह सभी अपने प्रशिक्षण सत्र के दौरान जो भी मतदान कार्मिक के रूप में प्रशिक्षणार्थी होंगे, उनको इसी प्रकार प्रोत्साहित करेंगे। सभी मास्टर ट्रेनर हैंड बुक का भली-भांति अध्ययन कर लें। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही न बरते। उन्होंने कहा कि पीठासीन अधिकारी की भूमिका चुनाव में सर्वाधिक महत्वपूर्ण होती है। मास्टर ट्रेनर द्वारा पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय को अच्छे से प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा एवं वोटिंग की सभी बारीकियां बताई जाएगी।


गांधी सभागार में प्रशिक्षण लेते मास्टर ट्रेनर्स।

# डूबे युवक का 48 घंटे बाद मिला शव

**देवा, बाराबंकी:** देवा इलाके में नहर में नहाते वक्त डूबे युवक का शव पुलिस ने करीब 48 घंटे के बाद घटनास्थल से एक किमी की दूरी पर बरामद किया है।

देवा कोतवाली क्षेत्र के मित्तई चौकी अंतर्गत रहीमाबाद गांव निवासी अरुण बुधवार की शाम अपने साथियों के साथ इब्राहिमपुर खुर्द के पास स्थित शारदा नहर में नहा रहा था और नहाते समय हुआ नहर के तेज बहाव में डूब गया। तभी से स्थानीय पुलिस व एसडीआरएफ की टीम उसकी तलाश कर रही थी। शुक्रवार की दोपहर करीब 12:00 बजे घटनास्थल से एक किलोमीटर की दूरी पर भनमतिया गांव के पास से उसका शव बरामद हुआ है।



सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देते बच्चे। अमृत विचार

### बच्चों ने नाटक से फैलाई जागरूकता

**रामनगर, बाराबंकी :** बीपीएन इंटरनेशनल एकेडमी विद्यालय में वार्षिकोत्सव का आयोजन हुआ। जिसमें विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। छात्र-छात्राओं ने नाटक के माध्यम से जीवन में शिक्षा का महत्व, सोशल मीडिया के जाल में फंसा समाज व उसके दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाई। शुभारंभ ब्लाक प्रमुख संजय तिवारी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया। क्षेत्र के मेधावियों को सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर वीपीएन ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. बोधायन दास, नगर पंचायत अध्यक्ष रामशरण पाठक, अभिषेकानंद दास समेत कई लोग मौजूद रहे।

# देवा में उड़ते हैं कौमी एकता और आपसी सद्भाव के विविध रंग

दीपराज सिंह, देवा, बाराबंकी

**अमृत विचार :** कस्बा देवा स्थित सूफी संत हाजी वारिस अली शाह की दरगाह पर सभी धर्मों के लोग फूलों और गुलाल से जमकर होली खेलते हैं। सौहार्द के इस नजारे का दीदार करने के लिए देश के कोने-कोने से लोग आते हैं देवा शरीफ की होली अवध की शान कही जाती है।

सूफी संत हाजी वारिस अली शाह नें दुनिया को भाईचारे और साम्प्रदायिक सौहार्द का संदेश दिया है। 'जो रब है वही राम है' के माध्यम से उन्होनें ईश्वर एक है का संदेश दिया। उनके चाहने वालों में सभी धर्मों के लोगों की संख्या बहुतायत है। मान्यता है कि सरकार वारिस पाक अपने जीवन काल मे होली के दिन कस्बे में रुककर अपने चाहने वालों को दर्शन देते थे और उनके साथ होली भी खेलते थे। उनके दरबार में यह परंपरा आज भी बरकरार है। करीब तीन दशकों से यहां की होली के आयोजन की कमान वारसी होली कमेटी देवा के अध्यक्ष शहजादे आलम वारसी के हाथ में हैं। कमेटी में करीब एक दर्जन लोग हैं, जो होली का जुलूस का आयोजन करती है। कौमी एकता गेट पर फूलों की होली के बाद चांचर जुलूस गाजे-बाजे के साथ रवाना होता है। जिसका नेतृत्व मौजूदा चेयरमैन करते आ रहे हैं। पूरा परिसर अबीर- गुलाल की सतरंगी बादलों की छटा में डूब जाता है। होलियारों की टोली में जायरीन और फुकरा भी अबीर उड़ाते हैं।


देवा कस्बा स्थित हाजी वारिस अली शाह की दरगाह में होली खेलते लोग।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान 30 तक

**बाराबंकी, अमृत विचार:** मुख्य विकास अधिकारी अ. सुदन की अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के जनपदीय टास्क फोर्स/ अंतर विभागीय समन्वय समिति की प्रथम बैठक डीआरडीए गांधी सभागार में हुई। सीएमओ ने सीडीओ को अवगत कराया कि जिले में 01 अप्रैल से लेकर 30 अप्रैल तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलाएं जाने के निर्देश शासन से प्राप्त हुए हैं, जिसके दृष्टिगत ब्लॉक स्तरीय अंतर समन्वय समिति की बैठक कर ली गई है तथा सभी विभागों से माइक्रोप्लान प्राप्त हो चुके हैं।

# सब्र के इम्तिहान का महीना है रमजान: उमेर किदवई

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष मो. उमेर किदवई से अमृत विचार ने रमजान के पवित्र महीने के बारे मे जानने समझने की कोशिश की तो उन्होंने इसके महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि यह महीना रोजेदारों के लिए सब्र और इम्तेहान का महीना है। यह मुस्लिम समुदाय के लोगों के लिए खासा महत्व रखता है। मो. उमेर ने कहा कि यह पवित्र महीना अपने आपको हर तरह की बुराइयों से बचाकर रखने का महीना है। कमेटी के अध्यक्ष ने आगे बताया कि इस महीने में भूख प्यास का अहसास होने पर आपको भूख के अहसास होने का पता चलेगा तभी आप आगे बढकर ऐसे मजलूमों की मदद कर सकेगें। रोजा.सिर्फ भूखे रहने तक ही नहीं बल्कि रोजा शरीर के हर हिस्से का होता है। आंख का रोजा मतलब बुराइयों को न देखना, कान का रोजा गलत न सुनना, हाथ पैरों के रोजे का मतलब हम इन हाथों पैरों से किसी को नुकसान न पहुंचायें।



उन्होंने कहा रोजा रखने वाले इंसान को बुराइयों और गलत आदतों से तौबा कर लेना चाहिए। इस पवित्र महीने में अल्लाह अपने बन्दों के लिए रहमतों के दरवाजे खोल देते है। जिले वासियों से अपील करते हुए कहा होली हिन्दू भाईयों का रमजान और ईद मुस्लिम भाइयों का त्योहार है। दोनों समुदाय के लोगों से चाहूंगा कि एक दूसरे की ख़ुशी का हिस्सा बन सौहार्द पूर्ण वातावरण बनाए रखें।

# होली में आरगेंजा साड़ी और गरारा सूट की बढ़ी डिमांड

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** होली की खुमारी लोगों के सिर चढ़कर बोलने लगी है। शहर के बाजार में रौनक बढ़ती ही जा रही है। होली की खरीदारी के लिए दुकानों पर दिनभर ग्राहकों की भीड़ जुटरी रहती है। सबसे अधिक भीड़ कपड़े की दुकानों पर नजर आ रही है। होली के बाद नए कपड़े पहनकर एकदूसरे के घर जाने की परंपरा है। हर कोई अपनी पसंद के कपडों की खरीदारी में व्यस्त है। बाजार में महिलाओं की पसंद का खास ख्याल रखा जा रहा है। महिलाओं की पहली पसंद आरगेंजा व लाइटवेट की बनारसी साड़ियां हैं।

होली की खुमारी लोगों के सिर चढ़कर बोलने लगी है। शहर के बाजार में रौनक बढ़ती ही जा रही है। होली की खरीदारी के लिए दुकानों पर दिनभर ग्राहकों की भीड़ जुटती रहती है। सबसे अधिक भीड़ कपड़े की दुकानों पर दिख रही है। होली के बाद नए कपड़े पहनकर एकदूसरे के घर जाने की परंपरा है। हर कोई अपनी पसंद के कपडों की खरीदारी में व्यस्त है। बाजार में महिलाओं की पसंद का खास ख्याल रखा जा रहा है। महिलाओं की पहली पसंद आरगेंजा व लाइटवेट की बनारसी साड़ियां हैं।

एक साड़ी विक्रेता संतोष ने बताया कि महिलाएं सिल्क, शिफॉन, आरगेंजा, बनारसी, जयपुरी और न्यू कढ़ाई वाली साड़ियां अधिक पसंद कर रहीं हैं। अधिकतर महिलाएं एक हजार रुपये से लेकर दो-ढ़ाई हजार रुपये तक की साड़ी खरीद रहीं हैं। कुछ महंगी साड़ियों की भी खरीदारी भी कर रही हैं। युवतियों की पहली पसंद सिल्क सूट और गरारा, शरारा व गाउन सूट हैं। वहीं 800 से लेकर 2,500 रुपये तक के सूट युवतियां अधिक खरीद रहीं हैं।


होली को लेकर साड़ियां पंसद करतीं महिलाएं। अमृत विचार

### मैचिंग वाली चूड़ी व कंगन की बिक्री हुई तेज

होली पर सजने-संवरने के लिए महिलाएं व युवतियां कपड़ों की मैचिंग वाली श्रृंगार सामग्री भी जमकर खरीद रहीं हैं। शहर की चूड़ी वाली गली में इस समय गहमा-गहमी पहले से ज्यादा है। विक्रेता रफत बताते हैं कि महिलाएं साड़ी तो युवतियां की सूट की मैचिंग वाली चूड़ी-कंगन, बिंदी, नेल पॉलिश की डिमांड ज्यादा है।

### ऑर्डर नहीं ले रहे टेलर

होली के लिए कपड़ों की सिलाई का काम भी खासा तेजी से चल पड़ा है। टेलरों की दुकानों पर दिन-रात काम जारी है। क्योंकि होली के सिर्फ दो दिन बचे हैं, ऐसे में टेलरों ने नए ऑर्डर लेना बंद कर दिया है। टेलर एसके बताते हैं कि पहले से ही इतने ऑर्डर हैं कि उन्हें होली तक तैयार करने में पसीने छूट रहे हैं। मजबूरन अब ग्राहकों को लौटाना पड़ रहा है। कोई पुराना ग्राहक अथवा खास पहचान वाला आ गया तो ऑर्डर लेना ही पड़ता है।



वृद्धाश्रम में होली मनाते लोग। अमृत विचार

# बुजुर्गों के साथ मनाई होली

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी:** "समर्थ नारी समर्थ भारत" संस्था ने वृद्धाश्रम में होली का त्यौहार मनाया। महिलाओं ने वृद्धों में वस्त्र बांटे गुझिया, पापड़ खिलाए और रंग लगा कर आशीर्वाद लिया। इसमें जिलाध्यक्ष किरन तिवारी, पंकज गुप्ता, चंद्र प्रकाश, मयंक, बिंदु, मीना, सरोज, लीना, गरिमा, अनीता, बबिता, शालनी, तान्या, ज्योति, पुष्पा, आध्या, सिद्धि, अक्षत आदि शामिल रहे।

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)



Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles)
भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज



क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

# बीडीओ ने परखी मतदान केंद्रों की सुविधाएं

## बनीकोडर ब्लॉक क्षेत्र में है 181 मतदान केंद्र, अधिकारी ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

रामसनेहीघाट, बाराबंकी

**अमृत विचारः** निर्वाचन आयोग के निर्देश पर लोकसभा चुनाव को लेकर ब्लॉक बनीकोडर के खंड विकास अधिकारी डॉ. विनय कुमार मिश्रा ने प्राथमिक विद्यालय जगदीशपुर, भावनियापुर खवेली, भावनियापुर नवीन, पूरे चुराई, काशीपुर सहित अन्य विद्यालय में बने मतदान केंद्रों की भौतिक सत्यापन किया। खामियां दिखने पर सुधार के निर्देश दिए।

बीडीओ ने बताया कि लोक सभा के लिए ब्लॉक बनी कोडर अंतर्गत कुल 181 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें दरियाबाद विधानसभा के 162 और रुदौली विधानसभा आंशिक 19 मतदान केन्द्र पर निवाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्धारित न्यूनतम आवश्यकता का पालन करना है। इसमें मतदान केंद्र का भवन, पेयजल, बिजली, रैंप, शेड, महिला-पुरुष शौचालय आदि उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि वैसे मतदान केंद्र जहां यह सभी सुविधाएं नही है, वहां एएमएफ का अनुपालन सुनिश्चित कराने के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी और ग्राम पंचायत सचिव को अधूरे पड़े कार्यों का जल्द से पूर्ण कराने का निर्देश दिया है।



मतदान केंद्र भवनियापुर का निरीक्षण करते खंड विकास अधिकारी। अमृत विचार

### चुनाव को लेकर पुलिस ने तेज की कार्रवाई

**बाराबंकी :** चुनाव और त्योहारों को लेकर पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस ने पांच वारंटी एक वांछित व 48 लोगों के विरुद्ध शान्ति भंग की आशंका को लेकर कार्यवाही की। वहीं फतेहपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मुण्डेरी निवासी संदीप कुमार वर्मा पुत्र विष्णु कुमार वर्मा को फतेहपुर पुलिस की एंटी रोमियो टीम ने छेड़छाड़ व छीटाकशी के मामले में गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के खिलाफ पुलिस ने विधिक कार्यवाही की है।

## एक नजर

### दस साल का कारावास और 1.27 लाख जुर्माना

**कार्यालय संवाददाता बाराबंकी :** महिला के साथ दुष्कर्म करने व उसका अश्लील अश्लील वीडियो वायरल कर परिवार को जान से मारने की धमकी देने के आरोप में बेलहरा रिंग रोड निवासी अली फैजान जैदी पुत्र ताहिर हुसैन को न्यायालय ने दस साल के कठोर कारावास व एक लाख 27 हजार जुर्माने की सजा सुनाई। पूरा मामला साल अप्रैल 2022 का है। पीडिता ने आरोपी फैजान जैदी के खिलाफ दुष्कर्म व अश्लील वीडियो बनाने सहित जान से मारने का मुकदमा शहर कोतवाली में दर्ज कराया था। तत्कालीन विवेचक रहे अभिमन्यु मल्ल ने मामले की तहकीकात कर सबूतों और गवाहों के आधार पर न्यायालय के समक्ष अभियुक्त के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया। प्रभावी पैरवी व ठोस गवाहों व सबूतों के आधार पर न्यायालय ने अभियुक्त अली फैजान जैदी को दस वर्ष का कारावास व दस हजार जुर्माने की सजा सुनाई।

### जुर्माना वसूल कर अभियुक्तों को छोड़ा

**बाराबंकी :** शुक्रवार को न्यायालय ने असन्द्रा के अशरफपुर निवासी कल्लू व रामतीरथ को मारपीट, घुघटेर थाना क्षेत्र के शरीफाबाद निवासी पवन कुमार को अश्लील हरकत व अवैध शराब के मामले में मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र के निवासी आरोपी सुनील, देशराज को अर्थ दंड व न्यायालय उठने तक सजा सुनाई गई।

### होम अरेस्ट किए गए आप जिलाध्यक्ष

**बाराबंकी :** शराब नीति घोटाले में ईडी द्वारा गिरफ्तार किए गए आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को लेकर आक्रोशित पार्टी कार्यकर्ता धरना प्रदर्शन न करने पाए और आचार संहिता का उल्लंघन न सके। इसे लेकर शुक्रवार को पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मवीर सिंह को नगर कोतवाली क्षेत्र के खंभरिया स्थित आवास पर होम अरेस्ट किए गए।

### भाजपा से लोकतंत्र को बड़ा खतरा : शिशिर बाजपेयी

**सीतापुर, अमृत विचार :** जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर शुक्रवार को प्रेस वार्ता के दौरान जिला उपाध्यक्ष शिशिर बाजपेयी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा जनवरी 2018 में अधिसूचित इलेक्टोरल बांड योजना आजाद भारत में चुनावी चंदे की सबसे भ्रष्ट योजना बन गयी है। इस योजना की आड़ में भारतीय जनता पार्टी द्वारा सबसे बड़ा घोटाला किया गया है। कहा कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के पाँच न्यायाधीशों की पीठ द्वारा भी इस योजना को एक मत से असंवैधानिक करार दिया है। आज देश के लोकतंत्र को तोड़ मरोड़ कर प्रस्तुत किया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी द्वारा अपने लाभ के लिए लायी गयी इस योजना का कांग्रेस पार्टी ने हमेशा विरोध किया है और आज भी हम विरोध करते हैं। आज लोकतन्त्र खतरे में है जहाँ एक तरफ बीजेपी कांग्रेस के खातो को सीज कर लोकसभा चुनाव मे जाने से रोकने का कुचक्र रच रही है।

# कर्मियों में जिम्मेदारी व दिख रहा उत्साह

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचारः** इन दिनों निर्वाचन कार्यालय में मेले जैसा माहौल दिख रहा है। लोकसभा चुनाव को लेकर सुबह से लेकर देर शाम तक लोगों की चहल कदमी दिख रही है। वहीं यहां तैनात कर्मचारी पूरी जिम्मेदारी और उत्साह के साथ मोर्चा संभाले हुए हैं। देखा जाए तो जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार के यह सिपाह सालार दिन-रात एक कर निर्वाचन संबंधी कार्य निपटाते हुए लोकतंत्र के इस महापर्व में दोहरी जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील कुमार पांडेय की देखरेख में निर्वाचन कार्यालय में अभय वर्मा, उपमा झा, सोनी श्रीवास्तव, सैयद जफर हुसैन, हस्नैन जाहिद समेत कई अन्य कर्मचारी पूरी जिम्मेदारी और उत्साह के साथ निर्वाचन कार्य करने में लगे हैं। जिला निर्वाचन मजिस्ट्रेट व अपर जिला निर्वाचन मजिस्ट्रेट के साथ आयोग से आए दिशा-निर्देशों के क्रम में चुनावी गतिविधियों की तैयारियों की फाइलों को तैयार करने के साथ बैठक आदि को लेकर पत्रावलियां बनाने में लगे हुए हैं। जिला निर्वाचन मजिस्ट्रेट सत्येंद्र कुमार भी अपने इन सिपाहसालारों के साथ लोकतंत्र के इस महापर्व को संपन कराने में उन्हें काफी सहुलियत मिल रही है। जफर समेत कई अन्य कर्मचारी तो देर रात तक कार्यालय में रुक कर अगले दिन की चुनावी तैयारियों के संबंध में कम्प्यूटर पर कार्य करते दिख रहे हैं।



निर्वाचन कार्यालय में कम्प्यूटर पर काम करते हुए कर्मचारी। अमृत विचार

### 24489 पोस्टर, बैनर व होर्डिंग्स हटाए गए

लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने के दिन से ही जिले भर में पूरा प्रशासन एक्शन में आ गया था। इसके साथ से पब्लिक व प्राइवेट प्रॉपर्टियों पर लगे राजनीतिक दलों के बैनर, पोस्टर, होर्डिंग्स हटवाने के साथ वॉल पेंटिंग मिटाई गई। बीते 17 मार्च से लेकर 21 मार्च तक जिले भर में कुल 24 हजार 489 स्थानों से मॉडल कोड ऑफ कंडेंट का अनुपालन कराया गा है।

# प्रशासनिक न्यायमूर्ति ने किया पौधरोपण



जनपद न्यायालय में पौधरोपण करते प्रशासनिक न्यायमूर्ति। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचारः** प्रशासनिक न्यायमूर्ति श्री प्रकाश सिंह का जिला न्यायालय में आगमन हुआ। उन्होंने न्यायालय परिसर आदि का निरीक्षण किया गया तथा जनपद न्यायालय स्थित पार्क में पौधरोपण भी किया। इसके बाद जिला बार के पदाधिकारी व कार्यकारिणी तथा वरिष्ठ अधिवक्ताओं से वार्ता की। इसके बाद न्यायमूर्ति द्वारा जनपद न्यायालय में बन रही नव निर्मित भवन का भी निरीक्षण किया गया व कोर्ट कैम्पस को देखा।

इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश दिनेश चन्द, प्रधान न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय दुर्ग नरायन सिंह, पीठासीन अधिकारी एसपी शर्मा, जिला बार के अध्यक्ष प्रदीप सिंह, महामंत्री शाहीन अख्तर एवं समस्त न्यायिक अधिकारी, एसडीएम सदर, नायब तहसीलदार एवं बार एसोसिएशन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी, बाराबंकी**

पत्रॉंक– 185/रा0औ0प्र0बेलहरा–छर्री नीलामी/2023–24, दिनॉंक–15 मार्च, 2024

**नीलामी नोटिस**

एतद्द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय औद्यानिक प्रक्षेत्र बेलहरा, बाराबंकी पर वर्ष, 2023–24 में 15.00 हे0 क्षेत्रफल में आधारित प्रथम बीज से उत्पादित अन्डर साइज आलू कुफरी पुखराज, कुफरी ख्याति, कुफरी गंगा, कुफरी बहार एवं कुफरी सूर्या आलू की सार्वजनिक नीलामी दिनॉंक–03 अप्रैल, 2024 को अपरान्ह 12:00 बजे प्रक्षेत्र प्रांगण में नीलामी नोटिस संख्या–1822/रा0औ0प्र0 बेलहरा–छर्री नीलामी–2023–24/दिनॉंक–14 मार्च, 2024 द्वारा जारी नीलामी शर्तो के अधीन की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति रू0–20000.00 (रुपया बीस हजार मात्र) अर्नेष्ट मनी जमा कर नीलामी में भाग ले सकते है। विस्तृत जानकारी प्रभारी, राजकीय औद्यानिक प्रक्षेत्र बेलहरा एवं कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी, विकास भवन, बाराबंकी से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**(महेश कुमार श्रीवास्तव)**
जिला उद्यान अधिकारी, बाराबंकी।

# परेड में पहुंच पुलिस अधीक्षक ने जवानों को लगवाई दौड़

**कार्यालय संवाददाता बाराबंकीः** साप्ताहिक पुलिस की परेड की सलामी शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने परेड ग्राउंड पहुंचकर ली। पुलिस कर्मियों को शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रहने के लिए दौड लगवाई। वहीं पुलिसकर्मियों का टर्न आउट चेक करते हुए अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल की कार्रवाई कराई गयी। एसपी ने यूपी 112 पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर सम्बन्धित को मानकों के अनुसार सभी आवश्यक उपकरणों को अपने पास रखने व रिस्पांस टाइम को और बेहतर करने के दिशा निर्देश दिए।

परेड के पश्चात पुलिस लाइन परिसर, मेस, बैरक, आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं अंत में आदेश कक्ष में बैठकर विभिन्न रजिस्टरों एवं अभिलेखों की जांच कर अद्यावधिक रखने के लिए जिम्मेदारों को निर्देश दिए। इस मौके पर सुमित त्रिपाठी और प्रतिसार निरीक्षक सुभाष चंद्र मिश्रा आदि मौजूद रहे।



उपकरणों की जांच करते पुलिस अधीक्षक। अमृत विचार

## रामलला के दर्शन करना सौभाग्य : उर्वशी रौतेला

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** अयोध्या आना और रामलला के दर्शन करना हर सनातनी का सौभाग्य है। मुझे भी आज ये सौभाग्य प्राप्त हुआ है। रामनगरी का दिव्य स्वरूप संपूर्ण विश्व में फैल गया है। ये बातें शुक्रवार को प्रख्यात अभिनेत्री उर्वशी रौतेला ने कहीं। उन्होंने रामलला के दरबार में श्रद्धा निवेदित करते हुए दोनों हाथ जोड़कर रामलला से आशीर्वाद मांगा। दर्शन के बाद अभिभूत अभिनेत्री ने कहा कि एक फिल्म की शूटिंग के दौरान वह अयोध्या में हैं। शीघ्र ही शूटिंग पूरी होगी। उन्होंने कहा कि विभिन्न मठ–मंदिरों के दर्शन करने की भी परम अभिलाषा है। दर्शन के दौरान उनके साथ फिल्म से जुड़े लोग भी मौजूद रहे।



**RAVI CHILDREN'S ACADEMY**

Situation Vacant

Apply offline for the following posts....

| S.No | Post | Qualification |
|---|---|---|
| 1 | Principal | Post Graduate with B.Ed. , Min. 5 Years' Experience of teaching as P.G.T, Knowledge of Administration & Child pedagogy |
| 2 | Sport Teacher/ P.T.I | M.P.Ed., Achievement & Certificates in the field of Sport / Game at District/ State/ National level |
| 3 | Hindi/ Sanskrit (P.G.T) | Post Graduate with B.Ed. in relevant subject / Acharya ( Sanskrit), C.T.E.T |
| 4 | Geography (P.G.T) | Post Graduate with B.Ed. in relevant subject, C.T.E.T |
| 5 | History (P.G.T) | Post Graduate with B.Ed. in relevant subject, C.T.E.T |
| 6 | Primary Teacher ( Play Group) | Graduate & N.T.T.+ D.El.Ed. |
| 7 | Lab. Asst. | B.Sc.(Physics, Chemistry, Biology) |
| 8 | Office Asst. (Computer Operator) | B.Com with O- Level, Tally, Erp ( Preference to Female Candidate) |
| 9 | Receptionist | Female ( graduation with good communication skill in English) |
| 10 | Aaya | High School with interest in child care |

Note: Apply offline with detailed resume and relevant supportive documents till **Friday, 5 April 2024**
Date of interview: **Sunday, 7 April 2024**
Address: Ravi Children's Academy, Near Dukh Haran Nath Temple, Patel Nagar, Gonda- 271001
Contact No – 9450944999

# अनुज बने जैन समाज के अध्यक्ष

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचारः** जैन समाज महमूदाबाद की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समाज के मुद्दों पर चर्चा हुई इसके साथ ही अनुज कुमार जैन को सर्वसम्मति से समाज का नया अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

सरावगी टोला स्थित दिगम्बर जैन मंदिर सभागार में एक बैठक आयोजित की गई। खाली चल रहे अध्यक्ष पद पर अनुज कुमार जैन को सर्वसम्मति से समाज ने चुन लिया। अनुज जैन के अध्यक्ष बनने पर शिरोमणि संरक्षक कोमल चंद्र जैन, संरक्षक विकास जैन आदि ने माल्यार्पण कर बधाई दी और नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।



ट्राफी के साथ खिलाड़ी। अमृत विचार

## हॉकी प्रतियोगिता में सीतापुर का रहा दबदबा

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** दसवीं वाहिनी पीएसी ग्राउंड मे चल रही 25वीं अंतर वाहिनी पीएसी मध्य जोन की हॉकी प्रतियोगिता में सीतापुर का दबदबा रहा। सीतापुर की द्वितीय और 11वीं वाहिनी पीएसी विजेता और उपविजेता रही। सेनानायक अरुण कुमार ने प्रतिभागी टीमों का उत्साहवर्धन करते हुए प्रशस्ति पत्र और मेडल पहनाकर बधाई दी। दसवीं वाहिनी पीएसी बाराबंकी के ग्राउंड मे चल रही 5 दिवसीय मध्य पीएसी जोन की हाकी प्रतियोगिता का शुक्रवार को समापन सेनानायक अरुण कुमार द्वारा विजेता और उपविजेता टीम को प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर किया गया। प्रतियोगिता में पीएसी मध्य जोन की 9 टीमों ने भाग लिया। जिसमें 10वीं वाहिनी बाराबंकी, द्वितीय वाहिनी सीतापुर, 11वीं वाहिनी सीतापुर, 25वीं वाहिनी रायबरेली, 26 वीं वाहिनी गोरखपुर, 27 वीं वाहिनी सीतापुर, 30 वीं वाहिनी गोंडा, 32 वीं वाहिनी लखनऊ और 35वीं वाहिनी लखनऊ ने प्रतिभाग किया।

## भगत सिंह के शहादत दिवस पर विचार गोष्ठी आयोजित

**सिधौली/सीतापुर, अमृत विचार :** भगत सिंह विश्व के महानतम चिंतक थे ,उन्होंने माक्र्सवाद की रौशनी में भारत महादेश की समस्याओं का समाधान खोजने की कोशिश की। परन्तु आज का युवा वर्ग को मार्गच्युत करने के लिए भगत सिंह के बजाय रजतपट के नकली नायकों और क्रिकेट खिलाड़ियों के पीछे लगाया जा रहा है। यह बात शहीदे आजम भगत सिंह के शहादत दिवस की पूर्वसंध्या पर जनमुक्ति संघर्ष वाहिनी, सीतापुर के तत्वावधान में आयोजित विचार गोष्ठी में अधिवक्ता एवं लेखक अनूप कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि भगत सिंह की शहादत के समय उनकी आयु मात्र 23 वर्ष थी। उनके चिंतन में तीन पीढ़ियों का संघर्ष और गदरी बाबाओं की कहानियाँ थी। गोष्ठी के संयोजक अनुराग आग्नेय ने भगत सिंह के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दुर्भाग्य से इस विलक्षण क्रान्तिकारी को मात्र 23 वर्ष की आयु मिली।



एक निजी लॉन में टिफिन बैठक में शामिल भाजपाई। अमृत विचार

## साथ भोजन करने से विचारों का होता है आदान-प्रदान

**कार्यालय संवाददाता,बाराबंकी :** शहर के लखपेड़ा बाग स्थित एक निजी लॉन में शुक्रवार को मोदी परिवार टिफिन बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें शहर और बंकी नगर मंडल के सभी प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ ही जिले के दिग्गज भाजपाईयों का जमावड़ा हुआ। जनप्रतिनिधियों से लेकर बूथ स्तर के कार्यकर्ता अपना अपना टिफिन लेकर बैठक में पहुंचे। भारी संख्या में जुटे भाजपाई कुनबे को क्षेत्रीय अध्यक्ष के आह्वान ने उत्साहित कर दिया। उन्होंने कहा कि साथ में भोजन करने से सिर्फ सामाजिक समरसता ही नहीं बल्कि विचारों का आदान प्रदान भी होता है। कहा कि 80 करोड़ भारतीयों को मुफ्त राशन योजना का लाभ देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह साबित कर दिया है कि वो देश को अपना परिवार मानते हैं। कहा कि मोदी की गरीब कल्याण योजनाएं मां के गर्भ से शुरू होकर जीवन के अंतिम पड़ाव तक देशवासियों को सुरक्षा का कवच प्रदान करती हैं।

# रस्म अदायगी तक सीमित रही मतदाता जागरूकता यात्रा

**देवा , बाराबंकी, अमृत विचार :** कस्बा देवा में शुक्रवार को निकाली गई मतदाता जागरूकता मशाल यात्रा सिर्फ रस्म अदायगी तक सीमित रह गई। पोलिंग बूथ कन्या विद्यालय से लेकर कौमी एकता गेट तक निकाली गई मशाल यात्रा में नगर पंचायत के कुछ कर्मी और अफसर लोगों में मतदान को लेकर जागरूकता फैलाने के बजाय फोटो खिंचाने में होड़ दिखी। यात्रा भी कुछ देर में खत्म कर दी गई और जिम्मेदार अधिकारी जिला मुख्यालय रवाना हो गए। चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग और जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार मतदाता प्रतिशत बढाने को लेकर काफी गम्भीर है। शाम करीब पांच बजे नायब तहसीलदार नवाबगंज प्रियंका शुक्ला के नेतृत्व में मशाल जुलूस निर्धारित मार्गो से गुजरा निर्धारित समय से करीब 20 मिनट देर से पहुंची नायब तहसीलदार प्रियंका शुक्ला के नेतृत्व में कन्या विद्यालय बूथ से कौमी एकता गेट तक मसाल जुलूस निकाला गया। इस मसाल जुलूस में रस्म अदायगी के नाम पर चंद नगर पंचायत के कर्मचारी और कुछ सभासद ही मौजूद दिखे।यात्रा के बारे में कस्बे के आम आदमी को इसकी जानकारी तक नहीं दी गई। कार्यक्रम कब शुरू हुआ और कब खत्म हो गया इसका पता ही लग पाया।

## इलेक्ट्रोरल बांड घोटाले में भाजपा का चेहरा उजागर

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी :** सर्वोच्च न्यायालय के पांच न्यायमूर्तियों की पीठ द्वारा एक मत से इलेक्ट्रोरल बांड योजना को असंवैधानिक घोषित करना साबित करता है कि भाजपा द्वारा इस सफेद तरीके से काला धन एकत्र करने की एक अपारदर्शी योजना बनाई गई। इलेक्ट्रोरल बांड घोटाले के बाद भाजपा पूरी बेनकाब हो चुकी है, मोदी जी का न खाऊँगा न खाने दूँगा का जुमला दिखावटी निकला। सुप्रीम कोर्ट ने इस योजना पर ताला लगाकर सिद्ध कर दिया है कि भाजपा चोर दरवाजे से चन्दे के धन्धे का काला खेल खेल रही थी। उक्त उद्गार कांग्रेसी नेता तनुज पुनिया तथा जिलाध्यक्ष मोहसिन ने पूर्व सांसद डॉ .पीएल पुनिया के ओबरी आवास पर इलेक्ट्रोरल बांड घोटाला योजना पर आयोजित प्रेस वार्ता में कही। दोनों ने एक मत से कहा कि कई कम्पनियां जिन्होंने इलेक्ट्रोरल बांड दान किया और उसके तुरन्त बाद उनको सरकार से लाभ प्राप्त हुआ।

# गौशाला का गेट खुलने का आधा घंटे तक इंतजार करती रहीं ईओ

पैंतेपुर, सीतापुर

**अमृत विचारः** आदर्श नगर पंचायत पैंतेपुर में अटैच अधिशाषी अधिकारी रेणुका यादव ने कस्बे से बाहर बनी अस्थाई गौशाला का आकस्मिक निरीक्षण किया। कोई भी गौशाला का कर्मचारी मौजूद नहीं था।

गेट में ताला पड़ा होने के चलते ईओ को लगभग 15 मिनट तक इंतजार करना पड़ा। कमियां मिलने पर उन्होंने 04 कर्मचारियों का वेतन एक दिन का काटने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। आदर्श नगर पंचायत पैंतेपुर में जनवरी माह में ईओ बब्लू कुमार के स्थानांतरण के पश्चात यहां कोई अधिशाषी अधिकारी की नियुक्ति नहीं थी। शासन के आदेश पर सिधौली नगर पंचायत की ईओ रेणुका यादव को पैंतेपुर नगर पंचायत पैंतेपुर में अटैच किया किया। शुक्रवार को ईओ रेणुका यादव ने कस्बा पैंतेपुर के कोठी वार्ड में बनी अस्थाई गौशाला का निरीक्षण किया। गौशाला में गेट पर ताला बाहर से पड़ा था। साथ आए कर्मचारी जीतू को गौशाला प्रभारी को बुलाने के लिए कहा। करीब 15 मिनट तक इंतजार करने के पश्चात गेट का ताला खुला। अस्थाई गौशाला में भूसे के साथ चोकर नहीं था। पशुओं को पीने वाले पानी के बर्तन गंदे थे। कुल 12 जानवर थे। ईओ रेणुका यादव पानी के बर्तन में गंदगी देख कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाई। गौशाला में सही से देखरेख न करने वाले, ताला देर से खोलने वाले एवं गौशाला प्रभारी मनोज कुमार वर्मा, राम सिंह, अनिल कुमार सहित एक अन्य कर्मचारी का एक दिन का वेतन काटने का निर्देश संबंधित अधिकारी को दिया। उन्होंने नगर पंचायत में कार्यरत सभी कर्मचारियों की जांच पड़ताल भी की। वरिष्ठ लिपिक अवधेश कुमार सहित अन्य को ठीक प्रकार से समय से कार्य करने के लिए आदेशित किया।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र राहुल कुमार व उसकी पत्नी सुनीता का चाल–चलन, आचरण व व्यवहार ठीक न होने के कारण उससे अपना सारा सम्बन्ध विच्छेद कर लिये हैं और अपने पुत्र राहुल कुमार व उसकी पत्नी सुनीता को अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूं। **जगदीश प्रसाद गुप्ता पुत्र रामप्रसाद गुप्ता निवासी– ग्राम पूरे मोहम्मद नेवाज, पोस्ट भनौली, थाना कोतवाली व तहसील मुसाफिरखाना, जिला अमेठी, उ0प्र0**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **मनोज कुमार यादव पुत्र विजय कुमार, निवासी–549/213/1, बड़ा बरहा, थाना आलमबाग, लखनऊ** मैने अपने पुत्र सुमन यादव जोकि अपराधिक प्रवृत्ति का है एवं मेरे कहने–सुनने में नहीं है वह मेरे व मेरे परिवार वालों के साथ अमर्यादित व्यवहार करता रहता है, इसके कृत्यों से परेशान होकर अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति के बेदखल करता हूँ। और भविष्य में उसके द्वारा किये गये कृत्यों के लिए यह स्वयं जिम्मेदार होगा, मुझसे व मेरे अन्य परिवार वालों से कोई वास्ता व सरोकार न होगा।

**सूचना**
सूचित हो कि मेरे सैन्य सर्विस रिकार्ड में माता का नाम मुन्नी सिंह है व जन्मतिथि 01.07.1965 है जो गलत है इनका अन्य अभिलेखों में मुन्नी देवी व जन्मतिथि 01.01.1953 है जो सही है और पिता की जन्मतिथि 01.07.1958 है जबकि सही जन्मतिथि 01.01.1950 है। मेरे सैन्य अभिलेखों में यही दर्ज किया जाये। **प्रदीप कुमार सिंह पुत्र जगदीश सिंह, नि0 ग्रा0 सिसैया, पो0–पातुपुर, रानीपुर, बहराइच।**

**सूचना**
मैं प्रदीप कुमार (Pradeep Kumar) अपने पुत्र मोहित कापड़ी के आर्मी नं. –4207909के, नि.–निकट गोरिल्ला मंदिर, न्यू कालोनी रई, पो.ओ. सिलथाम, पिथौरागढ़, उत्तराखण्ड, मेरे पुत्र के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम प्रदीप कुमार कापड़ी है। अतः मेरे पुत्र के सर्विस रिकॉर्ड में प्रदीप कुमार दर्ज किया जाये।

**सूचना**
मैं रुक्मणि देवी (Rukmani Devi) अपने पुत्र मोहित कापड़ी के आर्मी नं. –4207909के, नि.–निकट गोरिल्ला मंदिर, न्यू कालोनी रई, पो.ओ. सिलथाम, पिथौरागढ़, उत्तराखण्ड, मेरे पुत्र के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम रुक्मणि कापड़ी (Rukmani Kapri) दर्ज है। अतः मेरे पुत्र के सर्विस रिकॉर्ड में रुक्मणि देवी (Rukmani Devi) दर्ज किया जाये।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की गाटा संख्या 472 ग्राम मेला रायगंज तहसील सिरौलीगौसपुर बैनामा 1782/12 क्षेत्रफल 2496 वर्ग फुट मधुबाला पत्नी पवन कुमार का बैनामा खो गया है । जिस भाई को पता चले इस नंबर–9450191318 पर सूचित करें । **निवेदक– मधुबाला पत्नी पवन कुमार**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मैंने अपना नाम SHEIKH AJAZ AHMAD से बदलकर AJAZ AHMAD रख लिया है भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाये। AJAZ AHMAD S/O: SHABAN ALI R/O: 89/26, SHUTUR KHANA, MAQBOOLGANJ, LUCKNOW



12वां रोजा

शिया
सहरी : 04.33 बजे
इफ्तार : 06.29 बजे

सुन्नी
सहरी : 04. 39 बजे
इफ्तार : 06.19 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# मोबाइल पर मैसेज, जेब में सुसाइड नोट रख छात्र ने की आत्महत्या

## राजकीय आश्रम पद्यति विद्यालय का मामला, वजह तलाशने में जुटी पुलिस

सलोन, रायबरेली।



विद्यालय में अस्त-व्यस्त पड़ी कापी किताबें और बिस्तर।



मोहम्मदाबाद गांव में स्थित राजकीय आश्रम पद्यति विद्यालय।

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के मोहम्मदाबाद गांव में स्थित राजकीय आश्रम पद्यति विद्यालय में पढ़ने वाले इंटर के छात्र ने छात्रावास के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। छात्र के शर्ट से पुलिस को जहां एक सुसाइड नोट मिला है वहीं एक लड़की का व्हाट्सअप मैसेज भी उसके मोबाइल पर मिला। जिस पर पुलिस पड़ताल कर रही है। सूचना पर विद्यालय प्रबंधन के साथ एसडीएम, सीओ और कोतवाल भी मौके पर पहुंचे। वहीं छात्र ने ऐसा कदम क्यों उठाया, आखिर उस मैसेज में क्या था। इन तमाम सवालों के साथ स्थानीय पुलिस को जूझना पड़ेगा।



विकास कुमार (फाइल फोटो)

कोतवाली क्षेत्र के मोहम्मदाबाद गांव में स्थित राजकीय आश्रम पद्यति विद्यालय है। गुरुवार की देर शाम लगभग सात बजे विद्यालय में पढ़ने वाले इंटर के छात्र विकास कुमार सरोज पुत्र अर्जुन सरोज निवासी पूरे चरिहा गोड़वा हसनपुर ने छात्रावास में अपने कमरे के दरवाजे को बंद करके प्लास्टिक की रस्सी के सहारे पंखे से लटक कर खुदखुशी कर ली। मृतक का साथी रूम मेट जब अपने कमरे के पास पहुंचा तो अंदर से दरवाजा लॉक था। छात्र ने खिड़की से झाक कर देखा तो युवक का शव फंदे से लटक रहा था। इस घटना के बाद विद्यालय में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना शिक्षकों द्वारा पुलिस को दी गई।

मौके पर एसडीएम अभिषेक वर्मा, सीओ वंदना सिंह पुलिस बल के साथ पहुंच गए। जांच पड़ताल के दौरान पुलिस को कमरे के अंदर से एक सोसाइड नोट मिला है जिसमें मृतक द्वारा चार पेपर खराब होने का जिक्र किया गया है। जबकि मृतक के मोबाइल में एक लड़की का व्हाट्सअप मैसेज पड़ा हुआ था। मृतक के मोबाइल में पड़ा व्हाट्सअप मैसेज घटना को दूसरी ओर मोड़ रहा है। घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल करते हुए जरूरी साक्ष्य एकत्र किया। क्षेत्राधिकारी वन्दना सिंह ने बताया कि सूचना पर फॉरेंसिक टीम के साथ घटना स्थल का निरीक्षण किया गया है। घटनास्थल पर मृतक के जेब से मिले सोसाइड नोट और मोबाइल पर मौजूद मैसेज की जांच की जा रही है। शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है। जल्द ही घटना का वर्कआउट कर दिया जाएगा।

### ...एक भी पेपर ठीक नहीं गया

सलोन। खुदखुशी से पहले किसी लड़की से कॉलिंग और उसके बाद बोर्ड पेपर खराब होने की बात सोसाइड नोट में लिखकर मौत को गले लगाने का मामला सन्देह के घेरे में है। पुलिस को मृतक के जेब में मिले सोसाइड नोट और मोबाइल में लड़की के व्हाट्सअप मैसेज ने घटना को उलझा दिया है। या यूं कहा जाए कि घटना प्रेम सम्बन्ध से कहीं ना कहीं सम्बंधित हो सकता है। जांच पड़ताल के दौरान कोतवाल जितेंद्र सिंह ने बताया कि घटनास्थल पर मृतक की जेब से एक सोसाइड नोट मिला है। उसमे लिखा था पेपर खराब हो गए हैं, मुझे कुछ समझ में नहीं आ रहा है। चार पेपर में एक भी पेपर ठीक नहीं गया है। कोतवाल के मुताबिक मृतक का पांचवा पेपर राजनीति विज्ञान शुक्रवार को था। इधर आश्रम पद्यति विद्यालय के प्रधानाचार्य राधेश्याम सरोज ने बताया कि मृतक छात्र की मौत के बाद उसके मोबाइल पर एक लड़की का फोन आया था। लड़की मृतक विकास से बात करने की जिद पर अड़ी थी। मेरे द्वारा कहा गया कि मैं उसका दोस्त हूं वो बाथरूम गया है मुझसे बता दो क्या बात है उसे बता देंगे लेकिन इतने में ही उसने फोन काट दिया। जिसके थोड़ी देर बाद व्हाट्सअप पर लड़की ने मैसेज किया कि मुझसे आज के बाद तुम बात मत करना। फिर लड़की ने मोबाइल स्विच ऑफ कर दिया था।

### मां ने बेटे को अफसर बनने का देखा था सपना

सलोन। विकास ने परिवार के सपनों को पूरा करने के बजाए मौत को गले लगा लिया। ऐसा क्यों किया ये बात अभी स्पष्ट नहीं है। परिवार में बेटे की मौत ने सभी को हिला कर रख दिया है। पढ़ने में तेज विकास को सरकारी अफसर बनाने का सपना उसकी मां के लिए अब सिर्फ एक सपना ही बनकर रह गया। मृतक एक भाई और तीन बहनों में सबसे बड़ा था। गरीबी और तंगहाली से गुजर रहे इस परिवार को मृतक से जो उम्मीद बंधी थी वह अब टूट गई। भाई चाहत, बहन कौशल्या, सुशीला और प्रमिला का रो-रो कर बुराहाल है। जबकि पिता अर्जुन और उसकी मां इस कदर बेसुध है कि उन्हें होश में लाने के लिए पूरा गांव ढाढस बंधा रहे हुए है।

### महिला कैशियर ने मनचले सचिव पर बरसाए थप्पड़

**ऊंचाहार, रायबरेली।** एक मनचले सहकारी सचिव को सहकारी बैंक की महिला कैशियर ने उसके करतूत की सार्वजनिक सजा दी है। बैंक परिसर ने ग्राहकों की भीड़ के बीच कैशियर ने सचिव को जमकर पीटा। पूरी घटना बैंक के सीसीटीवी में कैद हुई है। बाद में लोगों के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ। घटना शुक्रवार दोपहर की है। जिला सहकारी बैंक में होली पर्व के कारण काफी भीड़ थी। बैंक का सामान्य कामकाज चल रहा था। इस बीच क्षेत्र की एक सहकारी समिति का सचिव बैंक कैशियर के पास पहुंचा। उसने महिला कैशियर को कुछ कह दिया। इसके बाद कैशियर ने आपा खो दिया और भीड़ के बीच कैशियर पर थप्पड़ बरसाना शुरू कर दिया। इस घटना से बैंक में मौजूद सभी अवाक रह गए। बाद में पता चला कि सचिव ने महिला कैशियर से कुछ अश्लील बातें कर दी थी। उसके बाद लोगों ने किसी तरह समझा बुझाकर महिला को शांत किया। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मामले की सूचना किसी ने कोतवाली में नहीं दी है।

# प्रेमजाल में फंसाकर बनाए संबध, अब शादी के लिए मांग रहा दहेज

ऊंचाहार, रायबरेली।

▸▸ दो साल पहले सोशल मीडिया पर हुई थी दोनों में दोस्ती

**अमृत विचार।** सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से सोनभद्र के एक युवक ने ऊंचाहार की युवती को अपने प्रेमजाल में फंसाया, फिर उसे ले जाकर अपने साथ तीन महीने तक रखकर संबंध बनाए। अब युवती से शादी के लिए दहेज में बाइक की मांग कर रहा है। पीड़िता ने कोतवाली में मामले की तहरीर दी है।

क्षेत्र के गांव लालता का पुरवा मजरे निगोहा की रहने वाली युवती पुलिस को दिए गए तहरीर में आरोप लगाते हुए कहा है कि दो साल पहले सोशल मीडिया के माध्यम से उसकी दोस्ती सोनभद्र जनपद के थाना पन्नोगंज के गांव भरसही निवासी युवक से हुई थी। दोस्ती के दौरान उसने युवती को अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। इसके बाद युवक ने उसके साथ शादी का वादा किया और ऊंचाहार आकर युवती को अपने साथ लेकर चला गया, जहां पर उसने युवती से संबंध बनाए। उसका यह भी आरोप है कि कुछ दिन बाद उसने युवती को मारना पीटना शुरू कर दिया। अब वह शादी के लिए दहेज में बाइक की मांग कर रहा है। शुक्रवार को ऊंचाहार कोतवाली पहुंच कर पीड़िता ने मामले की तहरीर दी है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि युवक को ऊंचाहार कोतवाली बुलाया गया है। मामले का जल्द समाधान किया जायेगा।

# हत्या के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को दबोचा

संवाददाता, रायबरेली।

▸▸ प्रयागराज में गुरुवार को मिली थी युवक की लाश

**अमृत विचार।** प्रयागराज में मिली शव के मामले में सदर कोतवाली पुलिस को तीन आरोपियों को गिरफ्तारी करने में कामयाबी मिली है। फिलहाल इस पूरे मामले में पुलिस की पैनी नजर है।

भदोखर थाना क्षेत्र के बेलाटेकई मजरे विनोहरा गांव के रहने वाले रविशंकर पुत्र जगदीश की प्रयागराज में गुरूवार को लाश मिली थी। पुलिस ने पिता की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज की थी जिसके बाद सर्विलांस की मदद से युवक की आखिरी लोकेशन प्रयागराज में मिली थी जिसके बाद पुलिस सक्रिय हुई और शहर कोतवाली पुलिस प्रयागराज के पहुंची, जहां युवक का शव बरामद हुआ था। पुलिस ने अपनी पड़ताल में राबिन सिंह पुत्र लाल बहादुर सिंह, लवकुश तिवारी पुत्र राकेश, ऋषि राजपूत निवासी चौकठा थाना मांडा जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार कर लिया। मृतक के दोस्त रहे राबिन ने ही अपने दोस्तों के साथ मिलकर उसकी हत्या की घटना को अंजाम दिया था। क्योंकि मृतक की शादी जिस लड़की से हो रही थी जिसे राबिन भी चाहता था।

## वाहन ने मार्निंग वाक पर निकले बुजुर्ग को कुचला, मौत

**सलोन, रायबरेली। अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के अतागंज उसरी निवासी वृद्घ कंचन लाल अग्रहरि पुत्र सुंदर लाल अग्रहरि के पैर के घुटनों में दर्द रहता था, जिससे प्रतिदिन वृद्ध सुबह टहलने हाइवे की तरह जाता था। शुक्रवार की सुबह वृद्ध रोज की तरह मार्निंग वाक पर निकला था।

राष्ट्रीय राज्यमार्ग सलोन प्रतापगढ़ स्थित गणेशगंज बाईपास के पास अनियंत्रित अज्ञात वाहन ने वृद्ध को कुचल दिया, जिससे मौके पर ही वृद्ध की मौत हो गई। मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। वही दुर्घटना को अंजाम देकर अज्ञात वाहन मौके से भाग निकला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी फोटो से टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश कराई जा रही है।

## एक नजर

### कोर्ट के आदेश पर सामूहिक दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज

**खीरों, रायबरेली।** क्षेत्र के एक गांव की महिला ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर गांव के दो नामजद सगे भाई व तीन-चार अज्ञात लोगों सहित लगभग आधा दर्जन लोगों पर सामूहिक दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर घटना के लगभग ढाई महीने बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है। पीड़िता ने न्याय के लिए न्यायालय में अर्जी लगाई थी। उसका आरोप है कि विगत 30 दिसम्बर को वह घर पर अकेली थी। इसी दौरान गांव के निवासी दो सगे भाई अशोक कुमार तिवारी और संजय तिवारी पुत्रगण राम कुमार तिवारी अपने तीन-चार अन्य अज्ञात साथियों के साथ उसके घर में घुस आए। सभी लोगों ने उसके साथ जबरन सामूहिक दुष्कर्म किया। थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

### जीवन रूपों के लिए पानी बुनियादी आवश्यकता

**ऊंचाहार, रायबरेली।** एनटीपीसी ऊंचाहार में विश्व जल दिवस पर परियोजना प्रमुख मनदीप सिंह छाबड़ा ने सभी महाप्रबंधकों, वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों, यूनियन व एसोसिएशन के सदस्यों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई। परियोजना प्रमुख ने कहा कि पृथ्वी पर मौजूद सभी जीवन रूपों के कामकाज के लिए पानी बुनियादी आवश्यकता है। अपर महाप्रबंधक (पर्यावरण संरक्षण) प्रीति सिन्हा ने बताया कि विश्व जल दिवस के उपलक्ष पर जल संरक्षण जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है जिनमें एनटीपीसी कर्मचारियों व परिवारजन के लिए नारा लेखन, चित्रकला, फोटोग्राफी व जल संरक्षण हेतु सुझाव आदि सम्मिलित हैं।

### मानव प्रभु की उत्तम रचना है : फूला देवी

**जगतपुर, रायबरेली।** संत निरंकारी सत्संग भवन में शुक्रवार को महिलाओं के सत्संग का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता फूला देवी ने की और कहा कि मानव प्रभु की उत्तम रचना है। इसका उत्तम रुतबा रखना यह मनुष्य योनि को सर्वश्रेष्ठ जीवन कहा गया है। इसे प्रभु की सबसे उत्तम रचना माना गया है। हमें इसकी विशेषता बनाए रखने के लिए मानवीय गुणो को अपने जीवन में धारण करना होगा जहां दया वहां धर्म जहां क्रोध वहां पर जीवन में एक क्रोध को स्थान नहीं देना दया को ही स्थान देना है। इस मौके पर उषा, वंदना, मीरा दीक्षित, रेखा, सपना, साधना, शालू, अनामिका आदि संगत मौजूद रही।

### 29 व 31 मार्च को खुले रहेंगे उप निबंधक कार्यालय

**संवाददाता, रायबरेली।** होली के अवकाश की वजह से समस्त अवकाश दिवसों में निबन्धन कार्य के लिये कार्यालय खोले जाने एवं सार्वजनिक अवकाश के तिथि में निबन्धन का कार्य सामान्य कार्य दिवसों की तरह सम्पादित किये जाने निर्देश दिये गये है। सहायक महानिरीक्षक निबंधन एसबी सिंह ने बताया कि 29 मार्च और 31 मार्च को सार्वजनिक अवकाश के दिनों में जिले के समस्त उप निबन्धक कार्यालय खुले रहेंगे।



गुलाब रोड स्थित शिया जामा मस्जिद में नमाज अदा करते लोग। अमृत विचार

### दूसरे जुमा की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई

**संवाददाता, रायबरेली :** जिले भर के मस्जिदों में रमजान माह के दूसरे जुमा की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई। शिया जामा मस्जिद गुलाब रोड पर पेश इमाम शहवार काज़मी ने कहा कि रमज़ान के महीने में शैतान को कैद कर लिया जाता है, क्योंकि वह अल्लाह के नेक बंदों को बहका न सके। ये महीना अल्लाह का है और इस महीने में किये जाने वाले हर नेक काम का 70 गुना सवाब मिलता है। इसलिए इस माह में जितना भी हो नेक काम करते रहें। इससे पूर्व मस्जिद के सेक्रेटरी मुजाहिद हुसैन ने मस्जिद की साफ सफाई की व्यवस्था करवाई और नमाज़ के बाद सभी नमाज़ियों का साफ सफाई में सहयोग देने के लिए शुक्रिया अदा किया।

# मतदान बूथों का किया गया निरीक्षण

लालगंज, रायबरेली।

**अमृत विचार।** आचार संहिता लगने के बाद जगह-जगह मतदाता जागरुकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर और पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल ने स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत चलाए जा रहे मतदाता जागरुकता कार्यक्रम में सम्मिलित होकर मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया।



मतदान केन्द्र का निरीक्षण करते डीएम व एसपी। अमृत विचार

विकास खंड लालगंज के ग्राम पंचायत सचिवालय आलमपुर में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने मतदाताओं से आह्वान किया कि सभी लोग अधिक से अधिक संख्या में मतदान में भाग लेकर इस महा पर्व को सफल बनाने में अपना योगदान दे। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित लोगों को मतदान की शपथ भी दिलाई। इसके अलावा डीएम और एसपी ने विकासखंड लालगंज के प्राथमिक विद्यालय आलमपुर और बैसवारा इंटर कॉलेज में मतदान बूथों का निरीक्षण किया। यहां पर उन्होंने साफ सफाई और कमरों का रखरखाव देखा।

### मतदान बढ़ाने की अपील

**ऊंचाहार।** मतदान प्रतिशत बढ़ाने की दिशा में मुख्य विकास अधिकारी ने मतदाता जागरुकता अभियान के तहत मतदाताओं को जागरूक किया और उनसे मतदान प्रतिशत बढ़ाने की अपील की। शुक्रवार को ब्लॉक क्षेत्र की कोटिया ग्राम पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव ने ग्रामीणों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन सबसे पहले मतदान करें उसके बाद घर की काम करे। एसडीएम सिदार्थ चौधरी ने ग्रामीणों से कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए अधिक से अधिक मतदान करना आवश्यक है। इस मौके पर बीडीओ कामरान नेमानी, ग्राम प्रधान नरेंद्र यादव आदि लोग मौजूद रहे।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# क्रीड़ा चैम्पियन बनी कुमकुम सिंह

▸▸ इंदिरा गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय का 28वां क्रीड़ा समारोह का किया गया आयोजन

▸▸ सर्वोच्च अंक लाने पर पूजा तिवारी को मिला सम्मान

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार :** इंदिरा गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय का 28वां क्रीड़ा समारोह, वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। शानदार प्रदर्शन करते हुए कुमकुम सिंह क्रीड़ा चैंपियन बनी। एमए समाजशास्त्र सत्र 2022-23 की सर्वोच्च अंक विजेता पूजा तिवारी रहीं। दोनों प्रतिभाओं को मुख्य अतिथि पूर्व क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, बरेली, गोरखपुर, कानपुर एवं झांसी मंडल प्रो. डा. सदन राम और महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. डा. सुषमा देवी ने सम्मानित किया।



इंदिरा गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय कार 28वां क्रीड़ा समारोह में पुरस्कृत छात्राएं।

इससे पहले छात्रा अनुपम, शिवासिनी, शालिनी, रोशनी, देव्यानी, महिमा, खुशी, विद्या प्रजापति आदि ने सरस्वती वंदना, कुलगीत एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। डा. प्रीति तिवारी ने महाविद्यालय की वार्षिक आख्या प्रस्तुत करते हुए कालेज की उपलब्धियों का वर्णन किया। कार्यक्रम में क्रीड़ा प्रतियोगिताओं, विषयी परिषद एवं विशिष्ट योग्यता वाली छात्राओं को मुख्य अतिथि और प्राचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि संघर्षों का सामना करना ही जिंदगी है और ऊंचाइयों तक जाने के लिए एक-एक कदम चलना पड़ता है। प्राचार्य ने कहा कि मनुष्य विचारों से बना हुए प्राणी है, और हम मन में जैसी आकांक्षा करते हैं वैसे ही बन जाते हैं। इसलिए अपना लक्ष्य ऊंचा रखें और निरंतर प्रयासरत रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. उत्तम कुमार शुक्ल और धन्यवाद ज्ञापन पुष्पेन्द्र सिंह ने किया। इस मौके पर शिखा मौर्या, प्रियंका, डा. ऋचा सिंह, गौसिया नायाब, डा. सारिका सिंह, डा. स्नेहा सिंह, डा. सलोनी भसीन, डा. स्वर्णिमा जायसवाल, शशांक सिंह, राम करन आदि मौजूद रहे।

# 135 ग्राम सभाओं में विकास गति धीमी, 6 एडीओ को नोटिस

संवाददाता, रायबरेली

▸▸ डीपीआरओ ने समीक्षा में सुस्ती पर जताई नाराजगी, सभी का वेतन रोकते हुए मांगा जवाब

**अमृत विचार।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत गांवो को बेहतर बनाने के लिए ग्राम स्वच्छता कार्य योजना के अंतर्गत बजट जारी कर दिया गया। इसके बावजूद जिम्मेदार तनिक भी फिक्रमंद नहीं हैं। नतीजतन ग्राम सभाओं में आशानुरूप कार्य नहीं हो पा रहा है। डीपीआरओ ने समीक्षा बैठक में छह ब्लाकों के 135 ग्राम सभाओं में विकास की गति धीमी होने पर नाराजगी जताते हुए एडीओ को नोटिस जारी किया है। साथ ही सभी को जवाब तलब करते हुए तीन दिन में स्पष्टीकरण देने को कहा है। इस कार्रवाई से हड़कंप मच गया है।

जिला पंचायत राज अधिकारी नवीन सिंह ने मॉडल बनाने वालों गांवों की ऑनलाइन प्रदर्शित हो रहे व्यय की प्रगति की समीक्षा की। डलमऊ, दीन शाह गौरा, जगतपुर, खीरो, रोहनिया, सतांव ब्लॉकों की प्रगति खराब रही, जिसके बाद पंचायत अधिकारी ने सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) का अगले आदेशों तक वेतन रोकते हुए तीन दिन के भीतर जवाब मांगा है। इसमें डलमऊ की 28, दीनशाह गौरा की 24, जगतपुर की 18, खीरों की 30, रोहनिया की 12 और सतांव की 23 ग्राम सभाएं शामिल हैं। यहां पर भेजा गया बजट खर्च नहीं करने पर डंप पड़ा है। इसका प्रभाव ग्राम सभा के विकास पर पड़ रहा है। जिला पंचायत राज अधिकारी ने कहा कि सभी एडीओ का वेतन रोक दिया गया है। स्पष्टीकरण जारी करते हुए जवाब मांगा गया है। संतोषजनक नहीं होने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सभी प्रकार के रोगों का समाधान आयुर्वेद द्वारा
सैक्स समस्याएं!!

मर्दाना कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष
सेक्स में कमी, निःसन्तान दम्पति अवश्य मिलें
प्रातः 10 बजे से सायं 07 बजे तक
सेक्स वर्धक दवाओं का उपयोग न करें ये दवाएं लाईलाज कर सकती है।
राना डिस्पेंसरी
9919792325
9415810891
हुसैनगंज चौराहे से लालकुँआ रोड, (पुल के पास) लखनऊ

# इलेक्टोरल बॉन्ड सबसे बड़ा घोटाला : कांग्रेस

संवाददाता, रायबरेली।




प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते कांग्रेस पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** इलेक्टोरल बॉण्ड को लेकर कांग्रेस हमलावर है। शुक्रवार को शहर कांग्रेस कमेटी ने एक पत्रकार वार्ता कर कहा कि इलेक्टोरल बॉण्ड देश का सबसे बड़ा चुनाव चंदा घोटाला है। जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि कांग्रेस के खातों को सीज किया गया है जबकि भाजपा ने इलेक्टोरल बॉण्ड के तहत भ्रष्टाचार किया है। भाजपा द्वारा सफेद तरीके से काला धन एकत्र करने की एक अपारदर्शी योजना बनाई गई है।

कांग्रेस पार्टी शुरू से ही इस चंदे के काले धंधे का विरोध कर रही है, लेकिन भाजपा अपने फायदे के लिए भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है। ईडी और सीबीआई के माध्यम से नेताओं के ऊपर दबाव बनाया जा रहा है। इस योजना के तहत बहुत सारी फर्जी कंपनियों का पंजीकरण कर भाजपा को फायदा देने का काम किया जा रहा है। इस दौरान नगर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव, नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन लाल सोनकर, निर्मल शुक्ला, विजयशंकर अग्निहोत्री, राकेश सिंह राना, संजय शुक्ला आदि मौजूद रहे।

VARUN ARJUN UNIVERSITY
N.H.-24, Banthra, Shahjahanpur
Pharmacy PCI Approved
D.Pharm/B.Pharm
VAMCRH SHAHJAHANPUR — Excellence towards profession
We focus on interdisciplinary research though collaboration with industry, medical college & develop students for future endeavors in healthcare We educate student to serve society by take care of challenges Pharmaceutical industry. We prepare our students for various competitions like exit Exam. Experienced and dedicated faculties are the hallmarks of our institute, who are continuously helping student in publishing research & obtaining patent.
Direct Admission Open
Session 2024-25
100% Placement
Admission Helpline:9455113105

Website:-www.varunarjunmedicalcollege.com, Email ID: varunarjun trust@gmail.com

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# जिलाधिकारी ने अधिकारियों को मतदान बढ़ाने के दिए निर्देश

## कम मतदान वाले बूथों को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी ने बीएलओ, सुपरवाइजर के साथ की बैठक

संवाददाता, अमेठी


मतदान बढ़ाने के लिए प्रेरित करती डीएम निशा अनंत। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत ने शुक्रवार को विधानसभा जगदीशपुर क्षेत्रांतर्गत विगत चुनाव में जिन मतदान केंद्रों पर 50 फीसदी से कम मतदान हुआ था वहां के बीएलओ, सुपरवाइजर के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बताते चलें कि विगत चुनाव में विधानसभा जगदीशपुर अंतर्गत 108 मतदान केंद्रों पर 50 फीसदी से कम मतदान हुआ था जिसको लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी ने बीएलओ व सुपरवाइजर के साथ बैठक कर आने वाले लोकसभा चुनाव में अपने-अपने बूथों पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी बीएलओ को निर्देश दिए कि किसी भी मतदाता का नाम वोटर लिस्ट में जोड़ने से छूटने न पाए।

उन्होंने कहा कि आजादी के बाद हमें लोकतंत्र के महापर्व पर मतदान करने का अधिकार मिला है इसे यूं ही व्यर्थ न होने दें, नामांकन के आखिरी दिन तक मतदाता सूची में नाम जोड़ा जा सकता है, मतदाता सूची को पढ़ लें उसमें जो त्रुटियां हैं उसे ठीक कर लें। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सबसे जरूरी है कि मतदाता सूची से किसी वोटर का नाम छूटने न पाए, आपके क्षेत्र में जिन लोगों का नाम मतदाता सूची में अभी तक जुड़ा नहीं है उनका नाम जोड़ दें। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची जितनी स्वच्छ व पारदर्शी होगी चुनाव उतना ही अच्छा होगा साथ ही मतदान प्रतिशत भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि किसी भी हालत में किसी भी वोटर का नाम मतदाता सूची से छूटने न पाए इसके अतिरिक्त उन्होंने सभी बीएलओ को मतदान से पहले शत प्रतिशत मतदान पर्ची का वितरण करने के निर्देश दिए साथ ही कहा कि मतदान पर्ची सीधे परिवार के किसी सदस्य को दी जाए। उन्होंने कहा कि जनपद में 20 मई को मतदान होना है उस समय भीषण गर्मी होगी सभी बूथों पर पीने का पानी, छांव की पर्याप्त व्यवस्था रखी जाए तथा 20 मई को मतदान के दिन बुलावा टोली के माध्यम से सभी मतदाताओं को मतदान केंद्र तक ले जाने का प्रयास किया जाए। जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ाने तथा मतदाताओं को मताधिकार करने के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी द्वारा जनपद की सभी विधानसभाओं में पत्र जारी कर लोगों से आगामी लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील भी की गई है। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना अभिनव कनौजिया सहित बीएलओ व सुपरवाइजर मौजूद रहे।

# आधुनिकता के दौर में रेलवेकर्मियों ने ट्रेन को धक्का मारकर स्टेशन पहुंचाया


ट्रेन को धक्का देकर स्टेशन ले जाते रेलवे कर्मचारी। अमृत विचार

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** आधुनिकता के दौर में रेलवे विभाग की लापरवाही का मामला सामने आया है, जहां रेलवे के अधिकारियों के लिए बनी डीपीसी ट्रेन पटरियों के बीच में ही खराब हो गई। जिसके बाद रेल कर्मचारियों के द्वारा ट्रेन को धक्का मारकर मेन लाइन से लूप लाइन में लाया गया। रेलवे कर्मचारियों द्वारा ट्रेन को धक्का मारने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

बता दें कि पूरा मामला अमेठी जिले के निहालगढ़ रेलवे स्टेशन का बताया जा रहा है, जहां पर सुल्तानपुर की तरफ से अधिकारी डीपीसी ट्रेन से लखनऊ की तरफ जा रहे थे। तभी अचानक स्टेशन के आउटर पर ट्रेन खड़ी हो गई। मेन लाइन पर ट्रेन के खराब होने से कई अन्य ट्रेन भी प्रभावित होने लगी। काफी कोशिश के बाद भी डीपीसी ट्रेन नहीं ठीक हो पाई। जिसके बाद रेलवे के कर्मचारियों के द्वारा डीपीसी ट्रेन को धक्का मारकर मेन लाइन से हटाकर लूप लाइन में किया गया। जिसका वीडियो बनाकर लोगों ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो में देखा जा सकता है कि कैसे कुछ लोग ट्रेन को धक्का मार रहे हैं। आसपास स्थानीय लोग भी मौजूद दिख रहे हैं।

# कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित की गयी एकल खिड़की

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु प्रचार के दौरान पब्लिक मीटिंग, रैलियों, लाउड स्पीकरों तथा वाहनों के उपयोग के साथ-साथ गैर वाणिज्यिक, रिमोट, अन्य कन्ट्रोल एयर रिपोर्ट्स, हेलीपैड हेतु अनुमति दिये जाने हेतु कलेक्ट्रेट कैम्पस, अमेठी के प्रथम तल पर स्थित कक्ष संख्या-21 में सिंगल सिस्टम, सिस्टम परमीशन सेल (एकल खिड़की), अनुमति प्रकोष्ठ स्थापित किया गया है।

उन्होंने बताया कि प्रत्याशी, प्रत्याशियों के चुनाव अभिकर्ता, राष्ट्रीय, राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के जिलाध्यक्षों द्वारा प्राप्त ऑनलाइन एवं आफलाइन आवेदन,प्रार्थना पत्रों के त्वरित निस्तारण हेतु गठित टीम में नोडल अधिकारी अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) दिनेश कुमार मिश्र, सहायक नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर अमित सिंह एवं शस्त्र लिपिक द्वितीय शिव नरायन व कम्प्यूटर आपरेटर अभय कुमार गुप्ता को सदस्य नामित किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रत्याशी, प्रत्याशियों के चुनाव अभिकर्ता, राष्ट्रीय, राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के जिलाध्यक्षों के माध्यम से प्राप्त ऑनलाइन एवं आफलाइन आवेदनों, प्रार्थना पत्रों का त्वरित निस्तारण नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी के हस्ताक्षर से सुनिश्चित किया जायेगा।

# फूलों की खेली होली तो कहीं राधा-कृष्ण झूमे

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार :** शहर के मलिक मऊ स्थित वीणा पाणि इंटर कॉलेज में फूलों की होली समारोह का आयोजन किया। इस अनूठे समारोह में छात्रों ने रंग-बिरंगे फूलों के साथ होली का उत्सव मनाया। समारोह में छात्रों ने एक-दूसरे को गुलाल फेंककर होली की रसरंगी खुशियों का आनंद लिया। शिक्षकों और छात्रों ने एक साथ मिलकर होली का उत्सव मनाया और एकता और समरसता का संदेश दिया। विद्यालय के कुछ बच्चों ने राधा रानी वेशभूषा में मनमोहक प्रस्तुति भी दी। इस मौके पर आदर्श, विनय, पूजा, दिव्या, शिवानी, स्वाति आदि मौजूद रहे।


न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर में राधा-कृष्ण के वेशभूषा में छात्राएं।

**बच्चों को होलिका दहन की सुनाई कथा :** न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर में विवेकानन्द हाउस के बच्चों रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। सबसे पहले शिक्षकों ने बच्चों को होलिका दहन के कई कारणों में से प्रमुख कारण प्रहलाद और होलिका की कथा से जुड़ा हुआ बताया। इस दौरान शिक्षकों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम में स्नेहा मौर्या और उनके साथियों द्वारा प्रस्तुत होली गीतों पर स्कूल की छात्राएं माही और अवंतिका ने राधा-कृष्ण की जीवन्त भूमिकाओं में नर्तन करते हुए अपने सहपाठियों संग पुष्प पंखुड़ियों से होली खेली। प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह ने कहा कि रंगों के इस त्योहार का पूरे भारत में अलग ही जश्न और उत्साह देखने को मिलता है। होली भाईचारे, आपसी प्रेम और सद्भावना का त्योहार है। इस मौके पर सार्थक शुक्ला, अवधेश शर्मा, विनय सिंह, माधुरी शुक्ला, दीपांजलि सिंह, मन्जु शर्मा, पूनम श्रीवास्तव, सुप्रिया अवस्थी आदि मौजूद रहे।



वीणापाणि इंटर कालेज में फूलों की होली खेलते बच्चे। अमृत विचार

# मैक्सटॉप के डायरेक्टर ने दिया पुरस्कार

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** शुक्रवार को संस्कार ग्लोबल स्कूल गौरीगंज में एक कार्यक्रम के अंतर्गत मैक्सटॉप संस्था के डायरेक्टर मिथुन मोदी एवं उनके सहयोगी टीम द्वारा विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से परीक्षा परिणाम एवं पुरस्कार तथा प्रमाण पत्र वितरण किया गया। पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र पाकर बच्चों के चेहरे खिल गए। कक्षा 3 की वंशिका ने सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। जिन्हें तीन हजार रुपये का चेक, शील्ड एवं प्रमाण पत्र दिया गया। क्रमशः 1, 2, 4, 5, 8 एवं 9 के विद्यार्थियों अर्नव पटेल, अद्विका उपाध्याय, तेजस्वी यादव, आराध्या जायसवाल, अनंत दुबे, माही शुक्ला को एक हजार रुपये का चेक एवं प्रमाण पत्र तथा शील्ड प्रदान किया गया। अन्य प्रतिभागियों विद्यार्थियों को उनके अच्छे प्रदर्शन हेतु प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य देवांश भरतद्वाज उपाध्याय ने सभी को शुभकामना प्रदान की और कहा अपने मिशन में सफल होने के लिए आपको अपने लक्ष्य के प्रति एकचित्त भाव से समर्पित होना चाहिए। संस्था के निदेशक संजय सिंह ने अपने संदेश में सभी को बधाई दी और कहा कि ऐसी परीक्षा बच्चों के अंदर की प्रतिभा को जगाने का कार्य करती है और विद्यार्थियों को स्वयं को परखने का अवसर देती है। संस्था की चेयर पर्सन डॉक्टर अंजना सिंह सेंगर ने अपने संदेश में शुभकामना देते हुए मैक्सटॉप टीम को धन्यवाद दिया और विद्यार्थियों को ऐसी प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षा में सहभाग करने के लिए प्रेरित किया। दूसरी ओर आपसी प्रेम एवं सद्भाव का प्रतीक रंगों का पर्व होली की सभी को शुभकामना प्रदान की। इस अवसर पर चित्रकेतु सिंह, मंजू सिंह, जीतलाल पटेल, सन्तलाल जायसवाल, प्रभात सिंह, आशीष तिवारी, अनिल मिश्रा, रोहित तिवारी, लक्ष्मी मिश्रा, अर्चिता दुबे, ऋचा पुष्पाकर, देशराज मौर्य, धर्मेंद्र कुमार, रघुराज प्रताप सिंह, अमन सिंह आदि शिक्षक, शिक्षिका एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।


पुरुस्कृत चेक के साथ उत्कृष्ट छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

# कार्ड धारकों ने लगाया कोटेदार पर वसूली के आरोप

**डलमऊ, रायबरेली।** सरकार द्वारा मिलने वाले निशुल्क राशन में कार्ड धारकों के द्वारा कोटेदार से वसूली करने का मामला प्रकाश में आया है। कार्ड धारकों ने बताया कि होली पर सरकार ने अंत्योदय कार्ड धारकों को चीनी देने की व्यवस्था की है। साथ ही अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी के कार्ड धारकों को निशुल्क राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। लेकिन कोटेदार द्वारा मनमानी बरती जा रही है। जबरन कार्ड धारकों से प्रति कार्ड पांच रुपये वसूले जा रहे हैं। विकासखंड डलमऊ के बरारा बुजुर्ग कोटेदार द्वारा वसूली किए जाने को लेकर कार्ड धारकों ने नाराजगी व्यक्त की है। नाम न छापने की शर्त पर कार्ड धारकों ने बताया कि जब वह कोटेदार के यहां निशुल्क राशन लेने के लिए पहुंचे तो कोटेदार के द्वारा अंगूठा लगाते समय ही पांच रुपये जमा करवाए गए। इस बाबत पूछा गया तो उन्होंने राशन न देने की धमकी भी दी है। इस समय आदर्श आचार संहिता लागू है लेकिन तहसील प्रशासन से लेकर कोटेदार तक बेलगाम हो चुके हैं।

# देवी हिंगलाज धाम पर महायज्ञ महोत्सव संपन्न


देवी हिंगलाज धाम पर प्रवचन संपन्न होने के बाद विशाल भंडारे का किया गया आयोजन।

मुसाफिरखाना अमेठी।

**अमृत विचार।** क्षेत्र के दादरा गांव में देवी हिंगलाज धाम पर प्रवचन महायज्ञ महोत्सव संपन्न होने के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें पूरे क्षेत्र से हजारों की संख्या में पहुंचकर लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 34वी महायज्ञ महोत्सव संपन्न होने के पश्चात मन्दिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में बच्चे, महिलाएं व पुरुष पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किए। देर शाम तक चले इस विशाल भंडारे में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के पहुंचने का सिलसिला भी जारी रहा।वही कार्यक्रम से जुड़े कृपाशंकर सिंह ने बताया कि भंडारे में क्षेत्र के हजारों लोगो ने मां हिंगलाज का प्रसाद ग्रहण किया जो काफी देर रात तक चला। उक्त मौके पर, महेन्द्र तिवारी, अंजनी श्रीवास्तव, विजय सिंह मिंटू, सर्वेश सिंह रवि, डाक्टर महेन्द्र, रवींद्र तिवारी, जीत बहादुर सिंह, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, गिरेन्द्र प्रताप सिंह, जितेन्द्र सिंह, जय सिंह, अभिनव, सत्यम सिंह, अशुलेंद्र सिंह, मुकेश तिवारी, नितिन सिंह,भारत सिंह, गोलू सिंह,अभय सिंह,अभिषेक सिंह,अमन सिंह, राकेश तिवारी, विद्याशंकर मिश्रा सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा।

# सड़क हादसे में भाई का पैर कटा, बहन गंभीर

**बछरावां, रायबरेली :** थाना क्षेत्र के अंतर्गत बांदा-बहराइच राजमार्ग पर फायर ब्रिगेड के पास दर्दनाक सड़क हादसे में भाई का पैर कट गया। वहीं बहन गंभीर रूप से जख्मी हो गई। बिशुनपुर निवासी खुशबू पुत्री फूलचंद अपने भाई शिवा के साथ बन्नावा गांव से साइकिल से अपने गांव बिशुनपुर जा रही थी। जैसे ही वह फायर ब्रिगेड स्टेशन के पास पहुंची, तभी तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दिया। इसमें भाई का पैर कट गया, वहीं बहन गंभीर रूप से जख्मी हो गई। एंबुलेंस में देर लगती देख तत्काल फायर कर्मचारी एवं दीवान संतोष कुमार ने फायर ब्रिगेड की गाड़ी से दोनों बच्चों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावा पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद प्रभारी चिकित्सक प्रभात मिश्रा ने दोनों की हालत गंभीर देखते हुए ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष बिजेंद्र प्रसाद शर्मा ने बताया कि घटना की सूचना प्राप्त हुई है। ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है। वहीं चालक मौके से फरार हो गया है।

# संतानों को सनातन से जोड़ना हर पिता का कर्तव्य

▸▸ राम चरित मानस सम्मलेन तृतीय दिवस की कथा

सूची, रायबरेली

**अमृत विचार :** सूची कस्बे में चल रही श्रीराम चरित मानस सम्मेलन के तीसरे दिन कानपुर की कथा वाचिका-मानस माधुरी डा. प्रज्ञा मिश्रा गार्गी ने कलि प्रभाव विरोध चहुँ ओरा" व "मंत्र महा मणि विषय व्याल के, मेटत कठिन कुअंक भाल के" सुनाते हुये कहा कि कलियुग में तमोगुण की प्रधानता है। इसलिये हर तरफ विरोध दिखाई दे रहा है। हमें इससे बचने का प्रयास करना चाहिये।

ईश्वर के आश्रित रहकर निरंतर राम नाम रूपी मंत्र का जप करना चाहिये। "करहिं अहार साल फल कंदा, सुमिरहि ब्रम्ह सच्चिदानंदा" भक्ति के मार्ग पर बढ़ने वाले को अपना आहार-विहार शुद्ध रखना चाहिए। सात्विक भोजन करना चाहिए। शाकाहारी रहना चाहिये। प्रकृति के पास खाने के लिये बहुत कुछ अच्छा है। झांसी के पीठाधीश्वर जगद्गुरु महाबीर दास ब्रम्हचारी जी महराज ने कहा कि हर पिता का कर्तव्य है कि अपनी संतानो को सनातन से जोड़े, जो सनातन रावण, कंस, हिरणाकश्यप और विदेशी आक्रांताओं के अत्याचारों से नही मिट सका, उसे कोई मिटा नहीं सकता। क्षेत्रीय विधायक अशोक कुमार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र चतुर्वेदी द्वारा कथा वाचकों का माल्यार्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया। इस मौके पर ग्राम विकास अधिकारी केके पांडेय, मनीष श्रीवास्तव, पं. बाल गोपाल त्रिपाठी, जगतधर पांडेय, लाल पांडेय, बृजेश सिंह, अरुण सिंह, चंद्रधर पांडेय, डा. केबी त्रिपाठी, अजय सिंह आदि मौजूद रहे।


कथा सुनाती कानपुर की कथा वाचिका मानस माधुरी डा. प्रज्ञा मिश्रा गार्गी।

# ढोलक वादक की कला ने लूटी महफिल

▸▸ जवाबी फाग में 9 वर्षीय ढ़ोलक वादक ने मचाई धूम

सतांव, रायबरेली।

**अमृत विचार।** सुना था कि कुछ गुण बच्चों को अपने पैतृकों से आनुवांशिक रूप में प्राप्त होते है लेकिन इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है शेखापुर गांव का 9 वर्षीय ढ़ोलक वादक विपिन, विपिन के पिता, दादा, परदादा सब भारतीय संस्कृति की फाग गायन और ढोलक बजाने की कला में पारंगत थे और उन्ही से प्राप्त आनुवांशिक गुणों के कारण महज 9 वर्ष की उम्र में ही विपिन भी फाग गायन और ढ़ोलक बजाने की कला में निपुण हो गया।

गुरुवार की देर शाम क्षेत्र के ओनई गांव निवासी अनूप कुमार के घर पर जवाबी फाग कार्यक्रम का आयोजन हुआ जो रात करीब 2 बजे तक चला। यह जवाबी फाग ओनई और शेखापुर गांव के फगुवारों की टीमों के मध्य हुआ। टोली के अगुवाकार श्यामलाल ने फाग कार्यक्रम की शुरुआत की। जवाब में शेखापुर टीम की अगुवाई कर रहे ब्लॉक क्षेत्र के सबसे युवा ग्राम प्रधान विनय कुमार ने अपने 9 वर्षीय भतीजे विपिन की ढ़ोलक की थाप पर "सुमिरन करो आजु भवानी का, सुमिरन करो आजु भवानी का" भजन पर लोग मदमस्त हो गये। यह फाग कार्यक्रम इतना शानदार रहा कि फाग समाप्त होने पर गांव के आधा दर्जन लोगों ने अपने-अपने घर पर दोनों टोलियों को फाग गाने का न्यौता भी दे दिया।


फाग गायन प्रस्तुत करते फगुवारे। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### भाजपा ने की शक्ति केंद्रों पर बैठक


बैठक में मौजूद भाजपाई। अमृत विचार

**लालगंज, रायबरेली। अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा सरेनी विधानसभा यूनिट पूरी तरह से सक्रिय हो गई है। भाजपा के विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला ने बताया कि लालगंज, सरेनी, डलमऊ, गेगासों, बेनी माधवगंज मंडलों में बैठक के बाद अब शक्ति केंद्रों सेक्टर में बैठक शुरू हो गई हैं। भारतीय जनता पार्टी ने शक्ति केंद्रों पर बैठक संपन्न करने के लिए त्रिस्तरीय व्यवस्था लागू की है। सेक्टर संयोजक, प्रभारी और प्रवासी को बूथ स्तरीय समिति को सक्रिय करने के लिए लगाया गया है। शुक्रवार को सुशील शुक्ला, दीप प्रकाश शुक्ला, जेपी सिंह सहित उमेश सिंह, चंदन त्रिवेदी, ओमकार यादव, जगन्नाथ पांडे, मनोज अवस्थी, दिवाकर मिश्रा, महेंद्र पटेल, गोविंद सविता, संतोष सिंह, राम प्रकाश सिंह आदि के द्वारा सेक्टर बैठक की गई है।

### गिरफ्तारी के विरोध में आप कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन


आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं को समझाते कोतवाल राजेश सिंह।

**संवाददाता, रायबरेली :** दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी से खफा आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने डिग्री कॉलेज शहीद चौक पर जोरदार प्रदर्शन किया। साथ ही धरना देते हुए कार्यकर्ताओं ने अरविंद केजरीवाल को जल्द से जल्द रिहा किए जाने की मांग की। कहा कि जनता के हृदय और दिलों में रहते हैं। राममोहन श्रीवास्तव रामू दादा ने कहा कि केंद्र सरकार की दमन नीति का विरोध किया जाएगा। इस दौरान शहर कोतवाल राजेश सिंह ने मौके पर पहुंचकर कार्यकर्ताओं को समझा-बुझाकर शांत कराया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष विकास वर्मा, जिला उपाध्यक्ष सुरेश सिंह, सदर विधानसभा प्रभारी पूर्व जिला अध्यक्ष इंद्र मोहन सिंह, पुनीत श्रीवास्तव, रवि द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

### शीतला मंदिर धाम में सात बटुकों का हुआ उपनयन संस्कार

**सरेनी, रायबरेली :** शीतला मंदिर धाम धूरेमऊ गांव में सात बटुकों का उपनयन संस्कार कराया गया। आचार्य अश्वनी कुमार, लक्ष्मी नारायण त्रिवेदी, ओम प्रकाश पांडेय, वीरेंद्र दीक्षित और बच्चन त्रिपाठी ने विधि विधान से यज्ञोपवीत संस्कार संपन्न कराया। तरुण तिवारी, शशि प्रकाश, शिव तिवारी, अजय तिवारी, शिवम त्रिपाठी, गुड्डू वाजपेई, नीलेश पांडेय ने वैदिक मंत्र करके जनेऊ धारण किया। मां की भूमिका छोटू वाजपेई व नैनी भाई ने बटुकों को दक्षिणा देकर आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम का आयोजन शीतला माता मंदिर समिति के सदस्यों मुन्नू तिवारी आदि ने किया। इस मौके पर विजय तिवारी, राजेश कुमार तिवारी, दीप प्रकाश शुक्ला, अनूप पांडेय, सतीश दीक्षित, रामचंद्र, विनय, अमग्नेय बाजपेई, राजनारायण, दिलीप, डा. शर्मा, कमलेश शर्मा, सचिन, संदीप, राममोहन, मुन्नू तिवारी, अजय अवस्थी, संजय अवस्थी आदि मौजूद रहे।

### समय से पैसा नहीं मिला तो श्रमिकों की कैसे मनेगी होली

**लालगंज, रायबरेली। अमृत विचार।** आधुनिक रेल कोच कारखाने में कई बड़ी कंपनियां प्राइवेट तौर पर काम कर रही हैं। कंपनियों के द्वारा स्थानीय श्रमिकों का शोषण आम बात है। प्राइवेट कंपनियो के अंडर में पेटी ठेकेदार और डेली वेजेज श्रमिक रेल कोच में डिब्बे बनाने सहित अन्य सभी कार्य करते हैं। वर्तमान में जनवरी-फरवरी और चल रहे मार्च का वेतन बकाया है। होली त्यौहार होने के बावजूद श्रमिकों को वेतन दिए जाने के बाबत हिंदुस्तान फाइबर कंपनी के अधिकारियों ने अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की है। अभी तक हिंदुस्तान फाइबर कंपनी श्रमिको को यह भरोसा दे रही थी कि होली पर सबको भुगतान कर दिया जाएगा लेकिन अब जबकि होली के दो दिन बचे हैं, तनख्वाह न मिलते देख कर्मचारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। शुक्रवार को सैकड़ो लेबर श्रमिकों ने रेल कोच फैक्ट्री के अंदर हिंदुस्तान कंपनी के बाबत जमकर आक्रोश जताया। कंपनी के प्रबंधक मुकेश शर्मा ने कहा कि रेलवे से फंड नहीं मिला है, फिर भी होली में वेतन दिए जाने का प्रयास किया जा रहा है।

### बस से नकली खोवा का कारोबार, ढाई क्विंटल बरामद

**लालगंज, रायबरेली।** जिला खाद्य अधिकारी इन्द्र बहादुर यादव ने नकली खोवा का जखीरा रोडवेज बस से उतरने के समय पकड़ा है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि कानपुर से रोडवेज बस के द्वारा खोवा लालगंज लाया जा रहा था। बासुगढ़ी बृजेंद्र नगर के दिलीप गुप्ता पुत्र सूरज कुमार गुप्ता खोया बस से उतर रहा था। तभी मौके पर उसे रंगे हाथों पकड़ा गया है। जांच करने के लिए खोवा का नमूना लिया गया है। बरामद ढाई क्विंटल खोया को नष्ट करा दिया गया है। वही नकली खोवा मिलने पर स्थानीय लोगों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि स्थानीय खाद्य अधिकारी डीपी सिंह के द्वारा लापरवाही बरते जाने से कारोबार बढ़ रहा है। बड़े-बड़े होटलों में नकली खोवा खपाया जा रहा है। जिला खाद्य अधिकारी इन्द्र बहादुर यादव ने बताया कि पकड़े गए खोये में किस फर्म के द्वारा बनाया गया है, यह अंकित नहीं था। साथ ही बनने की डेट भी अंकित नहीं थी। किसी भी प्रकार के कोई अभिलेख भी नहीं पाए गए। वही दिलीप गुप्ता को निजी मुचलके पर छोड़ा गया है। प्रयोगशाला जांच के लिए नमूना भेजा जाएगा।

### होली पर स्वास्थ्य विभाग की 108 व 102 एंबुलेंस अलर्ट पर

**फुरसतगंज, अमेठी।** सीएमओ डर. अंशुमान सिंह ने बताया कि होली त्यौहार के अवसर पर 24 से 26 मार्च तक 108 व 102 एंबुलेंस हाई अलर्ट मोड पर रहेंगी। जनपद के प्रोग्राम मैनेजर मोहम्मद ताबिश के द्वारा बताया गया कि 108 व 102 एंबुलेंस की सारी गाड़ियां हाई अलर्ट पर रहेंगी। कोई भी घटना घटित होती है तो 108 व 102 के टोल फ्री नंबर पर कॉल करके सुविधा प्राप्त कर सकते हैं।


एम्बुलेंस कर्मचारियों को जानकारी देते कंपनी के अधिकारी।


### डीएम, एसपी ने थाना बाजारशुक्ल का किया निरीक्षण


अमेठी- बाराबंकी बार्डर पर जांच-पड़ताल करते डीएम व एसपी।

**अमेठी।** लोकसभा चुनाव 2024 व त्यौहारों के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था के दृष्टिगत जनपद भ्रमण के दौरान शुक्रवार को जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अमेठी अनूप कुमार सिंह ने थाना बाजारशुक्ल के परिसर, कार्यालय, मेस, बैरिक, महिला हेल्ड डेस्क, सीसीटीवी कंट्रोल रूम आदि का आकस्मिक निरीक्षण किया एवं थानाध्यक्ष बाजारशुक्ल को आवश्यक आदेश-निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान अभिलेखों का रखरखाव व साफ-सफाई संतोष जनक पाई गयी।

### मौसम में उतार-चढ़ाव से बढ़ रहे मरीज

**फुरसतगंज, अमेठी।** मौसम में आए दिन हो रहे बदलाव के कारण शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फुरसतगंज में मरीजो की भारी भीड़ ओपीडी कक्षो के बाहर देखने को मिली। दोपहर तक ओपीडी में मरीजों की कतारें कम नही हुई। भीड़ के कारण मरीजों को दवा लेने के लिये इंतजार करना पड़ा। शुक्रवार को 300 से अधिक मरीजों ने सीएचसी फुरसतगंज अस्पताल में पंजीकरण कराया। सबसे अधिक लोग बुखार सर्दी और खांसी से पीड़ित रहे। पैथालाजी में हर दिन डेढ सौ से दो सौ मरीजो की जांच की जा रही है। अधीक्षक डा. एचपी यादव के अनुसार मौसम में हो रहे उतार चढाव के कारण सर्दी खांसी बुखार के मरीज बढे है। मौसम का असर लोगो की सेहत पर पड रहा है। साथ ही उन्होंने सुझाव देते हुए बताया कि खानपान में सावधानी बरतने की जरूरत है।



12वां रोजा

सहरी : 04 .51 बजे, रविवार

इफ्तार : 06 .22 बजे, शनिवार

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# हरदोई से हुई थी होली की शुरुआत

## भक्त प्रहलाद के जीवित बच जाने पर लोगों ने खुशी मनाते हुए उड़ाया रंग

वीरेश शुक्ला, हरदोई

**अमृत विचार।** होली की धूम इन दिनों देश में ही नहीं विदेशों में भी छाई है, लेकिन होली की शुरुआत कहां से और कैसे हुई इसके बारे में बहुत ही कम लोग जानते हैं। होली की शुरुआत जिला हरिद्रोही (हरदोई) से हुई।

कश्यपु की राजधानी था। वह हरि का द्रोही था, इसलिए इस जिले को हरिद्रोही कहते थे, लेकिन उसका पुत्र प्रहलाद उतना ही बड़ा भक्त था। अपने पुत्र के भगवान प्रेम से वह काफी नाराज रहता था। उसने पुत्र को मारने के तमाम प्रयास किए, लेकिन सफल न रहा। हिरणाकश्यपु की बहन होलिका को भगवान ने एक दुशाला वरदान स्वरूप दिया था। इस दुशाले को डालने वाला कभी आग से भस्म नहीं हो सकता था, जब प्रहलाद को मारने के सभी उपाय असफल हो गए तब हिरणाकश्यपु ने अपनी बहन होलिका को प्रहलाद को आग में लेकर बैठने का आदेश दिया। होलिका प्रहलाद को साथ लेकर आग में दुशाला ओढ़ कर बैठ गई, लेकिन इसी बीच भगवान ने इतनी तेज हवा चल दी की दुशाला उड़कर प्रहलाद के ऊपर जा गिरा, जिससे होलिका तो आग में भस्म हो, लेकिन भक्त प्रहलाद जीवित बच गया। भस्म से निकलने के बाद भक्त प्रहलाद ने जिस कुंड में स्नान किया था उसे प्रहलाद कुंड के नाम से जाना जाता है इसका उल्लेख नारद पुराण में मिलता है। भक्त प्रहलाद के आग से बचने पर उसके साथियों ने जली हुई एक दूसरे को डाल कर खुशी मनाई। भस्म को उड़ाने का रिवाज बाद में रंग गुलाल उड़ाने में बदल गया। आज भी जिला मुख्यालय पर हिरणाकश्यपु का खंडहरनुमा महल है। इस महल के पास ही प्रहलाद कुंड है। जिसका वर्णन नारद पुराण में है। प्रहलाद घाट के पास ही नरसिंह मंदिर है। यही पर भगवान विष्णु ने नरसिंह का रूप धारण कर हिरणाकश्यु का वध किया था।



सांडी रोड स्थित नरसिंह मंदिर।



प्रहलाद कुंड।

हरदोई जिला पहले हरिद्रोही के नाम से जाना जाता था, यहां पुराने समय में जिले के लोग हिरणाकश्यपु के डर से र शब्द के उच्चारण नहीं करते थे। इसी कारण अब भी ग्रामीण क्षेत्रों में उर्द को उद्द, हरदोई को हद्दोई के नाम से पुकारते हैं। हिरणाकश्यपु ने राम नाम के विरोध के कारण र शब्द के बोलने पर भी प्रतिबंध लगा दिया था।

## एक नजर

### प्लाट के नाम पर धोखाधड़ी कर पैसा हड़प लिया

**शाहाबाद, हरदोई।** कोतवाली क्षेत्र के फिरोजपुर खुर्द के रहने वाले एक दंपति पर महिला ने 20 हजार रुपये की ठगी करने का आरोप लगाया है। महिला ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर दम्पति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। रामप्यारी पत्नी प्रेम कुमार निवासी राजागंज, गोला गोकर्णनाथ के अनुसार वर्ष दिसंबर 2023 में प्लाट खरीदने के लिए शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम फिरोजपुर खुर्द निवासी मित्रपाल और उसकी पत्नी राम बेटी को 70 हजार रुपए दिए थे, लेकिन दोनों ने प्लाट क्रांति नाम की दूसरे को बेच दिया। काफी मांगने पर उसके 50 हजार रुपये वापस किया। 20 हजार रुपये बाद में देने को कहा, लेकिन आज तक रुपए नहीं दिए।

### हाइड्रोला से टकराकर बाइक सवार गंभीर रूप से जख्मी

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** शाहाबाद-पाली मार्ग पर बजरिया बाईपास के निकट एक तेज रफ्तार बाइक सवार हाइड्रोला से टकराकर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी हालत में उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया जिसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के ग्राम पहाड़पुर निवासी अजय कुमार (35) रात्रि तकरीबन 9 :30 बजे हरई गांव से होकर अपनी ससुराल गढ़िया थाना पाली जा रहा था। शाहाबाद पाली मार्ग पर जैसे ही बजरिया बाईपास के निकट पहुंचा। सामने से आ रहे एक हाइड्रोला से टकरा गया और गंभीर रूप से जख्मी हो गया। अजय कुमार शराब के नशे में धुत था। घायल अवस्था में उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया।

### सांसद प्रतिनिधि को भातृ शोक

**हरदोई, अमृत विचार।** सांसद प्रतिनिधि प्रदीप पाठक के भाई अशोक कुमार पाठक का गुरुवार को निधन हो गया। उनके निधन की खबर सुनकर सांसद जयप्रकाश, प्रियम मिश्रा, अमित त्रिवेदी रानू सहित दर्जनों लोगों ने उनके आवास पर पहुंच कर शोक संवेदना जताई।

# रेडीमेड पकवानों से मेहमाननवाजी की तैयारी

## बाजार में बिक रहे तरह-तरह के नाश्ते, चिप्स, पापड़, कचरी के साथ गुझिया भी है तैयार

हरदोई

**अमृत विचार।** होली का त्योहार मेलमिलाप का त्योहार है। बदलते युग में समय के अभाव में लोग एक दूसरे से महीनों नहीं मिल पाते हैं, लेकिन यह त्योहार सभी को मिलने मिलाने के लिए ही आता है। घर में आने वालों का स्वागत करने के लिए लोग इंतजाम करते हैं। मेहमाननबाजी के लिए खाने पीने की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ लगी हुई हैं।

समय के साथ त्योहार मनाने के लिए तरीकों में भी परिवर्तन आ गया है। कुछ सालों पहले होली की तैयारियां घरों में एक पखवारा पूर्व चलने लगती थी। महिलाएं होली का नाश्ता बनाने में लग जाती थी। घरों में ही घरों में पापड़, चिप्स, कचरी सहित तमाम नाश्ता बनाया करती थी, घर के बच्चे भी उनका सहयोग करते थे, लेकिन अब बदले समय में न तो महिलाओं के पास समय है और न ही बच्चों के पास। समय के इस अभाव को मल्टीनेशनल से लेकर छोटी कंपनियों ने भुनाया है। अब बाजार में चिप्स, पापड़, कचरी सभी कुछ रेडीमेड तैयार है। होली पर मेहमान नमाजी के लिए बाजारों में तरह-तरह के नाश्ते बिक रहे हैं। होली पर खास व्यंजन में घरों में बनाई जाने वाली गुझिया थी, लेकिन अब घरों में गुझिया बनना भी लगभग समाप्त हो रहा है। होली के इस खास व्यंजन को भी बाजार ने हथिया लिया है। नतीजतन बाजार में तरह-तरह की गुझिया बिक्री के लिए उपलब्ध है। कहीं खोए की गुझिया कहीं मेवा की गुझिया, गुझियों में भी तरह-तरह के फ्लेवर व खाद्य पदार्थ मिलाकर बाजार में बिक्री की जा रही है। बदलते समय में मेहमाननबाजी के लिए अब लोग रेडीमेड नाश्तों पर ही निर्भर हो गए हैं। कोलड्रिंक का चलन भी अब होली पर बहुत ज्यादा बढ़ गया है।





बाजार में बिक रही मीठी-नमकीन खाद्य सामग्री व पेठा। अमृत विचार

### पान सुपाड़ी से स्वागत की परंपरा खत्म

हरदोई, अमृत विचार। पहले के समय में होली में पान खाने का रिवाज बहुत अधिक था। बिना पान खिलाए मेहनमाननबाजी पूरी नहीं होती थी। घरों में त्योहार पर पान में डालने वाली सभी सामग्री व सादे पान को लोग घरों में लाते थे और मेहमानों को अपने हाथों से कत्था-चूना आदि लगाकर खिलाते थे, लेकिन अब यह परंपरा बिल्कुल समाप्त हो गई है।

### सेहत के लिए नुकसानदेह खाद्य पदार्थों की भी भरमार

होली पर बाजार में तरह-तरह के रंग बिरंगे पापड़, चिप्स व अन्य खाद्य पदार्थ धड़ल्ले से बिक रहे हैं। इन खाद्य पदार्थों में तमाम ऐसे रंग और केमिकल मिलाए जाते हैं जो सेहत के लिए खतरनाक होते हैं। अधोमानक वनस्पति घी व तेलों से बनी नमकीन व अन्य खाद्य पदार्थ भी बाजारों में बहुतायत बिक रहे हैं, लेकिन इन पर कोई रोकटोक न होने के कारण लोग इन्हें भी खरीद कर सेहत के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।



### होली पर रंग भरे पटाखे आसमान में बिखेरेंगे छटा

**हरदोई, अमृत विचार।** होली के त्योहार को लेकर बाजारों में रौनक दिखने लगी है। लोग होली को लेकर खरीदारी करने बाजार पहुंच रहे हैं। रंगों का बाजार भी गुलजार हो चुका है। तमाम प्रकार के रंग पिचकारियां लोगों को खासा आकर्षित कर रही हैं। पहले लोग दीपावली पर पटाखे जलाते थे, लेकिन अब लोग होली पर भी पटाखे का आनंद ले सकेंगे। होली पर बाजारों में रंग बिरंगे गुलाल के साथ ही पटाखे भी बिक रहे हैं। यह पटाखे आसमान में जाकर फूटते हैं और उनमें से रंग निकलता है। दुकानों पर लोगों को स्काई शॉट, गुलाल वाला सिलेंडर, अनार, राफेल, स्मोक वाले रंग लोगों को खासा आकर्षित कर रहे हैं।



दूर से रंगने के लिए तैयार है स्प्रे रंग। अमृत विचार



### होली की सामग्री पाकर खिले बच्चों के चेहरे

**हरदोई, अमृत विचार।** शहर में लगातार जनसेवा को समर्पित संस्था एसएसएन जनकल्याण सेवा समिति के सदस्यों ने सिकरोहरी स्थित एक ईंट भट्ठे पर पहुंचकर जरूरतमंद बच्चों के साथ होली का त्योहार मनाया। समिति के सदस्यों द्वारा जरूरतमंदों में गुलाल, पिचकारी, टी शर्ट, नमकीन एवं भोजन का भी वितरण किया गया। संस्था के संस्थापक अरविन्द सिंह एडवोकेट ने बताया कि उनकी संस्था द्वारा प्रत्येक शनिवार को भोजन वितरण सम्पन्न होता है। होली के उपलक्षय में जरूरतमंदों के साथ रंग पर्व मनाने की मुहिम में चलते उनके बीच पहुंचकर आवश्यक सामग्री वितरण कार्यक्रम सम्पन्न किया गया।

### मां-बेटी को पीटकर किया घायल, मुकदमा दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बिरौरी में मां बेटी को पीटकर घायल करने की घटना प्रकाश में आई है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। क्षेत्र के ग्राम बिरौरी निवासी माया पत्नी रामबाबू की तहरीर पर उसके जेठ मुरलीधर, पुत्र विनय के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

### छप्पर में आग लगने पर पिटाई का आरोप

**मल्लावां, हरदोई।** लोकइयापुरवा में पटाखे से छप्पर में लगी आग को लेकर कहासुनी में दबंगों ने महिला को लाठी डंडो से पीटा। मल्लावां कोतवाली के लोकइयापुरवा मजरा शाहपुर पंवार निवासी पूना देवी ने गांव के शिवरतन, अखिलेश, अनूप, अंकेश पर केस दर्ज कराया है।

सतर्कता | डीएम ने जागरूकता, बचाव व राहत कार्यों के लिए बनाए नोडल अधिकारी

# हीटवेव को लेकर प्रशासन अलर्ट

हरदोई

**अमृत विचार।** मौसम के तेवर बदलने से हीटवेव का खतरा सताने लगा है। इसके लिए डीएम ने समूचे प्रशासनिक अमले को अलर्ट जारी किया है। उन्होंने उ.प्र.राज्य आपदा प्रबंध प्राधिकरण की तरफ से जारी हुई चिट्ठी पर एडीएम, सीएमओ, एसडीएम, बीडीओ और ईओ को नोडल अधिकारी की ज़िम्मेदारी सौंपते हुए उन्हे पल-पल अलर्ट रहने को कहा है।

डीएम एमपी सिंह ने उ.प्र. राज्य आपदा प्रबंध प्राधिकरण की चिट्ठी का हवाला देते हुए कहा है कि बदलते मौसम में हीटवेव का खतरा बढ़ गया है। उन्होंनें समूचे प्रशासनिक अमले को पूरी तैयारी के साथ अलर्ट रहने को कहा है। इसके लिए एडीएम प्रियंका सिंह और सीएमओ डा. रोहिताश्व को ज़िला, एसडीएम को तहसील, बीडीओ को ब्लाक और ईओ को निकाय स्तर का नोडल अधिकारी की ज़िम्मेदारी सौंपी है। डीएम ने स्वास्थ्य को ज़िला अस्पताल में एक वार्ड और सीएचसी व पीएचसी पर अलग से 4-4 बेड रिज़र्व करने को कहा है। इसके अलावा दवाई, ओआरएस के साथ-साथ सारी तैयारी पूरी करने को कहा है। परिवहन यात्रियों के लिए हीटवेव से बचाव करने के बंदोबस्त करने को कहा है।

शिक्षा महकमे को स्कूल के समय में बदलाव करते हुए बच्चों की सही देखरेख रखने के ज़रूरी दिशा-निर्देश दिए गए है। इसके अलावा प्राधिकरण की चिट्ठी पर पशुपालन, सूचना प्रौद्योगिकी, मनरेगा, वन, नगर निकाय, पंचायती राज और ज़िला निर्वाचन ऑफिस को उनकी अपनी-अपनी ज़िम्मेदारी गिनाते हुए हीटवेव से बचाव और उससे राहत पहुंचाने के सारे बंदोबस्त दुरुस्त करने को कहा गया है।



### हीटवेव से कैसे करें बचाव

- एसी से निकल कर सीधे धूप में निकलने से बचने की कोशिश करें।
- धूप से आकर तुरंत ठंडा पानी पीने की बिल्कुल ही गलती न करें।
- लू की चपेट में आने से बचने के लिए दोपहर की धूप से बचें।
- लू से बचने के लिए खुद को हाइड्रेक रखें और दूसरों को ऐसा करने का सुझाव दें।

VAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession

वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज एवं रोहिलखंड हास्पिटल

एन.-एच. 24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर फोन : 05842-276501, 7521001988, 7521001989




**मेडिसिन विभाग :-** सामान्य रोग के समस्त गंभीर रोगियों का इलाज व भर्ती सुविधा विशेषज्ञ डाक्टरों की देख-रेख में की जाती है। टी.एम.टी. (TMT), ईको (ECHO), होल्टर (HOLTER), की जाँच, एम.आई.सी.यू. (MICU) की सुविधा 24 घंटे विशेषज्ञ द्वारा उचित दरों में उपलब्ध है।

**सर्जरी विभाग :-** पित्त की पथरी, हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, भगन्दर, आँत का फटना, अपेन्डिक्स आदि रोगों का समुचित उपचार व ऑपरेशन की सुविधा। पेशाब में रूकावट, खून आना, दूधिया पेशाब आना, गुर्दे एवं पेशाब संबंधित रोगों का परामर्श इलाज एवं दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। आंतो के ऊपरी भाग व निचला भाग, बड़ी आंत व गुदा की जाँच दूरबीन द्वारा व ICU की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग :-** बच्चे दानी में गांठ, बच्चेदानी का बाहर आना, माहवारी की समस्या, बार-बार गर्भपात होना तथा महिलाओं में बांझपन के इलाज की सुविधा, पेप स्मेयर की जाँच, कैंसर की जाँच, दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन व सीजेरियन एवं नार्मल डिलीवरी की सुविधा एवं आई.सी.यू. (ICU) की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**बाल रोग विभाग :-** बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं PICU की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध। नियोनेटल वेंटीलेटर की सुविधा, फोटो थैरेपी, एक्सचेंज, ट्रान्सफ्युजन, सरफेक्टेंट थैरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध हैं। बच्चों में खून की कमी, मिर्गी पीलिया, वजन कम होना, खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा। बच्चों के लिए नि:शुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है, बच्चों के ऑपरेशन की सुविधा।

**कैंसर विभाग :-** स्तन कैंसर का ऑपरेशन Breast Conservation एवं Sentinel Node तकनीक के द्वारा। मुंह का कैंसर, जीभ का कैंसर, थायरॉइड कैंसर, गले का कैंसर, पेट का कैंसर, आंतों का कैंसर, लिंग का कैंसर, किडनी का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, पित्ताशय का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, पैनक्रियाज का कैंसर, चमड़ी का कैंसर, हड्डी का कैंसर का इलाज की सुविधा।

**नेत्र रोग विभाग :-** काला मोतिया की जाँच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आँख के पर्दे की जाँच व इलाज, मोतियाबिन्द के ऑपरेशन MSICS तथा फेको विधि द्वारा, भैगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज व ऑपरेशन की सुविधा, कम्प्यूटर (Auto Refraction) द्वारा चश्में के नम्बर व प्रमाणीकरण व जाँच की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। आप्थेल्मोस्कोप द्वारा आँख के पर्दे की जाँच, जर्मन माईक्रोस्कोप द्वारा आँख के आपरेशन की सुविधा। आँख में किसी भी प्रकार की चोट का इलाज और बच्चों की आँखो की बीमारियों का सभी प्रकार का इलाज। मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाना मुफ्त।

**हड्डी रोग विभाग :-** स्पाइन सर्जरी, ट्रामा सर्जरी, घुटने के जोड़ का प्रत्यारोपण, पोलियों का ऑपरेशन, बच्चों के पैरों के टेढ़ापन का ऑपरेशन, आर्थोस्कोपी, गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द आदि रोगों का इलाज सस्ते दामों पर, फिजियोथैरेपी की सुविधा।

**मानसिक रोग विभाग :-** उत्तर प्रदेश में पहली बार Portable TDCS (Transcranial direct current stimulation) थैरेपी की सुविधा। ई.ई.जी (E.E.G.), ई.एम.जी. (E.M.G.) एवं ई.सी.टी. (ECT) की सुविधा साइकोथैरेपी की सुविधा, साइकोलोजिकल टेस्टिंग, IQ टेस्ट, की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। याददाश्त कम होना, भूख न लगना, नींद न आना, डर लगना, बेचैनी, घबराहट, मानसिक दौरे पड़ना, सिर में दर्द एवं तनाव आदि का समुचित उपचार।

**चर्म रोग विभाग :-** सफेद दाग, सोराइसिस का इलाज फोटोथैरेपी (PUVA Chamber) के द्वारा व अधिक पसीना आने का इलाज, Megasurg-gold द्वारा मस्से व तिल का इलाज एवं Microdermabrasion के द्वारा झुर्रियों एवं त्वचा के गड्ढों का इलाज, दाद खाज खुजली, मुहाँसे, कुष्ठ रोग, स्किन एलर्जी, हाथ पैर फटना, बालों का झड़ना, रूसी व डैंड्रफ आदि के इलाज की सुविधा विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा सस्ते दरों पर उपलब्ध।

**नाक कान एवं गला रोग विभाग :-** कान के पर्दे में छेद होना, कम सुनाई देना, नाक की हड्डी बढ़ना, नाखूना, घेंघा, नाक की हड्डी का टेढ़ा होना, टांसिल बढ़ना आदि रोगों का उपचार व आपरेशन सुविधा दूरबीन द्वारा गले के अन्दर की जाँच, इंपीडेस आडियोमेट्री, प्योरटोन आडियोमेट्री, सुनने की जाँच व मशीन लगाने की सुविधा उपलब्ध है।

**छाती व श्वास रोग :-** छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, बलगम आना, बलगम में खून आना, फेंफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. (PFT), बाई-पैप (BIPAP), सी-पैप (CPAP), सी.बी-नैट (CBNAAT) की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**डायलिसिस विभाग :-** डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**ब्लड बैंक: -** ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है।

**डेंटल विभाग :-** समस्त प्रकार के दांतों के रोगों का इलाज।

**न्यूरो सर्जरी विभाग -** सर व दिमाग की चोट, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन ट्यूमर , स्ट्रोक, लकवा, माइग्रेन, दिमागी टी.बी., मिर्गी के दौरे, रीढ़ की हड्डी में दर्द अथवा टी.बी., स्लिप डिस्क, सियाटिका, दिमाग में पानी या खून का थक्का जमना, कमर व गर्दन में दर्द, चलने में लड़खड़ाहट कमर की नस दबना, इत्यादि रोगों का समुचित परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध व इमरजेंसी न्यूरोसर्जरी (सर/दिमाग की चोटें) आई सी यू की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध।

**प्लास्टिक सर्जरी विभाग -** जन्मजात कटे-फटे होठ, तालू, मुँह व पैदाइशी निशान, जबड़े की हड्डियों के फ्रैक्चर व चेहरे की फटी चमड़ी, जन्मजात विकृत जननांग व विकृत सिर, जन्मजात कान, नाक का टेढ़ापन या विकृत, हाथों व पैरों की चिपकी उंगुलियां, जलने या दुर्घटना में कटे फटे निशान, चेहरे के दाग धब्बों आदि की कास्मेटिक सर्जरी आदि।

**स्किन विभाग -** लेजर द्वारा अनचाहे बालों को हटाना।

**उपलब्ध सुविधायें:-**

★ अत्याधुनिक 1.5 Tesla MRI मशीन द्वारा MRI Brain, MRI Knee Joint, MRI Spine आदि ★ 32 Slice-CT स्कैन मशीन द्वारा CT Head, सी.टी. स्कैन स्पाइन एवं सीटी चैस्ट। आदि ★ डायलेसिस की सुविधा ★ डिजीटल एक्सरे ★ Mammography ★ कान की जाँच (Audiometry), बैरा (BERA), इंपीडेंस (Impedance) ★ हृदय की जाँच, ECHO,TMT ★ पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (PFT) ★ अल्ट्रासाउण्ड★ आँख की जाँच पेरीमेट्री, टोनोमेट्री/रिफरेक्शन । ★ दुरबिन विधी द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

**परिवार स्वाथ्य कार्ड की सुविधा 200/- रु में एक साल के लिए उपलब्ध**

**मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाने के साथ मुफ्त।**

## एक नजर

### नाले में उतराता देखा गया बच्चे का शव, मचा हड़कंप

हरदोई, अमृत विचार। मां के पीछे खेत की ओर जा रहा बच्चा रास्ते में पड़ने वाले नाले में गिर गया और डूबकर उसकी मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली शहर के बल्लमपुरवा निवासी बालकराम खेती-किसानी का काम करता हैं। उनके दो बेटे 6 वर्षीय अंशुल, 3 वर्षीय पुष्पेंद्र और तीन बेटियां हैं। शुक्रवार की दोपहर को उसकी पत्नी सुनीता बच्चों को घर में खेलता हुआ छोड़ कर खेत से चारा लाने के लिए निकली हुई थी। उसी बीच बेटा पुष्पेंद्र उसके पीछे-पीछे चल पड़ा। लेकिन उसी बीच वहां गांव के बाहर से निकले नाले में गिर गया। उसके कुछ ही देर बाद कुछ लोगों ने पुष्पेंद्र को नाले में उतराते हुआ देखा। उसे नाले से निकाल कर मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, लेकिन इससे पहले ही उसकी सांसे थम चुकी थी।

### नगर पालिका की सड़कें बदहाल, नहीं कोई पुरसाहाल

मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार। नगर पालिका की सड़कों की बदहाल हालत नागरिकों के लिए अभिशाप साबित हो रही है। न तो अधिशासी अधिकारी सुनवाई कर रहे हैं और न ही चेयरमैन का ध्यान इस ओर जाता दिखाई दे रहा है। हांलाकि चेयरमैन प्रतिनिधि परवेज ने कहा बजट के हिसाब से सड़कों को दुरूस्त कराया।

### किशोर को पीटा

शाहाबाद, हरदोई। कस्बे के महुआटोला चुंगी पर मामूली विवाद में किशोर के साथ मारपीट की गई। किशोर की मां ने आरोपी के विरुद्ध कोतवाली में लिखित सूचना दी है। कस्बे के मोहल्ला कटरा निवासी रामगुनी पत्नी रामनरेश ने बताया उसका पुत्र विवेक (14) दवा लेने साइकिल से महुआटोला चुंगी गया था। उसकी साइकिल का पहिया विपक्षी राजा निवासी महमंद की मोटरसाइकिल में छू गया। इतनी बात क्रोधित हुए विपक्षी ने उसके पुत्र को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# चुनाव से ठीक पहले सपा ने शराफत पर जताया भरोसा

खालिद अय्यूबी, हरदोई

**फेरबदल**

- वीरेंद्र सिंह वीरे की जिलाध्यक्ष की पारी पर लगा विराम
- चुनावी शोर के बीच सुप्रीमो के फैसले से वीरे के खेमे में सन्नाटा

अमृत विचार। इंडिया गठबंधन के साथ लोकसभा चुनाव में पूरा ज़ोर लगा रही सपा कोई ऐसी गलती नहीं करना चाहती है जो उसके लिए सिर दर्द बन जाए। इसीलिए वह हर मसले पर फूंक-फूंक कर कदम रख रही है। इसी कड़ी में उसने ज़िलाध्यक्ष में बदलाव करते हुए ऐसा इशारा किया है कि वह हर एक वर्ग की पार्टी है।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने वीरेंद्र सिंह वीरे को हटा कर पूर्व ज़िलाध्यक्ष शराफत अली को पारी खेलने का दोबारा मौका दिया है। चुनावी शोर में जो फैसला आया है, उससे वीरे के खेमें में सन्नाटा है।

जैसा कि बताते चलें कि जिस दिन से वीरेंद्र यादव वीरे को सपा का ज़िलाध्यक्ष बनाया गया था, उसी दिन से पार्टी के पुराने कार्यकर्ताओं के अंदर अजीब सी बेचैनी घर कर गई थी। एक तो वीरे यादव के ऊपर पहले से ही हिस्ट्रीशीटर होने का ठप्पा लगा हुआ था और दूसरे ज़िलाध्यक्ष ने पार्टी की बैठक में राजपाल कश्यप के नाम पर नारेबाज़ी करने वाले कार्यकर्ताओं पर खफा होते हुए कि धमकाने की बात सुप्रीमो के कानों तक पहुंच चुकी थी। हालांकि माना जा रहा था कि पार्टी सुप्रीमो कोई फैसला ज़रूर लेंगे। बात यहीं पर खत्म नहीं हुई, सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव बताया गया कि ऐसे ज़िलाध्यक्ष के रहते हुए लोकसभा चुनाव में पार्टी को नफा तो नहीं बल्कि नुकसान उठाना पड़ सकता है। अखिलेश यादव ने कोई देर किए बगैर सामने आने वाली सारी बातों को इकट्ठा करते हुए ज़िलाध्यक्ष की खुफिया तरीके से जांच कराई, जांच रिपोर्ट पाज़िटिव आने पर दूसरे ज़िलाध्यक्ष की तलाश शुरु हो गई। उसी के तहत पार्टी ने फिर एक बार पूर्व ज़िलाध्यक्ष शराफत अली दोबारा नई पारी शुरु करने का ग्रीन सिग्नल दे दिया। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का फैसला बताते हुए शराफत अली को सपा ज़िलाध्यक्ष की ज़िम्मेदारी दी है।

पार्टी के इस फैसले से जहां वीरे यादव के खेमें में सन्नाटा है, वही पार्टी के बुज़ुर्ग नेता शराफत अली के खेमें में जोश और जुनून है।



### पूरे दम से चुनाव लड़ेगी सपा : शराफत

हरदोई, अमृत विचार। समाजवादी पार्टी का जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी कार्यालय पर शराफत अली ने शुक्रवार को एक प्रेसवार्ता आयोजित की।उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उन पर जो भरोसा करते हुए कमान सौंपी है। उस पर वह पूरी तरह खरा उतरेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी प्रत्याशी पूरे दमखम के साथ चुनाव लड़ेगी। कार्यकर्ताओं की जो भी शिकायतें या समस्याएं हैं, उनको जल्द दूर कर लिया जाएगा। नवनियुक्त अध्यक्ष ने कहा कि वह पूर्व में भी जिले की बागडोर संभाल चुके हैं। सभी कार्यकर्ताओं के मान सम्मान का पूरा ख्याल रखा जाएगा। समाजवादी विचारधारा के लोगों का सदैव स्वागत है। उन्होंने कहा कि जल्द ही वह जिले की कार्यकारिणी गठित कर लोकसभा चुनाव में लग जाएंगे। इस मौके पर प्रदेश से आए प्रभारी विकास यादव भी मौजूद रहे।

### स्कूल के प्रधानाध्यापक गायब, गुमशुदगी दर्ज

हरदोई, अमृत विचार। विकास खंड कछौना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय धुरपुरा में कार्यरत प्रधानाध्यापक कृष्ण किशोर चार दिनों से संदिग्ध अवस्था में गायब हैं। परिजनों ने पूरे मामले की सूचना कोतवाली कछौना को दी।



विकासखंड कछौना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय धुरपुरा मजरा निर्मलपुर थाना कछौना में प्रधानाध्यापक पद पर तैनात हैं। 19 मार्च को घर से विद्यालय पहुंचे, वहां से ब्लॉक संसाधन पर संकुल बैठक के लिए निकले, परंतु बैठक में नहीं पहुंचे। उसके बाद से मोबाइल स्विच ऑफ जा रहा है। जब शाम तक घर नहीं पहुंचे, तब परिजनों ने काफी खोजबीन भी की, प्रधानाध्यापक कृष्ण कुमार मूल निवासी ग्राम डकौली थाना माधौगंज के हैं। कछौना पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली है।

# मताधिकार का सही प्रयोग करें युवा

## आर्य कन्या महाविद्यालय में युवा मतदाता संवाद कार्यशाला का हुआ आयोजन

हरदोई

अमृत विचार। आर्य कन्या महाविद्यालय में शुक्रवार को जिला प्रशासन एवं स्वीप प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में युवा मतदाता संवाद कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीएम मंगला प्रसाद सिंह ने जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए युवा मतदाताओं को सम्मानित करते हुए कहा कि वह अपने अधिकारों व दायित्वों का सही प्रकार से निर्वाह करें।

इस अवसर पर जिलाधिकारी मंगला प्रसाद मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, उप कृषि निदेशक डॉ. नन्द किशोर, जिला विद्यालय निरीक्षक बाल मुकुन्द प्रसाद महाविद्यालय में उपस्थित होकर युवा मतदाताओं से संवाद स्थापित कर जागरूक किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि तथा विशिष्ठ अतिथियों द्वारा सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन तथा माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर जिला अधिकारी एवं सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर प्राध्यापिकाओं द्वारा स्वागत अभिनन्दन किया गया। महाविद्यालय की छात्रा द्वारा मतदाता गीत प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा ग्रामीण मतदाताओं को जागरूक करने हेतु एक लघु नाटिका का मंचन किया गया तथा जागरूक मतदाता लोकतंत्र का संदेश प्रसारित किया गया। छात्राओं को सम्बोधित कराते हुए उप कृषि निदेशक नन्द किशोर द्वारा मतदान हमारा अधिकार है जिसे स्वस्थ, जागरूक, सतर्क, मतदाता के रूप में परिणित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी ने छात्राओं को क्यूआर कोड के माध्यम से विभिन्न चुनाव सम्बन्धी जानकारीयों को प्राप्त कर पारदर्शी निष्पक्ष चुनाव में अपनी भूमिका व ज्ञान को बढ़ाने का संदेश प्रसारित किया। कार्यक्रम के अंत में लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सहभागिता बढ़ाने हेतु शपथ जिलाधिकारी ने दिलाई। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ सुमन वर्मा ने सभी गणमान्य अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी को आश्वासन दिलाया कि छात्राओं के माध्यम समाज को जनजागरूक करने का प्रयास जारी रहेगा। कार्यक्रम का संचालन स्वीप प्रभारी डॉ अंजू के द्वारा सास्कृतिक प्रभारी डॉ. स्मृति सिंह एवं प्रो. सरिता यादव के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की समस्त प्राध्यापिकाओं, कर्मचारियों तथा छात्राओं ने अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज की। कार्यक्रम के उपरान्त राष्ट्रीय सेवा योजना तथा रेंजर्स व स्वीप के संयुक्त तत्वाधान में एक मतदाता जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया।



युवा मतदाता संवाद कार्यशाला में छात्राओं को सम्मानित करते डीएम। अमृत विचार



### इलेक्टोरल बांड भाजपा का सबसे बड़ा चुनावी चंदा घोटाला : आशीष

हरदोई, अमृत विचार। इलेक्टोरल बांड भाजपा का सबसे बड़ा चुनावी चंदा घोटाला है। भाजपा सरकार अपने घोटाले पर पर्दा डालने के लिए कांग्रेस के खाते फ्रीज कर झुंझलाहट निकाल रही है। शुक्रवार को पार्टी कार्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता में कांग्रेस जिलाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह सोमवंशी ने यह बाते कही। कहा कि कांग्रेस ने शुरू से ही चंदे के काले धंधे का विरोध किया था। सुप्रीम कोर्ट ने भी द्वारा इलेक्टोरल बांड को असंवैधानिक करार दे दिया और भाजपा की चंदा दो धन्धा लो नीति का पर्दाफाश हो गया। मोदी सरकार ने कुछ खास उद्योगपति घरानों को नाजायज लाभ दिया है। पत्रकार वार्ता में प्रदेश महासचिव निर्भान सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष डॉ अजीमुश्शान, जिला उपाध्यक्ष अनुपम दीक्षित, जिला सचिव मदनपाल वर्मा, जिला महासचिव सुरेंद्र पाल सिंह यादव,जिला सचिव राजेश पाण्डेय, जिला सचिव इस्लाम गाजी मौजूद रहे।

# रेलवे ट्रैक पर युवक-युवती के पड़े मिले शव

हरदोई

**क्षेत्र में रहा हड़कंप**

- नहीं हो सकी पहचान, शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पुलिस ने शुरू की जांच पड़ताल

अमृत विचार। रेलवे ट्रैक पर कुछ दूरी पर युवक और युवती के शव पड़े मिले। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को कब्ज़े में लेने के बाद जांच शुरू कर दी है। शवों की शिनाख्त नहीं हो सकी।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह बघौली थाने के पहाड़पुर गांव के पीछे ककरहिया के पास से निकले रेलवे ट्रैक पर लगभ 30 वर्षीय युवती और उससे करीब 700 मीटर की दूरी पर लगभग 22 वर्षीय युवक का शव पड़ा मिला। स्टेशन मास्टर की सूचना पर वहां पहुंची पुलिस दोनों शवों को अपने कब्ज़े में ले कर छानबीन करने लगी। युवती ने हरा कुर्ता पहन रखा था, जबकि युवक के दाहिने हाथ पर यादव जी लिखा हुआ था। ट्रेन की चपेट में आने से उसका दाहिना पैर कटा हुआ था और सिर में काफी चोट थी। मौके पर जुटी भीड़ में हत्या और आत्महत्या को लेकर कयासबाजी होती रही। पुलिस का कहना है कि शवों की शिनाख्त नहीं हो सकी है। शिनाख्त होने और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इस बारे में आगे कुछ कहा जा सकता है।

### अपने कंधे पर शव उठवाकर ले गया कांस्टेबल

खाकी के बारे में लोग क्या-क्या कहा करते है, कुछ बताना ज़रूरी नहीं, लेकिन उसी सख्त दिल कही जाने वाली खाकी की एक तस्वीर ने साबित कर दिया कि कोई कुछ भी कहे, इंसानियत ज़िदा है और ज़िदा रहेगी। रेलवे ट्रैक पर शवों के पड़े होने की सूचना पर वहां पहुंची पुलिस लोगों से पूछताछ की, उसके बाद दोनों शवों को वहां से ले जाने की तैयारी के बीच कांस्टेबिल बृजलाल शर्मा चौकीदारों की मदद से दोनों शवों को अपने कंधे पर उठा कर उस गाड़ी तक पहुंचें, जिससे उन्हे मेडिकल कालेज पहुंचाया गया। कांस्टेबिल बृजलाल शर्मा ने ऐसा कर साबित कर दिया कि इंसानियत मरी नहीं बल्कि अभी भी ज़िदा है।



शव को ले जाती पुलिस। अमृत विचार

# देव स्थान के पास पड़ा मिला अधेड़ का शव, पहचान नहीं

हरदोई

अमृत विचार। पैंट-शर्ट और स्वेटर पहने अधेड़ का शव एक ब्रह्म देव स्थान के पास पड़ा देखा गया। इसका पता होते ही वहां हड़कंप मच गया। पुलिस ने उसे अपने कब्ज़े में ले लिया है।कहा जा रहा है कि अधेड़ कहीं रिश्तेदारी में आया हुआ था, उसकी मौत कैसे हुई? पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इसका पता चल पाएगा।फिलहाल शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

बताया गया है कि शुक्रवार की सुबह बेनीगंज कोतवाली के धनश्याम नगर (बसेन) में ब्रह्म देव स्थान के पास ज़मीन पर एक 50 वर्षीय अधेड़ का शव पड़ा हुआ देखा गया। अधेड़ ने नीली पैंट, नीला स्वेटर और आसमानी शर्ट पहन रखी थी। उसके बाएं हाथ में कलावा बंधा हुआ था। इसका पता होते ही वहां हड़कंप मच गया। वहां पहुंची पुलिस ने उसे अपने कब्ज़े में लेते हुए छानबीन शुरु कर दी है। जैसा कि लोगों का मानना है कि अधेड़ वहां किसी रिश्तेदारी में गया हुआ था। उसकी मौत कैसे हुई ? इस बारे में पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। फिलहाल शव की शिनाख्त नहीं हो सकी थी।

## सार-संक्षेप

### ब्लॉक कार्यालयों पर होंगे अभिमुखीकरण कार्यक्रम

हरदोई, अमृत विचार। मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी ने बताया है कि शासन के निर्देशानुसार समस्त खण्ड विकास अधिकारी एवं सहायक विकास अधिकारियों को संचारी रोग नियंत्रण अभियान अप्रैल के संबंध में सभी ब्लाक कार्यालयों पर अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने अवगत कराया है कि 26 मार्च को ब्लाक भरावन, सुरसा, कछौना, कोथावां, साण्डी, पिहानी, माधौगंज, मल्लावां तथा टड़ियावां में और 27 मार्च को ब्लाक अहिरोरी, भरखनी, बिलग्राम, हरियावां, हरपालपुर, सण्डीला, शाहाबाद, टोडरपुर, बावन एवं बेहन्दर ब्लाक कार्यालय पर खण्ड विकास अधिकारी तथा सहायक विकास अधिकारियों को अभिमुखीकरण प्रशिक्षण दिया जायेगा। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि संबंधित अधिकारी संचारी रोग नियंत्रण अप्रैल की सफलता के लिए आवश्यक दिशा निर्देशों का पालन करते हुए अभिमुखीकरण कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग एवं यूनीसेफ के तकनीकी सहयोग के लिए समय पर उपस्थित हो तथा कार्यक्रम की उपस्थित पंजिका की छायाप्रति सहित सामूहिक फोटोग्राम कार्यालय को उपलब्ध करायें।

### समिति के सदस्यों को दिया गया प्रशिक्षण

हरदोई, अमृत विचार। विकास खंड कछौना के अंतर्गत एसएमडी डिग्री कॉलेज में विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्षों और प्रधानाध्यापकों की एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आहूत की गई। वर्तमान समय में लोकसभा चुनाव की घोषणा के कारण प्रशिक्षण प्रचार प्रसार के अभाव में खानापूर्ति तक सीमित रहा है, जिससे अपने उद्देश्यों से काफी दूर रहा। मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी कृष्ण कुमार त्रिपाठी ने कहा कि बिना सामाजिक भागीदारी के कोई संस्था बेहतर कार्य नहीं कर सकती है। हमारे विद्यालयों में मध्यम वर्गीय गरीब परिवारों के बच्चे शिक्षा ग्रहण करते हैं। हम सभी की जिम्मेदारी अपने बेहतर प्रदर्शन से नौनिहालों का सर्वांगीण विकास कर कछौना को प्रेरक ब्लॉक बनाना है। इस प्रशिक्षण में जूनियर शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष राम नरेश त्रिपाठी, प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष प्रेमचंद कनौजिया, मनोज सिंह आदि शिक्षक गण प्रबंध समिति के पदाधिकारियों ने प्रतिभाग किया।



जुमे की नमाज अता करते रोजेदार। अमृत विचार

### रोज़ेदारों ने मांगी अपने गुनाहों से माफी की दुआ

हरदोई। रमज़ान के दूसरे अशरे के पहले जुमें पर मस्जिदों में जमा हुए नमाज़ियों ने एक ही सफ़ (लाइन) में खड़े हो कर पहले नमाज़ अदा की, उसके बाद खुदा की बारगाह में रो-रो कर अपने गुनाहों से माफी की दुआ मांगी। रमज़ान का दूसरा अशरा, जो मग़फिरत यानी गुनाहों से माफ़ी का होता है, के पहले जुमें पर रोज़ेदार नमाज़ियों ने नमाज़ अदा की। शहर की जामा मस्जिद में पेश इमाम मुफ्ती आफताब आलम ने कहा कि अल्लाह तआला ने अपने बंदो से वादा किया है कि वह अपने बंदो को हर हाल में माफ़ कर देता है, लेकिन उसके साथ शर्त है कि बिल्कुल सच्चे मन से दुआ मांगी जाए ।लेकिन उससे पहले उस बंदे को इबादत गुज़ार होना चाहिए। मुफ्ती आफताब ने एक-एक कर रमजान की फज़ीलतें गिनाई। इसके अलावा उन्होंने कई और इस्लामी मसलों के बारे में बताया। उसके बाद नमाज़ अदा की गई। नमाज़ के बाद सारे नमाज़ियों ने हाथ उठा कर अपने गुनाहों के लिए रो-रो कर दुआ मांगी। जामा मस्जिद के अलावा दूसरी मस्जिदों में भी जुमें की नमाज़ अदा की गई। जिनमें मस्जिद हक्की, मस्जिद सेठानी, मस्जिद ललई, मस्जिद सुंदरदाई, मस्जिद मोहम्मदी, मस्जिद मोमिनाबाद, मस्जिद सराय ख़ाम, मस्जिद अब्दुलपुरवा, मस्जिद नुमाइश पुरवा, मस्जिद गिप्सन गंज, मस्जिद मंगली पुरवा और मस्जिद गिप्सन गंज में वहां के पेश इमामों ने जुमें के खुतबे के बाद नमाज़ अदा कराई।

### विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 अप्रैल से

हरदोई, अमृत विचार। संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए एक से 30 अप्रैल तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 10 से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। अभियान की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि आपसी समन्वय के साथ काम करें और अभियान को सफल बनाएं। उन्होंने कचरा निस्तारण, सूकरबाड़ों को आबादी से दूर रखने, आबादी वाले क्षेत्रों में घरों के आस-पास झाड़ियों की साफ- सफाई, नालियों को ढकने, घर से छछूंदर, चूहों को भगाने, जलभराव को रोकने, शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रोहताश कुमार, सभी सहयोगी विभागों के प्रतिनिधि, अन्य जिला स्तरीय अधिकारी सभी सीएचसी के अधीक्षक मौजूद रहे।

# बैंक के अंदर गोली चलने से सिक्योरिटी गार्ड हुआ घायल

हरदोई

अमृत विचार। चूक और लापरवाही के चलते केनरा बैंक शाखा कछौना के अंदर भीड़ के बीच अचानक गोली चलने से भगदड़ मच गई। सिक्योरिटी गार्ड अपनी ही बंदूक से चली गोली लगने से ज़ख्मी हो गया। हादसे की खबर सुनते ही पुलिस की टीम वहां पहुंची, जिसने गार्ड को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां के उसे मेडिकल कालेज भेजा गया है। एएसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार का कहना है कि लापरवाही के चलते ऐसा हुआ, सारे मामले की हर एक पहलू से जांच कर रही है।

सण्डीला कोतवाली के तेरिया निवासी सुनील कुमार मिश्रा केनरा बैंक शाखा कछौना में सिक्योरिटी गार्ड है। सुनील शुक्रवार को अपनी डीबीबीएल बंदूक के साथ ड्यूटी पर था। बैंक में काफी भीड़ थी, तभी उसकी बंदूक से गोली चल गई, जो उसके बांए पैर में जा लगी।

केनरा बैंक शाखा कछौना के सिक्योरिटी गार्ड की लापरवाही और चूक से जो हुआ, उस बारे में कहा जा रहा है कि अगर भीड़ में बंदूक की नाल किसी और तरफ हुई होती तो एक ऐसई अनहोनी हो सकती थी।

### एसडीएम ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

हरदोई, अमृत विचार। उपजिलाधिकारी शाहाबाद पूनम भाष्कर ने शुक्रवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी के साथ पांच बूथ से अधिक वाले मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केन्द्रों की व्यवस्थाओं को देखा तथा अधिकारियों को तैयारियों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उपजिलाधिकारी द्वारा तहसील शाहाबाद में एफएसटी, एसएसटी व वीएसटी टीमों के साथ बैठक की गई। उधर माधौगंज में उड़न दस्ता प्रभारी सरोज कुमार दीक्षित, उप निरीक्षक शेषमणि यादव ने मुख्य चौराहे पर चार पहिया वाहनों की सघन तलाशी ली।

# पैसों के लिए ब्लैकमेल कर रहा था साथी, युवक ने कर ली आत्महत्या

हरदोई

अमृत विचार। हरिद्वार में रहकर नौकरी कर रहा युवक वापस घर लौटा और फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से बरामद हुए सुसाइट नोट में लिखा है कि उसके साथ हरिद्वार में रह रहा युवक समलैगिंक था और संबंध बनाने के बाद उसे ब्लैकमेल करते हुए पहले तो आधी सेलरी लेता रहा, उसके बाद पांच लाख रुपये की मांग करते हुए दबाव बनाने लगा। उसी के चलते ऐसा कदम उठाने के लिए उसे मजबूर होना पड़ा।

हरियावां थाने के मझिगवा गांव निवासी 24 वर्षीय राजकुमार पिछले आठ सालों से हरिद्वार में रहकर एक निजी कंपनी में नौकरी करता था। दो दिन पहले वह गांव आया था। गुरुवार की रात में वह घर से निकल गया और शुक्रवार की सुबह गांव के बाहर उसका शव पेड़ से लटका मिला। पुलिस को उसकी जामा तलाशी में सुसाइड नोट बरामद किया। उसने अपनी मौत का ज़िम्मेदार लखीमपुर खीरी के एक शख्स को ठहराया है। उसने आगे लिखा है कि पिछले दो साल से उसके साथ रह रहे समलैंगिक शख्स ने पहले तो उससे संबंध बनाए, फिर ब्लैकमेल करते हुए उसकी आधी सेलरी ले लेता था। कुछ महीनों से ब्लैकमेल करते हुए उससे पांच लाख रुपये की मांग करते हुए दबाव बना रहा था। उसकी इन्ही हरकतों से परेशान हो कर मजबूरी में उसे ऐसा कदम उठाना पड़ा। इस बारे में सीओ हरियावां संतोष कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**बैठक** नोडल व सहायक नोडल अधिकारियों की बैठक में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने कहा

# चुनाव आयोग के निर्देशों का कराया जाए अनुपालन

हरदोई

अमृत विचार। स्वामी विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में विभिन्न नोडल व सहायक नोडल अधिकारियों की बैठक हुई।

जिलाधिकारी ने कहा कि पर्याप्त संख्या में वाहनों की उपलब्धता ससमय सुनिश्चित की जाये। पार्किंग की योजना तैयार कर ली जाये। वेबकॉस्टिंग की तैयारी कर ली जाये। एफएसटी टीमों से प्रतिदिन रिपोर्ट प्राप्त की जाये। चुनाव आयोग के निर्देशों का भली भांति अध्ययन कर अनुपालन किया जाये। सी विजिल व 1950 के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाये। प्रेक्षकों के साथ रहने के लिए लायजनिंग ऑफिसर तय कर लिए जाएं। टेंट व फर्नीचर आदि की व्यवस्था कर ली जाये। बैठक में सीडीओ सौम्या गुरुरानी भी मौजूद रहीं।

### कोई भी अधिकारी बिना अनुमति छुट्टी पर न जाए

कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में एसएसटी टीमों की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि अपनी एफएसटी टीमों के साथ निरंतर संपर्क में रहें। अकाउंटिंग टीमें अपनी तैयारी पूरी कर लें। कोई भी अधिकारी बिना अनुमति छुट्टी पर न जाये। व्यवहार में पूरी तरह से निष्पक्ष रहें। चुनाव आयोग के निर्देशों का पूरी तरह से अनुपालन सुनिश्चित करें।



### एसपी ने सुरक्षा बलों के साथ शहर में किया फ्लैग मार्च

हरदोई, अमृत विचार। लोकसभा चुनाव, होली और रमजान के मद्देनजर पुलिस-प्रशासन काफी अलर्ट है। इसी क्रम में शुक्रवार को कोतवाली शहर क्षेत्र में भीड़भाड़ वाले संवेदीनशील स्थानों, बाजारों एवं महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों के आस-पास एसपी केसी गोस्वामी के नेतृत्व में अर्धसैनिक बलों ने फ्लैग मार्च किया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली शहर सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा। इसी तरह शाहाबाद में एसडीम पूनम भास्कर, क्षेत्राधिकारी अनुज मिश्रा व प्रभारी निरीक्षक राज देव मिश्र के नेतृत्व में पुलिस व सुरक्षा बलों ने पैदल मार्च किया। मल्लावां में एसडीएम गरिमा सिंह, सीओ सुनील कुमार शर्मा के साथ कोतवाल निर्भय सिंह ने पुलिस फोर्स के साथ पैदल गश्त किया।

### हुड़दंगियों पर पुलिस की रहेंगी पैनी नजर

मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार। होली व लोक सभा चुनाव और ईद को लेकर पीस कमेटी बैठक में सीओ ने शांति पूर्ण ढंग से सारे त्यौहार मनाने की अपील की। शुक्रवार को कोतवाली मल्लावां में होली त्यौहार को लेकर सीओ कुमार शर्मा ने बताया कि होली के दिन रंगों का पर्व उत्साह और सौहार्द के साथ मनाए। होली के दिन विशेष रूप से ऐसा कार्य कतई न करें जिससे माहौल खराब हो। छोटे बच्चों को होली के दिन बाइक चलाने को न दे ताकि कोई दुर्घटना और हादसा न हो। होली पर विशेष रूप से शराब बाँटने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेंगी। अगर कोई शराब बांटते पाया गया तो कार्यवाही की जाएगी। सोशल मीडिया पर ऐसा कोई वीडियो वायरल न करें जो समाज विरोधी हो। ऐसे वीडियो आने पर तत्काल थाने पर सूचना दें।



**रोजा**

शिया
सहरी : 04:38 बजे
इफ्तार : 06:32 बजे

सुन्नी
सहरी : 04:43 बजे
इफ्तार : 06:22 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# मोहनलालगंज सीट पर भाजपा-सपा की जोर आजमाइश

**चुनावी बिसात**

- **आरके चौधरी के आने से रोचक हुआ चुनाव, बसपा ने अभी तक नहीं उतारा अपना प्रत्याशी**

**सिधौली, सीतापुर, अमृत विचार।** राजनीति में एक कहावत है कि दिल्ली का रास्ता उत्तर प्रदेश से होकर जाता है। प्रदेश की राजधानी लखनऊ व लखनऊ लोकसभा सीट से सटी मोहनलालगंज लोकसभा सीट पर फतह हासिल करने के लिए भाजपा व सपा जोर आजमाइश कर रही हैं। साथ ही अपना-अपना गुणा-भाग लगाने में जुटीं है।

पांच विधानसभा सीटों से मिलकर मोहनलालगंज लोकसभा सीट बनी है। इस सीट पर भाजपा ने कौशल किशोर पर भरोसा जताते हुए उन्हें तीसरी बार अपना उम्मीदवार बनाया है। वहीं सपा कांग्रेस गठबंधन ने आरके चौधरी को अपना उम्मीदवार बनाया है। चूंकि बसपा ने इस सीट पर अभी तक कोई उम्मीदवार नहीं उतारा है। ऐसे में त्रिकोणीय मुकाबला फिलहाल शून्य ही दिखाई दे रहा है।

भाजपा उम्मीदवार कौशल किशोर पिछले दो चुनाव लगातार जीतते आ रहे हैं, लेकिन इस बार की फाइट बड़ी कठिन होने वाली है। मोहनलालगंज लोकसभा सीट का अधिकतर क्षेत्र ग्रामीण है इसलिए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ असरदार साबित होगा। इस लोकसभा चुनाव में भाजपा सपा की अपेक्षा ज्यादा मजबूत है, लेकिन सपा के उम्मीदवार आरके चौधरी को लोग पहचानते हैं और सपा का अपना वोट बैंक भी है। पूर्व चुनाव में भी सपा को ठीक-ठाक वोट मिले हैं। लोगों का मानना है कि आरके चौधरी के आने से लड़ाई रोचक बन गई है। जबकि भाजपा उम्मीदवार कौशल किशोर कांग्रेस सांसद गंगा देवी की बराबरी करने के लिए जीत की हैट्रिक लगाने का हर संभव प्रयास कर रहे हैं। मोहनलालगंज लोकसभा सीट में सिधौली, बख्शी का तालाब, सरोजनी नगर, मलिहाबाद व मोहनलालगंज विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा है।

### बसपा प्रत्याशी आने से बदलेगा समीकरण

सूत्रों की मानें तो मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र में तीसरा फैक्टर बसपा है जो सपा और बीजेपी की हार जीत तय करेगी। बसपा द्वारा अभी तक उम्मीदवार नहीं उतारा गया है।

### चार बार विधायक और मंत्री रह चुके हैं आरके चौधरी



फैजाबाद में जन्मे आरके चौधरी ने अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत बहुजन समाज पार्टी से की थी। आरके चौधरी बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक सदस्य व कांशीराम के बेहद करीबी रहे हैं। आर के चौधरी वर्ष 1994 में वे पहली बार बसपा के टिकट पर इलाहाबाद से उपचुनाव जीतकर विधायक बने थे। इसके बाद तीन बार मोहनलालगंज विधानसभा सुरक्षित सीट से विधायक बने। आर के चौधरी चार-बार विधायक व चार बार मंत्री भी रहे हैं और दो बार विधान परिषद के नेता सदन भी रह चुके हैं।

### 2014 में पहली बार सांसद बने कौशल किशोर



कौशल किशोर मोहनलालगंज निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। वह पारख महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं और पार्टी के एससी विंग के प्रदेश अध्यक्ष हैं। कौशल किशोर ग्राम बेगरिया तहसील मोहनलालगंज जनपद लखनऊ के रहने वाले हैं। कौशल किशोर वर्ष 2002 में मलिहाबाद निर्वाचन क्षेत्र से पहली बार विधायक बने। 2002-2003 में वह मुलायम सिंह की सरकार में राज्यमंत्री भी बने। 2002-2007 कौशल किशोर उत्तर प्रदेश विधानसभा के सदस्य रहे। कौशल किशोर वर्ष 2014 में पहली बार मोहनलालगंज लोकसभा सीट पर भाजपा से सांसद चुने गए। वर्ष 2014 में श्रम और रोजगार मंत्रालय पर परामर्श समिति के सदस्य व गृह मामलों पर स्थायी समिति के सदस्य चुने गए।

## पेट्रोल पंप पर खड़े ट्रक में चालक का मिला शव

**लहरपुर।** ग्राम वजीरपुर पोस्ट मूड़ीखेरा निवासी सबल कुमार पुत्र परशुराम मिश्रा 55 वर्ष गन्ने का ट्रक चलाते हैं। बृहस्पतिवार रात ट्रक को कोतवाली के निकट एक पंप पर खड़े कर सो गए। शुक्रवार को ट्रक मालिक ने कई बार फोन किया, लेकिन फोन न उठाने पर वह स्वयं मौके पर आए। जहां उन्होंने पंप के पास अपना खड़ा हुआ ट्रक देखा। जिसमें ड्राइवर सबल कुमार को मरा हुआ पाया। ऐसे में मलिक ने डाक्टर को बुलाकर जांच कराई गई तो डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। ट्रक मालिक ने परिजनों को घटना के संबंध में अवगत कराया। मौके पर पहुंचे उसके भतीजे आलोक कुमार पुत्र शिव सागर लाल निवासी ग्राम वजीरपुर ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर शव का पीएम कराने की मांग की। कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि परिजनों ने कोई आरोप प्रत्यारोप नहीं लगाया गया है। शव को पीएम के लिए भेजा जा रहा है, पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**एक नजर**

## नोडल अधिकारी ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**लहरपुर।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बनाए गए मतदान केंद्रों की व्यवस्था चुस्त दुरुस्त किए जाने को लेकर क्षेत्र के ग्राम राहुल अदेसर और महुआ ताल मतदान केंद्रों का निरीक्षण शुक्रवार को नोडल अधिकारी राजकुमार वर्मा सहायक विकास अधिकारी कृषि ने किया। इस मौके पर उन्होंने राहुल अदेसर उच्च प्राथमिक विद्यालय के मतदान केंद्र पर साफ सफाई पेयजल व्यवस्था एवं शौचालय में व्याप्त गंदगी पर नाराजगी व्यक्त की और उसे सचिव को तुरंत सफाई करवाने के लिए निर्देशित किया इस मौके पर उन्होंने बताया कि दोनों मतदान केंद्रों पर सफाई के लिए विशेष अभियान चलाकर सफाई करवाने के लिए निर्देशित किया गया।

## लापता युवक का तालाब में मिला शव

**सिधौली।** ग्राम गनेशपुर निवासी विमलेश कुमार पुत्र प्यारेलाल ने थाने पर प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसका भाई महिपाल गुरुवार की रात अपनी बहना सोमवती निवासी सिधौली के यहां आया हुआ था। बताया जाता है कि देर रात शराब के नशे में महिपाल बहन के घर से तालाब की तरफ निकला गया। मृतक के भाई ने बताया कि गुरुवार रात उसके बहनोई का फोन आया कि भाई महिपाल शराब के नशे में घर से निकल गये है। महिपाल जब सुबह तक घर नहीं पहुंचा तो शुक्रवार को परिजनों ने उसकी खोजबीन की तो उसका शव तालाब किनारे पानी में मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है। मृतक के भाई ने डूबने से युवक की मौत होने की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक अरविन्द सिंह का कहना है कि युवक शराब के नशे में था। शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले में विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## सांड के हमले से किसान की दर्दनाक मौत

**सीतापुर।** रामकोट थाना इलाके में रिश्तेदारी से वापस आते समय बुजुर्ग किसान को आवारा सांड से पटक दिया। सांड के हमले से किसान की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। किसान की मौत स परिवार में कोहराम मचा हुआ है। जमुनापुर गांव निवासी छोटेलाल पुत्र दुजई उम्र 58 वर्ष अपने बेटे राम गोविंद के साथ साइकिल से मढ़िया गांव रिश्तेदारी में गए थे। वहां से वापस आते समय गुरुवार रात बीसुन्ना गांव के पास रास्ते में आवारा सांड ने किसान पर हमला कर दिया। सांड के हमले से किसान की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के परिवार में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। मृतक किसान के दो बेटे राजू उर्फ राजेश व राम गोविंद व पत्नी सुरजना का रो-रो कर बुरा हाल है। किसान की मौत के बाद परिजनों ने पुलिस को लिखित सूचना दी। सूचना पाकर रामकोट थाना प्रभारी बलवंत सिंह शाही ने मौके पर पहुंचकर मृतक किसान के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# आजम खां से अखिलेश ने की 1 घंटा 23 मिनट तक गुप्त चर्चा

## सीतापुर जेल से बाहर आते ही भाजपा सरकार पर निशाना साधा, कहा- झूठे मुकदमों का विश्व नहीं भाजपा ने बनाया ब्रह्माण्ड रिकॉर्ड

संवाददाता, सीतापुर

- **इलेक्टोरल बॉन्ड ने भाजपा की बजाई बैंड, केजरीवाल को परेशान कर रही भाजपा**

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को जिला जेल में बंद पूर्व मंत्री व सपा नेता आजम खां से मुलाकात की। जेल के अंदर 1 घंटे 23 मिनट तक चली मुलाकात के बाद अखिलेश यादव जेल से बाहर आये और भाजपा सरकार पर निशाना साधा। आजम से मुलाकात के दौरान जेल के अंदर सपा राष्ट्रीय सचिव अनूप गुप्ता व रामपुर के जिलाध्यक्ष मौजूद रहे। दोनों के बीच चली मुलाकात में लोकसभा चुनाव के समीकरण सहित रामपुर की अहम सीट पर प्रत्याशी चयन को लेकर भी गहन चर्चा होने की बात सामने आई है।

जेल से बाहर निकलते ही अखिलेश यादव ने मीडिया से बातचीत में भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि झूठे मुकदमों का भाजपा वर्ल्ड ही नहीं, बल्कि ब्रह्मांड रिकॉड बनाने जा रही है। उन्होंने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड ने भाजपा की बैंड बजा दी है, जिससे बचने के लिए विपक्षी पार्टी के मुख्यमंत्रियों को परेशान किया जा रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा चुनाव तक कुछ भी कर सकती है इसलिए चुनाव तक भाजपा से बचकर रहना होगा।

आजम से अखिलेश यादव की यह मुलाकात रामपुर सीट के लिए अहम मानी जा रही है। सुबह करीब 12 बजे अखिलेश यादव का काफिला जिला जेल पर रुका। अखिलेश की गाड़ी जेल परिसर के गेट पर रुकी। यहां सपा नेताओं का अभिवादन स्वीकार कर अखिलेश यादव सीधे जेल के अंदर पहुंचकर आजम से मुलाकात की। मुलाकात के बाद बाहर आये अखिलेश यादव ने मीडियाकर्मियों के सवाल पर केजरीवाल की गिरफ्तारी की तरफ इशारा करते हुए कहा कि चुनावी बॉण्ड के खुलासे ने भाजपा की बैंड बजा दी है। क्या भाजपा के लोगों को चुनावी बॉण्ड का फायदा नहीं मिला? उन्होंने कहा कि घबराहट में अपना मुद्दा बदलने का यह जो तरीका है उसमें भाजपा कामयाब नहीं होगी। यह चाहे जितने भी नेताओं को जेल भेज दें, लेकिन जनता को जेल नहीं भेज सकते। जनता लोकसभा चुनाव में इनको सबक सिखाएगी। अखिलेश यादव ने कहा, क्या देश यह स्वीकार करेगा कि झूठे मुकदमे चला कर लोगों को जेल भेज दें? जुल्म करने वाला कितना भी जुल्म करे, लेकिन अंत में सच्चाई की ही जीत होती है। सपा नेता आजम खां का जिक्र करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि आजम खां के साथ लगातार अन्याय हो रहा है, मगर उन्हें उम्मीद है कि आजम और उनके परिवार को न्याय मिलेगा। उन्होंने विभिन्न आरोपों में सजायाफ्ता आजम खां, उनकी पत्नी तजीन फातिमा और बेटे अब्दुल्ला को अलग-अलग जेलों में रखे जाने को सरकार की अमानवीय गतिविधि करार दिया। अखिलेश यादव ने कहा कि उन्हें पूरा भरोसा है कि आजम खां और उनके परिवार के साथ भी न्याय होगा। बातचीत के दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि पीडीए (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक) ही राजग (भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) एनडीए को हराएगा और इस वक्त सरकार पीडीए से घबराई हुई है।

### जेल पर उमड़े सपा नेता

सपा प्रमुख अखिलेश यादव के आगमन से पूर्व ही जेल पर सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं का हुजूम उमड़ पड़ा। नेताजी की एक झलक पाने के लिए कार्यकर्ता जद्दोजहद करते हुए नजर आये। जेल पर पहुंचे सपा नेताओं में राष्ट्रीय सचिव अनुप गुप्ता, पूर्व एमएलसी आनंद भदौरिया, एमएलसी जास्मीर अंसारी, लहरपुर विधायक अनिल वर्मा, पूर्व मंत्री रामहेत भारती, सपा जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।



जेल में बंद आजम खां से मुलाकात के बाद बाहर आते सपा प्रमुख अखिलेश यादव। अमृत विचार





जिला कारागार पर सपा प्रमुख से मिलने पहुंचे पूर्व एमएलसी आनंद भदौरिया, विधायक अनिल वर्मा व राष्ट्रीय सचिव अनूप गुप्ता। अमृत विचार

### केजरीवाल की गिरफ्तारी से लोकतंत्र कमजोर

जेल के बाहर मीडियाकर्मियों से बातचीत के दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा घबराई हुई है। केवल दिल्ली के मुख्यमंत्री को जेल भेजने से और खबरों को नियंत्रित करने से लोकतंत्र में उनकी (भाजपा की) जीत नहीं होने वाली है। यह लोग लोकतंत्र को कमजोर कर रहे हैं। लोकतंत्र में जो आवाज उठाना चाहते हैं, सरकार उनकी आवाज दबाना चाहती है। उन्होंने कहा कि अन्याय की कोई उम्र नहीं होती है। जुल्म जितना भी हो आखिरकार न्याय की ही जीत होगी।

### आजम और परिवार को परेशान कर रही सरकार

अखिलेश यादव ने आजम खां से मुलाकात के बाद कहा कि यह सरकार की अमानवीय गतिविधि है कि आजम खां के परिवार को सजा एक साथ मिली थी, लेकिन जेल में वह एक साथ नहीं हैं। उन्होंने कहा कि क्या सरकार यही तकलीफ और परेशानी देना चाहती है और वह भी झूठे मुकदमे लगाकर? अखिलेश ने एक सवाल पर कहा कि उनकी आजम खां से रामपुर लोकसभा सीट के टिकट को लेकर भी चर्चा हुई है। हालांकि उन्होंने इस बारे में कुछ भी नहीं बताया, हंसकर टाल गए।

### यूपी सबसे बड़ा पेपर लीक प्रदेश

पूर्व मुख्यमंत्री ने जेल के बाहर भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए दावा किया कि उत्तर प्रदेश में विभिन्न भर्तियों के सबसे ज्यादा पेपर लीक हुए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की प्रदेश सरकार ने 60 लाख बच्चों का भविष्य छीना है। उन्हें और उनके माता-पिता को मिला लें तो एक करोड़ 80 लाख वोट होते हैं। अगर हम उसे 80 (उत्तर प्रदेश में लोकसभा सीटों की संख्या) से भाग देते हैं तो हर लोकसभा क्षेत्र में भाजपा के सवा दो लाख वोट कम हुए हैं। जिस दल के एक लोकसभा क्षेत्र में सवा दो लाख वोट कम हो जाए तो आप सोचिये कि वह कितनी घबराई हुई पार्टी होगी।

### राष्ट्रीय सचिव के घर पर कार्यकर्ताओं से की मुलाकात

जेल से बाहर आने के बाद अखिलेश यादव मीडियाकर्मियों से बातचीत कर उनका काफिला जेल से कुछ दूरी पर स्थित पूर्व विधायक व राष्ट्रीय सचिव अनूप गुप्ता के आवास पर रुका। 30 मिनट तक अखिलेश ने यहां रामपुर से आये कुछ कार्यकर्ताओं से बंद कमरे में मुलाकात की। जिसके बाद अनूप गुप्ता के परिवार से मुलाकात और सूक्ष्म जलपान के बाद वह काफिले के साथ लखनऊ रवाना हो गये। उधर, सपा प्रमुख अखिलेश यादव का काफिला जिला कारगार से निकलते ही पूर्व विधायक अनूप गुप्ता के आवास पर रुका। इस दौरान जेल रोड से लेकर हसन अली चौराहे तक गाड़ियों की लम्बी लाइन लग गई। जाम के झाम से लोगों को कड़ी मशक्कत के बाद राहत मिली।

# मतदाता जागरूकता के लिए वॉल पर लिखे संदेश

**सीतापुर, अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में जन सामान्य की शत प्रतिशत भागीदारी, पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाले मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सरोजिनी वाटिका में संदेश वॉल स्थापित की गयी। जिसमें जिलाधिकारी अनुज सिंह, मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, अपर जिलाधिकारी राम भरत तिवारी, उपजिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र द्विवेदी, उपजिलाधिकारी महमूदाबाद शिखा शुक्ला, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी, डीसी मनरेगा, जिला प्रोबेशन अधिकारी, प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज, आदि अधिकारियों, कर्मचारियों, नए मतदाता एवं मीडिया कर्मियों ने भी संदेश वाल फ्लैक्स पर संदेश अंकित कर लोगों को मतदान करने हेतु जागरूक किया।



वॉल पर संदेश लिखते डीएम अनुज सिंह। अमृत विचार

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका द्वारा हेल्प डेस्क की व्यवस्था तथा ईवीएम के प्रति जागरूकता से संबंधित कांउटर भी लगाया गया। जिलाधिकारी ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेल्पडेस्क पर पहुंचकर जानकारी ली। बेसिक शिक्षा विभाग के अध्यापकों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से वहां पर उपस्थित सभी लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया। राजकीय बालिका इण्टर कालेज व अन्य बच्चों से वार्ता करते हुये बच्चों से वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिये किये जा रहे उपायों की जानकारी ली।

## सी-विजिल ऐप से करें आचार संहित उल्लंघन की शिकायत: जिला निर्वाचन अधिकारी

**सीतापुर, अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिला निर्वाचन अधिकारी अनुज सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जनसामान्य को आचार संहिता उल्लंघन के प्रकरणों की शिकायत करने के लिए सी-विजिल ऐप का प्राविधान किया गया है। इसके अंतर्गत यदि किसी भी व्यक्ति को कहीं भी चुनाव प्रचार से संबंधी कोई पोस्टर, बैनर, होर्डिंग, वाल पेंटिंग, सहित कोई भी चुनाव सामग्री दिखाई देती है। तो वह व्यक्ति इसकी शिकायत सी-विजिल ऐप के माध्यम से ऑनलाइन कर सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि व्यक्ति की शिकायत को 100 मिनट के अंदर ही नियमानुसार निस्तारण कराया जाएगा।

**सार-संक्षेप**

## जिला कारागार पर रामपुर के नेता की कटी जेब

**सीतापुर।** जिला कारागार पर अखिलेश यादव से मुलाकात के लिए रामपुर से आये समाजवादी पार्टी से टिकट की दावेदारी करने वाले राजा ठाकुर की जिला जेल पर जेब कट गई। उच्चकों ने इस दौरान जेब में रखी पर्स में चार हजार रुपये और जरूरी कागजात पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस और सुरक्षा गार्डों के बीच नेता की जेब कटना बड़ी चुनौती माना जा रहा है।



राजा ठाकुर।

## नहर में पानी न होने से सूख रहीं गेहूं की फसल

**कमलापुर, सीतापुर, अमृत विचार।** ब्लाक कसमण्डा छेत्र के अन्तर्गत निकाली खीरी ब्रान्च नहर में विभाग ने लम्बे समय से पानी नहीं छोड़ा है। ऐसे में लेट में बोई गयी गेहूं की फसल खेतों में खड़ी सूख रही है। किसान बैजनाथ सिंह, सुनील चैधरी, गुड्डू रावत, राम औतार ने बताया कि गेहूं की फसल की बुआई के समय नहर में पानी लेट आने से फसल की बुआई लेट हुई थी और अब पछुआ हवा चलने से खेतों की नमी सूख गयी है। जिससे फसलें सूखने की कगार पर हैं।

## पांच वर्ष तक के बच्चों का कराएं शतप्रतिशत टीकाकरण



कर्मचारियों को प्रशिक्षण देते यूनिसेफ व डब्ल्यूएचओ सदस्य। अमृत विचार

**हरगांव, सीतापुर, अमृत विचार।** हरगांव नगर पंचायत में शुक्रवार को सफाई कर्मी एव अन्य कर्मचारियों को संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान को सफल बनाने के लिए सभी कर्मियों को सामुदायिक स्वास्थ केंद्र हरगांव से अरुण कुमार राना, संदीप कुमार बीएमसी (यूनिसेफ) और अरुण कुमार सिंह, एफएम डब्ल्यूएचओ ने प्रशिक्षण दिया। जिसमें नगर पंचायत की गतिविधियों की जानकारी दी गई कि जल जनित संक्रमण तथा दिमागी बुखार से बचाव के लिए घनी आबादी वाले क्षेत्रों में नालियों की साफ सफाई, कूड़ा कचरा का निस्तारण, जल भराव, झाड़ियों की कटाई, फागिंग, एंटीलार्वा के छिड़काव पर सक्रिय रूप से कार्य करने को बताया। इसके साथ साथ ही दिमागी बुखार, मलेरिया, डेंगू और हीट रिलेटेड एलनेसेज से लक्षण और उससे बचाव के उपाय बताए गए। संदीप कुमार ने नगर पंचायत की गतिविधियों को विस्तार से जानकारी के साथ विगत संचारी अभियान की फीडबैक को साझा किया गया और 0-5 वर्ष के बच्चों को जानलेवा बीमारी से बचाने के लिए शतप्रतिशत टीकाकरण के महत्व को बताते हुए सहयोग करने तथा गर्मी से जन मानस को बचाव हेतु उपाय व्यवस्था पर चर्चा की। इस अवसर पर रवि गुप्ता, दीपू, अहिबरन, मोहम्मद शमीम उपस्थित रहें।

**अपील** — होली एवं रमजान को लेकर कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की हुई बैठक

# हमें प्यार व एकता का संदेश देते हैं त्योहार

कार्यालय संवाददाता, लहरपुर

**अमृत विचार।** आगामी होली एवं रमजान को लेकर कोतवाली परिसर में शुक्रवार को पीस कमेटी की एक बैठक का आयोजन उपजिलाधिकारी आकांक्षा गौतम की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उप जिलाधिकारी आकांक्षा गौतम ने कहा कि, त्योहार हमें प्यार व एकता का संदेश देते हैं इसलिए हम सब मिलकर त्योहारों को मनाएं।

उन्होंने कहा कि आचार संहिता लागू है इसलिए आप सभी उसका पालन करते हुए त्योहार मनाए कोई नई परिपाटी न डालें, होली पर्व के चलते उन्होंने अधिशासी अधिकारी को रामलीला मैदान स्थित पक्के तालाब तीर्थ में दुर्घटना से बचने के लिए पानी कम करने के निर्देश दिए। कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने सभी लोगों से कहा कि पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए है आप लोग मिलजुल कर त्योहार मनाए और कोई भी विवाद पैदा ना करें, यदि कहीं कोई समस्या है तो तुरंत पुलिस को सूचित करें, आदर्श आचार संहिता लागू है उसका सभी लोग कड़ाई से पालन करें। इस मौके पर प्रमुख रूप से सभासद, ग्राम प्रधान, बीडीसी व स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।



पीस कमेटी में लोगों से अपील करते कोतवाली प्रभारी व मौजूद एसडीएम। अमृत विचार

# संचारी रोग अभियान के प्रति किया जायेगा जागरूक

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों की एक बैठक उप जिलाधिकारी आकांक्षा गौतम की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें अधिशासी अधिकारी नगर पालिका लहरपुर व तंबौर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से डॉ. पीएस आनंद, पंचायत विभाग से एडीओ पंचायत लहरपुर, तंबौर परसेंडी, पशुधन प्रसार अधिकारी डॉ. भारतेंदु वर्मा, खंड शिक्षा अधिकारी लहरपुर व बेहटा, बीपीएम गौरव सक्सेना, अखिलेश पांडे बीएमसी यूनिसेफ, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी हरगांव, तंबौर व परसेंडी कृषि विभाग से तंबौर परसेंडी व लहरपुर केअधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

आगामी 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जाना है। जिसको सफल बनाने को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को उपजिलाधिकारी आकांक्षा गौतम ने आवश्यक दिशा निर्देश दिये। संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाने के लिए दस्तक अभियान चलाया जाएगा। इस मौके पर उन्होंने विभिन्न नगर पालिकाओं के अधिकारियों को विशेष सफाई अभियान चलाने एवं लोगों को संचारी रोगों के प्रति जागरूक करने के लिए निर्देशित किया।

यो नोद्धतं कुरुते जातु वेषं न पौरुषेणापि विकत्थतेऽन्यान्।
न मूर्च्छितः कटुकान्याह किंचित् प्रियं सदा तं कुरुते जनो हि॥

जो व्यक्ति शैतानों जैसा वेश नहीं बनाता,वीर होने पर भी अपनी वीरता की बड़ाई नहीं करता, क्रोध से विचलित होने पर भी कड़वा नहीं बोलता,उससे सभी प्रेम करते हैं।

## संपादकीय

# तरक्की और असमानता

भारत दुनिया में सर्वाधिक तेजी से बढ़ती हुई बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। वहीं अर्थव्यवस्था की तेज रफ्तार के बीच बढ़ती आर्थिक असमानता चिंता बढ़ाती है। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि अगले वित्त वर्ष के लिए भारत का परिदृश्य सकारात्मक दिख रहा है। निवेश में बढ़ोतरी और महंगाई में कमी अर्थव्यवस्था को रफ्तार दे सकते हैं। जनवरी 2025 से ब्लूमबर्ग बांड सूचकांक में भारतीय सरकारी बांड को शामिल करने से विदेशी पूंजी प्रवाह को बढ़ावा मिलेगा। खपत में लगातार बढ़ोतरी के बीच मजबूत निवेश गतिविधि वृद्धि को गति दे रही है। मंत्रालय ने कहा कि विभिन्न एजेंसियों ने वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर आठ प्रतिशत के करीब रहने की बात कही है। आरबीआई के अनुसार विदेशी मुद्रा भंडार लगातार चौथे सप्ताह 6.40 अरब डॉलर बढ़कर 642.50 अरब डॉलर हो गया। एक सप्ताह पहले देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 10.47 अरब डॉलर की उच्च वृद्धि के साथ 636.95 अरब डॉलर हो गया था। अक्टूबर 2021 में विदेशी मुद्राभंडार 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। दूसरी ओर भारत में 2000 के दशक की शुरुआत से आर्थिक असमानता लगातार बढ़ रही है।

एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 2022-23 में देश की सबसे अमीर एक प्रतिशत आबादी की आय में हिस्सेदारी बढ़कर 22.6 प्रतिशत हो गई है। वहीं संपत्ति में उनकी हिस्सेदारी बढ़कर 40.10 प्रतिशत हो गई है। भारत में आमदनी और संपदा में असमानता 1922-2023: अरबपति राज का उदय शीर्षक वाली रिपोर्ट कहती है कि 2014-15 और 2022-23 के बीच शीर्ष स्तर की असमानता में वृद्धि विशेष रूप से धन के केंद्रित होने से पता चलती है। भारतीय आबादी के शीर्ष 10 प्रतिशत लोगों के पास कुल राष्ट्रीय संपत्ति का 77 प्रतिशत हिस्सा है। 2017 में उत्पन्न संपत्ति का 73 प्रतिशत सबसे अमीर एक प्रतिशत के पास चला गया। भारत में 119 अरबपति हैं। उनकी संख्या 2000 में केवल 9 से बढ़कर 2017 में 101 हो गई। 2018 और 2022 के बीच भारत में हर दिन 70 नए करोड़पति पैदा होने का अनुमान है। एक दशक में अरबपतियों की संपत्ति लगभग 10 गुना बढ़ गई। जाहिर सी बात है कि सबसे अमीर बहुत तेज गति से अमीर हो रहे हैं,जबकि गरीब अभी भी न्यूनतम वेतन अर्जित करने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंचने के लिए संघर्ष कर रहे हैं,जो लगातार कम निवेश से पीड़ित हैं। ये बढ़ती दूरियां और बढ़ती असमानताएं महिलाओं और बच्चों को सबसे अधिक प्रभावित करती हैं। चिंताजनक है कि एक ऐसे समाज में आर्थिक असमानता बढ़ रही है,जो पहले से ही जाति,धर्म,क्षेत्र और लिंग के आधार पर विभाजित है।

# प्रचंड की नई सरकार और स्मगलिंग के किस्से



चंद्रभूषण
वरिष्ठ पत्रकार

याद रहे दिसंबर 2022 में,प्रचंड की सरकार बनने के तुरंत बाद नेपाल में इस खबर से सनसनी फैल गई थी कि गाड़ियों के ब्रेक और ई-सिगरेट की शक्ल में सोने की एक बहुत बड़ी खेप ऊपरी सांठगांठ के बल पर काठमांडू हवाई अड्डे से साफ निकाल ली गई,लेकिन अड्डे से बाहर निकलने के थोड़ी ही देर बाद सड़क पर वह स्थानीय पुलिस की पकड़ में आ गई।

इसमें कोई शक नहीं कि नेपाली राजनीति में पिछले कुछ समय से जारी हलचलें सिर्फ इस या उस नेता या सरकार के सामने मौजूद समस्याओं का नहीं,नेपाली लोकतंत्र पर मंडरा रहे एक बड़े संकट का संकेत दे रही हैं। अभी तक ऐसा माना जाता था कि नेपाली राजनेताओं ने थोड़ा ही पहले लोकतांत्रिक राजनीति में प्रवेश लिया है। लिहाजा सत्ता के लालच में वे अवसरवादी उछलकूद करते रहते हैं। यह भी कि नेपाली लोकतंत्र में पुरानी पंचायती व्यवस्था की स्मृतियां मौजूद हैं। लिहाजा बार-बार सरकारें बदलना वहां के लिए उतनी बड़ी समस्या नहीं है,जितनी बाहर बैठे लोगों को लगती है,लेकिन शीर्ष नेताओं और अफसरों का सोने की स्मगलिंग से जुड़ा होना कुछ अलग ही बात है।

नेपाली राजनीति में एक अर्से से तीसरे नंबर की ताकत होने के बावजूद सवा साल में लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने वाले पुष्प कमल दहल प्रचंड की सत्ता पर फिलहाल कोई खतरा नहीं लगता,लेकिन गद्दी पर उनका वक्त अच्छा गुजरने के भी कोई आसार नहीं हैं।

नवंबर 2022 में हुए आम चुनाव के बाद से यह दूसरा मौका है जब उन्होंने नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी (यूएमएल) के सहयोग से सरकार बनाई है। इसके पहले बतौर प्रधानमंत्री अपने इस कार्यकाल की शुरुआत उन्होंने इसी गठबंधन के साथ की थी,लेकिन वह सरकार कुल तीन महीने ही चली। फिर साल भर प्रचंड ने नेपाली कांग्रेस के साथ सरकार चलाई और अभी कड़वाहट के साथ दोनों अलग हुए। ज्यादा बड़ी बात यह है कि नई सरकार बनने के तीसरे-चौथे दिन ही मौजूदा सत्तारूढ़ गठबंधन के दोनों मुख्य दलों नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) और सीपीएन (यूएमएल) के दो बड़े नेता लगभग एक क्विंटल सोने की स्मगलिंग में देश की मुख्य खुफिया संस्था सीआईबी द्वारा धर लिए गए हैं। सीआईबी के पास इस बात का सबूत है कि सीपीएन (माओवादी) के उपाध्यक्ष कृष्ण बहादुर महरा और उनके बेटे राहुल ने स्मगलरों के एक चीनी गैंग से फोन पर 256 बार बात की थी। इस पार्टी के युवा नेता और पूर्व उपराष्ट्रपति नंद बहादुर पुन के बेटे दीपेश पुन इस मामले में पहले से ही अंदर हैं,जबकि नेपाल के पूर्व पुलिस प्रमुख और यूएमएल नेता सर्बेंद्र खनाल का नंबर महरा के साथ आया है।

याद रहे दिसंबर 2022 में,प्रचंड की सरकार बनने के तुरंत बाद नेपाल में इस खबर से सनसनी फैल गई थी कि गाड़ियों के ब्रेक और ई-सिगरेट की शक्ल में सोने की एक बहुत बड़ी खेप ऊपरी सांठगांठ के बल पर काठमांडू हवाई अड्डे से साफ निकाल ली गई,लेकिन अड्डे से बाहर निकलने के थोड़ी ही देर बाद सड़क पर वह स्थानीय पुलिस की पकड़ में आ गई। फिर मामले को दबाने और जांच के नाम पर लीपापोती करने की खबरें बाहर आने लगीं और यूएमएल का जैसे ही माओवादियों से गठबंधन टूटा,उसने संसद में इसको बड़ा मुद्दा बना दिया। कुछ मामूली जांच-पड़ताल के बाद बवाल बढ़ता गया तो नेपाली कांग्रेस के साथ गठबंधन में चल रही प्रचंड सरकार ने मामले की जांच पूर्व चीफ जस्टिस दिली राज आचार्य के नेतृत्व में गठित आयोग को सौंपी जिसने न केवल कई हाई प्रोफाइल लोगों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ करने की अनुशंसा की,बल्कि साथ में इस आशय की बहुत तीखी टिप्पणी भी की कि सरकार की ओर से धुंध पैदा करने और दोषियों को बचाने के प्रयास किए गए हैं। देखना है कि माओवादी और यूएमएल नेताओं की गिरफ्तारी से नई-नवेली सरकार की साख कितनी बहाल हो पाती है।

इसमें कोई शक नहीं कि नेपाली राजनीति में पिछले कुछ समय से जारी हलचलें सिर्फ इस या उस नेता या सरकार के सामने मौजूद समस्याओं का नहीं,नेपाली लोकतंत्र पर मंडरा रहे एक बड़े संकट का संकेत दे रही हैं। अभी तक ऐसा माना जाता था कि नेपाली राजनेताओं ने थोड़ा ही पहले लोकतांत्रिक राजनीति में प्रवेश लिया है लिहाजा सत्ता के लालच में वे अवसरवादी उछलकूद करते रहते हैं। यह भी कि नेपाली लोकतंत्र में पुरानी पंचायती व्यवस्था की स्मृतियां मौजूद हैं। लिहाजा बार-बार सरकारें बदलना वहां के लिए उतनी बड़ी समस्या नहीं है,जितनी बाहर बैठे लोगों को लगती है,लेकिन शीर्ष नेताओं और अफसरों का सोने की स्मगलिंग से जुड़ा होना कुछ अलग ही बात है। राजतंत्र की वापसी के लिए प्रयासरत शक्तियों को इससे लोकतांत्रिक व्यवस्था पर हमले का एक नैतिक हथियार मिल गया है। नवंबर-दिसंबर 2023 में राजधानी काठमांडू समेत नेपाल के कई शहरों में राजतंत्र और हिंदू राष्ट्र की वापसी के लिए छोटे-बड़े प्रदर्शन हुए थे और पूरे नेपाल में इस मुद्दे पर एक यात्रा भी निकाली गई थी। 2008 में नेपाल से राजतंत्र के खात्मे और गणतंत्र की घोषणा के बाद से लोकतंत्र के प्रति अरुचि जताने वाले कई आयोजन हुए हैं,लेकिन पहला ही मौका था जब देश में नीचे तक फैले कर्ज संकट से इसको जोड़ दिए जाने के चलते आम जनता में इसे मजाक का विषय नहीं समझा गया। मामले का दूसरा पहलू प्रतिनिधित्व से जुड़ा है। राजतंत्र समर्थक राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी पहली बार अपने चौदह सांसद चुनवाने में सफल रही है। इससे भी बड़ी बात यह कि नेपाल में लोकतंत्र की प्रतीक समझी जाने वाली नेपाली कांग्रेस के आयोजनों में भी 'हिंदू राष्ट्र' का आकर्षण दिखने लगा है। उसके कुछ बड़े नेताओं ने भी ऐसे बयान दिए हैं।

चीन के लंबे हाथ-पुष्प कमल दहाल 'प्रचंड' की यह खासियत मानी जाती रही है कि किसी पार्टी के साथ अपने गठबंधन से बाहर आते समय वे आगे के लिए गुंजाइश बचाकर रखते हैं। कटु भाषा का इस्तेमाल नहीं करते, ताकि आगे दोबारा-तिबारा उससे मिलना पड़े तो नेताओं और कार्यकर्ताओं के मन पर ज्यादा बोझ न रहे,लेकिन इस बार नेपाली कांग्रेस और खासकर उसके शीर्ष नेता शेर बहादुर देउबा के लिए उन्होंने 'भ्रष्ट' और 'दक्षिणपंथी' जैसे शब्द बोले। अजीब बात यह कि इसका कोई तात्कालिक कारण भी नहीं था।

सरकार में शामिल नेपाली कांग्रेस के मंत्री चीन के साथ नेपाल के कूटनीतिक संबंधों को सहज नहीं होने देते थे और अमेरिकी सहायता से जुड़े कार्यक्रमों के प्रति अतिरिक्त संवेदनशीलता दिखाते थे,लेकिन वे सत्तापक्ष के ज्यादा बड़े हिस्से का प्रतिनिधित्व करते थे तो यह उनका हक था। ऐसा कहा जा रहा है कि चीनी दूतावास ने अगर यूएमएल का रवैया बदलने को लेकर अतिरिक्त सक्रियता न दिखाई होती तो प्रचंड को नेपाली कांग्रेस का दबाव काफी लंबे समय तक बर्दाश्त करते रहने में भी कोई समस्या नहीं होती,लेकिन यूएमएल नेता और पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने जब यह पेशकश की कि उनकी पार्टी सरकार में ज्यादा महत्वपूर्ण विभागों की मांग किए बगैर पूरे कार्यकाल के लिए प्रचंड को समर्थन देने को तैयार है,तब उनकी ओर से यह बयान जारी किया गया कि कांग्रेसी दबाव के चलते ही बतौर प्रधानमंत्री वे अब तक कुछ नहीं कर पाए हैं। बचे हुए साढ़े तीन सालों में भी प्रचंड की सरकार नेपाल के लिए कुछ कर पाती है या सोने की स्मगलिंग जैसे मामलों में सफाई देते हुए और राजतंत्र-हिंदू राष्ट्र वाली लहर का मुकाबला करते ही प्रधानमंत्री पद पर उनका बाकी समय गुजरता है, यह देखने की बात है।

एनसीपी (यूएमएल) के सारे नेता अभी काफी जिम्मेदारी वाले बयान दे रहे हैं, लेकिन बतौर प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली का पिछला कार्यकाल न केवल नेपाली लोकतंत्र के लिए, बल्कि भारत के लिए भी किसी दुःस्वप्न जैसा ही था। अभी उनकी नरमी शायद नेपाली राजनीति में अपना अलगाव घटाने के लिए है, लेकिन कुछ भूमिका इसमें चीनी दबाव की भी हो सकती है,जो भी हो प्रचंड के लिए आगे एक चुनौती भारत के सामने यह साबित करने की रहेगी कि अपने देश में वे चीन की छत्रछाया वाली गठबंधन सरकार नहीं चला रहे हैं।

## प्रसंगवश

# भगत सिंह और शादमान चौक



बलिदान दिवस

लाहौर (पाकिस्तान) में शादमान चौक वह जगह है,जहां 23 मार्च, 1931 को लाहौर जेल में राजगुरु, सुखदेव और भगत सिंह को फांसी पर लटका दिया गया था। पहले यह लाहौर जेल का हिस्सा था जिसे तोड़कर यहां बड़ा ट्रैफिक चैराहा बना दिया गया,जो अब काफी भीड़ भरा इलाका है। विगत कुछ वर्षों से पाकिस्तान में शहीदे आजम भगत सिंह को याद करने की मुहिम चलाई जा रही है जिसके अगुआ वहां संचालित किए जा रहे भगत सिंह मेमोरियल फाउंडेशन के अध्यक्ष इम्तियाज रशीद कुरैशी एडवोकेट हैं,जो लाहौर के शादमान चौक को 'भगत सिंह चौक' बनाने के लिए निरंतर संघर्षरत हैं।

फाउंडेशन के लोग यहां भगत सिंह के फांसी दिवस पर इकट्ठे होकर शहीदे आजम की तस्वीरें हाथ में थामकर 'इंकलाब जिंदाबाद' का नारा बुलंद करते हुए आजादी के उस संघर्ष का स्मरण करते हैं जिसके लिए इन क्रांतिकारियों ने अपनी कुर्बानियां दीं। धर्म की बुनियाद पर बने और अपनी धरती के इतिहास से पूरी तरह विमुख पाकिस्तान में भगत सिंह जैसे विचारवान और धर्मनिरपेक्ष क्रांतिकारी शहीद को याद करना सचमुच काबिले तारीफ है। यह इस दृष्टि से भी प्रशंसनीय है कि जिस नवसृजित देश ने प्रारंभ से ही अपने जमीनी इतिहास को पूरी तरह विस्मृत कर दिया हो,वहां लाहौर की धरती पर लड़े गए स्वाधीनता के एक महासंग्रामी को उसके शहादत स्थल पर याद करना किसी तरह कम जोखिम भरा नहीं है। यह पाकिस्तान की सरजमीं पर धारा के विरुद्ध तैरने सरीखा है। इम्तियाज रशीद कुरैशी और उनके साथियों की यह कोशिशें कई वर्षों से जारी हैं जिसकी सूचनाएं हमारे मुल्क में आने पर भगत सिंह को प्यार करने वाले लोग प्रसन्न होते हैं,जो स्वाभाविक भी है। बावजूद इसके हम चाहते हैं कि भगत सिंह की याद उनकी संपूर्ण वैचारिक चेतना और पक्षधरता के साथ हो,जो सचमुच कठिन कवायद है।



सुधीर विद्यार्थी
वरिष्ठ लेखक, बरेली

हमारे देश में ही भगत सिंह के अनेक नामलेवा उन्हें ब्रिटिश पुलिस अधिकारी साण्डर्स को मारने तथा संसद में बम फेंकने वाले बहादुर नौजवान के रूप में स्मरण करते हुए उनके 'इंकलाब जिंदाबाद' के नारे को इस तरह रेखांकित करते हैं गोया उनकी क्रांति का अर्थ बस मुट्ठियां बांधकर नारे लगाने, जयकारे करने या उनके बुतों पर फूल-मालाएं चढ़ाने तक महदूद हो। भगत सिंह कैसा समाज चाहते थे,उनके इंकलाब का अर्थ क्या था,उनके भीतर समाजवाद की समझ कैसी थी, धर्म और सांप्रदायिकता के मुद्दे पर वे किस वैज्ञानिक तर्क से सोचते थे, जहां भाषा भी उनके लिए एक बेहद जरूरी मसला था। उनके समय में देश में अछूत समस्या पर उनका क्रांतिकारी दृष्टिकोण हमारे लिए बहुत मायने रखता है। यहां तक कि भगत सिंह अपने चिंतन में नास्तिकता तक पहुंचकर बराबरी पर आधारित वैज्ञानिक समाजवाद की अत्यंत दृढ़ता से वकालत करते हैं। दुखःद है कि भगत सिंह को याद करते-करते हमने उनकी जन्मशती आने तक उनके सिर पर धर्म की पगड़ी भी पहना दी। यह भगत सिंह के प्रति बड़ा अन्याय है। यह क्रांतिकारियों की शहादत को जाति और धर्म के खाने में विभाजित करने का सोचा-समझा घिनौना षड्यंत्र है। हमने बार-बार कहा है कि धर्म आधारित राजनीति के पक्षधर कितनी ही कोशिशें कर लें,लेकिन पंजाब के उस साढ़े तेईस वर्ष के क्रांतिकारी नौजवान का सिर इतना बड़ा हो गया है कि उसके ऊपर कोई पगड़ी फिट नहीं हो सकती। मैंने बार-बार कहा है कि पाकिस्तान में भगत सिंह मेमोरियल फाउंडेशन के लोग भगत सिंह की पगड़ी वाली तस्वीर का इस्तेमाल न करें।

पाकिस्तान में भगत सिंह पर चलाई जा रही मुहिम इस अर्थ में रंग लाई कि लाहौर की न्याय पालिका ने शादमान चौक का नाम बदलने का आदेश पारित कर दिया,लेकिन सरकार और व्यवस्था के हुक्मरान हैं कि वे इस आदेश का निष्पादन नहीं कर रहे। ऐसे में भगत सिंह मेमोरियल फाउंडेशन के सदस्य न्यायालय की अवमानना का मुद्दा लेकर फिर वे अदालत जा धमके जिस पर अदालत ने फिर से व्यवस्थापकों को आदेश का अनुपालन न करने के मसले पर नोटिस जारी कर दिए। हम उम्मीद करते हैं कि शीघ्र इस मुद्दे को सुलझा लिया जाएगा और शादमान चौक का नामकरण शहीदे आजम भगत सिंह के नाम पर हो सकेगा। यह भगत सिंह को चाहने वालों की बड़ी जीत होगी।

# बड़े संकट के मुहाने पर खड़ी है धरती



ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

हाल के कुछ दशकों में एयर कंडीशनर या हीटर जैसे संसाधनों के अप्रत्याशित रूप से बढ़ते उपयोग ने ग्लोबल वार्मिंग को गति दी है।

संयुक्त राष्ट्र ने अभी यह चिंता जाहिर की है कि हमारी धरती एक बड़े संकट के मुहाने पर खड़ी है। विश्व मौसम विज्ञान संस्थान की ताजा रिपोर्ट के अनुसार धरती का बीता वर्ष अब तक का सबसे गर्म वर्ष रहा है। ग्लोबल वार्मिंग को 1.5 डिग्री नीचे रखने की तमाम कोशिशों के बावजूद मार्च 2023 से फरवरी 2024 के बारह महीनों में वैश्विक तापमान ने 1.5 डिग्री की सीमा को लांघ दिया।

रिपोर्ट में संयुक्त राष्ट्र ग्रीन हाउस गैसों, भूमि और पानी के तापमान ग्लेशियरों और समुद्री बर्फ पिघलने में हुई अप्रत्याशित वृद्धि का हवाला दिया गया है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव गुतारेस ने चेतावनी दी है कि हमारा ग्रह खत्म होने के कगार पर है। यह रिपोर्ट पढ़कर कुछ सालों पहले की गई महान वैज्ञानिक स्टीफन हॉकिंस की भविष्यवाणी की याद आती है। हॉकिंस के अनुसार इस पृथ्वी पर अब मनुष्य का कोई अस्तित्व नहीं है। वह इस ग्रह पर दस लाख साल बिता चुका है। उनके अनुमान के अनुसार पृथ्वी की उम्र अब महज दो सौ से पांच सौ साल ही बच रही है। या तो सूरज का ताप इसे निगल जाएगा या कोई धूमकेतु आकर इससे टकरागा। अगर मनुष्य की प्रजाति को एक और दस लाख साल जीवित बचे रहना है तो उसे पृथ्वी छोड़कर किसी और ग्रह या उपग्रह की शरण लेनी होगी।

संयुक्त राष्ट्र या हॉकिंस की चेतावनी को हल्के में लेने की भूल नहीं की जा सकती। पृथ्वी का मौसम और यहां पर जीवन की परिस्थितियां जिस तेज रफ्तार से बदल रही है,उन्हें देखते हुए इस आसन्न संकट को हम खुद भी महसूस कर सकते हैं। छोटे-छोटे स्वार्थों के लिए लगातार पृथ्वी का दोहन, प्रकृति के साथ अनाचार और नदियों के साथ दुर्व्यवहार हो रहा है। विकास के नाम पर वृक्षों की बेरहम हत्या की जा रही है। ईंट और कंक्रीट के निरंतर उगते जंगलों के कारण खेती की जमीन सिकुड़ रही है। पर्यावरण में आ रहे बदलावों के कारण जानवरों और पक्षियों की कई-कई प्रजातियां या तो विलुप्त हुई हैं या विलुप्ति के कगार पर हैं। धरती के बढ़ते तापमान की वजह से ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं और समुद्र की सतह लगातार ऊपर उठ रही है। ज्यादा से ज्यादा भौतिक सुविधाएं हासिल कर लेने की जल्दबाजी में वे तमाम चीजें हम नष्ट कर रहे हैं, जो जीवन की बुनियादी जरूरतें हैं। आज हमारी प्रकृति और पर्यावरण विकास की हमारी अंधी दौड़ की कीमत चुका रहे हैं। कल यह कीमत हम और हमारी आने वाली पीढ़ियां चुकाएंगी।

यह सोचने का वक्त है कि अपनी मूर्खताओं से अगर पृथ्वी पर जीवन की परिस्थितियों को हमने नष्ट कर दिया तो हमारा अगला ठिकाना कहां होगा? हॉकिंस ने किन ग्रहों या उपग्रहों की बात सोची होगी? अब तक की वैज्ञानिक प्रगति के आलोक में फिलहाल भागने के दो ही विकल्प हमारे सामने दिखते हैं-चांद और मंगल। इन दोनों पर पानी,मिट्टी,हवा और जीवनानुकूल परिस्थितियों के मसले अभी हल नहीं हुए हैं। वहां थोड़ा-बहुत पानी मिल भी जाए तो क्या वह पृथ्वी के अरबों लोगों की जरूरतों के लिए पर्याप्त होगा? वहां हवा तो होगी,लेकिन उस हवा का घनत्व क्या होगा? क्या असंख्य लोगों की सांसों से दूषित होने के बाद हवा की रिसायकलिंग कर उसे फिर से जीवनदायिनी बनाने वाले पेड़-पौधे वहां मौजूद हैं? वहां की चट्टानी सतह पर खेती कैसे होगी?

चांद और मंगल के बेहद कम गुरुत्वाकर्षण में हवा में असहाय उड़ते रहना कुछ दिनों के लिए तो रोमांचक लग सकता है,लेकिन ऐसा जीवन किसी को रास नहीं आने वाला। विज्ञान इनमें से कुछ मसलों के हल देर-सबेर खोज भी ले तो पृथ्वी के अरबों लोगों की ढोकर वहां कैसे ले जाएगा कोई? विस्थापन की इस प्रक्रिया में हजारों साल लगेंगे। अब यह तो नहीं हो सकता कि दुनिया के मुट्ठी भर साधन संपन्न लोग चांद या मंगल पर जाकर अपनी बस्तियां बसा लें और पृथ्वी के बाकी लोगों को प्रलय के रहमोकरम पर छोड़ दिया जाए।

हाल के कुछ दशकों में एयरकंडीशनर या हीटर जैसे संसाधनों के अप्रत्याशित रूप से बढ़ते उपयोग ने ग्लोबल वार्मिंग को गति दी है। पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले इन यंत्रों का उपयोग बहुत आवश्यक होने पर ही करें। हमारी ये छोटी-छोटी कोशिशें मिलकर हमारी पृथ्वी की उम्र थोड़ी लंबी अवश्य करेंगी। अगर दुनियाभर की सरकारों और हमारे तमाम प्रयासों के बावजूद पृथ्वी अपनी उम्र पूरी कर ही चुकी है और निकट भविष्य में सूरज इसे निगल जाने वाला है या कोई धूमकेतु आकर इससे टकरा ही जाने वाला है। तब भी हमारे पास अभी जितना वक्त है उसे पृथ्वी और उसकी सभी संतानों के बीच अपना प्यार और संवेदनाएं बांटकर सार्थक और मूल्यवान बनाने का विकल्प तो हमारे पास बचा ही हुआ है।

## सोशल फोरम

# ब्रह्मांड के नियम

अधिकांश धार्मिक कर्मकांड ईश्वरीय सत्ता की कृपा और उसके अनुग्रह के लक्ष्य से किए जाते हैं। उनमें ईश्वर की परिकल्पना एक मनुष्य सरीखी होती है,जो खुश होकर कृपा करता है और नाखुश होकर दंड देता है। सभी कर्मकांड प्रतीकात्मक हैं,जो कालांतर में अंधविश्वास में परिणत होने की प्रवृत्ति रखते है।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

अंतरिक्ष विज्ञान और क्वांटम भौतिकी की अद्यतन खोजों के अनुसार ज्ञात ब्रह्मांड के महत्तम और सूक्ष्मतम में नियमबद्धता है। क्वांटम भौतिकी परमाणु में इलेक्ट्रॉन की तरंगनुमा गतिशीलता तक पहुंचकर रुक गई है। यह वह बिंदु है,जहां निरीक्षक इलेक्ट्रॉन को जिस स्थिर स्थिति (कण के रूप) में देखता है,वह निरीक्षण का क्षण बीतते-बीतते बदल जाती है तो एक साथ उसका आकार और उसकी गति का बोध नहीं हो पाता। वह कण है या तरंग? दोनों, क्योंकि वह ऊर्जा के खंड की तरह काम करता है। बिग बैंग वाले स्टीफन हॉकिंग ने साफ कहा था कि जो भी है,नियमबद्ध है,किसी परम चेतना से संचालित नहीं है जिसे निर्णय लेने और नियम बदलने की छूट हो। इस नियमबद्धता को ही कोई ईश्वर का नाम देना चाहे तो कोई दिक्कत नहीं। आइंस्टाइन तो इस नियमबद्धता को ही ईश्वर का पर्याय तक बताने लगे थे। उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि वे अन्य अधिकांश वैज्ञानिकों की तरह न तो नास्तिक हैं, न धार्मिक विश्वास के अर्थ में आस्थावान।

वे अपने को अज्ञेयवादी कहना ज्यादा उचित समझते थे। उनका दृढ़ मत था कि ईश्वर का मनुष्य के जीवन व्यापार से कोई लेना-देना नहीं है। न ही आइंस्टाइन परलोक या पुनर्जन्म को मानते थे। वे काफी हद तक ईश्वर संबंधी स्पीनोजा के विचारों से सहमत थे जिनके अनुसार ईश्वर समस्त प्राकृतिक और भौतिक नियमों का कुल योग है जिसमें भौतिक पदार्थ और विचार दोनों समाहित हैं। किंतु वह न तो कोई व्यक्तिगत सत्ता है,न ही सृष्टिकर्ता,जो भी हो,एक ऐसे मानवीय ईश्वर के लिए फिलहाल कोई गुंजाइश नहीं,जो स्वायत्त निर्णय लेकर ब्रह्मांड के नियमों को बदल सके,जो किसी से खुश होकर उसे पुरस्कृत और किसी से नाखुश होकर उसे दंडित कर सके,जो आ पड़े उसे भोगना ही है। चाहे रोकर भोगें,चाहे हंसकर।

-फेसबुक वॉल से

# लोहिया की समाजवादी धारा का स्मरण

भारतीय समाजवादी आंदोलन के वैचारिक नायक डॉ. राममनोहर लोहिया की 114 वीं जयंती ऐसे समय में हैं जब देश में आम चुनाव शुरू हो गए हैं। सत्ताधारी दल जहां चार सौ के आंकड़े को पाने की घोषणा कर रहा है,वहीं विपक्षी दल संविधान/लोकतंत्र बचाने के लिए जनता से अपील कर रहे हैं। ऐसे में लोहिया की वैचारिक और राजनैतिक यात्रा का स्मरण करना बेहद प्रासंगिक है। देश की स्वतंत्रता के बाद कांग्रेस की एकतरफा जीत के बाद प्रधानमंत्री बने पंडित जवाहर लाल नेहरू की नीतियों को लेकर लोहिया सड़क से संसद तक विरोध दर्ज कराते थे। कांग्रेस सरकार की अनेक योजनाओं का उन्होंने तथ्य और तर्क दोनों आधार पर विरोध किया। आम चुनाव में लोहिया ने जनता को आंदोलित करने के लिए जवाहर लाल नेहरू के संसदीय क्षेत्र फूलपुर से चुनाव लड़कर जनहित के अनेक मुद्दों पर जनता को जागरूक करते हुए लोकतंत्र में विपक्ष के महत्व को बताया।



मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल'
पूर्व अतिथि प्रवक्ता
इलाहाबाद विश्वविद्यालय


लोहिया ने सप्त क्रांति, दाम बांधों सहित अर्थ नीति, भाषा नीति को जनता के बीच विमर्श का केंद्र बनाकर लोकतंत्र को सशक्त किया। अहिंसात्मक और सत्याग्रही सिविल नाफरमानी को लोहिया भारत के लिए जरूरी लोकतांत्रिक साधन मानते थे। उन्होंने राजनीति में पांच सुधारों क्रमशः अनुशासन दंड,निर्वाचन सावधानी,ओहदेदार की आंतरिक मर्यादा,साथियों और निर्वाचकों का जनमत,कमेटी की सदस्यता या ओहदे से अलगाव पर जोर दिया। इसी क्रम में समाजवादी सदस्यों को लोहिया ने साहित्य,जानकारी एवं ज्ञानवृद्धि की भूख पर जोर देने का आग्रह किया। लोकतंत्र में राजनैतिक कार्यकर्ताओं को अरमान,कर्म,अनुशासन और संगठन पर जोर लोहिया की प्राथमिकता में शामिल था। लोहिया भारत के इकलौते मौलिक चिंतक थे,जो वैचारिक और हाशिये के समाज दोनों में लोकप्रिय थे जिसका कारण वैश्विक एवं स्थानीय मुद्दों की लड़ाई लड़ने की उनकी जिजीविषा थी। सोशलिस्टों की सदन में संख्या कम होने के बाद भी वे नेहरू नीति कांग्रेस सरकार को सदन में ही घेर लेते थे। लोहिया की पार्टी के सदस्य राम सेवक यादव,कमांडर अर्जुन सिंह भदौरिया, मधू लिमये, महाराज सिंह भारती की बहस ने संसदीय परंपरा को जनकेंद्रित बनाने में सहयोग किया। लोहिया की धारा से निकले समाजवादी नेताओं ने उत्तर भारत से लेकर तटीय प्रदेशों तक अपनी नेतृत्व क्षमता से सत्ता के केंद्र में बने रहे।

यूपी बिहार में लोहिया की धारा से निकले समाजवादी दलों ने जातीय जनगणना और पीडीए का जो मुद्दा उठाया है उसकी आधारशिला साठ के दशक में सोशलिस्टों ने ही रखी थी। पिछड़े पांवे सौ में साठ का नारा लोहिया के दौर में ही मुखर हुआ था। आरक्षण और प्रतिनिधित्व की समस्या के समाधान के लिए वंचित समूहों को राजनीति की मुख्य धारा में लाने के प्रबल पैरोकार लोहिया ही थे। आज जब लोकसभा चुनाव सर पर हैं,ऐसे में मतदाताओं को उनका अधिकार एवं कर्तव्य बताते हुए मुद्दा आधारित राजनीति करने वाले दलों को समर्थन देना ही लोहिया को सच्ची श्रद्धांजलि होगा। राजनीति में सक्रिय नेताओं और कार्यकर्ताओं को अध्ययन,जमीनी संघर्ष से उपजे अनुभव के आधार पर जनता के बीच संवाद करना चाहिए। यही लोहियावादियों की धारा रही है। लोहिया का जीवनदर्शन यह संदेश देता है कि निर्वाचित जन प्रतिनिधियों की संख्या कम होने के बाद भी पूर्ण बहुमत की सरकार पर भी दबाव बनाया जा सकता है और उसे जनहित में कार्य करने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है।

# पानी की हर बूंद कीमती

इस पृथ्वी पर मनुष्य,पशु-पक्षी व पेड़-पौधों के जीवन व अस्तित्व के लिए तमाम महत्वपूर्ण जरूरतों में से जल सर्वाधिक महत्वपूर्ण तत्व है। जल के बिना पृथ्वी पर जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है।

वर्तमान में पूरी दुनिया जल संकट से जूझ रही है। जल को लेकर भारत की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है। दुनिया की लगभग 17 फीसदी आबादी वाले देश भारत के पास दुनिया के जल का मात्र चार फीसदी हिस्सा ही है। देश में शहरों के साथ-साथ अब गांवों में भी जल संकट लगातार गहराता जा रहा है।



डीपी यादव
लोक स्वास्थ्य विशेषज्ञ, लखनऊ

हाल ही में जारी नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार भारत के कई शहर गंभीर जल संकट से जूझ रहे हैं। रिपोर्ट बताती है कि भारत वर्ष में जहां 2020 तक 10 करोड़ से भी अधिक लोग गंभीर जल संकट का सामना कर रहे थे तो वहीं दूसरी तरफ वर्ष 2030 तक लगभग 40 फीसदी लोगों के लिए जल उपलब्ध नहीं होगा,जो कि एक बहुत ही गंभीर और चिंताजनक बात है। जल प्रदूषण के कारण जल गुणवत्ता के मामले में भी भारत की स्थिति चिंताजनक है। विश्व जल गुणवत्ता सूचकांक में भारत 122 देशों की सूची में 120 वें स्थान पर है। इसको हम इस प्रकार भी कह और समझ सकते हैं कि दुनिया में 122 देशों में से 119 देश भारत से अच्छा और शुद्ध जल पी रहे हैं। ये सभी आंकड़े भारत में जल की भयावह स्थिति को बताने के लिए पर्याप्त हैं।

जल की बदहाल स्थिति बताती है कि जल प्रबंधन को लेकर अगर भारत वर्ष सावधान और गंभीर नहीं हुआ तो भविष्य में इसके गंभीर व भयावह परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। जल की गंभीर समस्या को देखते हुए भारत की सरकार को चाहिए कि इस समस्या के समाधान के लिए एक वृहद रूपरेखा और कार्य योजना बनाए जिससे भविष्य में देश को जल संकट से न जूझना पड़े,क्योंकि जल है तो जीवन है। रहीम ने अपने दोहे के माध्यम से बहुत पहले ही कह दिया था कि-रहिमन पानी राखिए,बिन पानी सब सून। पानी गए न ऊबरे मोती,मानुष,चून।।

## एक नजर

### हत्या कर शव छिपाने वाले दो अभियुक्तों को उम्रकैद

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** अपर सत्र न्यायाधीश नंद प्रताप ओझा ने हत्या करके लाश को छिपाने के आरोप में दोषी पाते हुए राजू उर्फ राजेश केसरवानी निवासी हरनामगंज,थाना – कुंडा और विनोद कुमार साहू निवासी करेंटी रोड,निकट रेलवे फाटक,थाना – कुंडा प्रत्येक को आजीवन कारावास व 70–70 हजार रूपया अर्थदंड से दंडित किया। वादी मुकदमा कमलेश देवी ( मृतक सुभाष केसरवानी की मां) ने कोर्ट को बताया कि 17 जनवरी 2014 की रात आठ बजे राजू केसरवानी उर्फ राजेश ने फोन करके मेरे पुत्र सुभाष को बुलाया, फिर हम लोग रात 10 बजे फोन किया तो बेटा सुभाष बोला 10 मिनट बाद आ रहे हैं। यह बात बहू नीरू देवी से सुभाष ने बताई थ्झी। इसके बाद सुभाष का शव रेलवे फाटक कुंडा के पास स्थित ईदगाह के बगल बबलू सिंह के बाग में जमीन में गड्ढा खोदकर निकाला गया। उसकी हत्या चाकू से गला रेतकर की गई थी। इस मामले में राज्य की ओर से पैरवी एडीजीसी राकेश प्रताप सिंह ने की।

### एयरफोर्स के जवान ने फंदा लगाकर दी जान

प्रयागराज, अमृत विचार : जिले के हंडिया क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह घर में वायु सैनिक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने बताया कि हंड़िया थाना क्षेत्र के रसूलपुर तलिया निवासी दीपक (28) कमरे में फंदे से लटकता मिला। परिजन उसको फंदे से उतार कर अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दीपक भारतीय वायु सेना में तैनात है। वह छुट्टी पर आया था। उसके चाचा ने बताया कि उसके आत्महत्या करने का कारण ज्ञात नहीं है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। दीपक की जालंधर में तैनाती थी। रसूलपुर तलिया तारा निवासी अनिल कुमार यादव के दो बेटों में दीपक बड़े थे। दीपक 2 मार्च को ड्यूटी से घर आए थे। 11 मार्च को ही उनकी शादी हुई थी।

### शाइस्ता के करीबियों के शस्त्र लाइसेंस होंगे निरस्त

**प्रयागराज, अमृत विचार :** उमेश पाल हत्याकांड के बाद से फरार चल रही अतीक की बेगम शाइस्ता परवीन की मुश्किलें बढ़ती जा रही है। प्रयागराज कमिश्नट्रेट ने एक बार फिर से शिकंजा कर दिया है। शुक्रवार को शाइस्ता के करीबियों और रिश्तेदारों के शस्त्र लाइसेंस को निरस्त करने का निर्देश जारी किया गया है। बता दें कि बसपा विधायक राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल की हत्या के बाद से अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन और अशरफ की पत्नी जैनब फातिमा फरार चल रही है। शुक्रवार को प्रयागराज कमिश्नर रमित शर्मा के निर्देश पर सल्लापुर, हटवा, असरवाल और मरियाडीह में शाइस्ता के करीबियों के हथियारों को निरस्त करने की सूची तैयार की जा रही है।

# अखिलेश से मिला अटाला हिंसा का मास्टरमाइंड

## योगी सरकार ने आरोपी जावेद के घर पर चलावाया था बुलडोजर, तीन दिन पहले मिली थी जमानत

संवाददाता, प्रयागराज


अखिलेश यादव से मिलने पहुंचे अटाला हिंसा के मास्टरमाइंड जावेद पंप। अमृत विचार

**अमृत विचार :** अटाला हिंसा के मास्टरमाइंड जावेद पंप ने गुरुवार को सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव से मुलाकात की है। बताया जा रहा है कि तीन दिन पहले ही जेल से छूटा है। हिंसा के मास्टरमाइंड जावेद मोहम्मद की अखिलेश यादव के साथ मुलाकात की फोटो सोशल मीडिया की चर्चा में बनी हुई है। वायरल तस्वीर पर लोग तमाम प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। लोगों ने सोशल मीडिया पर कमेंट भी लिखा हैं।

मालूम हो कि अटाला हिंसा के मास्टरमाइंड जावेद पंप देवरिया जेल में पौने दो साल बंद रहने के बाद 3 दिन पहले ही जावेद को जमानत मिली है। हिंसा के बाद जावेद का नाम बुलडोजर आने के बाद उसके मकान पर बुलडोजर की कार्रवाई हुई थी। गुरूवार को सपा सुप्रीमों अखिलेश यादव से लखनऊ में उनके आवास पर की गई हसी। अब उनके सपा में शामिल होने की कयास भी तेजी से लगाई जा रही है। वही अखिलेश से मुलाक़ात करने की फोटो वायरल होने के बाद तमाम लोग सोशल मीडिया पर कमेंट कर रहे है। कुछ लोगों ने लिखा है कि अखिलेश यादव का हाथ अपराधियों का साथ, वही एक यूजर ने यह भी लिखा है कि अखिलेश यादव की कुछ तो मजबूरियां रही होगी, वरना कोई यूं ही नहीं अपराधियों के साथ नहीं खड़ा होता है।

### 10 जून 2022 को हुआ था बवाल, पथराव

बीजेपी नेत्री नूपुर शर्मा के बयान के बाद 10 जून 2022 को प्रयागराज के अटाला हिंसा में जमकर बवाल हुआ था। अटाला में कई घंटे की जमकर पथराव और आंसू गैस के गले ही छोड़े गए थे। पुलिस और प्रशासन की गाड़ियों में जमकर तोड़फोड़ और आगजनी की गई थी। प्रशासन ने हिंसा का मास्टरमाइंड जावेद मोहम्मद उर्फ जावेद पंप को माना था। जावेद पंप के खिलाफ हिंसा से जुड़े कई मुकदमे दर्ज किए गए थे। इसके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई की गई थी।

### अपना दुख दर्द बांटने गए थे जावेद

जावेद पंप की अखिलेश यादव से मुलाकात करने वाले सपा नेता संदीप यादव का कहना है कि किसी को अदालत से दोषी ठहराए बिना अपराधी कहना उचित नहीं है। जावेद पंप पर अभी सिर्फ आरोप है। सरकार ने उसे घर पर बुलडोजर चला कर परिवार के साथ अन्याय हुआ था। जावेद पंप अपनी इस पीड़ा को साझा करने के लिए अखिलेश यादव से मुलाकात की है और अपने दर्द को बयां किया है।

## सार-संक्षेप

### दिव्यांग बच्चों के साथ मनाई होली,बांटे उपहार


दिव्यांग बच्चों को उपहार देते पदाधिकारी। अमृत विचार

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** एलायंस क्लब इंटरनेशनल के डायरेक्टर रोशनलाल उमरवैश्य के नेतृत्व में क्लब के लोग शुक्रवार को राजकीय अक्षम विद्यालय बढ़नी मोहनगंज पहुंचकर दिव्यांग बच्चों संग होली मनाई। दिव्यांग बच्चों को गुझिया,मिठाई,नमकीन, पिचकारी, रंग, फल आदि उपहार दिए। उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर परमानंद मिश्र,शिवेश शुक्ल, श्रीनारायण यादव,अनिरुद्ध तिवारी,राजेश सिंह, विनय श्रीवास्तव,अमिता कुशवाहा,पूनम गुप्ता,रेखा उमर वैश्य,अर्चना खंडेलवाल, आदर्श कुमार,विवेक कुमार आदि रहे।

### कंचन को अध्यक्ष व प्रतिभा को महामंत्री का दायित्व


कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारी। अमृत विचार

**प्रतापगढ़ अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ की सदर इकाई का गठन शुक्रवार को किया गया। इसमें कंचन सिंह अध्यक्ष, प्रतिभा द्विवेदी महामंत्री, पुष्पा देवी वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाई गईं। सदस्यों में मोहिनी,किरण, उर्मिला, अर्चना, रेनू, श्रद्धा, स्वामी, शर्मिला रहीं। नए पदाधिकारियों को बीआरसी सुखपालनगर में पदभार ग्रहण कराया गया। इस दौरान एआरपी. धर्मेंद्र ओझा, नीलम सिंह, शशांक कुमार, जिला अध्यक्ष मीना पुष्पाकर, महामंत्री स्नेह शुक्ला, शर्मिला सिंह आदि रहीं। खंड शिक्षा अधिकारी सदर संतोष श्रीवास्तव की अध्यक्षता में प्राधिकार पत्र सौंपा।

### अयोध्या से रामेश्वरम तक पदयात्रा कर संगम पहुचीं शिप्रा

**प्रयागराज, अमृत विचार :** रामेश्वरम से अयोध्या तक 3952 किलोमीटर की पदयात्रा 105 दिन में पूरी कर वॉटर वूमन के नाम से मशहूर होने वाली शिप्रा पाठक शुक्रवार घर संगम नगरी पहुंची। जहां उन्होंने बंधवा श्रीबड़े हनुमानजी का दर्शन पूजन किया और महंत बलवीर गिरि से मुलाक़ात कर उनका आशीर्वाद लिया। वाटर वूमन शिप्रा पाठक ने 105 दिनों में अयोध्या से रामेश्वरम तक राम जानकी वन गमन पद यात्रा पूरी कर एक बड़ा इतिहास बनाया है। संगम पहुंचने के बाद शिप्रा ने श्री बड़े हनुमान जी का दर्शन किया और महंत बलवीर गिरि से मुलाक़ात की ।बलबीर गिरी ने कहा कि राम वन गमन की अयोध्या से रामेश्वरम तक की पद यात्रा पूरी करने के बाद हनुमान जी का दर्शन करना यात्रा सफल होना है। इनके आशीर्वाद से ही यह नहीं हुआ है। महंत बलवीर गिरि ने कहा कि यह 3952 किमी की राम जानकी पद यात्रा बिना राम और हनुमान की कृपा से नही पूरा हो सकता है। यह शिप्रा पाठक के पूर्व जन्म का सोचा हुआ निर्णय है।


महंत बलवीर गिरी से मुलाकात करतीं शिप्रा।

# शुआट्स प्रोफेसर को पाकिस्तानी नंबर से मिली जानमाल की धमकी

**प्रयागराज, अमृत विचार :** शुआट्स कॉलेज की प्रोफेसर व एसोसिएट डीन डॉ. रीतु दुबे को गुरूवार को पाकिस्तान के एक नंबर से व्हाट्सएप कॉल कर धमकी दी गई। डरी-सहमी प्रोफेसर ने मामले की शिकायत नैनी कोतवाली और मुख्यमंत्री पोर्टल पर की है।

डॉ. रीतु प्रकाश दुबे शुआट्स के होम साइंस विभाग में एसोसिएट डीन के पद पर कार्यरत हैं। गुरुवार को उनके मोबाइल पर +92 3080000426 से एक व्हॉट्सएप कॉल की गई। फोन उठाने पर दूसरी ओर से व्यक्ति ने खुद को बिहार का इंसपेक्टर बताया। डॉ. रीतु से उनके बेटे व पति के बारे में पूरी जानकरी जुटाने लगा। इसके बाद जब रीतू दुबे ने बताने से मना किया यह फोन करने वाला व्यक्ति डॉ. रीतु को धमकी देने लगा कि तुम्हारा बेटा बचेगा नहीं। उन्होंने जब उस नंबर कोड गूगल पर सर्च किया तो +92 वह नंबर पाकिस्तान का बताया जा रहा था। वह काफी डरी हुई है। उन्होंने तत्काल इसकी लिखित शिकायत नैनी थाने में और मुख्यमंत्री पोर्टल पर दी है। साथ ही मामले की जांच कराने की मांग की है। इस मामले में नैनी इंस्पेक्टर यशपाल सिंह का कहना है कि जांच कराई जा रही है। नंबर को ट्रेस कर पता कॉल करने वाले का पता लगाया जा रहा है।

### मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए लोगों को किया प्रेरित

**मिर्जापुर, अमृत विचार :** जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देश पर जपनद के सभी तहसीलों व विकास खण्डों, नगर निकायो के अन्तर्गत अधिक से अधिक मतदान कराने के दृष्टिगत स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत विविध कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। प्रभारी अधिकारी स्वीप, मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार की देखरेख में मतदान दिवस के दिन अधिक से अधिक मतदान करने हेतु लोगों को जागरूक किये जाने हेतु आज जनपद के सभी 12 विकास खंडों में खण्ड विकास अधिकारियों के माध्यम से मतदाता जागरूकता गोष्ठी का आयोजन करते हुये अधिक से अधिक मतदान करने हेतु लोगों को जागरूक किया गया। इसी क्रम में एनआरएलएम के समूहों के माध्यम से भी कुछ ग्रामों एवं विकास खंड मुख्यालय पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन कराते हुए लोगों को ज्यादा मतदान करने को जागरूक किया गया। साथ ही उन्हें कई जानकारियां दी गईं।

# देवी के चौरा पर पूजा करने से रोका, महिलाओं ने थाना घेरा

नैनी, प्रयागराज


थाने के बाहर एकत्र महिलाएं।

**अमृत विचार :** नैनी कोतवाली क्षेत्र के गंजिया जहांगीराबाद मोहल्ले में एक समुदाय के लोगों को पारंपरिक करने करने से रोकने पर दर्जनों महिलाओं ने शुक्रवार को नैनी थाने पहुंचकर घेराव कर दिया। वहीं वर्षों से चली आ रही पूजा की प्रथा को बंद करने के खिलाफ लिखित तहरीर भी दी।

गंजिया, जहांगीरा बाद कि रहने वाली पुजारिन राधा देवी, आशा देवी, मधु, कल्लो, शीला, स्वीटी, संगीता, केशा ने बताया कि मोहल्ले में एक स्कूल के पास स्थित एक पूजा स्थल देवी चौरा पर कई सालों से सालाना पारंपरिक पूजा की जाती है। गांव के ही एक व्यक्ति ने इस बार पूजा आयोजित करने पर रास्ता बंद कर देने की धमकी दी। शुक्रवार रात थाने पहुंची दर्जनों महिलाओं ने विरोध करने वाले के खिलाफ लिखित तहरीर दी। इंस्पेक्टर यशपाल सिंह का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

## पदक विजेता बीएसएफ कांस्टेबल सम्मानित


बीएसएफ कांस्टेबल दुर्गेश सिंह को सम्मानित करते विधायक जीतलाल पटेल।

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** मानधाता ब्लॉक के पूरे सुखदेव निवासी दुर्गेश प्रताप सिंह बीएसएफ में कांस्टेबल पद पर तैनात हैं। विगत दिनों रूस में मॉस्को स्टार्स इंटरनेशनल वूशू चैंपियनशिप 2024 में वूशु चैंपियनशिप में वे कांस्य पदक विजेता रहे। विश्वनाथगंज विधायक जीत लाल पटेल ने शुक्रवार को उनके घर पहुंचकर सम्मानित कर बधाई दी। मास्को में आयोजित वूशु चैंपियनशिप में 18 देशों ने प्रतिभाग किया था जिसमें दुर्गेश का मुकाबला अजरबैजान के खिलाड़ी से हुई। दुर्गेश ने उसे चित कर दिया और कांस्य पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया। अमर जनता इंटर कॉलेज के प्रबन्धक भैरव प्रताप सिंह,समाजसेवी लाल जी सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक यादव मुन्ना,ग्राम प्रधान विमला देवी,वरुण विश्वकर्मा आदि ने बधाई दी है।

# प्रतापगढ़ डीएम की अनुमति बिना नहीं छोड़ेंगे मुख्यालय

**प्रतापगगढ़, अमृत विचार :** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन ने बताया कि आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। जनपद में निर्वाचन की अधिसूचना को 29 अप्रैल 2024 व निर्वाचन की तिथि 25 मई निर्धारित कर दी गई है।

उन्होंने अधिकारियों-कर्मचारियों को आदेशित किया है कि वह निर्वाचन से संबंधित सौंपे गये समस्त कार्यो को समय से पूर्ण कराना सुनिश्चित करेगें। कोई भी अधिकारी-कर्मचारी उनकी अनुमति के बिना न तो मुख्यालय छोड़ेगा और न ही मुख्यालय के बाहर जाएगा। किन्हीं अपरिहार्य परिस्थितियों में बैठक के संबंध में मुख्यालय से बाहर जाना आवश्यक है तक डीएम से लिखित अनुमति प्राप्त करने के बाद ही मुख्यालय से बाहर जायेगें। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। आदेश का उल्लघंन करने पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा-134 के अधीन दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी।


## वर्ग पहेली-18

**बाएं से दाएं**

1. अमित होने की अवस्था या भाव, असीमता, अनंतता।
4. 1. खड़ की लगातार ध्वनि होना 2. सूखे पत्तों के आपस में टकराने की ध्वनि।
5. मालगाड़ी का डिब्बा।
7. 1. पुदीने की जाति का एक पौधा 2. उक्त पौधे की पत्तियों का सत्व जो औषधि बनाने के काम आता है।
8. 1. स्रोत, पानी का चश्मा या सोता 2. यथार्थ, वास्तविक, वाकई 3. नेत्र, नयन, आंख।
9. डांटने की क्रिया, घुड़कना।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. नीचा, झुका हुआ, नत 2. गिरा हुआ, पतित, अधोगत 3. अस्त होता हुआ 4. नम्र, विनीत।
2. 1. झड़ने की क्रिया या भाव 2. झड़ने या झाड़ने से गिरी हुई चीज़।
3. वह बर्तन जिससे खेत का पानी बाहर उलीचते हैं या बाहर का पानी खेत में भरते हैं, ओलचा।
4. गले में पहनने का आभूषण, हंसुली।
6. 1. अनर्गल प्रलाप, बकवास 2. बदतमीज़ी, अशोभन बातें 3. अप्रासंगिक, क्रमहीन।
7. 1. आच्छादित करने की क्रिया 2. ढक्कन 3. आवरण 4. तलवार की म्यान 5. परदा 6. दरवाज़ा।



## वर्ग पहेली -17 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 औ | | | | 2 वा | णी |
| | ष | | | 3 लु | | |
| | धा | | 4 अ | भा | षि | 5 त |
| | 6 ल | च | क | ना | | द |
| 7 पे | य | | ड़ | | | बी |
| टि | | | | 8 रो | ल | र |
| 9 का | दं | बि | नी | | | |

# शादी कराने के नाम पर उगाही करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**मिर्जापुर, अमृत विचार :** शादी कराने के नाम पर डरा धमका कर पैसे लेने के 9 आरोपियों को राजगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले में झांसी जनपद के एक व्यक्ति ने शिकायत की थी। पुलिस ने तीन तमंचे–कारतूस, नकदी व बाइक बरामद की है। थाना राजगढ़ में पंजीकृत मुकदमों की विवेचना के दौरान एसओजी, सर्विलांस व थाना राजगढ़ पुलिस की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को राजगढ़ क्षेत्रांर्गत ग्राम शाहगंज रोड़ नदी पुल के पास ग्राम नदिहार से शहजाद उर्फ दिलीप निवासी सतौहा थाना घोरावल जनपद सोनभद्र, शैलेश कुमार उर्फ सत्या निवासी सतौहा,थाना घोरावल जनपद सोनभद्र, जितेंद्र बिन्द उर्फ देवकी निवासी सोनवर्ष थाना राजगढ जनपद मीरजापुर, संतोष निवासी सोनवर्षा थाना राजगढ,जनपद मिर्जापुर, ओमप्रकाश बिंद निवासी ददरा थाना राजगढ़, सीमा पत्नी शहजाद उर्फ दिलीप निवासी सतौहा थाना घोरावल जनपद सोनभद्र, सीता निवासी इनम थाना शाहगंज जनपद सोनभद्र, हरिचरण तिवारी आदि को दबोचा है।

# किन्नर संतों ने खेली फूलों की होली

**प्रयागराज, अमृत विचार :** सनातन धर्म में रंगों का विशेष महत्व है। ऐसे में अगर रंगों के पर्व होली की बात की जाए तो वह सबसे उत्तम और लोगों के मेलजोल को बढ़ाने व संबंधों को मजबूती प्रदान करने वाला है। यह बातें उत्तर प्रदेश किन्नर वेलफेयर बोर्ड की वरिष्ठ सदस्य एवं किन्नर अखाड़ा की प्रदेश अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी कौशल्यानंद गिरि (टीना मां) ने इंद्रपुरी बैरहना स्थित आवास में शिष्यों के साथ फूलों की होली खेलते हुए कहीं। उन्होंने होली पर्व की सभी शिष्यों, श्रद्धालुओं और देशवासियों को बधाई दी।


होली खेलते किन्नर। अमृत विचार

## सुडोकू -97

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | | | | 6 | | |
| 5 | | | | | 9 | | 1 | |
| 7 | | 8 | | 4 | | | | 2 |
| | | 3 | 6 | | 8 | | 4 | |
| | | 7 | | | | 8 | | |
| | 2 | | 5 | | 3 | | | |
| 4 | | | | 1 | | | | 8 |
| | 3 | | 2 | | | | 5 | |
| | | 6 | | | | 9 | | |

## सुडोकू -96 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 4 | 6 | 2 | 8 | 5 | 7 | 3 |
| 3 | 2 | 6 | 9 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 3 | 4 | 9 | 2 | 6 |
| 6 | 9 | 7 | 8 | 4 | 1 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 8 | 2 | 5 | 6 | 3 | 7 | 1 | 9 |
| 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 7 | 6 | 4 | 8 |
| 7 | 6 | 8 | 3 | 5 | 2 | 1 | 9 | 4 |
| 5 | 4 | 1 | 7 | 8 | 9 | 3 | 6 | 2 |
| 2 | 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 8 | 5 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 23 मार्च, शनिवार 2024 संवत–2080, शक संवत 1945 मास–फाल्गुन, पक्ष–शुक्ल पक्ष,तिथि–त्रयोदशी 07 .17 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

**मेष** – आज धन के लेन–देन को लेकर थोड़ा विवाद हो सकता है। प्रेम संबंधों को लेकर धैर्य और संयम का परिचय देंगे। नया काम शुरू करने के लिए दिन शुभ है। कार्यक्षेत्र के सहकर्मी आपसे काफी खुश रहेंगे। रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी।

**वृष** – आज घर की आंतरिक सज्जा में सुधार करने की योजना बनाएंगे। साझेदारी के व्यवसाय में आपसी समझदारी की आवश्यकता है। अत्यधिक विचारों के कारण थोड़े भ्रमित हो सकते हैं। मार्केटिंग से जुड़े लोगों को बॉस से परेशानी हो सकती है।

**मिथुन** – आज किसी रिश्तेदार से शुभ समाचार मिलेंगे। जीवनसाथी के प्रेम भरे व्यवहार से आह्लादित रहेंगे। अनावश्यक कार्यों में अपना समय बर्बाद न करें। आप परोपकार को काफी महत्व देंगे। नए व्यवसाय की योजना बना सकते हैं।

**कर्क** – आज अपना काम निकलवाने के लिए आप स्वार्थी भी हो सकते हैं। दोस्तों के साथ आपकी समस्याओं को साझा करेंगे। लोन से जुड़ा हुआ काम अटक सकता है। कोई नजदीकी व्यक्ति आपको धोखा दे सकता है। इसीलिये सावधान रहना चाहिए।

**सिंह** – आज बॉस आपके प्रदर्शन से बहुत खुश होगा और आपको शाबाशी दे सकते हैं। सरकारी कारणों से रुके हुए कार्यों में गति आएगी। आपको सामाजिक कार्यों से काफी यश प्राप्त होगा। बैंकिंग से जुड़े अटके काम आसानी से बन जाएंगे।

**कन्या** – आज अपने उत्तरदायित्व के प्रति निष्ठावान रहें। अनावश्यक कारणों से आपको घर से बाहर जाना पड़ सकता है। अधिकारियों से बहसबाजी न करें। महंगी वस्तुओं की खरीदारी से आपके बजट पर असर पड़ने की संभावना है।

**तुला** – आज आपको उत्तम कार्यों के लिए पुरस्कार भी दिया जा सकता है। अपनी कमियों पर नियंत्रण पाने का प्रयास करें। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं में बड़ी सफलता मिल सकती है। व्यवसाय में ग्राहक आपसे काफी खुश रहेंगे।

**वृश्चिक** – आज सभी कार्यों को सावधानी पूर्वक करने का प्रयास करें। संपत्ति के क्रय–विक्रय को लेकर थोड़े संशय में रहेंगे। जल्दबाजी के कारण आपके काम बिगड़ सकते हैं। भविष्य को लेकर योजना बनाने के लिए समय उत्तम है।


**धनु** – आज आपके अधिकारों में वृद्धि होगी। आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। दोस्तों के साथ मौज मस्ती भरा समय बिताएंगे। आप कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। संतान पक्ष से आपको सहयोग मिलेगा। बुद्धि और विवेक से निर्णय लेंगे।

**मकर** – आज संतान के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी। विवाहेतर संबंधों से बचने का प्रयास करें। दूसरों की बातों में न आएं। मौसमी बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं। आपको किसी पर भी पूर्ण भरोसा नहीं करना चाहिए। कानूनी पचड़ों में फंस सकते हैं।

**कुंभ** – आज कारोबार में शानदार वृद्धि से आपका मनोबल बढ़ेगा। परिजनों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। सांयकाल पुराने मित्रों के साथ ग्रुप चर्चा कर सकते हैं। साहित्य और कला के क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त हो सकता है।

**मीन** – आज आपसी संबंधों को खट्टा न होने दें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दूसरों की समस्याओं में स्वयं को न उलझाएं। पैरों में थकावट जैसी अनुभूति हो सकती है। ऑफिस के कार्यों में अपनी दक्षता का परिचय देंगे।

### आज का पंचांग




दिशाशूल–पूर्व। ऋतु–वसंत।
चन्द्रबल–मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल–अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र–पूर्वाफाल्गुनी पूर्ण रात्रि।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- शान – सुबह : 09 .52
- अनाड़ी – रात : 07 .00

SONY PIX
- इट – सुबह : 09 .28
- टर्मिनेटर 3 – रात : 09 .00

SONY MAX
- पीकू – सुबह : 10 .48
- आंख मिचौली – रात : 07 .00

ZEE CINEMA
- अतीत – सुबह : 09 .15
- करन अर्जुन – रात : 08 .20

colors CINEPLEX
- ताली – दोपहर : 12 .00
- फिर हेरा फेरी – रात : 07 .00

### आज की सुपरहिट फिल्म



सोनी मैक्स पर रात : 07 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक आदमी दौड़ा–दौड़ा डॉक्टर के क्लीनिक में पहुंचा और घबराए स्वर में बोला–डॉक्टर साहब ! प्लीज मेरी जान बचा लीजिए।
डॉक्टर– क्या हुआ?
आदमी–मेरे मुंह में छिपकली घुस गई है।
डॉक्टर हैरान होकर बोला– क्या? जब छिपकली तुम्हारे मुंह में घुस रही थी तब तुमने मुंह बंद क्यों नहीं किया?
आदमी–दरअसल,मैंने सोचा कि पहले जो कॉकरोच मेरे मुंह में घुसा था ,उसे पकड़कर वह वापस आ जाएगी।

लड़की– तू इतना अच्छा है,फिर तेरी कोई गर्लफ्रेंड क्यों नहीं?
लड़का–तू बन जा
लड़की–नहीं, तू तो मेरा बेस्ट फ्रेंड है।
लड़का– बस इसलिए नहीं है।

## क्या होता है चैलेंज वोट

- मतदान के दौरान मतदान केंद्र पर पोलिंग एजेंट की आपत्ति के बाद चुनाव आयोग 2 रूपए फीस लेकर यह फैसला करता है कि मतदाता असली है या फिर फर्जी। सच और झूठ का फैसला बूथ पर ही तत्काल पीठासीन अधिकारी पोलिंग एजेंट व मतदाता की सुनवाई के बाद करते हैं। यह स्थिति तब उत्पन्न होती है जब मतदान अभिकर्ता मतदान करने आए व्यक्ति पर यह आरोप लगता है कि संबंधित मतदाता फर्जी है। जब मतदाता और अभिकर्ता दोनों अपनी बात पर अड़ जाते हैं। तब ऐसी स्थिति में चैलेंज वोट का सहारा लिया जाता है। ऐसे विवाद की स्थिति में चुनाव आयोग के नियमों में प्रावधान है कि पोलिंग एजेंट पीठासीन अधिकारी के पास दो रुपए आक्षेप राशि के साथ आपत्ति दर्ज कराएगा। इस आधार पर वह वोटर के दावे को चुनौती देगा। यदि यह साबित हो जाता है कि मतदाता असली है। तभी संबंधित मतदाता को मतदान का अवसर दिया जाता है। इसके बाद मतदान अभिकर्ता द्वारा जमा की गई दो रुपए चैलेंज फीस आयोग जब्त कर ली जाती है। और उसकी आपत्ति खारिज कर दी जाती है।

# अहम होंगी महिलाओं के लिए चल रहीं योजनाएं

## त्योहारी सिलेंडर, रिफाइंड, चना, रक्षाबंधन में मुफ्त परिवहन व लखपति दीदी के भरोसे भाजपा



पदमाकर पाण्डेय, लखनऊ

**अमृत विचार :** लाडली योजना की तरह ही उप्र. में भाजपा ''मिशन शक्ति'' (महिला सशक्तिकरण) प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई), बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (बीबीबीपी) आदि योजनाएं भाजपा के मिशन 80 में सहायक बनेंगी। सुरक्षा व्यवस्था हो या प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का मामला, सात करोड़ 15 लाख महिला मतदाताओं वाले प्रदेश में महिलाओं के लिए फायदेमंद योजनाओं को नजर अंदाज करना विपक्षी दलों को भारी पड़ सकता है।

गत वर्ष मध्य प्रदेश में संपन्न विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत में महिलाओं की खासी भूमिका निभाई थी, तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी चुनाव परिणाम में लाडली योजना के साकारात्मक प्रभाव को मान चुके हैं। उसी तरह उप्र. में आत्मनिर्भर बनाने के लिए भी कई तरह की योजनाएं केन्द्र सरकार के अलावा योगी सरकार द्वारा चलाई जा रहीं योजनाओं का भी असर लोकसभा चुनाव के परिणामों में मिलने के आसाद दिख रहे हैं। रक्षा बंधन में मुफ्त बस सेवा, हर माह मुफ्त में मिलने वाला राशन, त्यौहार पर मिलने वाले रिफाइंड ,चना व नमक से अधिकांश महिलाएं लाभान्वित हो रहीं हैं। साथ ही बेटियों का जन्म, शिक्षा और विवाह तक के लिए योजनाएं प्रदेश में चल रहीं हैं।

कानून व्यवस्था की बेहतर स्थिति के चलते महिलाएं अब बिना भय के जीवनयापन कर पा रही हैं। राज्य की महिला श्रम बल में भागीदारी दर 32.10 प्रतिशत पहुंच चुकी है।

इतना ही नहीं, प्रदेश में रोजगार के लिए जो योजनाएं शुरू की गईं, उसमें महिलाओं को बराबर का भागीदार बनाया जा रहा है। मुद्रा योजना अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में, गरीब परिवारों से भी महिलाओं को प्रोत्साहित किया जा रही है। राज्य में 80 हजार राशन दुकानों में महिला स्वयं सहायता समूहों को वरियता दी गई है। बलात्कार जैसे संगीन अपराधों की त्वरित सुनवाई के लिए राज्य सरकार ने 218 फास्ट ट्रैक कोर्ट्स स्थापित किए हैं।

मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में सहायता राशि 15 हजार से बढ़ाकर 25 हजार कर दी गई है। मुख्यमंत्री सामूहिक योजना अंतर्गत निर्धन परिवारों की बेटियों की शादी के लिए 51 हजार रूपये प्रति जोड़े पर खर्च किया जा रहा है। हर निराश्रित महिला को एक हजार रुपए हर माह पेंशन मिल रही है। प्रदेश में तमाम योजनाएं सचालित हो रही हैं, किसी न किसी से महिलाएं जुड़ रहीं हैं। राज्य में 8.37 लाख स्वयं सहायता समूहों द्वारा ग्रामीण क्षेत्र की एक करोड़ से अधिक महिलाओं को जोड़ा चुका है। बैंकिंग कॉरस्पॉन्डेंट सखी योजना से सभी 57 हजार ग्राम पंचायतों को जोड़ा जा रहा है।

### मतदाताओं को रिझाने को महिला प्रकोष्ठ सक्रिय

भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य का कहना है कि महिला मतदाताओं को पक्ष में मतदान करने के लिए भाजपा मोर्चा के विभिन्न संगठनों द्वारा घर-घर संपर्क अभियान के साथ ही लाभार्थियों से संवाद स्थापित किया जा रहा है। साथ ही विशेष रणनीति तैयार की गई है, जिस पर होली बाद अमल शुरू हो जायेगी। भाजपा की महिला मोर्चा की लखनऊ अध्यक्ष सीता नेगी ने बताया कि लखपति दीदी, नारी सशक्तिकरण, आदि तमाम योजनाएं हैं जिनसे महिलाएं आत्मनिर्भर हुई हैं, उन्हें भाजपा से बहुत उम्मीदें हैं,इसलिए खुद भी भाजपा के लिए आगे आ रहीं हैं। महिलाओं की राजनीतिक में बढ़ती रुचि से साफ संकेत हैं कि महिलाएं निर्णायक वोट बैंक के तौर पर उभर रही हैं।

### पिंक पन्ना

### मेरा पहला वोट



मतदान सभी को करना चाहिए। क्योंकि यह अवसर 5 वर्ष में एक बार ही आता है। ऐसे में जनप्रतिनिधियों और सरकार के कामकाज को देखते हुए ही मतदान करना चाहिए। पहली बार मतदान करने जा रही हूं, इसको लेकर काफी खुशी है। महिला सुरक्षा को मजबूती प्रदान करने, रोजगार देने वाले तथा शिक्षा व समानता का अवसर प्रदान करने वाले को ही मतदान करूंगी।

**रश्मि गौतम पुत्री अमिरका**
विधानसभा क्षेत्र सदर बहराइच।



वोटर लिस्ट में नाम शामिल होने पर काफी रोमांचित हूं। पहला वोट देकर देश की सबसे बड़ी पंचायत के लिए अपना नुमाइंदा चुनेंगे। मजबूत लोकतंत्र के लिए पहला वोट करूंगा। हम ऐसा सांसद चुनेंगे जो पढ़ा लिखा होने के साथ देश व समाज के बारे में सोचता हो। जिले में रोजगार के अवसर प्रदान कर बेरोजगार को दूर करने वाला हमारा सांसद होगा।

**आयुष शुक्ल,** छात्र बीकाम द्वितीय वर्ष
विवेकनगर, सुलतानपुर।

# राजा दिनेश से परामर्श लेते थे अटल

आरपी सिंह, प्रतापगढ़



राजा दिनेश।



स्व. अटल बिहारी बाजपेयी

- मंत्री के रूप में बेल्हा को विदेश में दिलाई थी पहचान
- राजा दिनेश के अलावा किसी को नहीं मिली केंद्रीय मंत्रिमंडल में जगह

### अतीत के झरोखे से

**अमृत विचार :** जनपद में कालाकांकर राजघराने के राजा दिनेश सिंह का नाम आज भी गर्व से लिया जाता है। उन्होंने विदेश मंत्री के रूप में बेल्हा को विदेश में पहचान दिलाई थी। यही नहीं उनसे पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी ने विदेश नीति का परामर्श लिया था। प्रतापगढ़ संसदीय क्षेत्र से सर्वाधिक चार बार निवार्चित होने का रिकार्ड भी राजा दिनेश सिंह के नाम है।

राजा दिनेश सिंह ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के सलाहकार के तौर पर राजनीतिक पारी शुरू की थी। चार बार सांसद निर्वाचित हुए दिनेश सिंह को विदेश,उद्योग जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालय की जिम्मेदारी मिली। नरसिम्हाराव की सरकार तक में केंद्रीय मंत्री रहे। फिर भी सियासी करियर उतार चढ़ाव भरा रहा। वर्ष 1977 में जब जनता पार्टी की सरकार बनी और अटल बिहारी वाजपेयी विदेशमंत्री बने तो शपथ लेने के बाद वह राजा दिनेश सिंह के पास गए और विदेश नीति के बारे में परामर्श लिया। यूं तो राजा दिनेश नेहरू और गांधी परिवार के खास थे, लेकिन दौर ऐसा भी रहा जब उन्होंने इंदिरा गांधी का साथ छोड़ दिया था। हालांकि दिनेश सिंह की पुत्री राजकुमारी रत्ना सिंह तीन बार सांसद निर्वाचित हुईंलेकिन उन्हें मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिल सकी। 1962 और 1980 के चुनाव में राजा अजीत प्रताप सिंह सांसद चुने गए,लेकिन मंत्रिमंडल में शामिल होने का अवसर नहीं मिला।

# चूड़ी-बिंदी और साड़ी से छुए थे महिलाओं के मन के तार

अभिषेक द्विवेदी, कन्नौज।

### अतीत के झरोखे से

- कन्नौज लोकसभा क्षेत्र से पहली महिला सांसद बनने का गौरव किया था हासिल
- महिलाओं में काफी लोकप्रिय थीं शीला दीक्षित, जिले में कांग्रेस को किया था मजबूत

**अमृत विचार :** कभी महिलाओं को घर की दहलीज पार कर वोट डालने की इजाजत नहीं थी। मतदान करने के लिए परिवार के मुखिया की सहमति जरूरी होती थी। यह वजह थी कि उस दौर में महिलाओं का वोट प्रतिशत कम होता था। शीला दीक्षित पहली प्रत्याशी थीं, जिनके लिए महिलाओं ने घर की दहलीज को लांघा और मतदान केंद्र तक जाकर वोट की चोट की। शायद यही वजह रही कि उनकी भारी मतों से जीत हुई और कन्नौज सीट से पहली महिला सांसद बनने का गौरव हासिल किया।

बात 1984 के लोकसभा चुनाव की है। कांग्रेस ने उन्नाव जनपद की रहने वालीं शीला दीक्षित को कन्नौज लोकसभा क्षेत्र से मैदान में उतार दिया। उन्होंने पुराने कांग्रेसी नेताओं से संपर्क किया और उनके घर जाकर महिलाओं से संवाद स्थापित किया। पहली बार किसी ने घर के अंदर दस्तक दी और महिलाओं की मन की बात सुनी। जल्द ही वह महिलाओं में लोकप्रिय हो गईं। वह जिस गांव में जातीं तो वहां महिलाओं से जरूर बात करतीं। वरना अब तक तो प्रत्याशी परिवार के मुखिया से ही वोट मांगकर दरवाजे से ही चले जाते थे। उन्होंने महिलाओं को साड़ी, चूड़ी, बिंदी बांटकर एक नई परंपरा का आगाज किया। हालांकि, उस समय चुनाव आयोग द्वारा किसी भी प्रकार का प्रतिबंध नहीं था। चूड़ी, साड़ी और बिंदी पर कांग्रेस का चुनाव-चिन्ह हाथ का पंजा छपा रहता था। इस चुनाव में महिलाओं का वोट प्रतिशत भी बढ़ा और शीला दीक्षित भारी मतों से जीतीं।

इनसेट—

कन्नौज में बहाई थी विकास की गंगा



शीला दीक्षित 1984 से 1989 तक सांसद रहीं। इस दौरान उन्होंने कन्नौज में विकास की गंगा बहाई। कन्नौज से हरदोई जाने के लिए महादेवी घाट पर पुल का निर्माण कराया तो इत्र उद्योग को तकनीकी रूप से विकसित करने के लिए केंद्र सरकार के सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) के अधीन सुरस एवं सुगंध विकास केंद्र (एफएफडीसी) की स्थापना कराई। जिले में लाख-बहोसी पक्षी विहार बनवाया तो कई ग्राम पंचायतों में सामुदायिक विकास केंद्रों का निर्माण अपनी सांसद निधि से कराया था।

> सांसद शीला दीक्षित असाधारण व्यक्तित्व की धनी थीं। जिले में महिलाओं का वोट प्रतिशत बढ़ाने में उनका अप्रतिम योगदान था और उन्होंने कांग्रेस संगठन को भी मजबूत किया था। भले ही कन्नौज जिला 1997 में घोषित किया गया हो, लेकिन उसके विकास की आधारशिला उन्होंने ही रखी थी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रहते हुए भी कभी कन्नौज और यहां के लोगों को विस्मृत नहीं किया था।
>
> **-संतोष चतुर्वेदी एडवोकेट, पूर्व विधायक (कांग्रेस)**

# गोंडा की सियासी पिच पर कभी विजेता नहीं रही बसपा

अरुण कुमार मिश्र



- 2024 के भंवर में फंसी बसपा को नहीं मिल रहे खेवनहार

**गोंडा, अमृत विचार :** कभी अपने चरम पर रही बसपा गोंडा संसदीय सीट को फतह नहीं कर सकी। बसपा अपने कैडर वोट के बलबूते दूसरे का खेल बिगाड़ती रही, लेकिन स्वयं के उम्मीदवार को जीत का सेहरा नहीं पहना सकी। एक बार बसपा उम्मीदवार दूसरे पायदान पर तो पहुंची, लेकिन अधिकांश बार उसका उम्मीदवार वह तीसरे व चौथे स्थान पर ही सिमट कर रह गया।

संसदीय इतिहास में गोंडा का सफरनामा बहुत ही रोचक रहा। कांग्रेस, बीएलडी, सपा, भाजपा को जीत का मौका मिला और गोंडा की रहनुमाई करने का अवसर भी लेकिन चार बार प्रदेश की मुख्यमंत्री रहीं मायावती की पार्टी का कोई भी उम्मीदवार जीत कर संसद की ड्योढ़ी तक नहीं पहुंच पाया, जबकि बसपा का वोट प्रतिशत काफी बेहतर रहा लेकिन कैडर वोट व कुछ मुस्लिम वोट के अतिरिक्त अन्य वोट बसपा को बहुत कम ही मिले। यही कारण है के 1999 में बसपा ने अयोध्या नरेश पांडेय को चुनाव लड़ाया लेकिन वह जीत नहीं सके। 2004 में बसपा ने अपना प्रत्याशी बदला और संतराम तिवारी को मैदान में उतारा लेकिन वह भी चुनाव में जीत नहीं पाए। 2004 में समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव जीतने वाले कीर्तिवर्धन सिंह बसपा में शामिल हो गए और 2009 में वह बसपा के टिकट पर चुनाव लड़े। कीर्तिवर्धन सिंह चुनाव तो नहीं जीते पर लेकिन दूसरे स्थान पर रहे।

इसके बाद वह 2014 में भाजपा में शामिल हो गए। 2014 में पार्टी ने बसपा के कद्दावर नेता रहे अकबर अहमद डंपी को चुनाव लड़ाया। अकबर अहमद डंपी चुनाव में तीसरे स्थान पर खिसक गए। इस चुनाव में कीर्तिवर्धन सिंह भाजपा से चुनाव जीत गए और सपा उम्मीदवार रहीं नंदिता शुक्ला दूसरे स्थान पर रहीं। अकबर अहमद डंपी को एक लाख से अधिक मत प्राप्त हुए थे। 2019 में गोंडा सीट सपा और बसपा के गठबंधन में हो गई और यहां से सपा के उम्मीदवार विनोद कुमार सिंह उर्फ पंडित सिंह मैदान में थे। लेकिन गठबंधन का भी लाभ नहीं मिला और गोंडा की सीट पर पुनः कीर्तिवर्धन सिंह चुनाव जीत गए।

2019 में बसपा ने गठबंधन के कारण अपना प्रत्याशी नहीं उतारा था लेकिन 2024 में भी बसपा ने अभी तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं। बसपा का एक मजबूत कैडर वोट आज भी है। लेकिन किसी उम्मीदवार के न होने से कैडर मतदाता उदास जरूर हैं। इतना ही नहीं गोंडा से अभी तक किसी ऐसे व्यक्ति का नाम भी चर्चा में नहीं आया जिसने अपनी दावेदारी प्रस्तुत की हो। इसलिए बसपा के वोटर भी खामोश हैं और पार्टी के नेता भी सक्रिय नहीं दिख रहे हैं। बसपा को अब पार्टी की मुखिया के निर्णय का इंतजार है। वह अपना प्रत्याशी उतारेगी या फिर अन्य दलों को वॉक आउट दे देगी।

### गठबंधन में भी सपा को ट्रांसफर नहीं हो पाया था कैडर वोट

राजनीति के जानकार एवं श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय के प्रोफेसर शैलेंद्र नाथ मिश्र कहते हैं कि बसपा एक कैडर पार्टी है। उसके मतदाता सपा, कांग्रेस में नहीं जाएंगे। कैडर वोट के भाजपा में जाने की अधिक उम्मीद है। वह कहते हैं कि कांग्रेस से ही टूट कर बसपा, सपा व अन्य दलों का उदय हुआ है।( भाजपा को छोड़कर)। बसपा ने अपने बूते पर पार्टी खड़ी की और कांशीराम से लेकर मायावती ने अपना एक कैडर बनाया। जब सवाल किया गया कि कांग्रेस, सपा भी दलित का मुद्दा उठाती है तो मिश्र ने कहा कि 2019 में बसपा व सपा का गठबंधन हुआ था। सपा का वोट बसपा को ट्रांसफर हुआ था लेकिन बसपा का वोट सपा में नहीं गया। अब बात अलग जाने की है तो केवल भाजपा है जिसके प्रति मायावती का नरम रुख है। यदि बसपा अपना प्रत्याशी खड़ा करती है तो कैडर वोट उनके साथ जाएगा अन्यथा भाजपा की ओर जा सकता है।

# ब्राह्मण चेहरे पर दांव लगा सकती है बसपा

विकास श्रीवास्तव, चित्रकूट

### रणनीति

- भाजपा और सपा ने घोषित कर दिए हैं उम्मीदवार
- सपा उम्मीदवार का टिकट बदलने के लग रहे कयास
- जिलाध्यक्ष बोले, जातिगत समीकरण का रखना पड़ता ध्यान





**अमृत विचार :** बुंदेलखंड में हार का सूखा खत्म करने के लिए बसपा नेतृत्व सधी हुई चाल चल रहा है। वैसे तो बांदा- चित्रकूट सीट पर सपा ने शिव शंकर सिंह पटेल और भाजपा ने आरके पटेल को उम्मीदवार बनाया है। सपा में उम्मीदवार बदले जाने के कयास लगाए जा रहे हैं। ऐसे में अब यह माना जा रहा है कि अगर भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी ने बांदा-चित्रकूट सीट

पर चेहरे नहीं बदले तो बहुजन समाज पार्टी का प्रत्याशी सवर्ण होगा। वह भी ब्राह्मण जाति से। इन सबके बीच भाजपा में भी बगावत के आसार लग रहे हैं। पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र सपा के सिंबल पर चुनाव लड़ने के कयास लगाए जा रहे हैं। भैरों प्रसाद मिश्र 2014 में भाजपा से सांसद बने थे। तब उनके सामने बसपा से आरके सिंह पटेल उम्मीदवार थे। बाद में आरके पटेल भाजपा में आए और मानिकपुर से विधायक बने। 2019 में आरके पटेल ने लोकसभा का चुनाव भाजपा से लड़ा और जीता था। टिकट कटने से भैरों प्रसाद मिश्र नाराज उसी समय हो गए थे, लेकिन उन्हें उम्मीद थी कि पार्टी इस बार टिकट देगी पर आरके पटेल को ही टिकट मिल गया।

ऐसे में अब चर्चा है कि भैरों प्रसाद सपा नेतृत्व के संपर्क में हैं और सपा शिव शंकर सिंह पटेल को हटाकर भैरों को टिकट दे सकती है। टिकट कटने की टीस भैरो प्रसाद को आज भी है और वे इस बात को स्वीकारते भी हैं। इस संबंध में जब उनसे सवाल किया गया तो उनका कहना था कि राजनीति में सभी विकल्प खुले रहते हैं। और सपा सबसे मजबूत विकल्प है। भैरों की बगावत चर्चाओं पर बसपा भी नजर रखे हुए है। भैरों अगर बागी होकर सपा के टिकट पर उतरते हैं तो बसपा अपनी रणनीति में पुनः बदलाव करेगी अन्यथा पार्टी किसी ब्राह्मण चेहरे पर दांव लगाने को तैयार बैठी है। भैरों प्रसाद एक बार बसपा के टिकट पर भी लोकसभा का चुनाव लड़ चुके हैं तब उन्हें लगभग 33 हजार वोट से हार का सामना करना पड़ा था।

बसपा जिलाध्यक्ष शिवबाबू एडवोकेट कहते हैं कि जिले में कोई भी राजनीतिक दल चाहे जो भी कहे पर अंततः वह जातिगत आधार पर टिकट वितरण करता है। जिले की राजनीति में जाति के दखल से कोई इन्कार नहीं कर सकता। उन्होंने बताया कि भाजपा और सपा ने अपने उम्मीदवार तय तो कर दिए हैं पर अभी भी ऊहापोह की स्थिति है। रोज नई बात सामने आती है।

इसी वजह से बसपा अपने प्रत्याशी सामने नहीं ला रही। हालांकि सब कुछ तय है। जब उनसे पूछा गया कि किस किस नेता ने प्रत्याशिता की है, शिवबाबू बोले, बसपा में अन्य दलों से ज्यादा अनुशासन है। ऐसे में वह नाम नहीं बता सकते। बोले, हां इतना जरूर है कि सपा और भाजपा के प्रत्याशियों के नामों में बदलाव न हुआ तो हम ब्राह्मण प्रत्याशी उतारेंगे। उन्होंने कहा कि बांदा-चित्रकूट सीट के लिए कुल पांच प्रत्याशियों के नाम आलाकमान के पास भेजे गए हैं। इनमें बांदा और चित्रकूट से दो-दो नाम ब्राह्मण समाज के और बांदा से ही एक नाम कुशवाहा समाज का है। बड़ी बड़ी बातें चाहे जो कोई करे पर सभी पार्टियां जातीय समीकरण देखकर ही अपना प्रत्याशी तय करती हैं

# रंगई, अंशू और श्याम समेत सात लोग ब्रेल लिपि बैलेट से डालेंगे वोट



रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

**जिले में 21 हजार से अधिक हैं विभिन्न श्रेणियों के दिव्यांग मतदाता**

### लोकसभा चुनाव

- देहरादून से लाई जाएगी ब्रेल लिपि बैलेट शीट
- ब्रेल लिपि का ज्ञान रखने वाले सात मतदाता किए गए चिह्नित

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में इस बार सात मतदाता ऐसे हैं जो ब्रेल लिपि बैलेट से अपने सांसद का चुनाव करेंगे। यह मतदाता पूरी तरह से दृष्टिबाधित हैं। वैसे दृष्टिबाधित मतदाताओं की संख्या 3 हजार 936 है लेकिन इनमें से सात वह मतदाता हैं जो ब्रेल लिपि की मदद से पढ़-लिख सकते हैं। ऐसे में इनसे वोट डलवाने के लिए उत्तराखंड के देहरादून स्थित राजकीय प्रेस से ब्रेल लिपि बैलेट शीट मंगवाई जाएगी। पीठासीन अधिकारियों का बाकायदा इसका प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। वहीं शेष दृष्टिबाधित मतदाताओं को उनके परिवार के किसी एक सदस्य के साथ सहायक के रूप में लेकर जाकर वोट डाला जाएगा। हालांकि इसके लिए भी बूथ पर एक फार्म भरवाया जाएगा।

भारत निर्वाचन आयोग की मंशा है कि लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदान हो। इसके लिए बूथों पर मतदाताओं को तरह की सुविधाएं दी जा रही हैं। लेकिन आयोग की व्यवस्थाओं के बाद भी बड़ी तादाद में दिव्यांग मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं कर पाते हैं, खासकर, दृष्टिबाधित मतदाता। लिहाजा, निर्वाचन आयोग ने दृष्टिबाधित मतदाताओं की सुविधा के लिहाज से बूथों में ब्रेल लिपि बैलेटशीट का इंतजाम किया जा रहा है। इस बैलेट शीट में दलों के चुनाव चिह्न, प्रत्याशी का नाम आदि की पूरी जानकारी होगी। इसके बाद दृष्टिबाधित मतदाता आसानी प्रत्याशी एवं उसके चुनाव चिह्न की पहचान कर मत देंगे। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप जिले में ऐसे सात दृष्टिबाधित मतदाता चिह्नित किये गये हैं, इनमें कुर्सी विधानसभा क्षेत्र के श्यामजी पुत्र कीढ़ी लाल, रामनगर के धनन्जय पुत्र विजय कुमार व नितेश पुत्र रामनरेश, बाराबंकी क्षेत्र से छोटेलाल पुत्र शिवराज व अंशू पुत्र रामानंद, जैदपुर क्षेत्र से मनोज पुत्र श्रीपाल और हैदरगढ़ विधानसभा क्षेत्र से रंगई लाल पुत्र जगप्रसाद शामिल हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि जिले में करीब 21 हजार से अधिक दिव्यांग मतदाता हैं। इनमें से सात ऐसे दृष्टिबाधित मतदाताओं को चिह्नित किया गया है। जो ब्रेल लिपि से पढ़ने- लिखने का ज्ञात रखते हैं। इनके लिए ब्रेललिपि बैलेट शीट मंगवाई जाएगी, जिस पर दृष्टिबाधित मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे।

### पुरुष और महिला दिव्यांग मतदाताओं की संख्या

| विधानसभा क्षेत्र | पुरुष | महिला | कुल |
|---|---|---|---|
| 266 कुर्सी | 2487 | 1205 | 3642 |
| 267 रामनगर | 2251 | 1359 | 3610 |
| 268 बाराबंकी | 2178 | 1022 | 3200 |
| 269 जैदपुर | 2460 | 109 | 3559 |
| 270 दरियाबाद | 2942 | 1533 | 4475 |
| 272 हैदरगढ़ | 2005 | 1101 | 3106 |
| **कुल दिव्यांग वोटर** | **14323** | **7318** | **21642** |

नोट : जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराए गए दिव्यांगों के इन आंकड़ों में दृष्टिबाधित, हाथ व पैर से दिव्यांग, बोलने व सुनने में अक्षम के साथ मानसिक मंदित आदि श्रेणी के मतदाता शामिल हैं। इनमें केवल दृष्टिबाधितों की कुल संख्या 3936 हैं। इनमें से सात दृष्टिहीन वोटर ब्रेल लिपि का ज्ञान रखते हैं।

### क्या होती है ब्रेल लिपि



विश्व में ब्रेल लिपि को नेत्रहीनों को पढ़ने और लिखने के व्यवहार में लाया जाता है। इस पद्धति का आविष्कार 1821 में एक नेत्रहीन फ्रांसीसी लेखक लुई ब्रेल ने किया था। यह अलग-अलग अक्षरों, संख्याओं और विराम चिन्हों को दर्शाते हैं। किसी टाइपराइटर की तरह ही ब्रेल लिपि को भी एक मशीन जिसे 'ब्रेलराइटर' कहते हैं , के माध्यम से लिखा जा सकता है।

## एनडीए में शामिल हो सकतीं हैं पल्लवी पटेल

**अमृत विचार, राज्य ब्यूरो :** इंडिया गठबंधन को प्रदेश में बड़ा झटका लग सकता है। सपा के अखिलेश यादव द्वारा 2024 के लोकसभा चुनाव में गठबंधन न होने की घोषणा के बाद, अपना दल कमेरावादी की पल्लवी पटेल ने एनडीए के पाले में जाने के कयासों को हवा दे दी है। राजधानी में अपना दल कमेरावादी की पल्लवी पटेल ने शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि अगर एनडीए से ऑफर आया तो हम विचार करेंगे। क्योंकि हमे राजनीति करनी है, भविष्य को लेकर निर्णय करेंगे। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन अंतर्गत तीन सीटों पर प्रत्याशी उतारने का एलान किया था। जिसके लिए गठबंधन के नेताओं से पूर्व में चर्चा भी चुकी थी। बावजूद सपा प्रमुख ने गठबंधन खत्म होने की बात कही है उसका स्वागत है। इसके बाद इंडिया गठबंधन की कांग्रेस को निर्णय करना है, अपना दल कमेरावादी इंडिया गठबंधन का हिस्सा रहेगा या नहीं।

## भाजपा की चौथी सूची में तमिलनाडु व पुडुचेरी के उम्मीदवार घोषित

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लोकसभा चुनावों के लिए शुक्रवार को 16 उम्मीदवारों की चौथी सूची जारी कर दी। इसमें तमिलनाडु के 15 और पुडुचेरी के उम्मीदवार का नाम शामिल है। पार्टी की ओर से जारी इस सूची के मुताबिक चेन्नई उत्तर से आर सी पॉल कनगराज, तिरूवल्लूर से पॉन वी बालागणपति, तिरवन्नमलाई से ए अश्वथामन, नामक्कल से के पी रामलिंगम, त्रिपुर से ए पी मुरुगनांदम, पोलाची से के वसंतराजन, करूर से वी वी सेंथिलनाथन, चिदंबरम से श्रीमती पी कार्तियायनी, नागपत्तिनम से एस जी रमेश,तंजावुर से एम मुरुगानंदम, शिवगंगा से देवनाथन यादव, मदुरै से राम श्रीनिवासन, विरूद्धनगर से राधिका शरतकुमार और टेनकासी से बी जॉन पांडियान को उम्मीदवार बनाया गया है। पुडुचेरी की एकमात्र लोकसभा सीट से भाजपा ने ए नमाशिवायम को पार्टी ने टिकट दिया है।



इससे पहले गुरुवार को भाजपा ने पूर्व राज्यपाल तिमिलसाई सौन्दर्यराजन, पार्टी की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई और केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन सहित राज्य से नौ उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की थी। इस प्रकार तमिलनाडु के लिए भाजपा ने अब तक 24 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। राज्य की 39 लोकसभा सीटों पर पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा। भाजपा ने दो मार्च को 195 लोकसभा सीट के लिए अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की थी। इसके बाद, भाजपा ने 13 मार्च को 72 उम्मीदवारों की दूसरी सूची और 21 मार्च को नौ उम्मीदवारों की सूची जारी की थी।

## दिग्गजों की सियासत दांव पर, टिकट से बचेगी साख

- निकाय चुनाव के दौरान भाजपा में शामिल हुए थे पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा
- भाजपा के पूर्व विधायक किशनलाल का तय होगा सियासी सफर
- नैनीताल-बहेड़ी से सांसद रहे बलराज पासी ने भी बढ़ाई है सक्रियता
- पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू के सामने बड़ी चुनौती

वैभव शुक्ला, पीलीभीत

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर तराई की सियासत इन दिनों दिग्गजों की धड़कनें बढ़ा रही है। पीलीभीत-बहेड़ी लोकसभा सीट पर टिकट को लेकर भाजपा हो या फिर विपक्षी समाजवादी पार्टी। दोनों में ही प्रत्याशी तय करने में गहन मंथन हो रहा है। भाजपा सांसद मेनका गांधी और वरुण गांधी की इस हाई प्रोफाइल इस सीट पर सभी की नजर है। ऐसे कई दावेदार हैं जिनका सियासी सफर दांव पर लगा है। कोई दिल्ली में डेरा डाले है तो कोई अन्य विकल्प तलाशने में जुट गया है।

पीलीभीत-बहेड़ी लोकसभा सीट पर सर्वाधिक दावेदार भारतीय जनता पार्टी में हैं। इनमें से कई ऐसे हैं, जिन्होंने नगर निकाय चुनाव 2023 संपन्न होने के साथ ही अपनी तैयारी शुरू कर दी थी। समाजवादी पार्टी की सरकार में खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री रहे हेमराज वर्मा भाजपा भी टिकट के प्रबल दावेदारों में हैं। उन्होंने 2007 में बसपा से सदर विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ा, लेकिन जीत नहीं सके। 2012 में सपा के टिकट पर बरखेड़ा विधानसभा सीट से जीते। इसके बाद उन्हें राज्यमंत्री भी बनाया गया। 2017 और 2022 का विधानसभा चुनाव सपा से ही बरखेड़ा सीट से लड़ा, लेकिन दोनों में हार मिली। 2019 में लोकसभा चुनाव समाजवादी पार्टी के टिकट पर लड़ा। उस वक्त 4,48,922 वोट मिले थे। भाजपा के वरुण गांधी ने जीत दर्ज की थी। हाजी रियाज अहमद के निधन के बाद तराई क्षेत्र में सपा के मजबूत लीडरों में उन्हीं की गिनती थी। मगर अब वह भाजपाई हैं और टिकट की दावेदारी कर रहे हैं।

दूसरा नाम है किशनलाल राजपूत का। वह 2017 में भाजपा से बरखेड़ा सीट से विधायक बने। 2022 उनकी जगह स्वामी प्रवक्तानंद को भाजपा ने टिकट दे दिया। अब वह लोकसभा चुनाव में भाजपा से टिकट की मांग कर रहे हैं। उत्तराखंड के पूर्व सांसद बलराज पासी ने भी पीलीभीत -बहेड़ी लोकसभा सीट पर दावेदारी की है। वह नैनीताल सीट से 1991-96 तक सांसद रहे थे। वर्तमान में वह राज्य बीज एवं जैविक उत्पाद प्रमाणीकरण संस्था उत्तराखंड के अध्यक्ष हैं। वह अपनी सियासत को रफ्तार देने के लिए करीब एक साल से जनपद में सक्रिय हैं। भाजपा के ही पूर्व जिलाध्यक्ष एवं पीसीयू के सभापति सुरेश गंगवार भी दावेदार हैं।


हेमराज वर्मा


किशनलाल राजपूत


फूलबाबू

### ... जा सकते हैं सपा में

भाजपा से टिकट पाने के लिए दावेदारों की लंबी फेहरिस्त पर विपक्षी दलों की भी नजर है ।एक दावेदार के बारे में चर्चा है कि वह सपा आलाकमान के भी सपर्क में हैं।भाजपा से टिकट नहीं मिला तो साइकिल की सवारी कर सकते हैं।

### लगातार तीन चुनाव हारे फूलबाबू का सियासी कद तय होगा

इसी तरह से सपा से टिकट की दौड़ में पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार समेत कई चेहरे हैं।जिनके सियासी सफर का भविष्य लोकसभा चुनाव में तय होगा।बसपा से टिकट पाने में कामयाब हुए पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां फूलबाबू भी सियासी तलवार की धार पर खड़े हैं ।वह बीसलपुर विधानसभा सीट पर 1996, 2002, 2007 में हुए तीनों चुनाव में लगातार विधायक बने।मगर इसके बाद 2012, 2017, 2022 के चुनाव में हार की हैट्रिक भी बनाई।इसके अलावा तीन बार लोकसभा चुनाव में किस्मत आजमा चुके हैं। ऐसे में टिकट मिलने के बाद उनकी चुनौती और बढ़ गई है।

### चुनाव कमाल का...

- 1998 देश में 12वें लोकसभा चुनाव का गवाह बना। इस चुनाव में भाजपा को 182 सीटें मिली, जबकि कांग्रेस के खाते में 141 सीटें आईं। सीपीएम ने 32 सीटें जीती और सीपाआई के खाते में सिर्फ नौ सीटें आई। समता पार्टी को 12, जनता दल को 6 और बसपा को 5 लोकसभा सीटें मिली। क्षेत्रीय पार्टियों ने 150 लोकसभा सीटें जीतीं।
- 1998 में भाजपा ने शिवसेना, अकाली दल, समता पार्टी, एआईएडीएमके और बिजू जनता दल के सहयोग से सरकार बनाई और अटल बिहार वाजपेयी फिर से प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठे, लेकिन इस बार अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार 13 महीने में ही गिर गई।
- 1999 के आम चुनाव में कांग्रेस और सिमटी। इस चुनाव में विदेशी सोनिया बनाम स्वदेशी वाजपेयी का माहौल बनाया गया। भाजपा को सबसे ज्यादा 182 सीटें मिली और वाजपेयी केंद्र में सरकार बनाने में कामयाब रहे, जबकि कांग्रेस के खाते में सिर्फ 114 सीटें आई थीं। सीपीआई ने चुनाव में 33 सीटें जीतीं।
- 1999 में यह पहली बार था जब अटल बिहारी वाजपेयी की अगुवाई में केंद्र में किसी गैर-कांग्रेसी सरकार ने पांच साल का कार्यकाल पूरा किया।
- 2004 के 14वें लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का 'इंडिया शाइनिंग' का नारा असफल रहा और कांग्रेस सत्ता में लौटी। इस चुनाव में कांग्रेस को 145 सीटें मिलीं। जबकि भाजपा के खाते में 138 सीटें आई। सीपीएम के खाते में 43 सीटें गईं और सीपीआई 10 सीटें जीतने में कामयाब रही।

### चुनावी तीर



राजनीति का स्तर इस तरह से गिराना न तो प्रधानमंत्री को शोभा देता है और न ही उनकी सरकार को। सभी राजनीतिक दलों और उनके नेताओं पर दबाव बनाने के लिए ईडी, सीबीआई, आयकर विभाग जैसी केंद्रीय एजेंसियों का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। केजरीवाल को निशाना बनाया जा रहा है और यह असंवैधानिक है। ऐसी शर्मनाक घटना इतिहास में पहली बार देखी जा रही है।

**- प्रियंका गांधी वाड्रा,** राष्ट्रीय महासचिव, कांग्रेस



कांग्रेस को चुनाव लड़ने से रोकने के लिए भाजपा जिस तरह से परेशान कर रही है यह लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। यह निंदनीय है। भाजपा की मानसिकता मनुवादी है। भाजपा चाहती है कि असमानता कायम रहे, जाति व्यवस्था और मजबूत हो, बेरोजगारी बढ़नी चाहिए, किसानों की समस्याएं हल नहीं होनी चाहिए। विपक्षी दलों के बैंक खाते फ्रीज कर दिए गए हैं ताकि चुनाव लड़ने के लिए पैसा न रहे।

**- सिद्धरमैया,** मुख्यमंत्री, कर्नाटक

## भाजपा के 30 स्टार प्रचारक करेंगे 300 से ज्यादा रैली

- प्रधानमंत्री समेत केंद्रीय नेतृत्व व मुख्यमंत्री की सभाओं पर ज्यादा फोकस, प्रचारकों में सिर्फ हेमा फिल्मी स्टार
- राज्य में रैलियों से लेकर धुआंधार प्रचार की जिम्मेदारी तय, भाजपा की 'त्रिमूर्ति' संभालेगी चुनाव की बागडोर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** भाजपा ने प्रदेश में सभी 80 सीटों पर जीत के लिए तीन सौ रैलियां करने की योजना बनाई है। रैलियों से लेकर धुआंधार प्रचार किस स्टार प्रचारक का कब और कहां होगा, इसका रुटचार्ट और प्रबंधन की जिम्मेदारी भाजपा की 'त्रिमूर्ति'' संभालेगी। अलग-अलग मोर्चों पर नेताओं की जिम्मेदारी तय की गई है।

भाजपा की राज्य चुनाव संचालन समिति की प्रदेश मुख्यालय में शुक्रवार को हुई बैठक में तीन अलग-अलग मंत्रियों को इसकी कमान सौंपी गई है। रैलियों के दौरान किसकी जिम्मेदारी रहेगी, कौन अतिरिक्त जिम्मेदारी संभालेगा, इसके साथ चुनाव प्रबंधन किसके हाथ में रहेगा, इसको लेकर कार्य बांटे गए। इसके अनुसार जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह के पास चुनावी रैलियों की जिम्मेदारी होगी, तो कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद व्यवस्था पर नजर रखेंगे, जबकि जेपीएस राठौर बाकी चुनाव प्रबंधन को देखेंगे। संचालन समिति की देखरेख में भाजपा 300 से ज्यादा चुनावी रैलियां करेगी।

राज्य चुनाव संचालन समिति ने प्रदेश में 30 स्टार प्रचारकों के कार्यक्रम तय करने का कार्य भी लगभग पूरा कर लिया है। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी व धर्मेंद्र प्रधान शामिल हैं।

प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक समेत मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के अलावा मुख्तार अब्बास नकवी, स्मृति ईरानी, डॉ दिनेश शर्मा, संजीव बाल्यान, जसवंत सैनी, हेमा मालिनी, अशोक कटारिया, सुरेंद्र नागर, जनरल वीके सिंह, बीएल वर्मा, राजवीर सिंह 'राजू भईया', एसपी सिंह बघेल, साध्वी निरंजना ज्योति, कांता कदम, रजनीकांत माहेश्वरी, मोहित बेनीवाल, धर्मेंद्र कश्यप, जेपीएस राठौर, भोला सिंह शामिल हैं।



### होली बाद गाढ़ा होगा मोदी-योगी व जयंत की रैली का रंग



प्रदेश में भाजपा समेत सभी राजनीतिक दलों का चुनावी रंग होली के बाद देखने लायक होगा। सबसे पहले रैलियों की शुरूआत पश्चिमी उप्र. के जाटलैंड से होगी। पहले चरण में सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद,रामपुर और पीलीभीत में कड़ा मुकाबला है। यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सबसे ज्यादा मांग है। संगठन इसे अनसुना भी नहीं कर रहा है। बीते विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के किसान बिल को लेकर इन इलाकों में जबरदस्त आक्रोश था, तब योगी ने ही कमान संभाली और विरोध में लोकदल और सपा के गठबंधन के बावजूद रिकार्ड सीटों पर विजय मिली। इस बार माहौल बेहतर है, चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने और लोकदल से गठबंधन के कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की मांग भी खूब हो रही है। रालोद प्रमुख जयंत चौधरी की टीम भाजपा के साथ कहीं सयुंक्त तो कहीं अकेले रैली व रोड शो करेगी।

### राहुल-अखिलेश संभालेंगे इंडिया का मोर्चा

इंडिया गठबंधन से राहुल गांधी और सपा मुखिया अखिलेश यादव और शिवपाल यादव मुख्य कमान संभालेंगे। बसपा प्रमुख मायावती भी कुछ सीटों पर प्रचार करने जा सकती है। कांग्रेस की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, प्रियंका गांधी समेत आईएनडीआईए गठबंधन के कई नेताओं की चुनावी रैलियां होंगी।



## बसपा की सोशल इंजीनियरिंग विपक्ष के लिए बन रही चुनौती

चुनाव डेस्क ,लखनऊ

**अमृत विचार।** साल 2006 में सोशल इंजीनियरिंग का फार्मूले से प्रदेश में पूर्ण बहुमत की बसपा सरकार बनाने वाली मायावती की चुप्पी से राजनैतिक दलों में बेचैनी बनी हुई है। यह बेचैनी बसपा द्वारा अब तक प्रत्याशियों की अधिकारिक सूची न घोषित होने से बनी हुई है। एनडीए और इंडिया गठबंधन की राजनीति में बसपा के प्रत्याशियों की ट्रंप का इक्का सरीखे स्थिति बन गई है, माना जा रहा है कि बसपा के प्रत्याशी तीसरा मोर्चा भले ही न बन सकें, मगर स्थानीय स्तर पर मतों की बड़ी सेंधमारी कर संभावित परिणाम प्रभावित कर सकते हैं।

लोकसभा चुनाव का आगाज हो चुका है, देश में सबसे ज्यादा लोकसभा सीटों वाले उत्तर प्रदेश में भाजपा व सपा ने अधिकांश सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं, शेष सीटों पर होली बाद घोषित किये जाने की बात कही जा रही है। मगर, बसपा साइलेंट मोड में बनी हुई है, लोकसभा चुनाव को लेकर मायावती की चुप्पी के सियासी गलियारों में तरह- तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। अबतक घोषित हो चुके प्रत्याशियों को देखते हुए सोशल इंजीनियरिंग का दोबारा फार्मूला दोहराने की चर्चाएं शुरू हो गईं हैं। अकबरपुर, रनिया, उन्नाव, आयोध्या, धरोहरा व पश्चिम उप्र. में आधा दर्जन ब्राम्हण प्रत्याशियों से जहां एनडीए गठबंधन (भाजपा) के प्रत्याशियों के लिए कठिनाई पैदा हो चुकी है वहीं दलित और मुस्लिम प्रत्याशियों के घोषित होने से इंडिया गठबंधन(सपा) के प्रत्याशियों की धड़कने बढ़ रहीं हैं।

### सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय में बसपा अव्वल

बसपा के एमएलसी व लखनऊ मंडल प्रभारी भीमराव आंबेडकर का कहना है कि कोई भाजपा की बी टीम कहता है तो कोई इंडिया गठबंधन का हितैषी होने का प्रमाण देता है। मगर वास्तव मे सर्व समाज को प्रतिनिधित्व देने का पहली बार मायावती ने काम किया था। साल 2006 में सबसे ज्यादा ब्राम्हण विधायक, मुस्लिम व दलित विधायकों के साथ सरकार बनाई गई थी। जिसे जनता आज भी दोहराना चाह रही हैं। फिलहाल, बसपा द्वारा प्रदेश के 18 मंडलों में सात सवर्ण( पांच ब्राम्हण), पांच मुस्लिम, तीन दलित, एक जाट व दो ओबीसी प्रभारी बनाए गए हैं। स्पष्ट है कि बसपा का प्रत्याशी जनता से जुड़ा होगा।

### विपक्ष को झटका देने को दिया पल्लवी को प्रस्ताव

सपा के साथ अपना दल कमेरावादी के समझौता तोड़ने की शुक्रवार को घोषणा होते ही, बसपा द्वारा अपना दल की पल्लवी पटेल को समर्थन का आश्वासन और हाथी चुनाव चिन्ह पर प्रत्याशी उतारने का ऑफर देने की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। हालांकि पार्टी के भीम राव आंबेडकर ने चर्चाओं की पुष्टि नहीं की है। उनका कहना है कि ऑफर देने का विषय बसपा सुप्रीमो के स्तर का है, अभी तक किसी प्रकार की अधिकारिक जानकारी पार्टी की ओर से नही दी गई है। मालूम हो कि अपना दल की कृष्णा पटेल ने गुरुवार को इंडिया गठबंधन के तहत प्रयागराज की फूलपुर, मिर्जापुर व कौशांबी सीट पर प्रत्याशी उतारने का एलान कर दिया था। जिसके बाद सपा के अखिलेश यादव ने 2024 में गठबंधन की बात से इंकार कर दिया था।

## रामपुर लोकसभा सीट का सीतापुर जेल कनेक्शन, बदल सकता है समीकरण

- सपा-कांग्रेस गठबंधन से नेताओं का बदला सियासी मिजाज
- मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र होने का लाभ लेते रहे हैं पूर्व मंत्री आजम खां

सुहेल जैदी, रामपुर


पूर्व सांसद बेगम नूरबानो


पूर्व मंत्री आजम खां


घनश्याम सिंह लोधी

**अमृत विचार :** रामपुर लोकसभा सीट का सीतापुर जेल कनेक्शन रामपुर के सियासी समीकरण बदलने की ताकत रखता है। क्योंकि, सपा-कांग्रेस गठबंधन होने के बाद से नेताओं का सियासी मिजाज बदल गया है। शोला बयां मोहम्मद आजम खां रामपुर के मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र होने का लाभ लेते रहे हैं। हालांकि, भाजपा हाईकमान ने लोकसभा उप चुनाव 2023 में जीते घनश्याम सिंह लोधी को सबसे पहले टिकट देकर अपने पत्ते खोल दिए हैं। आजादी के बाद वर्ष 1952 में हुआ पहला लोकसभा चुनाव देश के पहले शिक्षा मंत्री अबुल कलाम आजाद ने लड़ा था। इसके बाद रामपुर लोकसभा सीट को लेकर चर्चाओं में रहता है।


नूरमहल कभी कांग्रेस की धुरी हुआ करता था। लेकिन, समय के साथ बदलाव आता गया और सियासी बिसात के राजनैतिक मोहरे आजम खां के साथ होते गए। कभी रामपुर का चुनाव इस तर्ज पर होता था बड़ा वोट मिक्की मियां (लोकसभा) और छोटा वोट आजम खां (विधानसभा) को जाता था। लेकिन, पूर्व सांसद बेगम नूरबानो ने वर्ष 1996 में लोकसभा चुनाव अपने दमखम पर लड़ा और भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र शर्मा को करारी शिकस्त देते हुए यह सीट छीनकर कांग्रेस की झोली में डाल दी। लेकिन,वर्ष 1998 में पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने रामपुर लोकसभा जीत ली और बेगम नूरबानों को करीब साढ़े हजार वोटों से शिकस्त दे दी। इसके बाद वर्ष 1999 में हुए लोकसभा चुनाव में बेगम नूरबानो ने एक बार फिर जीत दर्ज की। वर्ष 2004 में सपा की साइकिल पर सवार होकर फिल्म अभिनेत्री रामपुर आईं और लोकसभा चुनाव जीतकर संसद पहुंच गईं। लेकिन, वर्ष 2014 में हुए चुनाव में मुरादाबाद के डॉ. नेपाल सिंह ने भाजपा के टिकट पर जीत दर्ज कर ली। इसके बाद वर्ष 2019 में पूर्व मंत्री आजम खां ने लोकसभा चुनाव जीतकर संसद का रुख किया। वर्ष 2022 में आजम खां द्वारा लोकसभा सीट से त्याग पत्र देने के बाद हुए लोकसभा उपचुनाव में भाजपा के प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी ने आसानी से चुनाव जीत लिया। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के टिकट के लिए कई दावेदार थे लेकिन, पार्टी हाईकमान ने घनश्याम सिंह लोधी पर ही दांव लगाया है। जबकि, सपा के जिलाध्यक्ष अजय सागर का कहना है कि लोकसभा टिकट मामले में अंतिम निर्णय पूर्व मंत्री आजम खां को लेना है। पूर्व सांसद बेगम नूरबानो भी वर्ष 2024 का चुनाव लड़ने की पूरी तैयारी में थीं और उन्होंने ऐलान कर दिया था कि वह चुनाव लड़ेंगी। नूरमहल को करीब 20 से 25 प्रतिशत हिन्दू वोट के अलावा दलित और सिखों को वोट मिलता है। आजम खां पुरानी रवायत को बरकरार रखते हुए बेगम नूरबानो को गठबंधन प्रत्याशी बनाते हैं तो रामपुर का चुनाव काफी दिलचस्प हो सकता है। हालांकि, यह मुश्किल है क्योंकि आजम खां का नवाबों से पंगा किसी से छिपा नहीं है। लेकिन, राजनीति में सबकुछ संभव है। कांग्रेस हाईकमान यदि गठबंधन में रामपुर सीट पर बेगम नूरबानो को चुनाव लड़ाती है तब भाजपा प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी की राह मुश्किल हो सकती है।

## अखिलेश की 'प्रेशर-पॉलिटिक्स' में बिखरे सहयोगी

- गठबंधन से पहले प्रत्याशी घोषित कर कांग्रेस पर बनाया था दबाव
- सहयोगी दलों को रोकने में भी आजमा रहे यही दांव, गुटबंदी हो रही हावी

अजय दयाल, लखनऊ

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में सत्तासीन दल भारतीय जनता पार्टी को ललकारने की तैयारी कर रही समाजवादी पार्टी अपनों को ही साथ लेकर चलने के संघर्ष में हलकान है। मुख्य विपक्षी होने के नाते समाजवादी पार्टी पर भाजपा की विचारधारा के साथ न चलने वाले 'वोटबैंक' की नजर तो है लेकिन एक के बाद एक सहयोगी दलों के बिखराव से संदेश साकारात्मक नहीं जा रहा। हकीकत तो यह है कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव की 'प्रेशर-पॉलिटिक्स' के चक्कर में सहयोगी नहीं फंस रहे।



### अभी बदल भी सकते हैं टिकट

सूत्र बता रहे हैं कि सपा में टिकटों के बंटवारे पर अभी आम सहमति नहीं है। संभावना है कि अखिलेश टिकटों में अभी और बदलाव कर सकते हैं। ताजा बदलाव सपा प्रमुख ने दिल्ली से सटी गाजियाबाद सीट पर महेंद्र नागर की जगह राहुल अवाना को अपना उम्मीदवार बना दिया। वहीं इससे पहले भी बदायूं सीट से अखिलेश यादव के चचेरे भाई धर्मेंद्र यादव को टिकट मिला था लेकिन फिर उनका टिकट काटकर चाचा शिवपाल को टिकट दिया गया। फिर बदलाव के संकेत मिल रहे हैं।

### भाजपा को जिताने के लिहाज से टिकट दे रही सपा

जनवादी पार्टी सोशलिस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय चौहान ने शुक्रवार को लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में सपा को भाजपा की बी टीम बताते हुआ कहा कि सब सीट पर टिकट भाजपा को ही जिताने के लिहाज से बांटे जा रहे हैं। संजय सिंह चौहान इस बार घोसी से लोकसभा का चुनाव अपने सिंबल पर लड़ेंगे। संजय का आरोप है कि वह घोसी से ही सपा के सिंबल पर चुनाव लड़ना चाहते थे, अखिलेश यादव उनको आश्वासन भी देते रहे लेकिन टिकट देने के समय उन्होंने राजीव राय को टिकट दे दिया। वहीं शुक्रवार को सपा से टिकट मिलने की उम्मीद न पूरी होने के बाद आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद ने भी नगीना से पर्चा भर दिया है।

हाल-फिलहाल की बात की जाए तो गठबंधन को लेकर कांग्रेस के ठंडे रवैये के मद्देनजर अखिलेश ने सीटों पर समझौता होने का इंतजार किए बगैर ही पार्टी प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी थी। इस सूची में 16 नाम थे और इससे पहले अखिलेश ने कांग्रेस को 11 सीटें देने की पेशकश भी की थी। हालांकि कांग्रेस के खाते में आईं 17 सीटों पर भी अभी तक उम्मीदवार नहीं उतारे हैं। इस बीच सपा निरन्तर प्रत्याशी घोषित कर कांग्रेस में तेजी लाने को उकसा रही है। उधर, सपा और कांग्रेस के बीच गठबंधन हो जाने के बावजूद तालमेल नजर नहीं आ रहा और इधर सपा भी अपने सहयोगियों को कांग्रेस के चक्कर में नजरंदाज कर रही। ऐसे में सहयोगी बिखर रहे हैं। शुक्रवार को ही इस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय चौहान ने घोषणा की कि वह अपने बूते उप्र की 27 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। देखा जाए तो उप्र. विस. चुनाव 2022 के बाद यह पांचवीं पार्टी है, जिससे अखिलेश का नाता टूटा है। इससे पहले महान दल, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी और राष्ट्रीय लोक दल, अपना दल कमेरावादी के साथ गठबंधन टूट चुका है।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 72,831.94 | 22,096.75 |
| बढ़त | 190.75 | 84.80 |
| प्रतिशत में | 0.26 | 0.39 |

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1015 फ्लैग 1120 डीएमओ 895 बोल्ड 1185, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1130 बोल्ड 1180 डीएमओ 900।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

# 2025 में भारत का परिदृश्य सकारात्मक होगा

## वित्त मंत्रालय ने निजी निवेश में बढ़ोतरी के चलते आर्थिक समीक्षा में जताई उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी





वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि निजी निवेश में बढ़ोतरी और मुद्रास्फीति में गिरावट के साथ अगले वित्त वर्ष 2025 के लिए भारत का परिदृश्य सकारात्मक दिख रहा है। वित्त मंत्रालय की मासिक आर्थिक समीक्षा में यह भी कहा गया कि जनवरी, 2025 से ब्लूमबर्ग बॉन्ड सूचकांक में भारतीय सरकारी बॉन्ड को शामिल करने से विदेशी पूंजी प्रवाह को बढ़ावा मिलेगा। इसमें कहा गया कि खपत में लगातार बढ़ोतरी के बीच मजबूत निवेश गतिविधि वृद्धि को गति दे रही है।

आर्थिक मामलों के विभाग की तरफ से जारी समीक्षा के फरवरी संस्करण में कहा गया कि सार्वजनिक निवेश पर लगातार ध्यान देने से निजी निवेश में बढ़ोतरी हो रही है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि अनुमान को 7.3 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.6 प्रतिशत कर दिया है। भारत ने लगातार तीन तिमाहियों में आठ प्रतिशत से ऊपर की वृद्धि हासिल की है।

मंत्रालय ने कहा कि विभिन्न एजेंसियों ने वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की आर्थिक वृद्धि आठ प्रतिशत के करीब रहने की बात कही है। समीक्षा में कहा गया कि कुल मिलाकर, भारत को वित्त वर्ष 2024-25 की शुरुआत सकारात्मक रहने की उम्मीद है। इसमें कहा गया कि टियर-2 और टियर-3 शहरों में आवासीय संपत्तियों की बढ़ती मांग निर्माण गतिविधियों के लिए अच्छा संकेत है।

### आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल ने वर्ष 2024-25 के लिए बजट को दी मंजूरी




**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के केंद्रीय निदेशक मंडल ने शुक्रवार को वैश्विक वित्तीय बाजार की अस्थिरता से उत्पन्न चुनौतियों सहित घरेलू आर्थिक स्थिति और परिदृश्य की समीक्षा की। केंद्रीय बैंक ने एक बयान में कहा कि निदेशक मंडल ने लेखा वर्ष 2024-25 के लिए बजट को भी मंजूरी दी। आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल की 607वीं बैठक गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में नागपुर में संपन्न हुई। आरबीआई ने कहा-निदेशक मंडल ने भू-राजनीतिक विकास और वैश्विक वित्तीय बाजार की अस्थिरता से उत्पन्न चुनौतियों सहित वैश्विक और घरेलू आर्थिक स्थिति और परिदृश्य की समीक्षा की। इसके अलावा, निदेशक मंडल ने आरबीआई की गतिविधियों पर भी चर्चा की। इनमें चालू लेखा वर्ष 2023-24 के दौरान डिजिटल भुगतान, उपभोक्ता शिक्षा और जागरूकता में हुई प्रगति शामिल है। बैठक में केंद्रीय निदेशक मंडल के निदेशक सतीश के मराठे, रेवती अय्यर, सचिन चतुर्वेदी, वेणु श्रीनिवासन और रवींद्र एच ढोलकिया शामिल हुए।

# ई-कॉमर्स मंचों पर भी छा गया आम चुनाव

नई दिल्ली, एजेंसी

- विभिन्न राजनीतिक दलों से संबंधित माल ऑनलाइन सबसे ज्यादा देखा जा रहा




भारत में आम चुनाव-2024 के करीब आते-आते राजनीतिक उत्साह ई-कॉमर्स क्षेत्र में भी व्याप्त हो गया है। ई-कॉमर्स मंचों पर विभिन्न राजनीतिक दलों से संबंधित माल सबसे ज्यादा देखा जा रहा है। ये ऑनलाइन मंच चुनाव से संबंधित सभी उत्पाद जैसे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 'कमल' से लेकर पुरानी समुद्री घड़ियों पर आम आदमी पार्टी (आप) का चुनाव चिह्न झाड़ू और कांग्रेस के प्रसिद्ध दुपट्टे आदि पेश करते हैं। बस, किसी ई-कॉमर्स वेबसाइट पर किसी भी राजनीतिक दल का नाम दर्ज करें, और झंडे से लेकर पेंडेंट (गले में पहना जाने वाला) और पेन तक विविध प्रकार के सामान पेज पर आ जाएंगे।

एक ई-कॉमर्स मंच की एक प्रतिनिधि ने कहा कि यह प्रवृत्ति शुरू में 2019 के चुनावों के दौरान उभरी जब ई-कॉमर्स मंच प्रचार माल और सहायक उपकरण के लिए पसंदीदा गंतव्य बन गए। उन्होंने कहा-जब सब कुछ ऑनलाइन बेचा जाता है, तो यह क्यों नहीं। ...और विक्रेता ही इसे हमारे मंच पर डालते हैं और ई-कॉमर्स वेबसाइटों को बस यह जांचना है कि यह नियमों का पालन करता है कि नहीं।

विशेष रूप से, कुछ राजनीतिक दलों ने स्वयं अपनी-अपनी वेबसाइटों पर ऐसे माल बेचने में सक्रियता दिखाई है। उदाहरण के लिए, 'नमो' मर्चेंडाइज वेबसाइट 'मोदी का परिवार', 'फिर एक बार, मोदी सरकार', 'मोदी की गारंटी', और 'मोदी है तो मुमकिन है' जैसे नारों से सजी टी-शर्ट, मग, लोटा, नोटबुक, बिल्ला, रिस्टबैंड (कलाई पर बांधा जाने वाला), चाभी का छल्ला, स्टिकर, चुम्बक, टोपी और कलम आदि उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला का दावा करती है। इस प्रवृत्ति पर समाचार एजेंसी द्वारा अमेजन इंडिया और फ्लिपकार्ट से प्रतिक्रिया मांगने का प्रयास किया गया लेकिन दोनों मंचों से प्रतिक्रिया नहीं मिली। हालांकि, ई-कॉमर्स मंच पर इन सामानों के आपूर्तिकर्ताओं में से एक ने खुलासा किया कि लोकसभा चुनावों में ऐसी वस्तुओं की ऑनलाइन बिक्री में वृद्धि देखी गई। वहीं आपूर्तिकर्ता ने कहा कि पहले, हमारी आपूर्ति दुकानों को होती थी, लेकिन ऑनलाइन खुदरा मंचों की ओर झुकाव को देखते हुए हमें इसे अपनाना ही ठीक लगा।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 75,500 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 67,800 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 50,500-50,700 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 66,050 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,900 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 75,000 |
| चांदी तैयार | 75,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 90, 500 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 66,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 65,000 |
| चांदी पक्की | 715 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 66,200 |
| चांदी आभूषण | 74,500। |

## डीजीसीए ने एयर इंडिया पर 80 लाख रुपये का लगाया जुर्माना

**नई दिल्ली।** विमानन क्षेत्र के नियामक डीजीसीए ने शुक्रवार को टाटा समूह के नियंत्रण वाली एयर इंडिया पर 80 लाख रुपये का जुर्माना लगाया।

यह जुर्माना उड़ान सेवा अवधि सीमित करने और चालक दल के लिए थकान प्रबंधन प्रणाली से संबंधित मानदंडों का उल्लंघन करने के लिए लगाया गया। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने जनवरी में एयर इंडिया का मौके पर ऑडिट किया था। इस दौरान जमा किए गए सबूतों के आधार पर यह फैसला किया गया है।

## सोने के भाव में 875 और चांदी में 760 रुपये की आई गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी



वैश्विक बाजारों में कमजोरी के संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने का भाव 875 रुपये की गिरावट के साथ 66,575 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 67,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 760 रुपये की गिरावट के साथ 76,990 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई।

इससे पिछले कारोबारी सत्र में यह 77,750 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक दिलीप परमार ने कहा-दिल्ली के बाजारों में सोने का हाजिर भाव (24 कैरेट) 66,575 रुपये प्रति 10 ग्राम पर चल था, जो पिछले बंद भाव से 875 रुपये की गिरावट दर्शाता है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,167 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से 35 डॉलर की गिरावट है।

## नीति आयोग ने कृषि क्षेत्र में जल के बेहतर प्रबंधन पर दिया जोर

**नई दिल्ली।** नीति आयोग के सदस्य रमेश चंद ने शुक्रवार को कहा कि भारत एक टन कृषि फसल पैदा करने के लिए कई विकासशील देशों के मुकाबले 2-3 गुना अधिक पानी का उपयोग करता है। उन्होंने कहा कि कई विकसित और विकासशील देशों ने कृषि क्षेत्र में बेहतर जल प्रबंधन पर जोर दिया है। धानुका एग्रीटेक लिमिटेड द्वारा विश्व जल दिवस 2024 के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कृषि क्षेत्र में जल के बेहतर प्रबंधन पर जोर दिया। कहा कि बढ़ती जनसंख्या और आय वृद्धि के कारण भोजन और पानी की मांग बढ़ रही है।

## जेनएआई में भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को पूरी तरह बदलने की क्षमता

नई दिल्ली, एजेंसी

- पीडब्ल्यूसी इंडिया ने रिपोर्ट में जताया अनुमान

उत्पादक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (जेनरेटिव-एआई) में भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को पूरी तरह से बदलने की क्षमता है जो चिकित्सकों द्वारा मरीजों का इलाज करने की दक्षता में सुधार कर सकती है। पीडब्ल्यूसी इंडिया की एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है।

'भारतीय स्वास्थ्य देखभाल पारिस्थितिकी तंत्र पर जेनएआई के प्रभाव का आकलन' शीर्षक वाली वाली रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में जेनएआई का उपयोग करने वाले अग्रणी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा शामिल है और इस नवाचार का उद्योग पर बहुत अधिक प्रभाव पड़ा है। वित्त, ई-कॉमर्स और विनिर्माण जैसे भारतीय उद्योग परिचालन दक्षता बढ़ाने और प्रक्रियाओं को स्वचालित करने के लिए धीरे-धीरे जेनएआई एवं अन्य एआई तकनीकों को अपना रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक-स्वास्थ्य सेवा में जेनएआई उन्नत विश्लेषण को बढ़ा सकता है और रोगियों के लिए नैदानिक सिफारिशों को बेहतर बना सकता है। भारत में 2021-23 के बीच जेनएई स्टार्टअप की संख्या दोगुनी से अधिक हो गई है।

# राष्ट्रीय

### बुरा न मानो होली है...



अमृतसर के गुरु नानक देव विश्वविद्यालय में शुक्रवार को छात्रों ने जमकर होली खेली और एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर बसंत उत्सव की बधाई दी। ● एजेंसी

## द्रमुक नेता पोनमुडी को राज्यपाल रवि ने मंत्री पद की दिलाई शपथ

**चेन्नई।** उच्चतम न्यायालय की कड़ी टिप्पणी के एक दिन बाद द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) के वरिष्ठ नेता के. पोनमुडी को तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि ने शुक्रवार को मंत्री पद की शपथ दिलाई। पोनमुडी ने 19 दिसंबर 2023 को आय से अधिक संपत्ति रखने के मामले में मद्रास उच्च न्यायालय द्वारा दोषी करार दिये जाने पर मंत्री पद गंवा दिया था। इसके तीन महीने बाद वह फिर से तमिलनाडु के उच्च शिक्षा मंत्री बनाये गए हैं। राजभवन में एक सामारोह में रवि ने मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन तथा उदयनिधि स्टालिन और मा सुब्रमण्यन सहित अन्य मंत्रियों की मौजूदगी में पोनमुडी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। पोनमुडी को उच्च शिक्षा विभाग दिया गया है,जो संक्षिप्त अवधि के लिए पिछड़ा वर्ग मंत्री आर एस राजाकनप्पन के पास था।

# परामर्श प्रक्रिया के लिए दिशा-निर्देश तय करेंगे

## सभी राज्यों के लिए उच्चतम न्यायालय ने संबंधित मामले में दायर याचिका पर की टिप्पणी

नई दिल्ली, एजेंसी


### मप्र में लोकायुक्त की नियुक्ति मामला



उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि वह सभी राज्यों में लोकायुक्तों की नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्रियों, संबंधित उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों तथा नेता प्रतिपक्षों द्वारा अनुसरण की जाने वाली परामर्श प्रक्रिया से संबंधित दिशा-निर्देश तय करेगा।

शीर्ष अदालत ने मध्य प्रदेश में लोकायुक्त की नियुक्ति को इस आधार पर चुनौती देने वाली याचिका पर राज्य सरकार को नोटिस जारी किया कि इस मामले में नेता प्रतिपक्ष (एलओपी) से परामर्श नहीं किया गया था। इस मुद्दे के देशव्यापी प्रभाव के मद्देनजर प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन-सदस्यीय पीठ ने कहा कि कुछ प्रक्रियागत तौर-तरीके तय करने होंगे। पीठ ने कहा-देशव्यापी प्रभाव को ध्यान में रखते हुए इस न्यायालय के लिए ऐसे मामलों में प्रभावी परामर्श के लिए दिशा-निर्देश निर्धारित करना उचित होगा। न्यायालय ने कहा कि इसका देशव्यापी प्रभाव है कि लोकायुक्त की नियुक्ति के लिए राज्य द्वारा अपनाई जाने वाली प्रक्रिया क्या होनी चाहिए। इसने कहा-यद्यपि कानून में यह प्रावधान है कि नेता प्रतिपक्ष भी एक सदस्य होगा, लेकिन फिर भी परामर्श प्रक्रिया के तौर-तरीके तय करने होंगे और आपको उस व्यक्ति (नेता प्रतिपक्ष) को कम से कम नामों पर विचार विमर्श के लिए एक अवसर देना ही होगा। शीर्ष अदालत नेता प्रतिपक्ष (एलओपी) कांग्रेस के उमंग सिंघार की याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

### कपिल सिब्बल ने नियुक्ति को मजाक बताया



सिंघार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने इसे प्रक्रिया का 'पूरी तरह से मजाक' बताया, क्योंकि इसके लिए कोई परामर्श नहीं किया गया था। राज्य सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से परामर्श किया गया और पूरी फाइल नेता प्रतिपक्ष को भेज दी गई। सिंघार ने मध्य प्रदेश लोकायुक्त एवं उप-लोकायुक्त अधिनियम, 1981 का हवाला देते हुए कहा था कि लोकायुक्त की नियुक्ति नेता प्रतिपक्ष और उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की सहमति से की जाती है। उन्होंने कहा था, इसलिए, संबंधित अधिनियम की धारा-तीन के अनुसार, नियुक्ति करने से पहले राज्य सरकार, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के बीच उचित परामर्श किया जाना आवश्यक था।

## एक नजर

### चेन्नई में विस्फोट से एक किशोर की मौत

**चेन्नई।** 12वीं कक्षा के 17 वर्षीय एक छात्र की अपने आवास पर कुछ रसायनों के साथ प्रयोग करने के दौरान हुए विस्फोट में मौत हो गई। पुलिस ने बताया-छात्र कोलाथुर पुलिस थाने की सीमा के अंतर्गत आने वाले एक निजी स्कूल में पढ़ता था। अपनी पढ़ाई संबंधी रुचि के चलते यह प्रयोग किया था, लेकिन उसमें विस्फोट हो गया। पुलिस के द्वारा बृहस्पतिवार को जारी की गई एक विज्ञप्ति में बताया गया कि इस घटना के बाद विशेषज्ञ छात्र द्वारा इस्तेमाल किए गए रासायनिक पदार्थ की जांच कर रहे हैं। इसमें कहा गया-ऐसा प्रतीत होता है कि पीड़ित ने अपनी शैक्षणिक रुचि के चलते अपने घर पर लापरवाही के साथ कुछ प्रयोग किए थे।

### भाजपा नेता ने किया संदेशखालि का दौरा

**कोलकाता।** उत्तरी 24 परगना जिले के हिंसा प्रभावित संदेशखालि का दौरा करने के बाद वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व आईपीएस अधिकारी भारती घोष ने शुक्रवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में पूर्ण अराजकता है। इस दौरे के दौरान घोष ने 25 से अधिक महिलाओं से बातचीत की जिन्होंने तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख के गुर्गों द्वारा कई वर्ष तक किये गये शारीरिक उत्पीड़न की कहानी बयां की। शेख फिलहाल जेल में बंद है।

## प्रधानमंत्री मोदी की वजह से फिर टल गई केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक

**नई दिल्ली, अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस समय दिल्ली से बाहर हैं, जिसकी वजह से उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों के उम्मीदवारों पर अंतिम फैसला नहीं हो सका। अनुमान है कि रविवार को भूटान से लौटने के बाद मोदी की उपस्थिति में चुनाव समिति की बैठक होगी, जिसमें लगभग सभी नाम घोषित कर दिए जाएंगे। शुक्रवार को तमिलनाडु के 14 व पुद्दुचेरी के एक उम्मीदवार की एक सूची और जारी की गई है। भाजपा मुख्यालय में शुक्रवार को दिनभर पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित कई केंद्रीय मंत्री एवं विभिन्न राज्यों के प्रदेश अध्यक्षों, मुख्यमंत्री व टिकट दावेदारों से विचार-विमर्श चलता रहा। उत्तर प्रदेश की 24 सीटों को लेकर भाजपा सूत्रों से पता चला है कि प्रधानमंत्री के आने के बाद ही इन सीटों के उम्मीदवारों की सूची जारी की जाएगी।

## ए राजा, अन्य के खिलाफ अपील पर सुनवाई करेगी कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

### 2जी स्पेक्ट्रम घोटाला

दिल्ली उच्च न्यायालय ने 2जी स्पेक्ट्रम आवंटन घोटाले के मामले में पूर्व दूरसंचार मंत्री ए. राजा और अन्य को बरी किए जाने के फैसले को चुनौती देने वाली सीबीआई की अपील को शुक्रवार को विचारार्थ स्वीकार कर लिया। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने कहा कि उपलब्ध सामग्री और विभिन्न पक्षों के वकीलों की दलीलों के आधार पर सीबीआई ने प्रथम दृष्टया एक मामला बनाया है और सभी साक्ष्यों के गहन अध्ययन की तथा अपीलों पर विस्तार से सुनवाई की जरूरत है।

न्यायाधीश ने कहा, '' अपील की अनुमति दी जाती है। अपील को मई में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाए।'' 'अपील की अनुमति' अदालत द्वारा किसी पक्ष को किसी फैसले के खिलाफ किसी उच्च अदालत में अपील करने के लिए दी गई औपचारिक मंजूरी है। उच्च न्यायालय ने सीबीआई की छह साल पहले दायर 'अपील की अनुमति' याचिका पर यह फैसला सुनाया। सीबीआई ने 2018 में अपील दायर की थी। इस पर न्यायाधीश ने 14 मार्च को अपना फैसला सुरक्षित रखा था। विशेष अदालत ने 21 दिसंबर, 2017 को राजा, द्रमुक सांसद कनिमोई और अन्य को 2जी घोटाले से मामलों में बरी कर दिया था।

## हिमाचल में भाजपा के पक्ष में मतदान करने वाले तीन विधायकों ने दिया इस्तीफा

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में हालिया राज्यसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करने वाले तीन निर्दलीय विधायकों ने शुक्रवार को विधानसभा सचिव को अपना इस्तीफा सौंप दिया। निर्दलीय विधायकों में से एक ने संवाददाताओं से कहा कि वे भाजपा में शामिल होंगे और पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे। तीन निर्दलीय विधायकों आशीष शर्मा (हमीरपुर निर्वाचन क्षेत्र), होशियार सिंह (देहरा) और के एल ठाकुर (नालागढ़) ने शुक्रवार को शिमला में नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर से मुलाकात की और उसके बाद अपना इस्तीफा सौंप दिया। होशियार सिंह ने संवाददाताओं से कहा-हमने अपना इस्तीफा सौंप दिया है। हम भाजपा में शामिल होंगे और पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे।

# गिरफ्तारी से पहले अब तक पांच मुख्यमंत्री दे चुके हैं इस्तीफा

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

- अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे पर बड़ा सवाल



**अमृत विचार:** शराब घोटाले के आरोप में गिरफ्तार किए गए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफा को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। इस देश में अब तक विभिन्न आरोपों के तहत पांच मुख्य मंत्री गिरफ्तारी से पहले राज्यपाल को इस्तीफा दे चुके हैं। मगर आम आदमी पार्टी ने कहा है कि केजरीवाल जेल से सरकार चलाएंगे।

कानूनविदों ने अपनी अलग-अलग राय व्यक्त करते हुए कहा है कि अभी तक जितने भी नेता गिरफ्तार हुए हैं, उनसे इस्तीफा लेने की एक परंपरा है। मगर बहुत कुछ निर्भर करता है कि संबंधित अदालत और उप राज्यपाल क्या फैसला लेते हैं।

भाजपा नेता उमा भारती सन 2003 में मध्य प्रदेश की मुख्यमंत्री बनी थीं। गैर जमानती वारंट के मामले पर धारवाड़ (कर्नाटक) जिले की एसपी डी रूपा उनको गिरफ्तार करने भोपाल पहुंच गई थी। जिसके चलते उमा भारती को भी 23 अगस्त 2004 में इस्तीफा देना पड़ा था।

झारखंड के तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ रक्षा जमीन में घोटाला करने का आरोप था। जांच के दौरान उन्हें समन भेजा गया और उन्होंने गिरफ्तारी से पहले 31 जनवरी 2024 को राज्यपाल को इस्तीफा दे दिया था।

चर्चित चारा घोटाला के आरोप में बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू यादव को भी जेल जाना पड़ा था। जेल जाने से पहले 25 जुलाई 1997 को उन्होंने अपनी पत्नी राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री बनाकर अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

तमिलनाडु की तत्कालीन मुख्यमंत्री जयललिता के ऊपर बेनामी संपत्ति और आय से अधिक संपत्ति का आरोप लगा था उन्होंने भी अपनी गिरफ्तारी से पहले 5 दिसंबर 1996 को मुख्यमंत्री पद से त्यागपत्र दे दिया था।

उल्लेखनीय है कि सन 2011-12 में भ्रष्टाचार के विरुद्ध आंदोलन छेड़कर अरविंद केजरीवाल ने केंद्र और दिल्ली में कांग्रेस की सरकार को घेरा था। कॉमनवेल्थ खेल आयोजन समिति के प्रमुख सुरेश कलमाडी को भी जेल जाना पड़ा था। मगर अब शराब घोटाला एवं मनी लांड्रिंग के आरोप में केजरीवाल गिरफ्तार हो चुके हैं। केजरीवाल इस्तीफा देंगे या नहीं? इस सवाल पर सर्वोच्च न्यायालय एवं दिल्ली उच्च न्यायालय के वकीलों की भी एक राय नहीं है। सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता विराग गुप्ता कहते हैं कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अरविंद केजरीवाल जेल से दिल्ली की सरकार चला सकते हैं और समय-समय पर अपनी कैबिनेट एवं अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दे सकते हैं। लेकिन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की इजाजत उन्हें न्यायालय से लेनी पड़ेगी। वहीं दूसरी तरफ सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता जितेंद्र सिंह कहते हैं कि अभी तक संविधान की शपथ लेने वालों को यह छूट नहीं मिली है कि यदि किसी मामले में वे गिरफ्तार होते हैं तो उन्हें पद पर बने रहने दिया जाए।

सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता एसक्यू काजिम का स्पष्ट मत है कि संविधान में ऐसी व्यवस्था है कि किसी भी जन प्रतिनिधि को तब तक अपने पद पर बने रहना चाहिए जब तक उसे आरोपित मामले में दोषी करार नहीं दिया जाता है।

दिल्ली उच्च न्यायालय के अधिवक्ता संजीव वशिष्ट कहते हैं कि न्यायालय में विचाराधीन किसी भी अभियुक्त को यह छूट नहीं मिली है कि उसे गिरफ्तार किया गया हो और उसे अपने सरकारी पद पर बने रहने दिया गया हो। वशिष्ठ ने जन प्रतिनिधि कानून का भी जिक्र किया है। जिसके तहत नैतिकता के आधार पर किसी भी नेता को अदालत से बरी होने तक अपने पद से त्यागपत्र दे देना चाहिए।

## बालाजी की याचिका पर 28 को फैसला सुनाएगी अदालत

**चेन्नई।** चेन्नई की एक सत्र अदालत द्वारा धन शोधन मामले में आरोपमुक्त करने से संबंधित द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के पूर्व मंत्री वी सेंथिल बालाजी की याचिका पर 28 मार्च को फैसला सुनाया जाएगा।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 'नकदी के बदले नौकरी' घोटाले में 14 जून 2023 को सेंथिल बालाजी को गिरफ्तार किया था। यह घोटाला पूर्ववर्ती अन्नाद्रमुक सरकार के दौरान का है जब वह परिवहन मंत्री थे। प्रधान सत्र न्यायाधीश एस अल्ली ने शुक्रवार को 28 मार्च के लिए आदेश सुरक्षित रख लिया है।

# दुबे-जडेजा की पारी से सीएसके ने आरसीबी को छह विकेट से हराया

**आरसीबी के अनुज-कार्तिक की पारी नहीं आई काम**

**सीएसके की ओर से मुस्तफिजुर ने झटके 4 विकेट**

चेन्नई, एजेंसी

रचिन रविंद्र की 37 रन, शिवम दुबे 38 रन और रवींद्र जडेजा 25 रनों की आतिशी पारियों की बदौलत चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के शुरुआती मुकाबले में शुक्रवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को आठ गेंदे शेष रहते छह विकेट से हरा दिया है।

174 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स ने पहले विकेट के लिय 38 रन जोड़े। चौथे ओवर में यश दयाल ने कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ 15 रन पर आउट कर सीएसके को पहला झटका दिया। सातवें ओवर में रचिन रविंद्र को कर्ण शर्मा ने आर पाटीदार के हाथों कैच आउट करा दिया। उन्होंने 15 गेंदों में तीन चौकों और तीन छक्कों की मदद से 37 रन जोड़े। अजिंक्य रहाणे 11वें ओवर में आउट होने वाले तीसरे बल्लेबाज थे। उन्होंने 19 गेंदों में दो छक्कों की मदद से 27रनों की पारी खेली। डैरिल मिचेल ने 18 गेंदों में दो छक्कों की मदद से 22 रन बनाये। इसके बाद शिवम दुबे और रवींद्र जडेजा ने पारी को संभाला और पांच रनों से अधिक की साझेदारी करते हुए अपनी टीम 18.4 ओवर में चार विकेट पर 176 रन बनाकर टीम को छह विकेट से जीत दिला दी। शिवम दुबे ने 28 गेंदों में चार चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 34 रनों की पारी खेली। वहीं रवींद्र जडेजा ने 17 गेदों में एक छक्के की मदद से नाबाद 25 रन बनाये। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ओर से कैमरून ग्रीन ने दो विकेट लिये। यश दयाल और कर्ण शर्मा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले युवा बल्लेबाज अनुज रावत 48 रन और दिनेश कार्तिक के नाबाद 38 रनों की शानदार पारियों के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने चेन्नई सुपर किंग्स को जीत के लिये 174 रनों का लक्ष्य दिया है। आज यहां एम ए चिदंबरम स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के पहले मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी आरसीबी के लिए सलामी बल्लेबाज विराट कोहली और कप्तान फाफ डुप्लेसी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिये 41 रन जोड़े। पांचवें ओवर में मुस्तफिजुर ने दो विकेट झटकते हुए आरसीबी को बैकफुट पर ला दिया। डुप्लेसी 23 गेंदों में आठ चौकों की मदद से 35 रन बनाकर आउट हुये। वहीं रजत पाटीदार बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गये। इसके बाद चाहर ने ग्लेन मैक्सवेल को शून्य पर निपटाकर आरसीबी को तीसरा झटका दिया। विराट कोहली ने कैमरून ग्रीन के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। इसी दौरान विराट ने टी-20 में अपने 12 हजार रन भी पूरे किये। विराट को भी मुस्तफिजुर ने रविंद्र के हाथों कैच आउट कराया। उन्होंने 20 गेंदों में एक छक्के की मदद से 21 रन बनाये। इसके बाद मुस्तफिजुर ने कैमरून ग्रीन को 18 रन पर बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया।



### चैलेंजर्स बेंगलुरु

| | |
|---|---|
| कोहली का जडेजा बो मुस्तफिजुर | 21 |
| डुप्लेसी का जडेजा बो मुस्तफिजुर | 35 |
| रजत का धोनी बो मुस्तफिजुर | 00 |
| मैक्सवेल का धोनी बो चाहर | 00 |
| कैमरन ग्रीन बो मुस्तफिजुर | 18 |
| अनुज रावत रन आउट | 48 |
| दिनेश कार्तिक नाबाद | 38 |

**अतिरिक्त** : 13

**कुल** : 20 ओवर में छह विकेट पर 173 रन

**विकेट पतन** : 1-41,2-41, 3-42, 4-77, 5-78, 6-173


**गेंदबाजी** :

दीपक चाहर 4-0-37-1
तुषार देशपांडे 4-0-47-0
महीश तीक्ष्णा 4-0-36-0
मुस्तफिजुर रहमान 4-0-29-4
रविंद्र जडेजा 4-0-21-0



## ओपनिंग सेरेमनी में दिखी भारत की धमक

**चेन्नई, एजेंसी।** दुनिया की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग आईपीएल के 17वें संस्करण के उद्घाटन समारोह में बॉलीवुड कलाकारों से लेकर बेहतरीन लेजर शो का प्रदर्शन किया गया। चेपॉक क्रिकेट स्टेडियम में अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ से लेकर सोनू निगम, एआर रहमान और मोहित चौहान जैसे बड़े कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति पेश की। लेजर शो में विक्रम लैंडर को देखकर फैंस पूरी तरह से अचंभित हो गए। इस लेजर शो में दिखाया गया कि कैसे लैंडर ने साउथ पोल पर लैंड किया था। आईपीएल के ओपनिंग सेरेमनी के दौरान भारत ने पूरी दुनिया को अपनी ताकत का एहसास कराया। चंद्रयान और विक्रम लैंडर के साथ भारत की राजधानी इंडिया गेट का भी लेज शो दिखाया गया। इस दौरान इंडिया गेट पर अशोक चक्रन ने दर्शकों का मन मोह दिया। चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में करीब 40 मिनट चली सेरेमनी की शुरुआत अक्षय कुमार ने परफॉर्म कर की। उनके बाद टाइगर श्रॉफ ने जय जय शिव शंकर गाने पर डांस किया। सोनू के बाद एआर रहमान ने मां तुझे सलाम और नीती मोहन ने बरसो रे मेघा गाया। आखिर में 'जय हो' गाने के साथ एआर रहमान ने सेरेमनी का समापन किया।



## खेल डायरी

### साथियान ने पहला डब्ल्यूटीटी फीडर खिताब जीता

**नयी दिल्ली।** भारत के स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी साथियान ज्ञानशेखरन डब्ल्यूटीटी फीडर सीरिज टूर्नामेंट में पुरूष एकल खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बन गए जिन्होंने लेबनान के बैरूत में यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने डब्ल्यूटीटी फीडर बैरूत 2024 के आखिरी दिन भारत के ही मानव ठक्कर को 3-1(6-11, 11-7, 11-7, 11-4) से हराया। इससे पहले उन्होंने भारत के ही हरमीत देसाई को 15-13, 6-11, 11-8, 13-11 से मात दी थी।

### मियामी ओपन: कालिनिना ने वोज्नियाकी को हराया

**मियामी गार्डन्स।** यूक्रेन की 32वीं वरीयता प्राप्त अन्हेलिना कालिनिना ने हार की कगार पर पहुंचकर शानदार वापसी करते हुए दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी कैरोलीन वोज्नियाकी को 5-7, 7-5, 6-4 से हराकर मियामी ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। आस्ट्रेलियाई ओपन 2018 चैम्पियन वोज्नियाकी ने दो साल बाद इसी टूर्नामेंट में टेनिस को अलविदा कह दिया था। वह दो बच्चों की मां बनने के बाद पिछले साल कोर्ट पर लौटी। वह इस महीने इंडियन वेल्स क्वार्टर फाइनल में पहुंची लेकिन दाहिने पैर में चोट के कारण शीर्ष रैंकिंग वाली इगा स्वियातेक के खिलाफ मुकाबला दूसरे सेट में छोड़ना पड़ा।

### फ्लिंटाफ टी20 विश्व कप के लिए बैकरूम स्टाफ में

**लंदन।** पूर्व आल राउंडर एंड्रयू फ्लिंटाफ को टी20 विश्व कप के लिए इंग्लैंड के बैकरूम स्टाफ में शामिल किया गया। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट के प्रबंध निदेशक रॉब इस पूर्व आल राउंडर को टीम के मुख्य कोच की संभावित उम्मीदवारी के संकेत के रूप में देखते हैं। फ्लिंटाफ 'द हंड्रेड' के इस सत्र में नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स के कोच होंगे और टी20 विश्व कप से पहले इंग्लैंड की पाकिस्तान के खिलाफ चार मैचों की टी20 श्रृंखला के दौरान भी टीम के साथ होंगे। की ने 'टेलीग्राफ' से कहा, ''मुझे लगता है कि वह एक शानदार मुख्य कोच होंगे।''

# लंबे समय तक बल्लेबाजी और हर दिन बेहतर होना चाहता हूं

चंडीगढ़, एजेंसी

**बोले पंत**



विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत करीब 15 महीने बाद शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ अपना पहला प्रतिस्पर्धी मैच खेलने के लिए तैयार हैं लेकिन दिल्ली कैपिटल्स का यह कप्तान इससे पहले भावनाओं के गुबार से गुजर रहा है। दिसंबर 2022 में कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद पंत मैदान पर उतरने के लिए तैयार हैं जिसके लिए वह उत्साहित भी हैं लेकिन थोड़ी घबराहट महसूस कर रहे हैं। उन्होंने टीम के सत्र के पहले मैच की पूर्व संध्या पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ''घबराया हुआ हूं, उत्साहित हूं, नर्वस हूं, ऐसा सब महसूस कर रहा हूं लेकिन साथ ही खुश भी हूं कि पेशेवर क्रिकेट में वापस खेल रहा हूं। मैं कल अपने पहले मैच में खेलने के लिए उत्साहित हूं।'' पंत जानते हैं कि पुरानी लय में आने में उन्हें समय लगेगा लेकिन वह एक बार में एक मैच पर ही ध्यान लगाना चाहते हैं। उन्होंने विशाखापत्तनम में दिल्ली कैपिटल्स के सत्र पूर्व शिविर के बारे में बात करते हुए कहा, ''हर बार जब भी मैं मैदान पर उतर रहा हूं तो यह बहुत अलग महसूस हो रहा है। मुझे लगता है कि बतौर बल्लेबाज जितना हो सके, उतने लंबे समय तक बल्लेबाजी करनी चाहिए। यह बेहतर भी है क्योंकि मैं जितना ज्यादा देर तक बल्लेबाजी करूंगा, शॉट लगाने के लिए उतनी ही बेहतर स्थिति में रहूंगा। मैं करीब डेढ़ साल से नहीं खेला हूं लेकिन 'मसल मेमरी' (अभ्यास से हासिल की गयी मांसपेशियों की गतिविधियां) तो बरकरार है।'' पंत ने कहा, ''मैं बचपन से ही खेल रहा हूं इसलिये यह इतनी आसानी से नहीं जाती है। इसलिये जितना मैं ज्यदा अभ्यास करूंगा, बतौर क्रिकेटर खुद को उतना ही बेहतर मौका प्रदान करूंगा।'' वह ज्यादा आगे के बारे में नहीं सोचना चाहते।

## श्रीलंका को समेटने के बाद बांग्लादेशी पारी लड़खड़ाई

**सिलहट।** खालिद अहमद और नाहिद राणा की घातक गेंदबाजी के दम पर बांग्लादेश ने शुक्रवार पहले टेस्ट मैच के पहले दिन श्रीलंका को पहली पारी में 280 रन पर समेटने के बाद बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट गंवा कर लड़खड़ा गई है। बांग्लादेश की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और श्रीलंका ने जाकिर हसन नौ रन, कप्तान नजमुल शान्तो पांच रन और मोमिनुल हक पांच रन के विकेट झटक लिये है। दिन का खेल समाप्त होने तक बांग्लादेश ने पहली पारी में 32 रन पर तीन विकेट गंवा दिये और वह श्रीलंकाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे लड़खड़ा गई है। महमुदुल हसन जॉय नाबाद नौ रन, तैजुल इस्लाम बिना खाता खोले क्रीज पर थे। इससे पहले बांग्लादेश ने आज यहां टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

# मनु पाल ने भारत को दिलाया कांस्य पदक

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

- **15वीं एशियन लॉन बॉल्स प्रतिस्पर्धा में जीता मेडल**
- **मनु ने पूरी दुनिया में कन्नौज का नाम किया रोशन**


**अमृत विचार :** इत्रनगरी की बेटी ने भारत को कांस्य पदक दिलाकर पूरी दुनिया में देश का नाम रोशन किया है। 15वीं एशियन लॉन बॉल्स प्रतिस्पर्धा में मनु पाल से कांस्य जीतकर मान बढ़ाया है। नगर के मोहल्ला भैनपुरा निवासी लान बाल्स खिलाड़ी मनु पाल ने अंडर 25 आयुवर्ग में 15वीं एशियन लान बाल्स चैंपियनशिप थाईलैंड में सहभागिता की। इसका आयोजन तीन से दस मार्च तक थाईलैंड के पटाया में किया गया। इस चैंपियनशिप में 13 एशियाई देश इंडिया, श्रीलंका, मकाउ, फिलीपींस, थाईलैंड, हांगकांग, चीन, सिंगापुर, जापान, कोरिया, ईरान, ब्रूनेई, दारुस्सलाम ने प्रतिभाग किया। मनु को वुमेन फोर्स में कांस्य




पदक मिला है। इस सफलता की जानकारी जैसे ही परिजनों को हुई, तो ख़ुशी की लहर दौड़ गई। लोगों ने पिता रामनारायन पाल व मां हरिप्यारी देवी को बधाई दी। कांस्य पदक जीतने के बाद मनु पाल दूरभाष पर बताया कि आगे भी देश का नाम इसी प्रकार सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाने का प्रयास जारी रहेगा।




# अमित सियाल बोले- रणदीप के साथ मिलकर घिसे हैं बर्तन



**मुंबई, एजेंसी।** मिर्जापुर और महारानी जैसी वेब सीरीज में अपनी दमदार अदाकारी का लोहा मनवा चुके एक्टर अमित सियाल जल्द ही फिल्म 'स्वतंत्र वीर सावरकर' में नजर आएंगे। फिल्म में उन्होंने विनायक दामोदर सावरकर (रणदीप हुड्डा द्वारा अभिनीत) के छोटे भाई, नारायण दामोदर का किरदार निभाया है। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने रणदीप हुड्डा से अपनी दोस्ती के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि रणदीप से उनकी दोस्ती तकरीबन 29 साल पुरानी है। दोस्त कम, हम भाई ज्यादा हैं। सालों पहले हम ऑस्ट्रेलिया में एक साथ थे। एक ही घर में रहते थे। वहां साथ में टैक्सियां चलाते थे। इतना ही नहीं, हमने वहां होटल में एक साथ बर्तन भी घिसे हैं। वेटर की जॉब करते थे। रणदीप की तारीफ करने हुए कहा कि रियल लाइफ में मैं उनसे केवल एक साल बड़ा हूं। लेकिन स्वाभाविक तौर पर वे मुझसे बड़े हैं। रणदीप बहुत ही मैच्योर व्यक्ति हैं। बतौर एक्टर भी उनका अनुभव मुझसे ज्यादा है। स्क्रीन पर हमारा ये पुराना बॉन्ड देखने को मिलेगा। स्क्रीन पर दोनों भाई की केमिस्ट्री दिखाने में ज्यादा मशक्कत नहीं करनी पड़ी।

# अब राजनीति में भी चार चांद लगाएंगी उर्वशी रौतेला!

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड की स्टाइल आइकन उर्वशी रौतेला ने लोकसभा चुनाव 2024 की चर्चा के बीच हिंट दिया है कि वह भी चुनाव लड़ सकती हैं। उर्वशी ने कहा है कि उन्हें टिकट मिला है। हालांकि किस सीट से मिला है ये उन्होंने नहीं बताया है और ये भी नहीं बताया कि वह इलेक्शन लड़ रही हैं या नहीं। इस खबर से उर्वशी के फैंस काफी खुश हैं। उर्वशी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें वह खुद इस बात के बारे में बताती नजर आ रही हैं। वह कह रही हैं, "टिकट मिली है मुझे लेकिन मुझे तय करना है कि मैं ये करने वाली हूं या नहीं। मैं इसका हिस्सा बनना चाहती हूं या नहीं? आप लोग मुझे कमेंट सेक्शन में राय दें कि क्या मुझे राजनीति में शामिल होना चाहिए या नहीं।" दरअसल उर्वशी से राजनीति में उनकी दिलचस्पी के बारे में पूछा गया था, जिसके जवाब में उन्होंने टिकट मिलने की बात कही है। उर्वशी के राजनीति ज्वाइन करने की बात से हर कोई हैरान है। आपको बता दें कि उर्वशी रौतेला से पहले बॉलीवुड क्वीन कंगना रनौत ने भी हिंट दिया था। कुछ समय पहले कंगना से एक इवेंट में राजनीति ज्वाइन करने को लेकर सवाल किया गया था। जिसके जवाब में उन्होंने कहा था,"मुझे यह घोषणा करने का अधिकार नहीं है कि मुझे चुनाव लड़ना चाहिए या नहीं।" ये कहकर वह हंसने लगीं। उन्होंने आगे कहा, "मुझे कभी भी एक जागरूक व्यक्ति बनने से रोका नहीं जा सका। जितना लोग तथाकथित सीट से भी नहीं कर सकते, मैंने इस देश के लिए उससे भी ज्यादा किया है। मैंने वास्तव में फिल्म सेट से राजनीतिक दलों के साथ लड़ाई की है। मुझे दूर नहीं रखा जा सकता। मैं अपने देश के लिए जो करना चाहती हूं उसे करने के लिए मुझे जगह नहीं मिलती। लेकिन, अगर मैं राजनीति में आना चाहती हूं, तो शायद मुझे लगता है कि यह सही समय है।"



# आदित्य से रिश्तों को लेकर रानी मुखर्जी ने किया खुलासा

**मुंबई, एजेंसी।** रानी मुखर्जी ने हाल ही में खुलासा किया कि आदित्य चोपड़ा के बारे में उन्हें सबसे अच्छी बात क्या लगी थी। उन्होंने कहा कि दो लोगों के बीच में प्यार से ज्यादा सम्मान जरूरी होता है। रानी मुखर्जी ने 'सही कारणों' से शादी करने को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि वे कई ऐसी महिलाओं को जानती हैं, जो अपनी पूरी लाइफ में भयानक रिश्तों को झेलती हैं। रानी मुखर्जी, आदित्य की ईमानदारी और उनकी लीडरशिप क्वालिटी से अट्रैक्ट हुई थीं। रानी बोलीं- मुझे लगता है कि वो वास्तव में एक अच्छे इंसान हैं। सच कहूं तो मेरे लिए ये काफी था। मैं अपने माता-पिता के साथ एक घर में पली-बढी हूं, और मैंने उनके रिश्ते को बहुत महत्व दिया है। मेरी लाइफ में, आसपास अच्छे लोगों का होना बहुत जरूरी है, क्योंकि मुझे लोगों का सम्मान करना पसंद है। आदित्य के बारे में कहूं तो वो एक बहुत ही दयालु इंसान, एक अच्छे इंसान और अपनी टीम के लिए एक महान नेता हैं। रानी ने आगे कहा- आदित्य अपनी नैतिकता और निर्णय के मामले में बहुत निष्पक्ष हैं। एक समय के बाद आप प्यार से बाहर हो सकते हैं, लेकिन एक-दूसरे के लिए सम्मान होना बहुत जरूरी होता है। वो कभी नहीं खोना चाहिए। मेरे लिए ये बहुत जरूरी है। अगर मैं किसी के करीब रहना चाहती हूं तो मुझे उनका सम्मान करना ही होगा। मैंने दुनिया को बहुत करीब से देखा है, मैंने फिल्म इंडस्ट्री में कई वर्षों तक काम किया है। इसलिए, अगर मुझे इस इंडस्ट्री से किसी व्यक्ति का चुनाव करना था, तो वो व्यक्ति आदित्य के अलावा और कोई नहीं हो सकता था।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## एक नजर

### अग्निकुल का ऑर्बिटल रॉकेट 'अग्निबाण' की लॉन्चिंग स्थगित

**चेन्नई।** स्टार्टअप कंपनी अग्निकुल कॉसमॉस ने तकनीकी समस्या के कारण पहले राकेट की लॉन्चिंग को स्थगित कर दिया है। कंपनी ने गुरुवार को स्थगित किए जाने की जानकारी दी। मिशन अग्निबाण एसओआरटीईडी' (सब आर्बिटल टेक्नोलाजी डिमान्स्ट्रेटर) को 22 मार्च को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में इसरो परिसर में स्थित अग्निकुल के प्राइवेट लांच पैड से लांच करने की योजना थी। प्रेस सूचना ब्यूरो की ओर से बताया गया है कि लांच की नई तारीख की घोषणा बाद में की जाएगी। इस राकेट में दुनिया का पहला 3डी-प्रिंटेड सेमी-क्रायोजेनिक राकेट इंजन है। हैदराबाद की स्काईरूट एयरोस्पेस 2022 में अपने पहले राकेट विक्रम-एस की लॉन्चिंग की थी।

### आईसीपीएफ व एम्स ने दिल्ली में लगाए सर्वाइकल कैंसर के टीके

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए यौन शोषण से पीड़ित लड़कियों का निशुल्क एचपीवी टीकाकरण किया गया। शिविर का आयोजन इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन फंड (आईसीपीएफ) और एम्स द्वारा किया गया। शिविर में नौ से 14 वर्ष के बीच की 135 लड़कियों को टीका लगाया गया। चिकित्सकों के अनुसार यौन शोषण की शिकार बच्चियों में सर्वाइकल कैंसर के खतरे की आशंका ज्यादा होती हैं, लेकिन इसके बचाव के लिए लगाया जाने वाला एचपीवी का टीका काफी महंगा आता है। दुनियाभर में कैंसर की शिकार महिलाओं का एक चौथाई हिस्सा सर्वाइकल कैंसर से पीड़ित है।

### 150 मिसाइल व ड्रोन से रूस का यूक्रेन पर सबसे बड़ा हवाई हमला

**कीव।** रूस ने शुक्रवार को यूक्रेन के ऊर्जा ढांचे पर अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला किया है। उसने यूक्रेन के जपोरीजिया स्थित विशाल बांध को निशाना बनाने के लिए 150 मिसाइल और ड्रोन का इस्तेमाल किया। हालांकि, बांध टूटा नहीं है, लेकिन इसके चलते यूक्रेन के लाखों लोग बिजली के बिना अंधेरे में रहने को मजबूर हो गए। इस हमले में कम से कम पांच लोगों की जान गई है। रूस ने जपोरीजिया के सबसे बड़े बांध डिनिप्रो एचईएस को निशाना बनाया है। पश्चिमी देशों से और वायु सुरक्षा प्रणाली की सुविधा की मांग करने वाले यूक्रेन ने कहा कि रूसी हमले से सात रीजन में ब्लैकआउट जैसी स्थिति हो गई।

### पाकिस्तान: पूर्व न्यायाधीश की बर्खास्तगी अवैध : सुप्रीम कोर्ट

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय ने देश की खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के खिलाफ भाषण देने के लिए कई साल पहले हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश की बर्खास्तगी को शुक्रवार को अवैध घोषित कर दिया। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश शौकत अजीज सिद्दीकी को रावलपिंडी बार एसोसिएशन में दिए गए भाषण के लिए 11 अक्टूबर, 2018 को सर्वोच्च न्यायिक परिषद द्वारा बर्खास्त कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने न्यायपालिका की स्वतंत्रता के लिए खतरा बताते हुए बर्खास्त करने के आदेश को अवैध घोषित कर दिया।

## केजरीवाल की गिरफ्तारी पर सीएम ममता बनर्जी बोलीं- लोकतंत्र पर खुलेआम हमला हो रहा

**कोलकाता, एजेंसी।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तार के बाद विपक्ष लगातार भाजपा पर निशाना साध रहा है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केजरीवाल की गिरफ्तारी की आलोचना की है। साथ ही इसे विपक्षी मुख्यमंत्रियों पर सोची-समझी कार्रवाई करार दिया।



तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की प्रमुख बनर्जी ने एलान किया कि 'इंडिया' ब्लॉक के प्रतिनिधि विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारी पर अपनी आपत्ति जताने के लिए चुनाव आयोग से मुलाकात करेंगे। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, 'मैं लोगों के द्वारा चुने गए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी की कड़ी आलोचना करती हूं। मैंने सुनीता केजरीवाल से संपर्क कर अपना अटूट समर्थन और एकजुटता व्यक्त की है। ममता बनर्जी ने निर्वाचित विपक्षी मुख्यमंत्रियों को निशाना बनाए जाने की निंदा की। साथ ही इस बात की ओर ध्यान दिलाया कि किस तरह सीबीआई और ईडी की जांच का सामना कर रहे लोगों को भाजपा में शामिल होने के बाद निर्दोष साबित कर दिया जाता है।

## क्या है दिल्ली शराब घोटाला... जिसमें आप के कई नेता पहुंचे जेल

*शराब घोटाले का खुलासा 8 जुलाई 2022 को दिल्ली के तत्कालीन मुख्य सचिव नरेश कुमार की रिपोर्ट से हुआ था। इस रिपोर्ट में उन्होंने मनीष सिसोदिया समेत आम आदमी पार्टी के कई बड़े नेताओं पर गंभीर आरोप लगाए गए। दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना ने सीबीआई जांच की सिफारिश की. इसके बाद सीबीआई ने 17 अगस्त 2022 को केस दर्ज किया। इसमें पैसों की हेराफेरी का आरोप भी लगा, इसलिए मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के लिए ईडी ने भी केस दर्ज कर लिया। रिपोर्ट में मनीष सिसोदिया पर गलत तरीके से शराब नीति तैयार करने का आरोप लगाया था।*



**136** करोड़ रु. की लाइसेंस फीस माफ की गई थी द. भारत के शराब कारोबारियों को फायदा पहुंचाने के लिए।

### 2,873 करोड़ का नुकसान

शराब घोटाले में अब तक 6 चार्जशीट दाखिल हो चुकी हैं। इस घोटाले में गिरफ्तार होने वाले केजरीवाल 32वें आरोपी हैं। ईडी का दावा है कि शराब नीति से 2,873 करोड़ रु. का घाटा हुआ। आरोप है कि दक्षिण भारत के शराब कारोबारियों को फायदा पहुंचाने के लिए 136 करोड़ रु. की लाइसेंस फीस माफ की गई थी। इसके एवज में 100 करोड़ रु. लिए गए। ईडी का दावा है कि इसमें बीआरएस नेता कविता भी शामिल थीं।

### आप के 17 नेता जेल जा चुके

संजय सिंह : दिनेश अरोड़ा की गवाही पर अक्टूबर 23 में ईडी ने गिरफ्तार किया। संजय सिंह के जरिए ही अरोड़ा की मुलाकात मनीष सिसौदिया से हुई थी। मनीष सिसौदिया : डिप्टी सीएम थे। 26 फरवरी 23 को सीबीआई ने गिरफ्तार किया। कथित शराब नीति का मसौदा तैयार करने और सबूत मिटाने का आरोप। सत्येंद्र जैन : स्वास्थ्य मंत्री थे। मई 22 में कथित हवाला में गिरफ्तार हुए। शराब नीति में भी पूछताछ। इनके अलावा, अमानतुल्ला खान, सोमनाथ भारती, संदीप कुमार, नरेश यादव, दिनेश मोहनिया, जगदीप सिंह, सुरिंदर सिंह, प्रकाश जरवाल समेत 14 और आप नेता जेल जा चुके।

### 2014 से अब तक ईडी के 95% केस विपक्षी नेताओं के खिलाफ




2014 से सितंबर 22 के बीच 121 बड़े नेता ईडी के राडार पर आए। इनमें 115 विपक्ष के। इनमें 24 कांग्रेस, 19 तृणमूल, 11 एनसीपी, 8 शिवसेना, 6 डीएमके, 6 बीजद, 5 राजद, 5 बसपा, 5 सपा, 5 टीडीपी, 3 आप, 3 आईएनएलडी, 3 वाईएसआरसीपी, 2 सीपीएल, 2 एनसी, 2 पीडीपी, 2 आईएनडी और 1 मनसे आदि का है। यूपीएकाल (2004 से 2014) में ईडी ने सिर्फ 26 नेताओं की जांच की थी। इनमें 14 विपक्षी थे।

## मोदी को भूटान का सर्वोच्च नागरिक सम्मान, गर्मजोशी से हुआ स्वागत

### दोनों देशों के बीच रेल संपर्क बढ़ाने पर सहमति, कई समझौतों पर हुए हस्ताक्षर

**थिंपू (भूटान), एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भूटान का सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्राप्त करने वाले पहले विदेशी राष्ट्राध्यक्ष बन गए हैं। भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'ऑर्डर ऑफ द डुक ग्यालपो' से सम्मानित किया।

प्रधानमंत्री मोदी दो दिन के भूटान दौरे पर हैं। शुक्रवार को वो राजधानी थिंपू के ताशिचो द्जोंग पैलेस पहुंचे। यहां उनका औपचारिक रूप से स्वागत किया गया। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि पीएम मोदी ने उनका गर्मजोशी से स्वागत करने के लिए प्रधानमंत्री टोबगे को धन्यवाद दिया। बयान में कहा गया है कि दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की और नवीकरणीय ऊर्जा, कृषि, पर्यावरण और वानिकी तथा पर्यटन जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और बढ़ाने पर सहमति बनाई। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत और भूटान के बीच दीर्घकालिक और अनूठे संबंध हैं।

टोबगे ने मोदी से कहा, स्वागत है मेरे बड़े भाई। भूटान के राजा द्वारा 'सर्वोच्च नागरिक सम्मान' से सम्मानित करने के बाद पीएम मोदी ने कहा, आज एक भारतीय के नाते मेरे जीवन का बहुत बड़ा दिन है, आपने मुझे भूटान के सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया है। हर पुरस्कार अपने आप में विशेष होता ही है लेकिन जब किसी अन्य देश से पुरस्कार मिलता है तो यह महसूस होता है कि हम दोनों देश सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।



### मदद को बढ़ाए हाथ

भूटान के प्रधानमंत्री ने कहा, पीएम मोदी को वे अपना बड़ा भाई कहते हैं। उन्होंने हमारी 13वीं पंचवर्षीय योजना के लिए अपना समर्थन और भारत सरकार की तरफ से सहायता की पेशकश की है। उन्होंने कहा भारत के लोगों के प्रति अपना आभार व्यक्त करना चाहते हैं।

### भारतीय मूल के लोगों से मिले पीएम मोदी



प्रधानमंत्री ने थिंफू में भारतीय मूल के लोगों से भी मुलाकात की। पीएम मोदी से मुलाकात के बाद भारतीय मूल के लोगों ने कहा कि उन्हें प्रधानमंत्री से मिलकर बेहद खुशी हुई। पीएम मोदी से मिलने का मौका देने के लिए हम भारतीय दूतावास के शुक्रगुजार हैं।

## पाकिस्तान में ईशनिंदा के आरोप में महिला को उम्रकैद

**लाहौर।** इस्लाम की पवित्र किताब के पन्ने जलाने के मामले में एक पाकिस्तानी महिला को आजीवन कारावास की सजा हुई है। पाकिस्तान के ईशनिंदा कानूनों के तहत, धर्म या धार्मिक शख्सियतों का अपमान करने का दोषी पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति को मौत तक की सजा दी जा सकती है। हालांकि, अधिकारियों ने अभी तक ईशनिंदा के लिए मौत की सजा नहीं दी है, केवल आरोप से दंगे भड़क सकते हैं।

सरकारी अभियोजक मोहजिब अवैस ने कहा कि महिला आसिया बीबी को 2021 में ईशनिंदा के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। दरअसल, निवासियों ने दावा किया था कि आरोपित महिला ने कुरान के पन्ने जलाकर उसका अपमान किया। अवैस ने कहा कि न्यायाधीश ने बुधवार को पूर्वी शहर लाहौर में फैसले की घोषणा की। हालांकि, बीबी ने अपने मुकदमे के दौरान आरोप से इनकार किया था। इसी नाम की एक ईसाई महिला को पाकिस्तान में मौत की सजा पर आठ साल बिताने के बाद 2019 में ईशनिंदा से बरी कर दिया गया था। रिहाई के बाद इस्लामी चरमपंथियों से मिल रही धमकियों से बचने के लिए वह कनाडा चली गईं।




श्री रामलला रथ यात्रा के लिए तैयार की गई कार पर बनाया अयोध्या राममंदिर का दृश्य।

## अमेरिका: 48 राज्यों में निकाली जाएगी श्री रामलला रथयात्रा

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के शिकागो से सोमवार को श्री रामलला रथयात्रा शुरू हो रही है। यह यात्रा अगले 60 दिनों में आठ हजार से भी अधिक मील की दूरी तय करते हुए 48 राज्यों के 851 मंदिरों के चक्कर लगाएगी।

रथयात्रा का आयोजन करने वाले विश्व हिंदू परिषद ऑफ अमेरिका के महासचिव अमिताभ मित्तल ने बताया कि टोयोटा सिएना वैन के ऊपर बने रथ में भगवान राम, देवी सीता, लक्ष्मण और हनुमान की मूर्तियां होंगी। उनके साथ अयोध्या के राममंदिर से विशेष प्रसाद और प्राण प्रतिष्ठा पूजित अक्षत का कलश ले जाया जाएगा। रथयात्रा 25 मार्च को अमेरिका के शिकागो से शुरू होगी और करीबन आठ हजार मील की दूरी तय करेगी। यात्रा के दौरान अमेरिका के 851 मंदिरों और कनाडा के 150 मंदिरों का दौरा किया जाएगा।

कनाडा में होने वाली रथ यात्रा का आयोजन विश्व हिंदू परिषद ऑफ कनाडा ने किया है। हिंदू मंदिर सशक्तिकरण परिषद (एचएमईसी) की तेजल शाह ने कहा, "इस रथ यात्रा का उद्देश्य लोगों को हिंदू धर्म के बारे में जागरूक करना, शिक्षित करना और सशक्त बनाना है। यह यात्रा सभी हिंदुओं को एकजुट होने का मौका दे रही है। उन्होंने आगे कहा, आने वाली पीढ़ी के लिए जागरुकता बढ़ाने और दुनिया भर में हिंदू धर्म का एकजुट होना बहुत जरूरी है।

### बर्फ से ढकीं सड़कें...



**दार्जिलिंग :** पश्चिम बंगाल के सबसे ऊंचे हिमालयी स्थल दार्जिलिंग के संदकफू क्षेत्र में शुक्रवार को भारी बर्फबारी हुई। बर्फबारी से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। सड़के बर्फ से ढक गई हैं। पहाड़ी क्षेत्र में बर्फबारी से स्थानीय लोगों में काफी उत्साह और नई ऊर्जा मिली है। बता दें, कई वर्षों बाद यहां बर्फबारी हुई है।

## नई सरकार बनने के बाद होगी एफटीए पर बातचीत

**नई दिल्ली।** नई सरकार के गठन के बाद ही भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा कि व्यापार समझौते के कानूनी पहलुओं का आकलन किया जा रहा है और भले ही लगभग सभी मुद्दों को सुलझा लिया जाए, लेकिन नई सरकार बनने तक समझौते का एलान नहीं किया जाएगा।

भारत और ब्रिटेन के बीच लंबित मुद्दों पर आखिरी दौर की बातचीत इसी महीने खत्म हुई है, लेकिन दोनों पक्षों के बीच कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों पर वर्चुअल बातचीत चल रही है। विवादास्पद मुद्दों को सुलझाने के लिए पिछले दो महीनों में तेजी से बातचीत की गई है।

## श्रीलंका ने चीन के तीन प्रोजेक्ट भारत को सौंपे

- भारत को मिली कूटनीतिक कामयाबी, प्रोजेक्ट छिनने से तिलमिलाया चीन

**कोलंबो, एजेंसी**

श्रीलंका में भारत को कूटनीतिक कामयाबी मिली है। श्रीलंका ने नैनातिवु, डेल्फ्ट (नेदुनथीवु) और अनालाईतिवु द्वीपों पर हाइब्रिड रिन्यूएबल एनर्जी प्रोजेक्ट के निर्माण का जिम्मा चीन को हटाकर भारत को सौंपा दिया है।

इन सुविधाओं की क्षमता 2,230 किलोवाट है। इसके लिए भारत सरकार कर्ज के बजाय श्रीलंका को करीब 90 करोड़ रुपये की सब्सिडी देगी। इस कदम से चीन चिढ़ गया है। श्रीलंका के अधिकारी ने मीडिया को बातया है कि, इसी कारण वह श्रीलंका के लोगों को दी जा रही मदद रोकने में लगा है। श्रीलंका पर दबाव बनाने के लिए चाइना फाउंडेशन फॉर रूरल डेवलपमेंट (सीएफआरडी) के स्माइलिंग चिल्ड्रेन फूड पैकेज



प्रोजेक्ट में मदद कम कर दी गई है। इस कार्यक्रम के तहत रोज 142 स्कूलों में दस हजार छात्रों को सूखा राशन पहुंच रहा था। अधिकारियों का कहना है कि, इसे जल्द बंद किया जा सकता है। इसके अलावा फैक्सियन चैरिटी प्रोजेक्ट के तहत करीब एक करोड़ रुपये के सूखे राशन के पांच हजार पैकेट भी बंद कर दिए हैं। ये पैकेट धार्मिक स्थलों के माध्यम से जाफना, वावुनिया, मुल्लातिवु, किलिनोच्ची और मन्नार जिलों में जरूरतमंद परिवारों को सीधे पहुंचाए जा रहे थे।

### प्रोजेक्टों से भड़का चीन

भंडारनायके सेंटर फॉर इंटरनेशनल स्टडीज के उप निदेशक और श्रीलंका वायु सेना अकादमी के विजिटिंग लेक्चरर जॉर्ज आईएच कुक ने मीडिया को बताया कि घटनाक्रम चीन के साथ श्रीलंका के संबंधों में तनाव बढ़ाएगा। वहीं कोलंबो विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र विभाग के प्रोफेसर उमेश मोरामुदाली ने कहा, चीन पहले ही जासूसी जहाजों पर प्रतिबंध लगाने के श्रीलंका के फैसले से खफा है। रक्षा विशेषज्ञ इंडिका परेरा ने कहा कि अब चीन श्रीलंका में भारतीय परियोजनाओं का विरोध करने वाले समूहों को भड़का सकता है। उन्होंने कहा कि विदेशी कंपनियों को ठेका देने में पारदर्शिता की कमी से ये दिक्कत और बढ़ सकती है।

## बिहार में निर्माणाधीन पुल गिरा, एक श्रमिक की मौत, 9 घायल

**पटना।** बिहार के सुपौल जिला में एक निर्माणाधीन पुल का स्लैब अचानक गिर गया। हादसे में एक श्रमिक की मौत हो गई, जबकि अन्य नौ घायल हुए हैं। 1200 करोड़ की लागत से बन रहे पुल का स्लैब अचानक से धराशायी हो गया।

भारत माला प्रोजेक्ट के अंतर्गत सुपौल के बकोर से लेकर मधुबनी के भेजा तक इस 10.5 किलोमीटर लंबे पुल का निर्माण किया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची। सुपौल डीएम कौशल कुमार ने बताया, एक की मौत हो गई और 9 लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों को समुचित इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। पुलिस ने कहा- मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## 'पुष्पक' का परीक्षण, विमान ने की सफल लैंडिंग: इसरो

**बेंगलुरु, एजेंसी**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शुक्रवार को आरएलवी एलईएक्स-02 लैंडिंग प्रयोग के माध्यम से पुनः प्रयोज्य प्रक्षेपण यान प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है।



दरअसल इसरो की रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल तकनीक (लॉन्च व्हीकल को दोबारा इस्तेमाल करने की तकनीक) का परीक्षण सफल रहा है। कर्नाटक के चित्रदुर्ग स्थित एयरोनॉटिकल टेस्ट रेंज में शुक्रवार को इसरो का रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल 'पुष्पक' सफलतापूर्वक ऑटोमैटिक तरीके से रनवे पर लैंड हुआ। 'पुष्पक' विमान के सफल लैंडिंग पर इसरो ने बयान जारी कर बताया कि इससे पहले भी दो बार रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल की सफल लैंडिंग हो चुकी है। बीते साल इसरो ने रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल के परीक्षण के दौरान आरएलवी को वायुसेना के चिनूक हेलीकॉप्टर से करीब साढ़े चार किलोमीटर की ऊंचाई से छोड़ा गया। परीक्षण के दौरान आरएलवी ने सफलतापूर्वक रनवे पर लैंड किया। आरएलवी ने ब्रेक पैराशूट, लैंडिंग गियर ब्रेक और नोज व्हील स्टीयरिंग सिस्टम की मदद से सफल लैंडिंग की। रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल की सफल लैंडिंग से इसरो द्वारा विकसित की गई तकनीक जैसे नेवीगेशन, कंट्रोल सिस्टम, लैंडिंग गियर और डिक्लेयरेशन सिस्टम की सफलता पर भी मुहर लग गई है।

**विज्ञान** बृहस्पति के तूफानी मौसम पैटर्न के बारे में हबल स्पेस टेलीस्कोप से मिली नई जानकारी

## बृहस्पति ग्रह पर पृथ्वी से भी बड़े उठते हैं तूफान

**नैनीताल, कार्यालय**

**अमृत विचार :** बृहस्पति में पृथ्वी से भी बड़े तूफान उठते हैं। अंतरिक्ष दूरबीन हबल ने बृहस्पति के तूफानों की नई तस्वीरों का खुलासा किया है। जिनमें चक्रवात और एंटीसाइक्लोन शामिल हैं। बृहस्पति के तूफानी मौसम पैटर्न के बारे में नई जानकारी मिली है।

वैज्ञानिकों के अनुसार एंटीसाइक्लोन लगभग हर दो साल में ग्रेट रेड स्पॉट के आगे से गुजरता है। बृहस्पति हमारे सौरमण्डल का सबसे बड़ा ग्रह है। यह गैस का ग्रह है। पृथ्वी जैसी इसकी कोई सतह नही है। हबल स्पेस टेलीस्कोप से मिली तस्वीरें बताती हैं कि बृहस्पति गैस के साथ तेजी से घूम रहा है और बृहस्पति के तूफानी मौसम पैटर्न के बारे में सटीक पता




बृहस्पति के बदलते मौसम की तस्वीरें।

चलता है। बृहस्पति का मौसम तीव्र यानी तेजी से आगे बढ़ता है। यहां भयानक चक्रवात उठते हैं, जबकि छोटे छोटे तूफान अक्सर उठते रहते हैं। बृहस्पति का वातावरण हजारों किलोमीटर गहरा और घना होने के कारण तूफान के रूप में मौसम बनता है। बृहस्पति के मशहूर ग्रेट रेड स्पॉट है। यह सबसे बड़ा तूफान है, जो संभवतः लाखों वर्षों से सक्रिय है। इसके साथ ही एक छोटा तूफान भी है। जिसे रेड स्पॉट जूनियर कहते हैं, जो एक छोटा एंटीसाइक्लोन है जो लगभग हर दो साल में ग्रेट रेड स्पॉट से आगे निकल जाता है। नासा के वैज्ञानिकों के अनुसार बृहस्पति की दुनिया अत्यधिक गतिशील है। इसका गहरा वातावरण लगातार चक्रवातों, विंड शीयर और अन्य हिंसक तूफानों से जूझ रहा है। नासा ने हबल स्पेस टेलीस्कोप द्वारा ली गई बृहस्पति ग्रह की नई तस्वीरें जारी कीं।

### दूरबीन करती है ग्रहों के मौसम की निगरानी

नासा की अंतरिक्ष दूरबीन हबल हर साल सौरमण्डल के सभी बड़े ग्रहों पर नजर रखता है और हर साल सभी ग्रहों के मौसम की जानकारी जुटाता है। इन ग्रहों में बृहस्पति, शनि, यूरेनस और नेपच्यून शामिल हैं। इन ग्रहों में आने वाले तूफानों में कुछ वर्षों के अंतराल में मामूली परिवर्तन आते रहता है। गैसीय ग्रहों की तुलना में ठोस चट्टानी ग्रहों के मौसम में कहीं अधिक अंतर है।

## अमेरिका आने वाले भारतीय छात्र बरतें सतर्कता: इंदिरा नूई

**वाशिंगटन, एजेंसी**



- पेप्सिको की पूर्व सीईओ ने भारतीयों से की अपील, ड्रग्स व अन्य नशे से दूर रहें युवा

पेप्सिको की पूर्व सीईओ इंदिरा नूई ने अमेरिका में रह रहे या अमेरिका जाने की तैयारी कर रहे भारतीय छात्रों को सलाह दी है। उन्होंने कहा कि, अमेरिका में बहुत ध्यान से रहें और स्थानीय कानूनों का पालन करें। साथ ही नूई ने अपील की कि भारतीय युवा अमेरिका आकर ड्रग्स या किसी भी नशे से दूर रहें।

बता दें, हाल के समय में अमेरिका में भारतीय छात्रों के साथ अनहोनी की कई घटनाएं हुई हैं। यही वजह है कि इंदिरा नूई ने भारतीय छात्रों को अलर्ट रहने की सलाह दी है। इंदिरा नूई को वैश्विक स्तर पर कॉरपोरेट जगत की ताकतवर और प्रभावशाली शख्सियत के तौर पर जाना जाता है। नूई ने एक 10 मिनट के वीडियो संदेश जारी किया है, नूई ने कहा कि 'इस वीडियो को रिकॉर्ड करने का मकसद ये है कि मैं आप सभी युवाओं से, जो अमेरिका आना चाहते हैं या पहले से ही यहां रहकर पढ़ाई कर रहे हैं, उनसे बात करना चाहती थी। आजकल भारतीय छात्रों के साथ अनहोनी होने की कई घटनाएं सामने आई हैं। लेकिन ये आपके हाथ में है कि आप खुद को सुरक्षित रख सकते हैं। नूई ने कहा कि 'कानून का पालन करें और रात में अकेले सुनसान जगहों पर न जाएं। ड्रग्स या किसी भी तरह के नशे के सेवन से बचें क्योंकि यही सब चीजें आपदा लेकर आती हैं।' पेप्सिको की पूर्व सीईओ ने भारतीय छात्रों को सलाह दी कि वह अमेरिका में अपनी यूनिवर्सिटी और कोर्स को बहुत सावधानी से चुनें।